॥ श्री गणेशाय नमः ॥

ज्योतिष ज्ञान प्रचारार्थ आर्य संस्कृति पोषके

ॐ ह्रीं महासरस्वत्यै नमः

ॐ श्री सरस्वत्यैमया दृष्ट्वा वीणापुस्तक धारिणी।
हंसयुक्त विमानूढा विद्या दान ददातु मे।।

राजा सूर्य

मन्त्री मंगल

श्री आर्यभट्ट - पञ्चांगम् नई दिल्ली

श्री आर्यभट्ट अनुसंधान केन्द्र दिल्ली
द्वारा प्रणीत तथा सम्मानित

श्री आर्यभट्ट पंचांगम् विद्वद् वृन्द समर्पिते

श्री लक्ष्मीनारायण शर्मा ज्योतिष वाचस्पति

भारतीय ज्योतिष विद्या केन्द्र के प्रधानाचार्य

श्री आर्यभट्ट - पञ्चांगम्

श्री विक्रम सम्वत्-२०६१ शकः- १९२६ सन्-२००४-२००५ भारतीय गणराज्य संवत् ५५-५६

प्रधान सम्पादक : पं. लक्ष्मी नारायण शर्मा ज्योतिष वाचस्पति बी.ए. प्रभाकर साहित्यरत्न प्रधानाचार्य
सम्पादक: धर्मपाल अग्रवाल, २/४५-ए, वैस्ट ऐवन्यू मार्ग, पंजाबी बाग, नई दिल्ली-२६

मूल्य: 30.00 रु

धर्मसन प्रकाशन नई सड़क दिल्ली-११०००६

वर्ष ११

दिल्ली-110006, दूरभाष : 23264986, 23285234 कार्यालय : 25193194

श्री आर्यभट्ट अनुसंधान केन्द्र दिल्ली
द्वारा प्रणीत तथा सम्मानित

श्री आर्यभट्ट-पंचांगम्

श्री विक्रम सम्वत्-२०६१ शकः- १९२६ सन्-२००४-२००५ भारतीय गणराज्य संवत् ५६-५७

— प्रधान सम्पादक —
पं. लक्ष्मी नारायण शर्मा ज्योतिष वाचस्पति
बी.ए. प्रभाकर साहित्यरत्न प्रधानाचार्य
भारतीय ज्योतिष विद्या केन्द्र, नई दिल्ली-२८

— सम्पादकः —
धर्मपाल अग्रवाल
आर्यभट्ट अनुसंधान केन्द्र, २/४५-ए, वैस्ट ऐवन्यू
मार्ग, पंजाबी बाग, नई दिल्ली-२६

प्रकाशक : **धर्मसन प्रकाशन**
नई सड़क, दिल्ली-110006 दूरभाष : 23285234, 23264986

विषय सूची

विषय	पृष्ठ
❑ प्रमुख पृष्ठ	१
❑ विषय सूची	२
❑ पंचांग देखने की विधि	३
❑ वक्तव्य	४
❑ एक और प्रयास ज्योतिष सेवा के निमित्त	५
❑ महर्षि आर्यभट्ट	६
❑ व्रतोत्सव, त्यौहार, छुट्टियां, मेले, जयन्तियां, अमावस्या, संक्रांति आदि	७-११
❑ दैवज्ञ की दृष्टि में संसार चक्र	१२-१५
❑ ग्रहण विवरण संवत् २०६१	१६
❑ व्यापारिक भविष्य व्यापारिक अनुसंधान पर (पोरसा वाले)	१७-१८
❑ विवाह मुहूर्त, द्विरागमन, उपनयन, गृहारम्भ मुहूर्त्तादि	१९-२३
❑ त्रिबलशुद्धि कोष्ठक	२४-२५
❑ सवार्थसिद्धि, अमृतसिद्धि, रविपुष्य, गुरुपुष्य योग	२६
❑ द्वादश राशिफल सं. २०६१	२७
❑ ग्रहों का नक्षत्र व राशि संचार	२८-२९
❑ ५.३० बजे से अन्य समय के ग्रह स्पष्ट करने की तालिका	३०
❑ दैनिक ग्रह स्पष्ट	३१-४३
❑ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को संवत्सर फल श्रवण	४४
❑ अथ सम्वत्सर मध्ये वर्ष राजादि फलम्	४५
❑ शनि की साढ़ेसाती ढैय्या विचार	४६-४७
❑ चैत्रादि १२ मास २६ पक्ष वि.सं. २०६१	४८-७६
❑ केवल स्टैण्डर्ड समय से सूक्ष्म पंचांग के २६ पक्ष	७७-८०
❑ भौगोलिक परिचय	८१-८२
❑ दैनिक लग्न सारिणी देखने की विधि, नवांश शोधन, स्मार्त वैष्णव विचार	८३
❑ अंग्रेजी मास के अनुसार भा.स्टै.टा. में दैनिक लग्न सारिणी	८४-८९
❑ सूर्योदयास्त एवं दिनमान गणित प्रकार	९०-९१
❑ इष्टकाल बनाने की विधि	९२-९३
❑ चर सारिणी	९३-९४
❑ रवि क्रान्ति सारिणी	९५
❑ वेलान्तर कोष्टक (मिनट में)	९५
❑ पंचांग परिवर्तन पद्धति, चरान्तर सारिणी	९६
❑ प्रमुख नगरों की अक्षांशादि सारिणी	९७-९९
❑ अक्षांशादि सारिणी विदेश	१००
❑ चालन कोष्ठक	१०१
❑ सूर्य बिम्ब, द्रव्यमान वक्री भवन संस्कार युक्त अक्षांश सारिणी	१०२-५
❑ सूर्य बिम्ब किरण वक्री भवन संस्कार युक्त सूर्योदय सारिणी से अभीष्ट स्थान से सूर्योदयास्त ज्ञात करना	१०६
❑ सुगम दशम भाव स्पष्ट सारणी	१०७
❑ लग्न सारिणी अक्षांश	१०८-१३
❑ इन्द्रप्रस्थ नगरे लग्न सारिणी	११३
❑ अकहड़ा चक्र: भुक्त नक्षत्र चरण राश्यादि और स्वामी, हंस संज्ञा व युंजा भाग सहितम्	११४
❑ अष्टक वर्ग ज्ञानार्थ चक्र	११५
❑ षट्वर्ग फलादेश	११५
❑ षट् वर्ग सारिणी चक्र	११६
❑ जन्म समय, प्रसूति लग्न विचार, गण्डमूल विचार	११८-२१
❑ बाल कष्टावली विवेचन, नक्षत्र-कष्टावली विवेचन, अन्य शुभाशुभ योग	१२२-२४
❑ बाल कष्टावली-चक्र में प्रयुक्त कठिन शब्दों के अर्थ	१२५-२६
❑ बालक के जन्म समय अरिष्ट योग व कुछ अन्य प्रमुख योग	१२७-२८
❑ आयुर्दाय विचार बोधक चक्र	१२८
❑ द्वादश लग्न अथवा राशियों के प्रभाव	१२९
❑ नूतन वेध सिद्ध वर्ष प्रवेश सारिणी	१३०
❑ वर्ष कुण्डली में शुभाशुभ योग	१३१
❑ ग्रह शील चक्र	१३२
❑ अंग्रेजी जन्म दिनांक के अनुसार महत्वपूर्ण वर्ष	१३३-३५
❑ विंशोत्तरी दशा गणित	१३६
❑ चन्द्र स्पष्ट	१३७
❑ विंशोत्तरीय दशा गणित	१३८-४०
❑ विंशोत्तरीय दशा पद्धति	१४१-४२
❑ ग्रह दशा फल	१४३
❑ ग्रहों की शान्ति हेतु सप्तवार व्रत विधि	१४४
❑ ग्रहों का वर्ष कुण्डली लग्न व गोचर फल	१४५
❑ फलित में परमोपयोगी ग्रह-दृष्ट्यादि विवरण चक्र	१४६
❑ नवग्रहों की शान्ति हेतु मंत्र	१४७
❑ अथ ग्रहाणां विंशोत्तरीय चक्रम्	१४८
❑ जन्म राशि से ग्रहों के गोचर फल, घात चक्र	१४९
❑ मुहूर्तादि कार्येषु शुभाशुभ समय विचार	१५०-५६
❑ वर वधू मेलापक कोष्टक	१५७
❑ वर वधू मेलापक सारिणी	१५८-५९
❑ ताराबल बोधिनी तालिका	१६०
❑ चौघड़िया, मुहूर्त्त, दिशाशूल, राहु चक्रम	१६१
❑ यात्रा में त्याज्य तिथियां	१६२
❑ गृहारम्भ-द्वारशाखा-गृहप्रवेश कूपादि मुहूर्त्ताः	१६३-६४
❑ विभिन्न प्रकार के उपयोगी मुहूर्त्ताः	१६५
❑ सर्व कार्य-सिद्धि के लिए होरा मुहुर्त्त	१६६
❑ गृह-भूमि विचार (गृहवास्तु)	१६७
❑ हस्त रेखाएं बोलती हैं	१६८-६९
❑ मुखाकृति से भविष्य ज्ञान	१७०
❑ स्त्रियों के तिलादि एवं हस्त रेखा विचार	१७१
❑ प्रश्न विचार	१७२-७३
❑ मन्दी तेजी जानने का सुलभ प्रकार	१७३
❑ श्री भैरव भविष्य ज्ञान प्रश्नावली	१७४-१७७
❑ स्वप्न विचार	१७८
❑ छिपकली पतन फल, अंग स्फुरण विचार, योगासनों का अभ्यास, वर्षा ज्ञान, चक्रासन की विधि	१७९
❑ अशौच व्यवस्था	१८०
❑ संवत् विक्रम २०६१ का सामूहिक व्यापार भविष्य	१८१-१८४
❑ पाठकों की समस्याएं और ज्योतिषीय समाधान	१८५
❑ भारतीय मानसून एवं आकाशीय लक्षण २००४	१८६
❑ मानव जीवन पर रत्नों का प्रभाव	१८७
❑ कुछ अकाट्य सत्य योग	१८८
❑ राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय घटनाचक्र एवं आर्थिक हालात	१८९
❑ व्यापारीक वस्तुओं की तेजी-मंदी समीक्षा २००४ ई.	१९०-१९१
❑ शेयर बाजार की चाल क्या है? संभावनाएं भविष्य में।	१९२-१९४
❑ व्यापार भविष्य सन् २००४ ई.	१९५-१९८
❑ चन्द्रदर्शन का व्यापार पर प्रभाव	१९९
❑ सन् २००४ ई. में ग्रहों का शेयर मार्केट पर प्रभाव	२००
❑ श्री पुरुषोत्तम (अधिक मास) के लक्षण और कर्त्तव्य	२०१
❑ काल सर्प योग की शान्ती का उपाय	२०१
❑ व्यापारिक जिन्सों की तेजी-मंदी का ब्यौरा	२०२-२०४
❑ चन्द्र श्रृंगोन्नत: व्यापार वाणी सं. २०६१ वि.	२०५
❑ ग्रहों का अधिकार-प्रभाव	२०६
❑ सुख की खान वास्तु द्वारा निर्माण	२०७
❑ अविवाहित वर/कन्या के लिए उत्तम है वायव्य कोण	२०८
❑ द्वादशी राशिफल का शेष	२०९-२१३
❑ व्यापार भविष्य वैज्ञानिक अनुसंधान पर	२१४
❑ दैवज्ञ की दृष्टि का शेष	२१५
❑ विज्ञापन: राशि-रत्न-उपरत्न	२१६
❑ विज्ञापन: हरदेव द्विवेदी	२१७-२१८
❑ विज्ञापन : लियो पाम	२१९
❑ अथ व्यापार-विमर्श सम्वत् २०६१ वि.	२२०-२२४

चालन कोष्ठक १०१ | ग्रन्थ में त्याज्य तिथियां १६३ | अथ व्यापार विमर्श सम्वत् २०६१ वि. २२०-२२४

॥ आर्यभट्ट पंचांग देखने की विधि ॥

१. हमारे "आर्यभट्ट पंचांग" का निर्माण ग्रीनविच (ब्रिटेन) से उत्तर अक्षांश २८°।३८' एवं पूर्व रेखांश ७७°। १२' के आधार पर किया गया है। अतएव इस पंचांग में निर्णीत सूर्योदयास्त भी पूर्वोक्त अक्षांशादि वाले स्थान अर्थात् दिल्ली शहर के हैं।

२. 'आर्यभट्ट पंचांग' के गणित में प्राचीन ज्योतिर्विदों द्वारा प्रमाणित तथा भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त 'सूक्ष्म दृक्गणित' एवं चित्रा पक्षीय 'निरयणपद्धति' को ही अपनाया गया है।

३. पक्षवाले सभी पृष्ठों पर दैनिक सूर्योदय और सूर्यास्त भारतीय समयानुसार दिल्ली शहर के हैं। सूर्योदयास्त में किरण-वक्री-भवन संस्कार के कारण वास्तविक क्षितिज वृत्त के उदयास्त में अन्तर आना स्वाभाविक है। अत: प्रत्यक्ष देखने के लिए सूर्योदय में दो मिनट ऋण (-) तथा सूर्यास्त में दो मिनट योग (+) करने की आवश्यकता है।

४. इस पंचाङ्ग में करण सूर्योदय कालीन दिए गए हैं। अग्रिम करण उससे आगे वर्तमान तिथि के अर्धभाग तक जानें।

५. सूर्य, चन्द्रादि ग्रहों का राश्यादि संचार एवं भद्रा-पंचक, ग्रहों के उदय-अस्त, वक्र मार्ग आदि भा. स्टे. टा. में है। जो भारत में सर्वत्र उसी टाइम में होंगे। यह इस पंचांग की विशेषता है।

६. महीनों में अष्टमी-पूर्णिमा एवं अमावस्या के ग्रह स्पष्टों के राश्यादि स्टे.टा. प्रात: ५ घं. ३० मि. के हैं। नीचे उस दिन की गति और वक्री-मार्गी उदय-अस्त व ग्रहों के नक्षत्र चरण दिये हैं। यह स्पष्टों के साथ कुंडली भी उपरोक्त समय की है।

७. लस्टर में A.B.C.D. * आदि चिन्ह दिए गए हैं, उनका मतलब यह है कि मेटर उस लाईन में नहीं आ सका जो चिन्ह यहां लगाया वैसा ही चिन्ह कहीं दूसरी लाइन में लगाकर शेष मैटर लिखा है। नीचे लिखी संकेतवाली को पंचाङ्ग देखने में काम लेने से सम्पूर्ण विषय समझ में आजावेंगे।

८. वार, तिथि, नक्षत्र, योग तथा करणों के साथ सामने दिये गये घटी पल, उनका समाप्तिकाल दर्शाते हैं जोकि स्थानीय सूर्योदय के उपरान्त से माना जाये। उन घटी पलों के घण्टा मिनट बनाकर उसमें पंचांग के स्थानीय सूर्योदय के घण्टा मिनट जोड़ देने से तिथि, नक्षत्र, योगादि का समाप्ति काल भारतीय स्टैंडर्ड टाइम में ज्ञात हो जायेगा।

९. पाठकों की सुविधा के लिए तिथि नक्षत्रादि के घटी पलों के समाप्ति काल (सूर्योदय संस्कार करके) घण्टा मिनट में भी दे दिये गये हैं जिससे तिथि नक्षत्रादि के समाप्तिकाल को घण्टा मिनट में जानने के लिए कोई परेशानी नहीं हो रही है। सीधे ही तिथ्यादि का समाप्ति काल घंटे मिनट में पढ़ा जा सकता है। जहां २४ लिखा हो वह रात्रि के ठीक १२ बजे समझे जायें। जहां २७।१८ लिखा हो वहां २७ में से २४ घटाकर रात्रि के ३ बजकर १८ मिनट समझे जायें। यह समय भारतीय ज्योतिष परम्परानुसार सूर्योदय से पहले तक पूर्व तिथि में ही माना जायेगा।

१०. पक्षवाले पृष्ठों पर शुक्ल पक्ष में तिथि के कालम में १५ को पूर्णमासी तथा कृष्णपक्ष में ३० को अमावस समझा जाये। शुक्ल पक्ष को सुदी, कृष्ण पक्ष को वदी भी कहते हैं।

११. रा.मि. पहले कॉलम में दी गई है। दिनमान घटी-पलों में दिया गया है। करणों के कालम के पश्चात् दि.मा.घ.प. में दिए गए हैं। उसके पश्चात् सूर्योदयास्त, प्रतिष्ठा, मु. तारीखें फिर अंग्रेजी तारीखें अंग्रेजी अंकों में लिखी हैं।

१२. दैनिक ग्रह स्पष्ट भा.स्टै.टा. प्रात: ५-३० बजे (दिल्ली) के दिए गए हैं। और लग्न का समाप्तिकाल लिखा गया है। अपने अभीष्ट समय पर उनको ग्रह की दैनिक गति का संस्कार त्रैराशिक विधि से करके मार्गी ग्रह में युक्त करने, वक्रीग्रह में से घटाने से इष्ट समय के ग्रह स्पष्ट हो जाते हैं।

१३. तिथि के क्षय के आगे (पक्ष वाले पृष्ठों में) शून्य ० चिन्ह लगाया गया है। तिथि, नक्षत्रादि के आगे ६०-०० घटी लिखा है उस तिथि नक्षत्रादि की वृद्धि समझें।

पंचांग में लिखे शब्दों की संकेतावली (अकारादि क्रम से)

अ. = अश्विनी (नक्षत्र), अतिगंड (योग), अग्नि (पंचक), अगस्त, अप्रैल (मास), अक्टूबर
अनु. = अनुराधा (नक्षत्र)
आ. = आर्द्रा न., आयुष्मान् यो., आपा., आश्विन
अं. = अंश, अंग्रेजी (मास तारीख)
उ. = उदय, उपरान्त
उ.फा. = उत्तरा फाल्गुनी (नक्षत्र)
उ.षा. = उत्तराषाढ़ा (नक्षत्र)
उ.भा. = उत्तरा भाद्रपदा (नक्षत्र)
ऐं. = ऐन्द्र (योग)
क. = कर्क, कन्या (राशि), कला
का. = कार्तिक (मास)
क्रांति सा. = साम्य (महापात)
कृ. = कृत्तिका (नक्षत्र), कृष्ण पक्ष
कुं. = कुंभ (राशि),
गु. = गुरु (वार), गुरु ग्रह
गु.दा. = गुरु दान से
गो. = गोधूलि (लग्न)
गं. = गंड (योग)
घ. = घटी
घं. = घन्टा
चि. = चित्रा (नक्षत्र)
चै. = चैत्र (मास)
चौ. = चौर (पंचक)
चं. = चन्द्र (सोमवार), चन्द्र ग्रह
ज. = जयन्ती, जनवरी (मास)
ज. = जून (मास)
जु. = जुलाई (मास)
ज्ये. = ज्येष्ठ (मास), ज्येष्ठा (नक्षत्र)
ता. = तारीख
तु. = तुला (राशि)
दि. ल. = दिन में लग्न
ध. = धनु (राशि) धनिष्ठा (नक्षत्र)
धूलिमु. = धूमिमुख (अन्यगोधूलि) लग्न
ध्रु. = ध्रुव (योग)
धृ. = धृति (योग)
नि. = निम्बार्क (संप्रदाय)
नृ. = नृप (पंचक)
प. = परिघ (योग), पल
प्र. = प्रवेश
प्रा. = प्रारम्भ
प्री. = प्रीति (योग)
पु. = पुष्य (नक्षत्र)
पुन. = पुनर्वसु (नक्षत्र)
पू.फा. = पूर्वा फाल्गुनी (नक्षत्र)
पू.षा. = पूर्वाषाढ़ा (नक्षत्र)
पू.भा. = पूर्वाभाद्रपदा (नक्षत्र)
फाल्गु. = फाल्गुन (मास)
ब्र. = ब्रह्म (योग)
वृ. = वृद्धि (योग)
बु. = बुध (वार), बुध ग्रह
भ. = भरणी (नक्षत्र), भद्रा
भाद्र. = भाद्रपद (मास)
म. = मघा (नक्षत्र), मकर (राशि), मई (मास),
मा. = मार्गशीर्ष, माघ, मार्च (मास)
मि. = मिनट, मिथुन राशि (लग्न), मिति
मी. = मीन (राशि)
मु. = मुहूर्त
मू. = मूल (नक्षत्र)
मे. = मेष (राशि) लग्न
मृ. = मृगशिर (नक्षत्र), मृत्यु (पंचक)
र. = रवि (वार), रवि (ग्रह)
रा. = राहु (ग्रह), राष्ट्रीय, राशि
रे. = रेवती (नक्षत्र)
रो. = रोहणी (नक्षत्र), रोग (पंचक)
ल = लग्न
व. = वज्र, वरियान् यो., वाणिज क., वक्र गति
व्र. = व्रत
व्य. = व्यतिपात (योग)
वृ. = वृद्धि (योग), वृष, वृश्चिक (राशि)
व्या. = व्याघात (योग)
वि. = विशा. (नक्षत्र), विष्कुंभ (योग), विकला
वि. मु. = विवाह मुहूर्त
वै. = वैष्णव संप्र., वैधृति यो., वैशाख मास
श. = शनिवार, शनिग्रह, शतभिषा (नक्षत्र)
शि = शिव (योग)
शु. = शुक्रवार, शुक्र ग्रह, शुभ, शुक्ल (योग), शुक्ल (पक्ष)
श्रा. = श्रावण (मास)
सा. = साध्य (योग)
स्वा. = स्वाती (नक्षत्र)
स्मा. = स्मार्त (संप्रदाय)
सि. = सिद्धि (योग), सितम्बर (मास)
सिं. = सिंह (राशि)
सु. = सुकर्मा (योग)
सौ. = सौभाग्य (योग)
ह. = हस्त (नक्षत्र), हर्षण (योग)
हि. = हिन्दी (मास तारीख)

वक्तव्य

श्री आर्यभट्ट अनुसन्धान केन्द्र की स्थापना सन् १९८३ में हुई और भारत सरकार से इसका पंजीकरण भी यथाविधि हो चुका है। इसका उद्देश्य भारत की प्राचीन विद्याओं, ज्योतिष गणित, सामुद्रिक शास्त्र, हस्तरेखा विज्ञान, अंक ज्योतिष, रमल ज्योतिष, यन्त्र-मन्त्र-तन्त्र शास्त्र, स्वरोदय, राजयोग आदि का प्रचार-प्रसार करना है। पहले इन विद्याओं को राज्याश्रय प्राप्त था और हिन्दू राजाओं के राज्य काल में इनकी बहुत उन्नति हुई। परन्तु इस्लामी तथा ईसाई धर्मावलम्बी शासन में हमारी प्राचीन संस्कृति का उत्थान तो क्या उत्तरी भारत में प्राचीन ग्रन्थों तथा इनके आश्रय स्थलों का बलात् संहार किया गया। इसके ज्ञाता विद्वानों की संख्या में दिनोदिन कमी होती गई और विदेशी प्रभाव के फलस्वरूप देशी लोगों का इन विद्याओं पर विश्वास कम होता गया। इसमें स्वार्थी ठग व अज्ञानी ज्योतिषियों के व्यवहार ने भी जनता के मानस में इन विद्याओं के प्रति अविश्वास तथा अरुचि की ही वृद्धि की।

स्वाधीनता प्राप्ति के बाद धर्म निरपेक्ष संविधान के अन्तर्गत अन्य धर्मों तथा संस्कृतियों के समान हमको अपने प्राचीन लुप्त गौरव संस्कृति तथा महान् विद्याओं को फिर से उजागर करने की स्वतन्त्रता प्राप्त हुई। विशेष रूप से जब विदेशी विद्वानों ने हमारे वेद, पुराण, शास्त्रों, उपनिषदों आदि के अध्ययन के पश्चात् हमारी विद्याओं, कलाओं और दर्शन आदि को प्रकाशित तथा प्रशंसित किया तब हमारे देश वासियों को भी अपने यथार्थ का ज्ञान हुआ और हम भी इनकी खोज, अनुसन्धान, प्रचार-प्रसार की ओर अधिक आकर्षित हुये। इस युग के महापुरुष श्री राम कृष्ण परमहंस देव के जीवन दर्शन को मैक्समूलर तथा रोमारोलां जैसे प्रख्यात विदेशी विद्वानों ने विश्व के समक्ष प्रस्तुत किया। परमहंस देव के योग्य शिष्य स्वनाम धन्य स्वामी विवेकानन्द जी ने संयुक्त राज्य अमरीका के शिकागो नगर में विश्व धर्म सम्मेलन में हिन्दू धर्म की विजय पताका फहराई। स्वामी विवेकानन्द जी ने अमरीका, ब्रिटेन, योरोप आदि देशों में घूम-घूम कर हिन्दू धर्म का यथाशक्ति प्रचार किया। तदुपरान्त स्वामी रामतीर्थ जी ने भी विदेशों में यथाशक्ति प्रचार-प्रसार किया। इन महापुरुषों द्वारा स्थापित प्रचार केन्द्र देश-विदेश में आज तक अपना कार्य कर रहे हैं और इनके बताये मार्ग पर चलते हुए प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। उसके बाद तो अनेकों सन्त महापुरुषों तथा योगियों ने इसी मार्ग का अवलम्बन किया। इन सब प्रयासों के फलस्वरूप देश-विदेश में जन मानस में अपनी प्राचीन विद्याओं के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न हुई।

इस समय अपने देश में बहुत सी संस्थायें हैं जो देश के प्राचीन गौरव, संस्कृति, कला कौशल तथा लुप्त विद्याओं के पुनरुत्थान तथा प्रचार-प्रसार में लगी हुई हैं। ज्योतिष विद्या हमारी प्राचीन विद्याओं में एक मुख्य विद्या है। वैदिक काल से यह चली आ रही है। यह हमारा दुर्भाग्य ही है कि न तो इसे राज्य से कोई संरक्षण या प्रोत्साहन प्राप्त है और न देश के सम्पन्न वर्ग का सहयोग ही। फिर भी कुछ उत्साही जन अपने सीमित साधनों से इसको अपना उचित स्थान दिलाने के प्रयास में लगे हुए हैं। उत्तर भारत पर विदेशी बर्बर जातियों के लगातार आक्रमणों के फलस्वरूप हमारे बहुत से मठ, मन्दिरों, पूजा स्थानों के साथ-साथ बहुत से अमूल्य हस्तलिखित ग्रन्थ नष्ट हो गये। विदेशी प्रभाव से धर्म परिवर्तन से बचे लोगों के मानस पर अपने धर्म ग्रन्थों तथा प्राचीन विद्याओं की ओर रुचि नहीं रही। इस कारणण उत्तर भारत में इस विद्या का सब से अधिक ह्रास हुआ। जबकि दक्षिण भारत में धर्म साहित्य तथा प्राचीन विद्याओं का ज्ञान भण्डार अभी भी बहुत अंशों में सुरक्षित है। उस भू-भाग के कतिपय विद्वान् प्राचीन ग्रंथों को अंग्रेजी भाषा के माध्यम से प्रचारित व प्रसारित करने के प्रयत्नों में लगे हुए हैं। उत्तर भारत में विशेष रूप से हिन्दी भाषी जनता को इन विद्याओं का ज्ञान कराने की बहुत आवश्यकता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए देश के केन्द्र राजधानी दिल्ली में कुछ उत्साही जिज्ञासुओं ने आर्यभट्ट अनुसन्धान केन्द्र को पंजीकृत कराया है। इस केन्द्र ने ज्योतिष प्रेमी सज्जनों के लिये अत्यन्त उपयोगी ग्रन्थ **"शतक मार्त्तण्ड"** का सम्पादन व प्रकाशन करवाया है।

ज्योतिष शास्त्र आज जिस स्थान पर है, उसको इस स्तर तक पहुंचने में सैकड़ों वर्ष लगे हैं। समय-समय पर जिन विद्वानों ने नई खोजों, आविष्कारों तथा गणित के नियमों द्वारा इसकी प्रगति में सहयोग किया है उनका नाम ज्योतिष इतिहास में सदा अमर रहेगा। ऐसे ही एक महापुरुष ज्योतिष शास्त्र के परम ज्ञाता श्री आर्यभट्ट थे, जिनका जन्म ४७६ ई. में हुआ था। उन्होंने ज्योतिष का प्रसिद्ध ग्रन्थ "आर्य भटीय" कुसुमपुर (पटना) में लिखा। इसमें सूर्य और तारागणों के स्थिर होने और पृथ्वी के घूमने के कारण दिन और रात होने का वर्णन है। सूर्य और चन्द्र ग्रहण के वैज्ञानिक कारणों की व्याख्या है। स्वर और व्यञ्जनों की सहायता से बड़ी-बड़ी संख्याओं की गणना करने की रीति बनाई है। वर्ग, वर्गमूल, घन, घनमूल आदि गणित विद्याओं का वर्णन सर्व प्रथम इसी ग्रन्थ में मिलता है। इन्ही महापुरुष के नाम पर **"आर्यभट्ट अनुसंधान केन्द्र"** का नाम रखा गया है। आशा है इनके नाम से प्रोत्साहन पाकर अर्वाचीन विद्वान नये-नये प्रयोग व आविष्कार करने में सफल होंगे।

"शतक मार्त्तण्ड" जैसे उपयोगी ग्रन्थ का प्रकाशन करने के बाद एक ऐसे पंचांग के प्रकाशन का निर्णय लिया गया जिसमें ज्योतिषियों के लिए उपयोगी अधिक से अधिक विषय सरल सुलभ भाषा में समाविष्ट किये जा सकें। अतः हमने "श्री आर्यभट्ट पंचांग" ज्योतिषियों के लाभार्थ सम्पादन तथा प्रकाशन आरम्भ किया। ज्योतिष प्रेमी सज्जनों तथा विद्वानों से हमारा विनम्र निवेदन है कि वे त्रुटियों के लिये क्षमा प्रदान करते हुए अपने सुझाव तथा परामर्शों द्वारा प्रोत्साहन प्रदान करेंगे ताकि अगले अंक में अधिक से अधिक परम उपयोगी विषयों का समावेश किया जा सके।

—सम्पादक

एक और प्रयास ज्योतिष सेवा के निमित्त

आर्यभट्ट अनुसन्धान केन्द्र की स्थापना श्री धर्मपाल जी अग्रवाल के विशेष परिश्रम तथा सहयोग से ही सम्भव हो सकी है। श्री धर्मपाल जी मै. धर्मसन प्रकाशन के वरिष्ठ भागीदार हैं। धर्मसन प्रकाशन गत २०-२२ वर्षों से कतिपय श्रेष्ठ पंचांगों का उच्चस्तर का प्रकाशन करता आ रहा है। विभाजन से पूर्व लाहौर में इनके पूज्य पिताजी की प्रकाशन संस्था मै. मेहरचन्द एण्ड सन्स भी तत्कालीन उच्च-कोटि के हिन्दी, श्री विश्व मार्तण्ड पंचांग तथा उर्दू मेहर आलम आदि जन्त्रियों के प्रकाशक थे। पैतृक व्यवसाय होने के कारण पंचांग प्रकाशन कार्य इनको रक्त में ही उत्तराधिकार स्वरूप मिला। आप अब तक ५० वर्ष का व्यक्तिगत अनुभव भी अर्जित कर चुके हैं।

श्री मार्तण्ड परिवार के उर्दू, पंजाबी, हिन्दी भाषा में प्रकाशित श्री मार्तण्ड आलम जन्त्री (मेहर आलम जन्त्री), शिरोमणि तिथि प्रत्रिका और श्री बटुक पंचांग आदि विभाजन पूर्व श्री मेहरचन्द एण्ड सन्स लाहौर के द्वारा प्रकाशित होते रहे हैं। और आजकल सं. २०४२ से धर्मसन प्रकाशन द्वारा प्रकाशित किये जाते हैं। उपरोक्त पंचांग व जन्त्रियों के प्रकाशन स्तर में गत ४ वर्षों में ही अभूतपूर्व प्रगति हुई है। सं. २०३३ से श्री विश्वविजय पंचाग का प्रकाशन भी धर्मसन प्रकाशन द्वारा आरम्भ किया गया और सं. २०४१ तक यह पंचांग इसी प्रकाशन संस्था द्वारा प्रकाशित किया जाता रहा। इन वर्षों में इस पंचांग की लोक प्रियता में जो गुणात्मक वृद्धि हुई उसका श्रेय अधिकांश में इसकी सुचारू प्रकाशन व्यवस्था को ही है। धर्मसन प्रकाशन इस वर्ष से (श्री प्रेमपाल कौशिक जी का) राजधानी पंचांग भी प्रकाशित कर रहा है, गत ४-५ वर्षों से पं. जीयालाल जी के असली पंचांग तथा मशहूर आम जन्त्री हिन्दी, उर्दू और सं. २०३६ (सन् १९७९) से लाहौर के प्रसद्धि पं. देवीदयाल जी के पंचांग दिवाकर, मुफीद आलम जन्त्री हिन्दी, उर्दू प्रकाशित होते हैं। इसके अलावा उत्तरी भारत के अधिकांश प्रमुख पंचांग भी धर्मसन प्रकाशन द्वारा प्रकाशित होते हैं।

आजकल पंचांग तो काफी संख्या में प्रकाशित हो रहे हैं परन्तु अच्छे स्तर के पंचांगों की संख्या उंगलियों पर गिनी जा सकती है। इनमें भी दिल्ली के अक्षांश पर आधारित पंचांग तो एकाध ही हैं। कुछ समय पहिले तक ज्योतिष के शास्त्रोक्त ग्रंथ संस्कृत भाषा में ही उपलब्ध थे और भाषा टीका सहित पुस्तकों की भाषा भी संस्कृत निष्ठ कठिन भाषा ही रहती थी। अभी गत कुछ वर्षों से ज्योतिष शास्त्र पर हिन्दी में पुस्तकों का प्रकाशन आरम्भ हुआ है। जिनके द्वारा सर्वसाधारण में भी ज्योतिष के गूढ़ तत्वों के ज्ञान का प्रचार हुआ है। परन्तु अधिकांश पंचांगों में अभी तक बहुत से विषयों की जानकारी केवल संस्कृत भाषा में अथवा संस्कृत निष्ठ क्लिष्ठ हिन्दी में दी जाती है। इस कारण हिन्दी जानने वाले ज्योतिष प्रेमीजन तो उसे समझ ही नहीं पाते, बहुत से पंडित और ज्योतिषी भी कठिनाई का अनुभव करते हैं। संस्कृत देवभाषा है और हमारा बहुत सा ज्ञान भण्डार इस भाषा में संचित है इसमें कोई भी संदेह नहीं। परन्तु खेद है कि इस भाषा को पढ़ने व जानने वालों की संख्या दिन प्रतिदिन कम होती जा रही है। आज आवश्यकता इस बात की है कि प्राचीन संचित ज्ञान भण्डार को सरल सुबोध भाषा में वर्तमान परिपेक्ष्य में हिन्दी भाषी जनता को उपलब्ध कराया जाय। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर आर्यभट्ट पंचांग का प्रकाशन आरम्भ किया गया है।

इस पंचांग के सम्पादक पं. लक्ष्मीनारायण शर्मा बी.ए. प्रभाकर साहित्यरत्न ज्योतिष वाचस्पति की ज्योतिष प्रथमा, गणित ज्योतिष प्रथमा गणित, फलित, अंक ज्योतिष, हाथ की रेखाएं, स्वरोदय शिक्षा, राजयोग शिक्षा, मंत्र-तन्त्र साधना और तंत्र विद्या नाम से पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। सौ साल के पंचांग **'शतक मार्तण्ड'** का सम्पादन भी किया है। ज्योतिष प्रेमी सज्ञनों ने उनकी सरल सुबोध भाषा तथा विषय प्रतिपादन शैली की मुक्त कण्ठ से प्रशंसा की है। इस पंचांग के पाठकों को उनके अध्ययन अनुभव भाषा व शैली का दिग्दर्शन स्थान-२ पर प्राप्त होगा।

श्री आर्यभट्ट पंचांग का प्रकाशन कार्य श्री आर्यभट्ट अनुसन्धान केन्द्र के अन्तर्गत प्रकाशन कार्य के अनुभवी श्री धर्मपाल जी के निर्देशन में ही किया गया है। आशा है ज्योतिष प्रेमी सज्ञन इसके मुद्रण औ साज सज्ञा को सन्तोष जनक पायेंगे। हमारा प्रयास रहेगा कि आगामी वर्षों में और भी अधिक उपयोगी सामग्री सम्मिलित करें और पंचांग का स्तर उत्तरोत्तर उत्तम बनाया जाये। इस विषय में आपके सुझाव आमन्त्रित हैं। पंचांग का अभी शैशव काल है। त्रुटियों का रहना स्वाभाविक है। आशा है विद्वज्ञन त्रुटियों को क्षमा करते हुए इन्हें प्रोत्साहित करेंगे ताकि ज्योतिष प्रेमी जनता की वृहत्तर सेवा कर सकें।

आर.एन. पाण्डे
दिल्ली

महर्षि आर्यभट्ट

वराहमिहिर और आर्यभट्ट हमारे प्राचीनतम आचार्यों में से हैं। वराहमिहिर ने प्रसिद्ध ज्योतिष ग्रन्थ 'बृहत् जातक' की रचना की और आर्यभट्ट प्रथम ने 'आर्यभटीय' ग्रन्थ लिखा। ज्योतिष का क्रमबद्ध इतिहास आर्यभट्ट के समय सेही मिलता है; यद्यपि वेदों के समय से ज्योतिष का ज्ञान आरम्भ हो गया था और ज्योतिष वेद के प्रमुख अंगों में से एक है। तब से आर्यभट्ट के समय तक सूर्यादि ग्रह, काल बोध, ग्रह-नक्षत्र, धूमकेतु, ग्रहण, ग्रहनक्षत्रों की गति स्थिति का ज्ञान, सिद्धान्त, होरा, प्रश्न, शकुन, ज्योतिष आदि का आविष्कार हो गया था। नक्षत्रों की आकृति, स्वरूप, गुण, प्रभाव आदि की परिभाषा, ऋतु, अयन, दिनमान लग्नादि के शुभाशुभ फलों का ज्ञान, राशियों और ग्रहों के स्वरूप, रंग, दिशा, तत्व, धातु आदि का विवेचन, ब्राह्मण और आरण्यक ग्रन्थों की रचना काल तक पूर्णरुप से ज्ञात हो गये थे। ग्रहों की गति, स्थिति, अयनांश, मुहूर्त, शुभाशुभ समय का निर्णय, यथा ज्योतिष के पांचों अंगों-होरा, सिद्धान्त, गणित, संहिता, मुहूर्त, फलित, प्रश्न तथा शकुन शास्त्र की निरन्तर उन्नति होती गई थी।

अन्य शास्त्रों के समान ज्योतिष के आविष्कर्त्ता भी भारतीय ही हैं। योगाभ्यास द्वारा प्राचीन ऋषियों ने अपनी सूक्ष्म प्रज्ञा से शरीर के अन्दर ही समस्त सौर मण्डल के दर्शन किये और आत्म-निरीक्षण से आकाशीय सौर मण्डल की व्याख्या की। अंक विद्या ही इस शास्त्र का आधार है और इसका श्री गणेश भारत में ही हुआ था। प्रचीन भारत में तक्षशिला, नालन्दा आदि स्थानों पर विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षण संस्थायें थीं, जहां पर दूर-दूर देशों के विद्यार्थी विद्याध्ययन करने के लिए आते थे और अपने देशों में जाकर इसका प्रचार करते थे। ऋग्वेद तथा शतपथ ब्राह्मण के अध्ययन से पता चलता है कि कम-से-कम २८००० वर्ष पहले भी भारतीयों ने खगोल तथा ज्योतिष-शास्त्र का पूर्ण रूप से मन्थन कर लिया था।

आर्यभट्ट नाम के दो विद्वान् ज्योतिषी हुए हैं। आर्यभट्ट प्रथम का जन्म ईस्वी सन् ४७६ में हुआ था। अपने प्रसिद्ध ग्रन्थ 'आर्यभटीय' में इन्होंने सूर्य एवं तारागण के स्थिर होने तथा पृथ्वी के घूमने के कारण दिन और रात होने का वर्णन किया है। इन्होंने पृथ्वी की परिधि ४९६७ योजन बताई है, सूर्य और चन्द्रग्रहण के वैज्ञानिक कारणों की व्याख्या की है। काल-क्रिया पाद में युग के दो समान भाग करके पूर्व भाग को उत्सर्पिणी तथा उत्तर भाग को अवसर्पिणी संज्ञा दी है तथा प्रत्येक के छः छः भेद बताये हैं। ग्रहों को स्पष्ट करने की विधि बतलाई है। बुध और शुक्र को विलक्षण संस्कार से स्पष्ट करना बताया है। सबसे महत्वपूर्ण कार्य इन्होंने यह किया कि अंक (संख्या) के द्योतक क, ख, ग आदि वर्णों की कल्पना की और अ, आ, इ, ई आदि स्वर वर्ण तथा क, ख, ग आदि व्यंजन वर्णों को एक-एक संख्या-वाचक अर्थ देकर बड़ी-बड़ी संख्याओं को लिखने की विधि का आविष्कार किया। इसी विधि को बाद में रोमनों ने अंग्रेजी अक्षरों में भी लिया; जैसे-पांच के लिए V, दस के लिए X आदि-आदि।

महर्षि आर्यभट्ट ने क = १, ख = २, ग = ३, घ = ४, ङ = ५, च = ६, छ = ७, ज = ८ इसी प्रकार क्रम से म = २५, य = ३०, र = ४०, ल = ५०, व = ६०, श = ७०, ष = ८०, स = ९०, ह = १००; क = एक, कि = सौ, कु = दस हजार, कृ = दस लाख, क्लृ = दस करोड़, के = दस अरब, कै = दस खरब, को = दस नील, कौ = दस शंख; इसी प्रकार ख = दो, खि = दो सौ, खु = बीस हजार आदि-आदि। इसी प्रकार वर्णों द्वारा संख्यायें लिखने की विधि विस्तार से समझायी है। आर्यभट्ट ने अपने विख्यात ग्रन्थ 'आर्यभटीय' की रचना प्राचीन कुसुमपुर में (जो आज का पटना नगर है) रहकर की थी। इस ग्रन्थ के गणित पाद (प्रकरण) में वर्ग, वर्गमूल, घन, घनमूल एवं अन्य व्यवहार श्रेणियों का विशद विवेचन किया है।

आर्यभट्ट द्वितीय ब्रह्मगुप्त के बाद, यानि ५९८ ई. के बाद और भास्कराचार्य, जिनका काल १११४ ई. के पहले का है। इन दोनों के मध्य कभी हुए थे। इनका रचित ग्रन्थ 'महा आर्यभटीय' है। इसमें १८ अध्याय हैं, जिनमें पाटी गणित, क्षेत्र व्यवहार तथा बीज गणित भी सम्मिलित है। प्रथम आर्यभट्ट के सिद्धान्तों में इन्होंने कई संशोधन किये। इस ग्रन्थ की परम्परा को बाद के अनेक ज्योतिषियों ने अपनाया। इसी कारण इनका ग्रन्थ 'महा आर्यभटीय' भी बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। इनके जीवन के विषय में विशेष कुछ ज्ञात नहीं है, परन्तु इनकी अपूर्व विद्वता तथा महान पाण्डित्य इनके अनुपम ग्रन्थ से ही ज्ञात हो जाता है। दोनों ही आर्यभट्ट ज्योतिष के महान् विद्वान थे और इसी कारण भारत ने अपने उपग्रह का नाम इनके नाम पर रखा। ये दोनों विद्वान् महान गणितज्ञ थे और आधुनिक वैज्ञानिक उपग्रह प्रणाली आदि उन्हीं के द्वारा बताये गणित को और आगे बढ़ाते हुए आज की उच्च अवस्था तक पहुंची है।

हमने अपनी अनुसंधान संस्था का नामकरण इन्हीं विभूतियों के नाम पर किया है और आशा करते हैं कि इनके आशीर्वाद से हम ज्योतिष विद्या में नई-नई बातों का शोध व आविष्कार करने में सफलता प्राप्त करेंगे और इनके नाम के अनुसार प्रतिष्ठा प्राप्त करेंगे। हम ज्योतिष-प्रेमियों से पूर्ण सहयोग की आशा करते हैं और अनुरोध करते हैं कि आप अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

-लक्ष्मी नारायण शर्मा
बी.ए. प्रभाकर, साहित्यरत्न
ज्योतिष वाचस्पति

व्रतोत्सव, अवकाश दिन तथा वर्गीकृत त्यौहारादि सं. २०६१ विक्रमी, शाके १९२६, सन् २००४-२००५ ई.

व्रतोत्सव	तिथि
नववर्षारंभ, नवरात्रा प्रा., गुड़ी पड़वा	२१ मार्च
आर्य समाज स्थापना दि., गौतम जयंती	२१ "
सिन्धारा, चेटीचंड, झुलेलाल जयंती	२२ "
मत्स्य जयंती, मनोरथ तृतीया	२३ "
सौभाग्य तृतीया, गणगौरी पूजा	२३ "
विनायक चौथ व्रत	२४ "
हय व्रत पंचमी, स्कन्द षष्ठी व्रत	२६ "
जैन आयंबिल ओली प्रारम्भ	२८ "
दुर्गा ८, अन्नपूर्णा पूजा	२९ "
श्री राम नवमी, नवरात्रा समाप्त	३० "
कामदा ११ व्रत, विश्व स्वास्थ्य दि.	१ अप्रैल
हरिदमनोत्सव	२ "
शनि प्रदोष व्रत, महावीर जयंती जैन	३ "
दमनक चतुर्दशी, पाम सण्डे	४ "
सत्यव्रत, चैत्री पूर्णिमा, हनुमान जयंती	५ "
आर्यंबिल ओली समा.,बैशाख स्नान प्रा.	५ "
कृष्ण चतुर्थी व्रत	८ "
गुड फ्राईडे	९ "
शीतला पूजन, ईस्टर सण्डे	११ "
चेहल्लम शहीद करबला मु.	११ "
कालाष्टमी	१२ "
बैशाखी (पंजाब)	१३ "
डॉ. अम्बेडकर जयंती	१४ "
वरूथिनी एकादशी व्रत	१५ "
श्री बल्लभाचार्य जयंती	१५ "
प्रदोष व्रत	१६ "
मास शिवरात्रि व्रत	१७ "
देवपितृकार्य अमावस्या, सोमवती ३०	१९ "
श्री शुकदेव ज., शहादते इमाम हसन	१९ "
देव दामोदर पुण्य तिथि	२० "
शिवाजी जयंती	२१ "
परशुराम ज, अक्षय तृतीया, मातंगी ज.	२२ "
विनायक चतुर्थी व्रत	२३ "
आद्य शंकराचार्य जयंती	२४ "
श्री रामानुजाचार्य जयंती	२५ "
गंगा सप्तमी पूजन	२७ "
दुर्गाष्टमी, बगलामुखी जयंती	२८ "
जानकी नवमी	२९ "

व्रतोत्सव	तिथि
आखिरी चाहर शम्बा मु.	३० अप्रैल
मोहिनी एका. व्रत, विश्व मजदूर दिवस	१ मई
रुकमणी द्वादशी, प्रदोष व्रत	२ "
श्री नृसिंह जयंती, छिन्नमस्ता जयंती	३ "
ईद-ए-मिलाद (बारावफात)	३ "
वैशाखी पूर्णिमा, सत्यव्रत, कूर्म जयंती	४ "
वैशाख स्नान पूर्ति, बुद्ध पूर्णिमा	४ "
चन्द्रग्रहण, अशोक त्रिरात्री व्रत पूर्ति	४ "
श्री नारद जयंती	६ "
कृष्ण चतुर्थी व्रत, मां आनन्दमयी ज.	७ "
रविन्द्रनाथ टैगोर जयंती	७ "
कालाष्टमी, दादुदयाल पुण्यं	११ "
अपरा एका. व्रत	१४ "
मधुसूदन द्वादशी	१५ "
प्रदोष व्रत	१६ "
मास शिवरात्रि व्रत, वट सावित्री व्रत	१७ "
पितृकार्यामावस्या	१८ "
देवकार्या अमावस्या, भावुका अमा.	१९ "
वट सावित्री व्रत पूर्ति	१९ "
करवीर व्रत	२० "
रंभा व्रत	२१ "
महाराणा प्रताप जंयती	२२ "
विनायक चतुर्थी व्रत	२३ "
श्रुति पंचमी (जैन)	२४ "
विन्ध्यवासिनी पूजा, अरण्य छठ	२५ "
दुर्गाष्टमी, धूमावती जयंती	२७ "
जवाहरलाल नेहरू पुण्य दिवस	२७ "
श्री माहेश्वरी नवमी	२८ "
गंगा दशहरा, मेला हरिद्वार	२९ "
निर्जला एका. व्रत, गायत्री जयंती	३० "
चम्पक द्वादशी, फातिहा यजदहुम मु.	३१ "
भौम प्रदोष व्रत, वटसावित्री व्रतारंभ गुज.	१ जून
सत्यव्रत, ज्येष्ठी पूर्णिमा	३ "
कबीर जयंती, कोजागरी व्रत	३ "
वट सावित्री व्रत पूर्ति (गुजरात)	३ "
वट सावित्री व्रत पारणा	४ "
गुरु हरगोविन्द सिंह जयंती	४ "
कृष्ण चतुर्थी व्रत, विश्व पर्यावरण दि.	५ "
उर्स निजामुद्दीन ओलिया प्रा.	५ "

व्रतोत्सव	तिथि
नाग पंचमी (बंगाल)	६ जून
कालाष्टमी	१० "
योगिनी एकादशी व्रत	१३ "
भौम प्रदोष व्रत	१५ "
मास शिवरात्रि व्रत	१६ "
देवपितृकार्याऽमावस्या	१७ "
श्री जगदीश रथ यात्रा (उड़ीसा)	१९ "
विनायक चतुर्थी व्रत	२१ "
स्कन्द पंचमी, कुमार षष्ठी व्रत	२३ "
विवस्वत सप्तमी, सूर्य पूजा	२४ "
दुर्गाष्टमी, खरसी पूजा (त्रिपुरा)	२६ "
भड्डली ९, मेला शरीफ भवानी (क.)	२७ "
आशा दशमी, उल्टी रथयात्रा (उड़ीसा)	२८ "
देवशयनी एका., चातुर्मास नियमादि प्रा.	२९ "
प्रदोष व्रत, जया पार्वती व्रतारंभ	३० "
चौमासी चौदश (जैन), वायु परीक्षा	१ जुलाई
गुरु पूर्णिमा, सत्यव्रत	२ "
आषाढ़ी पूर्णिमा, व्यास पूजा	२ "
कृष्ण चतुर्थी व्रत, श्रावण सोमवार व्रत	५ "
नाग पंचमी (मरुस्थले)	६ "
शीतला सप्तमी (उड़ीसा)	८ "
कालाष्टमी	९ "
गुरु हरिकिशन जयंती	१० "
कामदा एका. व्रत स्मा., सोमवार व्रत	१२ "
कामदा एकादशी व्रत वैष्णव	१३ "
प्रदोष व्रत	१४ "
मास शिवरात्रि व्रत	१५ "
देवपितृकार्या अमा., हरियाली अमा.	१७ "
विनायक चतुर्थी व्रत	२१ "
दुर्गाष्टमी	२५ "
कमला एकादशी व्रत	२८ "
प्रदोष व्रत	२९
सत्यव्रत, पूर्णिमा व्रत	३१ "
कृष्ण चतुर्थी व्रत	३ अग.
कालाष्टमी	८ "
भारतीय क्रान्ति दिवस	९ "
कमला एकादशी व्रत	११ "
प्रदोष व्रत	१३ "

व्रतोत्सव	तिथि
मास शिवरात्रि व्रत	१४ अग.
देवपितृकार्या अमावस्या	१५ "
५८वाँ भारतीय स्वतंत्रता दिवस	१५ "
सोमवती देवकार्याऽअमा.	१६ "
नक्त व्रत प्रारम्भ, सोमेश्वर पूजा	१७ "
सिंधारा	१८ "
हरियाली तीज, मधुश्रवा तीज	१९ "
विनायक ४, वरद चतुर्थी व्रत	१९ "
नाग पंचमी देशाचारे	२१ "
कल्की जयंती, तुलसी जयंती	२२ "
दुर्गाष्टमी, श्रावण सोमवार व्रत	२३ "
उर्स ख्वाजा मोईनुद्दीन चिस्ती (अजमेर)	२३ "
पवित्रा एकादशी व्रत (पुत्रदा)	२६ "
प्रदोष व्रत	२७ "
सत्यव्रत, हयग्रीव जयंती	२९ "
श्रावणी पूर्णिमा, रक्षाबन्धन	३० "
हजरत अली जन्म दिवस	३० "
श्रावण सोमवार व्रत, अमरनाथ दर्शन	३० "
सातूड़ी तीज, कज्जली तृतीया व्रत	१ सितं.
कृष्ण चतुर्थी व्रत, बहुला चौथ	२ "
रक्षा पंचमी (उड़ीसा)	३ "
चन्द्र षष्ठी व्रत	४ "
डॉ. राधाकृष्णन जन्म दि., शिक्षक दि.	५ "
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व्रत स्मार्त	६ "
सन्त ज्ञानेश्वर जयंती	६ "
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व्रत वैष्ण., कालाष्टमी	७ "
गोगा नवमी, नन्दोत्सव	८ "
जया एकादशी व्रत	१० "
वत्स द्वादशी, बच्छ बारस	११ "
प्रदोष व्रत, मास शिवरात्रि व्रत	१२ "
पर्यूषण पर्व प्रा. जैन, शब्बे मिराज	१२ "
अघोरा चतुर्दशी व्रत	१३ "
देवपितृकार्या अमा., कुशोत्पाटनी अमा.	१४ "
पिठौरी ३०, नक्तव्रत पूर्ति	१४ "
मेला सुथरेशाह दिल्ली, भा. हिन्दी दि.	१४ "
भारतीय इन्जीनियर्स डे	१५ "
नक्त व्रत उद्यापन	१६ "
हरितालिका ३ व्रत, वाराह जयंती	१७ "
श्री गणेश जन्म चतुर्थी	१८ "

विनायक ४ व्रत, पत्थर चौथ	१८ सितं.
ऋषि पंचमी, जैन सम्वत्सरी	१९ "
सूर्य षष्ठी, बलदेव छठ	२० "
मुक्ताभरण सप्तमी, सन्तान सप्तमी	२१ "
महालक्ष्मी व्रत प्रारम्भ	२१ "
दुर्गाष्टमी, राधाष्टमी, दूर्वा अष्टमी	२२ "
दधीची ज.,चन्द नवमी, अदुःख नवमी	२२ "
दशावतार दशमी	२३ "
पद्मा (जलझूलनी) एकादशी व्रत	२४ "
श्री वामन जयंती, भुवनेश्वरी जयंती	२५ "
प्रदोष व्रत, गोत्रि रात्रि व्रतारंभ	२६ "
अनन्त चतुर्दशी व्रत	२७ "
सत्यव्रत, गोत्रि रात्रि व्रत पूर्ति	२८ "
भाद्रपदी पूर्णिमा, महालयारंभ	२८ "
पितृ पक्ष प्रा.	२९ "
शब-ए-बारात मु.	३० "
कृष्ण चतुर्थी व्रत	१ अक्टू.
महात्मा गांधी व शास्त्री जयंती	२ "
महालक्ष्मी व्रत समाप्त	५ "
कालाष्टमी	६ "
मातृ नवमी, भूदान जयंती	७ "
भारतीय वायु सेना दिवस	८ "
इन्दिरा एकादशी व्रत	१० "
सोम प्रदोष व्रत	११ "
मास शिवरात्रि व्रत	१२ "
देवपितृ कार्या अमा., सर्वपितृ विसर्जन	१३ "
शारदीय नवरात्रा प्रारम्भ	१४ "
अग्रसेन जयंती	१५ "
रमजान रोजा प्रारम्भ (मुस्लिम)	१६ "
विनायक चौथ व्रत	१७ "
उपांग ललिता पंचमी व्रत	१८ "
सरस्वती आवाहन	१९ "
सरस्वती पूजन, अन्नपूर्णा परिक्रमा	२० "
श्री सरस्वती बलिदान, दुर्गाष्टमी	२१ "
अन्नपूर्णा परिक्रमा पूर्ति	२१ "
सरस्वती विसर्जन, महानवमी	२२ "
दुर्गा नवमी, नवरात्र पूर्ति	२२ "
विजया दशमी, माधवाचार्य जयंती	२३ "
पापांकुशा एकादशी व्रत	२४ "
सोम प्रदोष व्रत	२५ "
शरद् पूर्णिमा, सत्यव्रत	२७ "

चन्द्रग्रहण, कोजागरी व्रत	२७ अक्टू.
बाल्मीकि जयंती, कार्तिक स्नान प्रा.	२८ "
कृष्ण चतुर्थी व्रत, करवा चतुर्थी व्रत	३१ "
सरदार पटेल जयंती, इन्दिरा गांधी पुण्य	३१ "
कालाष्टमी, अहोई अष्टमी	५ नवं.
शहादते हजरत अली (मुस्लिम)	५ "
रमा एकादशी व्रत	८ "
गोवत्स द्वादशी	९ "
प्रदोष व्रत,धन तेरस, धन्वन्तरी जयंती	१० "
शब-ए-कद्र (मुस्लिम)	१० "
मास शिवरात्री व्रत	११ "
नरक चतुर्दशी, रूप चतुर्दशी	११ "
महालक्ष्मी पूजन, दीपावली	१२ "
देवपितृकार्यऽमा., जमातुल विदा (मु.)	१२ "
महावीर निर्वाण दिवस जैन	१२ "
गोवर्धन पूजा, अन्नकूट	१३ "
भैया दूज, यम द्वितीया, विश्वकर्मा पूजा	१४ "
पं. नेहरू जयंती, बाल मेला	१४ "
ईदुलफितर ईद (मु.)	१४ "
विनायक चौथ व्रत	१५ "
पांडव पंचमी, सौभाग्य पंचमी	१६ "
गुरु गोविन्द सिंह बलिदान दिवस	१६ "
सूर्य षष्ठी व्रत, डाला छट	१७ "
गोपाष्टमी, दुर्गाष्टमी	१९ "
इन्दिरा गांधी गांधी जन्म दिवस	१९ "
कुष्मांड ९, आंवला नवमी, अक्षय ९	२० "
देव प्रबोधिनी एका., तुलसी विवाह	२२ "
भीष्मपंचक प्रा., चातुर्मास व्रत नियम पूर्ति	२२ "
प्रदोष व्रत	२४ "
वैकुण्ठ १४ व्रत, चौमासी चौदश जैन	२५ "
सत्यव्रत, पूर्णिमा व्रत, नानक जयंती	२६ "
देव दिवाली, कार्तिक स्ना. समा.	२६ "
भीष्म पंचक पूर्ति, निम्बाकार्चाय जयंती	२६ "
सौभाग्य सुन्दरी व्रत	२९ "
कृष्ण चतुर्थी व्रत	३० "
विश्व एड्स डे	१ दिसं.
उर्स ख्वाजा अमीर खुसरो (दिल्ली)	१ "
डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जन्म दि., विकलांग दि.	३ "
भारतीय नौसेना दिवस	४ "
श्री महाकाल भैरवाष्टमी	५ "
भारतीय झण्डा दिवस	७ "

उत्पत्ति एकादशी व्रत	८ दिसं.
प्रदोष व्रत, संत ज्ञानेश्वर पुण्य	९ "
मास शिवरात्रि व्रत	१० "
देव पितृकार्याऽमावस्या	११ "
विनायक चौथ व्रत	१५ "
नाग पंचमी (द. भारत)	१६ "
गुरु तेगबहादुर बलिदान दिवस	१६ "
चम्पा षष्ठी व्रत	१७ "
मित्र सप्तमी, नरसी मेहता जयंती	१८ "
दुर्गाष्टमी	१९ "
महानन्दा नवमी	२० "
मोक्षदा एका. व्रत, श्री गीता जयंती	२२ "
प्रदोष व्रत, व्यंजन द्वादशी	२३ "
स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस	२३ "
अनंग त्रयोदशी	२४ "
गुरु ग्रन्थ साहिब वार्षिकोत्सव	२४ "
पं. मदनमोहन मालवीय जन्म दिवस	२५ "
क्रिसमस डे, बड़ा दिन	२५ "
सत्यव्रत, पूर्णिमा व्रत	२६ "
दत्तात्रेय जयंती, अन्नपूर्णा जयंती	२६ "
कृष्ण चतुर्थी व्रत	३० "

सन् २००५ ई.

ईसाई नववर्ष प्रारम्भ	१ जन.
कालाष्टमी	४ "
सफला एकादशी व्रत स्मा., अपोफैनी डे	६ "
सफला एकादशी व्रत वैष्णव	७ "
स्वरूप द्वादशी	७ "
शनि प्रदोष व्रत	८ "
मास शिवरात्रि व्रत	९ "
देवपितृकार्यामावस्या	१० "
वकुला व सोमवती अमावस्या	१० "
लोहड़ी उत्सव (पं.), विनायक ४ व्रत	१३ "
मकर संक्रांति, पोंगल पर्व	१४ "
माघ विहू (असम)	१४ "
भारतीय थल सेना दिवस	१५ "
गुरु गोविन्द सिंह जयंती	१६ "
दुर्गाष्टमी, शाकम्भरी यात्रा	१७ "
पवित्रा (पुत्रदा) एकादशी व्रत	२० "
ईद-उल-जुहा (बकरीद) मु.	२१ "
शनि प्रदोष व्रत	२२ "

श्री सुभाष चन्द्र बोस जयंती	२३ जन.
सत्यव्रत, पौषी पूर्णिमा, माघ स्नान प्रा.	२५ "
५६वाँ भा. गणतन्त्र दिवस	२६ "
लाला लाजपतराय जयंती	२८ "
कृष्ण चतुर्थी व्रत, संकट चौथ	२९ "
महात्मा गांधी पुण्य दिवस	३० "
स्वा. विवेकानन्द व रामानन्दाचार्य ज.	१ फर.
कालाष्टमी	२ "
षट्तिला एकादशी व्रत	५ "
प्रदोष व्रत, वंजुली महाद्वादशी	६ "
मास शिवरात्रि व्रत	७ "
मौनी अमावस्या, देवपितृकार्यऽमा.	८ "
श्री वल्लभाचार्य जयंती (द.भा.)	९ "
गौरी तृतीया, तिल चौथ	११ "
हिजरी सन् १४२६ प्रा.	११ "
विनायक चतुर्थी व्रत	१२ "
बसंत पंचमी, सरस्वती पूजन	१३ "
वैलेन्टाइन डे	१४ "
आरोग्य सप्तमी, रथ सप्तमी	१५ "
दुर्गाष्टमी, भीष्माष्टमी	१६ "
जया एकादशी व्रत	१९ "
भीष्म द्वादशी, मुहर्रम ताजिया मु.	२० "
सोम प्रदोष व्रत	२१ "
श्री रामचरण स्नेह जयंती	२२ "
पूर्णिमा व्रत, सत्यव्रत	२३ "
रविदास जयंती	२४ "
माघी पूर्णिमा, माघ स्नान पूर्ति	२४ "
कृष्ण चतुर्थी व्रत	२७ "
कालाष्टमी, सीताष्टमी	४ मार्च
गुरु रामदास जयंती	५ "
स्वामी दयानन्द सरस्वती जयंती	५ "
विजया एकादशी व्रत स्मार्त	६ "
विजया एकादशी व्रत वैष्णव	७ "
भौम प्रदोष व्रत, महाशिवरात्रि व्रत	८ "
वैद्यनाथ ज., विश्व महिला दिवस	८ "
शिव खप्पर पूजा	९ "
देवपितृकार्यऽमावस्या	१० "
फुलरिया दोज, रामकृष्ण परमहंस ज.	१२ "
विनायक ४ व्रत	१३ "
याज्ञवल्क्य जयंती	१५ "
दुर्गाष्टमी, होलाष्टक प्रा.	१८ "

श्री दादूदयाल जयंती	१८ मार्च
मेला खाटू श्यामजी प्रा. (राज.)	२० ''
आमलकी एकादशी व्रत	२१ ''
गोविन्द द्वादशी	२२ ''
मेला खाटू श्यामजी पूर्ति (राज.)	२२ ''
प्रदोष व्रत	२३ ''
सत्यव्रत, होलिका दहन	२५ ''
चैतन्य महाप्रभु ज., होलाष्टक पूर्ति	२५ ''
गुड फ्राईडे	२५ ''
वसन्त प्रतिपदा, छरेंड़ी, फूलडोल	२६ ''
तुकाराम ज., ईस्टर सण्डे	२७ ''
कृष्ण चतुर्थी व्रत, आशा चौथ	२९ ''
चेहल्लम शहीद करबला मु.	१ अप्रैल
कालाष्टमी, शीतला पूजा	२ ''
ऋषभदेव जयंती	३ ''
दशमाता व्रत	४ ''
पापमोचनी एकादशी व्रत	५ ''
प्रदोष व्रत, आखरी चाहर शम्बा मु.	६ ''
मास शिवरात्रि व्रत	७ ''
देवपितृकार्याऽमावस्या	८ ''
चान्द्र संवत्सर पूर्ति	८ ''

इस्लामी त्योहार

चैहल्लम शहीद करबला	११ अप्रैल
शहादते इमाम हसन	१९ ''
आखरी चहार शम्बा	३० ''
ईद-ए-मिलाद (बारावफात)	३ मई
फतीहा यजदहूम (११वीं शरीफ)	३१ ''
उर्स निजामुद्दीन ओलिया प्रा.	५ जून
वफात् सरसैयद हैमद खाँ	१६ जुलाई
उर्स ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती अजमेर	२३ अग.
हजरत अली जन्म	३० ''
शब-ए-मिराज	१२ सितं.
शब-ए-रात	३० ''
रमजान (रोजा) प्रा.	१६ अक्टू.
उर्स अलीशाह कलन्दर पानीपत	२८ ''
शहादते हजरती अली	५ नवं.
शब-ए-कद्र	१० ''
जुमातुल विदा	१२ ''
ई-दुल-फितर	१४ ''
उर्स ख्वाजा अमीर खुसरो दिल्ली	१ दिसं.
वफात कायदे मो. अली जिन्हा	२० ''

सन् २००५ ई.

उर्स बाबा शाह लाल दयाल, कैथल	१० जन.
हज्ज	२० ''
ईद-उल-जुहा (बकरीद)	२१ ''
मोहरम हिजरी सन् १४२६ प्रा.	११ फर.
मुहर्रम ताजिया	२० ''
चेहल्लम शहीद करबला	१ अप्रैल
आखरी चाहर शम्बा	६ ''

महापुरुष जयन्तियाँ (जैन)

मुनि सुमति नाथ	जयंती	३१ मार्च
'' महावीर स्वामी	''	२ अप्रैल
'' सुव्रत नाथ	''	१४ ''
'' कुन्थ नाथ	''	२० ''
'' अनन्त नाथ	''	१५ मई
'' शान्ति नाथ	''	१९ ''
'' सुपार्श्वनाथ	''	३१ ''
'' नमिनाथ	''	१२ जून
'' नेमिनाथ	''	२१ अग.
'' पद्म प्रभु	''	९ नवं.
'' सम्भव नाथ	''	२६ ''
'' पुष्पदन्त नाथ	''	१२ दिसं.
'' मल्लि नाथ	''	२२ ''
'' अरह नाथ	''	२५ ''

सन् २००५ ई.

'' पार्श्व नाथ	''	६ जन.
'' चन्द्र प्रभु	''	७ ''
'' यतीन्द्र सुरीश्वर नाथ	''	१२ ''
'' राजेन्द्र सुरीश्वर नाथ	''	१६ ''
'' शीतल नाथ	''	६ फर.
'' विमल नाथ	''	१२ ''
'' अजित नाथ	''	१८ ''
'' अभिनन्दन नाथ	''	१९ ''
'' धर्म नाथ	''	२१ ''
'' श्रेयांश नाथ	''	६ मार्च
'' वासुपूज्य नाथ	''	९ ''
'' ऋषभ नाथ	''	१९ ''

महापुरुषों के जन्म दिन

श्री गौतम जयंती	२१ मार्च
श्री झूलेलाल जयंती	२२ ''
डॉ. अम्बेडकर जयंती	१४ अप्रै.
श्री वल्लभाचार्य जयंती	१५ ''
श्री शुकदेव जयंती	१९ ''
श्री शिवाजी जयंती	२१ ''
श्री परशुराम जयंती	२२ ''
श्री आद्य शंकराचार्य जयंती	२४ ''
बाबू कुँवर सिंह जयंती	२४ ''
श्री रामानुजाचार्य जयंती	२५ ''
देव ऋषि नारद जयंती	६ मई
कवि रविन्द्रनाथ टैगोर जयंती	७ ''
श्री मां आनन्दमयी जयंती	७ ''
श्री महाराणा प्रताप जयंती	२२ ''
सन्त कबीर जयंती	३ जून
श्री लोकमान्य तिलक जयंती	२३ जुला
गो. तुलसीदास जयंती	२२ अग.
डॉ. राधाकृष्णन जयंती	५ सितं
संत ज्ञानेश्वर जयंती	६ ''
श्री दधीचि जयंती	७ ''
श्री विनोबा भावे जयंती	११ ''
सन्त सुथरेशाह जयंती	१४ ''
श्री विश्वकर्मा जयंती	१७ ''
श्री महात्मा गांधी व शास्त्री जयंती	२ अक्टू.
श्री अग्रसेन जयंती	१५ ''
श्री माधवाचार्य जयंती	२३ ''
महर्षि बाल्मीकि जयंती	२८ ''
श्री सरदार पटेल जयंती	३१ ''
श्री धन्वन्तरि जयंती	१० नवं.
श्री नेहरू जयंती	१४ ''
श्री जलराम जयंती	१८ ''
श्रीमती इन्दिरा गांधी जयंती	१९ ''
श्री कवि कालीदास जयंती	२३ ''
डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जयंती	३ दिसं.
भक्त नरसी मेहता जयंती	१८ ''
महामना मदनमोहन मालवीय ज.	२५ ''
श्री ईसा जयंती	२५ ''
श्री दत्तात्रेय जयंती	२६ ''

सन् २००५ ई.

श्री नेताजी सुभाष जयंती	२३ जन.
श्री लाला लाजपतराय जयंती	२८ ''
स्वा. विवेकानन्द जयंती	१ फर.
श्री रामानन्दाचार्य जयंती	१ ''
योगी बाबा लालदयाल जयंती	१० ''
श्री माधवाचार्य जयंती	१५ ''
गुरु रविदास जयंती	२४ ''
गुरु रामदास जयंती	५ मार्च
स्वामी दयानन्द सरस्वती जयंती	५ ''
श्री रामकृष्ण परमहंस जयंती	१२ ''
श्री याज्ञवल्क जयंती	१५ ''
श्री दादूदयाल जयंती	१८ ''
श्री चैतन्य महाप्रभु जयंती	२५ ''
श्री संत तुकाराम जयंती	२७ ''

प्राचीन मेला-दशहरा तथा अन्य उत्सव

मेला आर्यसमाज स्थापना दि.	२१ मार्च
'' चीमा नानक सर (पंजाब)	२१ ''
'' गणगौर जयपुर (राज.)	२३ ''
'' माई सरखाना (पंजाब)	२७ ''
'' मनसा देवी (हरियाणा)	२९ ''
'' बाहुफोर्ट (जम्मू-कश्मीर)	२९ ''
'' ज्वालामुखी (हरचोवाल)	२९ ''
'' ज्वालामुखी (गुरदासपुर)	२९ ''
'' रामजन्मोत्सव (अयोध्या)	३० ''
'' कांसा देवी (रोपड़ कांसल)	३ अप्रैल
'' देवी थीहरा (कैथल)	४ ''
'' बाला सुन्दरी देवबन्द (उ.प्र.)	४ ''
'' मानकपुर शरीफ (रोपड़)	५ ''
'' कशाधा नहयाणी सह-कुल्लू	११ ''
'' पिंजोर (हरियाणा)	१९ ''
'' पीपल जातर (कुल्लू)	२३ ''
'' आनी आउडर सिराज (कुल्लू)	४ मई
'' डूंगरीजातर (मनाली)	१० ''
'' बंजार (कुल्लू)	१० ''
'' चनानी माताजी	११ ''
'' शाढ़ी जातर नगर (हि.प्र.)	१३ ''
'' हल्दीघाटी (राज.)	२२ ''

मेला	तिथि
मेला क्षीरभवानी कश्मीर	२७ मई
,, गंगा दशहरा (हरिद्वार)	२९ ,,
,, सपोर यात्रा धारलदा-बुधमपुर	२९ ,,
,, बहिरे भटिण्डा (पंजाब)	३० ,,
,, पिपलू (ऊना, हि.प्र.)	३० ,,
,, शुद्ध महादेव यात्रा (ऊधमपुर)	३ जून
,, भून्तर (हि.प्र.)	१० ,,
,, शरीफ भवानी (कश्मीर)	२७ ,,
,, ज्वालामुखी (कश्मीर)	१ जुला.
,, नैमिषारण्य (उ.प्र.)	२ ,,
,, गुरु पूर्णिमा (कुराली)	२ ,,
,, नानकसर (चीमा)	५ ,,
,, हरियाली अमा. (उदयपुर)	१७ ,,
,, चिन्तपूर्णी व नयना देवी-हि.प्र.	२३ अग.
,, अमरनाथ दर्शन (कश्मीर)	३० ,,
,, द्रोण दनकौर (उ.प्र.)	४ सितं.
,, जन्माष्टमी (मथुरा)	७ ,,
,, कैलाश यात्रा (कश्मीर) प्रा.	१२ ,,
,, सुथरेशाह (दिल्ली)	१४ ,,
,, गुसांई आंणा (कुराली)	१६ ,,
,, रुणीचा रामदेव (जैसलमेर) प्रा.	१६ ,,
,, गणेशोत्सव मण्डी (हि.प्र.)	१८ ,,
,, गणेशोत्सव (महाराष्ट्र)	१८ ,,
,, पात (कश्मीर) प्रा.	१९ ,,
,, ब्रजमण्डल (उ.प्र.)	२० ,,
,, रुणीचा रामदेव (जैसलमेर) समा.	२३ ,,
,, चारभुजा नाथ (मेवाड़)	२४ ,,
,, वामन द्वादशी (पटियाला)	२५ ,,
,, सोडल (जालन्धर)	२७ ,,
,, छपार (पंजाब)	२७ ,,
,, गोयन्दवाल (पंजाब)	२८ ,,
,, श्री आशापति यात्रा (का.)	१३ अक्टू.
,, ज्वाला मुखी (हि.प्र.)	२१ ,,
,, तारा देवी (हि.प्र.)	२१ ,,
,, हरचोवाल (गुरदासपुर)	२१ ,,
,, दशहरा कुल्लू (हि.प्र.)	२३ ,,
,, शाकम्भरी देवी (उ.प्र.)	२७ ,,
,, देवी थीहरा (कैथल)	२७ ,,
,, दीपावली (अमृतसर)	१२ नवं.
,, अन्नकूट (गोवर्धन) पूजा	१३ ,,
,, बाल मेला (दिल्ली)	१४ ,,
,, बाबा रुद्रानंद नारी ऊना, हि.प्र.	२२ ,,
मेलारेणुका स्नान नाहन (हि.प्र.)	२२ नवं.
,, वीरबैरागी नकोदर (पं.)	२४ ,,
,, पुष्करराज (राज.)	२६ ,,
,, रामतीर्थ (अमृतसर)	२६ ,,
,, कपालमोचन (हरियाणा)	२६ ,,
,, गढ़गंगा (उ.प्र.)	२६ ,,
,, पुरमण्डल देवी का स्ना. (ज.)	११ दिसं.
,, जोड़ फतेहगढ़ साहिब (पं.)	२२ ,,
,, संगीत हरबल्लभ प्रा.	२३ ,,

सन् २००५ ई.

मेला	तिथि
,, लोहड़ी (पंजाब)	१३ जन.
,, मुक्तसर (पंजाब), पोंगल (द.भा.)	१४ ,,
,, मस्तुआणां (पंजाब)	२९ ,,
,, मौनी अमावस्या (हरिद्वार)	८ फर.
,, बसंत पंचमी (हि.प्र.)	१३ ,,
,, पंचखण्ड पीठ विराटनगर	२१ ,,
,, डेजर्ट उत्सव जैसलमेर (रा.)	२१ ,,
,, वेणेश्वर बांसवाड़ा (राज.)	२४ ,,
,, महाशिवरात्रि मण्डी (हि.प्र.)	८ मार्च
,, नीलकण्ठ महादेव (पौड़ी)	८ ,,
,, श्यामजी खाटू (राज.)	२०-२२ ,,
,, होलामेला आनन्दपुर सा. पं.	२६ ,,
,, मानकपुर शरीफ (रोपड़)	२६ ,,
,, पंखा (झझर)	२६ ,,
,, बीरमदास बछौली (पटि.)	३० ,,
,, गुरु रामराय (देहरादून)	३० ,,
,, शीतला माता (कुराली) पंजाब	१ अप्रैल
,, पृथूदक पिहोवा (हरियाणा)	७ ,,

क्रिश्चियन त्यौहार

त्यौहार	तिथि
अप्रैल फूल डे	१ अप्रैल
गुड फ्राईडे	९ ,,
ईस्टर सण्डे	११ ,,
क्रिसमस डे पहली सांझ	२४ दिसं.
क्रिसमस डे	२५ ,,
ईस्वी सन् प्रारंभ की पहली सांझ	३१ ,,
ईस्वी नव वर्ष २००५ प्रारंभ	१ जन.
ऐपीफेनी डे	६ ,,
गुड फ्राईडे	२५ मार्च
ईस्टर सण्डे	२७ ,,
अप्रैल फूल डे	१ अप्रैल

सिक्खों के गुरु पर्व

गुरु		तिथि
गुरु तेगबहादुर जी	जन्म	९ अप्रैल
,, अर्जुनदेव जी	,,	११ ,,
,, अंगद देव जी	,,	२० ,,
,, अमरदास जी	,,	३ मई
,, हरगोविन्द जी	,,	४ जून
,, हरकिशन जी	,,	१० जुलाई
,, रामदास जी	,,	३० अक्टू.
,, नानकदेव जी	,,	२६ नवं.

सन् २००५ ई.

गुरु		तिथि
,, गोविन्द सिंह जी	,,	१६ जन.
,, हरराय जी	,,	२१ फर.

गुरुयाई मिली

गुरु	तिथि
गुरु अमरदास जी	२१ मार्च
,, तेगबहादुर जी	३ अप्रैल
,, हरगोविन्द जी	११ मई
,, अर्जुनदेव जी	१६ सितं.
,, रामदास जी	२६ ,,
,, अंगद देव जी	३ अक्टू.
,, हरकिशन जी	६ नवं.
,, गोविन्द सिंह जी	१३ दिसं.
,, हरराय जी सन् २००५ ई०	६ अप्रैल

ज्योति जोत समाए

गुरु	तिथि
गुरु अंगद देव जी	२५ मार्च
,, हरगोविन्द जी	२६ ,,
,, हरकिशन जी	३ अप्रैल
,, अर्जुनदेव जी	२३ मई
,, रामदास जी	१७ सितं.
,, अमरदास जी	२८ ,,
,, नानकदेव जी	९ अक्टू.
,, हरराय जी	६ नवं.
,, गोविन्द सिंह जी	१६ ,,
,, तेग बहादुर जी	१६ दिसं.

दशावतार जयन्तियाँ

जयंती	तिथि
श्री मत्स्य जयंती	२३ मार्च
श्री राम जयंती (राम नवमी)	३० ,,
श्री परशुराम ज.	२२ अप्रैल
श्री नृसिंह जयंती	३ मई
श्री कूर्म जयंती	४ ,,
श्री बुद्ध जयंती	४ मई
श्री कल्कि जयंती	२२ अग.
श्री कृष्ण जयंती	६-७ सितं.
श्री वाराह जयंती	१७ ,,
श्री वामन जयंती	२५ ,,

आश्विन कृष्ण पक्ष के श्राद्ध

श्राद्ध	तिथि
पूर्णिमा का श्राद्ध	२८ सितं.
प्रतिपदा ,, ,,	२९ ,,
द्वितीया ,, ,,	३० ,,
तृतीया ,, ,,	१ अक्टू.
चतुर्थी ,, ,,	२ ,,
पंचमी ,, ,,	३ ,,
षष्ठी ,, ,,	४ ,,
सप्तमी ,, ,,	५ ,,
अष्टमी ,, ,,	६ ,,
नवमी ,, ,,	७ ,,
दशमी ,, ,,	८ ,,
एकादशी ,, ,,	९ ,,
द्वादशी ,, ,,	१० ,,
त्रयोदशी ,, ,,	११ ,,
चतुर्दशी ,, ,,	१२ ,,
सर्व पितृ अमावस	१३ ,,

संक्रांतियां

राशि	वार	तिथि
मेष	मंगलवार	१३ अप्रै.
वृष	शुक्रवार	१४ मई
मिथुन	सोमवार	१४ जून
कर्क	शुक्रवार	१६ जुला.
सिंह	सोमवार	१६ अग.
कन्या	गुरुवार	१६ सितं.
तुला	शनिवार	१६ अक्टू.
वृश्चिक	सोमवार	१५ नवं.
धन	बुधवार	१५ दिसं.
मकर सन् २००५ ई.	गुरुवार	१३ जन.
कुंभ	शनिवार	१२ फर.
मीन	सोमवार	१४ मार्च

व्रत पूर्णिमा

चैत्र	५ अप्रै.
बैशाख	४ मई
ज्येष्ठ	३ जून
आषाढ़	२ जुला.
प्र. श्रावण	३१ ,,
द्वि. श्रावण	२९ अग.
भाद्रपद	२८ सितं.
आश्विन	२७ अक्टू.
कार्तिक	२६ नवं.
मार्गशीर्ष	२६ दिसं.
पौष सन् २००५ ई.	२४ जन.
माघ	२३ फर.
फाल्गुन	२५ मार्च

गणेश चतुर्थी व्रत

बैशाख	८ अप्रै.
ज्येष्ठ	७ मई
आषाढ़	५ जून
प्र. श्रावण	५ जुला.
द्वि. श्रावण	३ अग.
भाद्रपद	२ सितं.
आश्विन	१ अक्टू.
कार्तिक	३१ ''
मार्गशीर्ष	३० नवं.
पौष	३० दिसं.
माघ सन् २००५ ई.	२९ जन.
फाल्गुन	२७ फर.
चैत्र	२९ मार्च

अमावस्याएं

बैशाख	सोमवती	१९ अप्रै.
ज्येष्ठ		१९ मई
आषाढ़		१७ जून
प्र. श्रावण		१७ जुला.
द्वि. श्रावण	सोमवती	१६ अग.
भाद्रपद	भौमवती	१४ सितं.
आश्विन		१४ अक्टू.
कार्तिक		१२ नवं.
मार्गशीर्ष		११ दिसं.
सन् २००५ ई.		
पौष	सोमवती	१० जन.
माघ	भौमवती	८ फर.
फाल्गुन		१० मार्च
चैत्र		८ अप्र.

एकादशी व्रत

चैत्र	शुक्ल	१ अप्रै.
बैशाख	कृष्ण	१५ ,,
,,	शुक्ल	१ मई
ज्येष्ठ	कृष्ण	१४ मई
,,	शुक्ल	३० मई
आषाढ़	कृष्ण	१३ जून
,,	शुक्ल	२९ ,,
प्र.श्रावण	कृष्ण	१२-१३ जुला.
,,	शुक्ल	२८ ,,
द्वि.श्रावण	कृष्ण	११ अग.
,,	शुक्ल	२६ ,,
भाद्रपद	कृष्ण	१० सितं.
,,	शुक्ल	२४ ,,
आश्विन	कृष्ण	१० अक्टू.
,,	शुक्ल	२४ ,,
कार्तिक	कृष्ण	८ नवं.
,,	शुक्ल	२२ ,,
मार्गशिर	कृष्ण	८ दिसं.
,,	शुक्ल	२२ ,,
पौष	कृष्ण	६-७ जन.
,,	शुक्ल	२० ,,
माघ	कृष्ण	५ फर.
,,	शुक्ल	१९ ,,
फाल्गुन	कृष्ण	६-७ मार्च
,,	शुक्ल	२१ ,,
चैत्र	कृष्ण	५ अप्रैल

प्रदोष व्रत

चैत्र	शुक्ल	शनि	३ अप्रै.
बैशाख	कृष्ण		१६ ,,
,,	शुक्ल		२ मई
ज्येष्ठ	कृष्ण		१६ ,,
,,	शुक्ल	भौम	१ जून
आषाढ़	कृष्ण	भौम	१५ ,,
,,	शुक्ल		३० ,,
प्र.श्रावण	कृष्ण		१४ जुला.
,,	शुक्ल		२९ ,,
द्वि.श्रावण	कृष्ण		१३ अग.
,,	शुक्ल		२७ ,,
भाद्रपद	कृष्ण		१२ सितं.
,,	शुक्ल		२६ ,,
आश्विन	कृष्ण	सोम	११ अक्टु.
,,	शुक्ल	सोम	२५ ,,
कार्तिक	कृष्ण		१० नवं.
,,	शुक्ल		२४ ,,
मार्गशीर्ष	कृष्ण		९ दिसं.
,,	शुक्ल		२३ ,,
पौष	कृष्ण	शनि	८ जन.
,,	शुक्ल	शनि	२२ ,,
माघ	कृष्ण		६ फर.
,,	शुक्ल	सोम	२१ ,,
फाल्गुन	कृष्ण	भौम	८ मार्च
,,	शुक्ल		२३ ,,
चैत्र	कृष्ण		६ अप्रै.

पंचक आरम्भ व समाप्ति काल

ता. मास		घं.मि.	से	ता. मास		घं.मि.	तक
१८ मार्च	२००४ ई.	१०-१३	''	२२ मार्च	२००४ ई.	२३-५६	''
१४ अप्रैल	''	१६-०१		१९ अप्रैल	''	७-२४	''
११ मई	''	२१-३४	''	१६ मई	''	१३-३२	''
७ जून	''	२८-३८	''	१२ जून	''	१९-१०	''
५ जुलाई	''	१३-४६	''	९ जुलाई	''	२५-३२	''
१ अगस्त	''	२४-०४	''	६ अगस्त	''	९-२२	''
२९ ''	''	९-५८	''	२ सितम्बर	''	१८-२५	''
२५ सितंबर	''	१८-०५	''	२९ ''	''	२७-३८	''
२२ अक्टूबर	''	२४-१०	''	२७ अक्टूबर	''	११-४६	''
१८ नवम्बर	''	२९-३७	''	२३ नवम्बर	''	१८-१४	''
१६ दिसम्बर	''	१२-४३	''	२० दिसम्बर		२३-४७	''
१२ जनवरी	२००५ ई.	२२-३१	''	१६ जनवरी	२००५ ई.	३०-१३	''
९ फरवरी	''	९-४८	''	१३ फरवरी	''	१४-४५	''
८ मार्च	''	२०-११	''	१२ मार्च	''	२४-४८	''
४ अप्रैल	''	२८-०६	''	९ अप्रैल	''	१०-३३	''

गंडमूल नक्षत्रों का प्रारम्भ व समाप्ति काल

ता. मास	घं.मि.	से	ता. मास	घं.मि.	तक
२१ मार्च २००४ ई.	२२-३९	''	२३ मार्च २००४ ई.	२५-४८	''
३१ ''	२०-०१	''	२ अप्रैल	२१-२४	''
९ अप्रैल	१०-४७	''	११ ''	७-१४	''
१७ ''	२९-५२	''	२० ''	९-२४	''
२७ ''	२८-३०	''	३० ''	६-५५	''
६ मई	१९-३४	''	८ मई	१४-३४	''
१५ ''	११-४२	''	१७ ''	१५-४६	''
२५ ''	११-३९	''	२७ ''	१५-०७	''
३ जून	६-०८	''	४ जून	२४-१०	''
११ ''	१७-२१	''	१३ ''	२१-३०	''
२१ ''	१७-३८	''	२३ ''	२१-३८	''
३० ''	१६-४८	''	२ जुलाई	१०-५६	''
८ जुलाई	२४-०८	''	१० ''	२७-३७	''
१८ ''	२३-२३	''	२० ''	२७-११	''
२७ ''	२५-५४	''	२९ ''	२१-०६	''
५ अगस्त	८-३५	''	७ अगस्त	११-००	''
१४ ''	२९-४९	''	१७ ''	९-०८	''
२४ ''	८-४३	''	२५ ''	२९-१८	''
१ सितम्बर	१८-०५	''	३ सितम्बर	१९-३१	''
११ ''	१३-२६	''	१३ ''	१६-२८	''
२० ''	१४-०८	''	२२ ''	११-२१	''
२८ ''	२७-२१	''	३० ''	२८-३२	''
८ अक्टूबर	२१-५३	''	१० अक्टूबर	२५-१४	''
१७ ''	२०-११	''	१९ ''	१६-४७	''
२६ ''	११-०९	''	२८ ''	१२-५०	''
४ नवम्बर	३०-१७	''	७ नवम्बर	१०-२९	''
१३ ''	२८-४०	''	१५ ''	२३-५०	''
२२ ''	१७-१३	''	२४ ''	१९-४०	''
२ दिसम्बर	१३-४४	''	४ दिसम्बर	१८-४७	''
११ ''	१५-२८	''	१३ ''	९-३८	''
१९ ''	२२-४६	''	२१ ''	२५-२३	''
२९ ''	२०-०७	''	३१ ''	३५-२९	''
७ जन. २००५ ई.	२६-३९	''	९ जनवरी २००५ ई.	२१-०६	''
१५ ''	२९-४७	''	१८ ''	७-२६	''
२५ ''	२६-१०	''	२८ ''	७-१७	''
४ फरवरी	११-५६	''	६ फरवरी	७-४७	''
१२ ''	१५-०६	''	१४ ''	१५-१५	''
२२ ''	८-४२	''	२४ ''	१३-३०	''
३ मार्च	१८-३२	''	५ मार्च	१५-५३	''
११ ''	२५-३४	''	१३ ''	२४-४३	''
२१ ''	१६-०७	''	२३ ''	२०-५४	''
३० ''	२३-५६	''	१ अप्रैल	२१-४०	''
८ अप्रैल	११-१३	''	१० ''	१०-२४	''

दैवज्ञ की दृष्टि में संसार चक्र

विक्रम संवत् २०६१ (दिनांक २१ मार्च २००४ ई. से ८ अप्रैल २००५ ई. तक)

- राजा रवि, मंत्री भौम तथा धनेश गुरु के अतिरिक्त अन्य ग्रहों के योग से प्राकृतिक बाधा तथा राजनीति में परिवर्तन युद्ध के बादल मंडराते हुए भयावह बनाये रखेंगे।
- दुर्गेश चन्द्र के स्वभाव गुण तथा कारकत्व के कारण शासन तंत्र स्थिर तथा दृढ़ निश्चयी होगा।
- अन्तर्राष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय स्तर के विषयों पर दृढ़ तथा कड़ा रुख रहेगा। घुसपैठ बढ़ेगी।
- औद्योगिक तथा वैज्ञानिक दृष्टि से विशेष उल्लेखनीय शोध पत्र-पुस्तकों का प्रकाशन भी होगा। क्रूर ग्रहों के योग के कारण आतंकवादी अकारण घटना, बम-विस्फोट, महामारी, भूकम्प, तेल तथा वायुयान दुर्घटनाओं का योग के साथ जन-धन की हानि होगी। पशु धन की हानि भी होगी।
- शत्रु पक्षीय कार्यों की करतूतों का सख्ती से प्रत्युत्तर दिया जायेगा। अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्रों में भारत का वर्चस्व बढ़ेगा।
- इस वर्ष में पूर्वी प्रदेशों में सत्ता संघर्ष, सत्ता गिराने का खेल योग बनेगा। शत्रुपक्ष, सत्ता पक्ष पर तीव्र प्रहार योग बनता है।
- मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली राज्यों में सत्ता परिवर्तन योग दो राज्यों में साक्षी साझा सरकारें बनेंगी।
- केन्द्र में पुनः साझा सरकार बनेगी। भारतीय जनता पार्टी अपना जनाधिकार (मत घटना) खोयेगी।
- प्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री के लिए समय अशुभ है।
- समाजवादी पार्टी, कांग्रेस तथा दक्षिणी भारत की स्थानीय पार्टियों का वर्चस्व बढ़ेगा। सत्ता पक्ष में बाहुल्य कांग्रेस का रहेगा तथा सोनियां गांधी सत्तारूढ़ होंगी, ऐसे प्रबल योग बनते हैं।
- समुद्री मार्ग में प्राकृतिक आपदाएं बढ़ेंगी। पूर्वी प्रान्तों में जन धन की हानि तथा प्राकृतिक प्रकोप बढ़ेगा।

विगत डेढ़ दशक से "श्री आर्यभट्ट पंचांग" द्वारा ज्योतिष शास्त्र का अध्ययन अनुशीलन करके विश्व व भारत के सम्बन्ध में जो भविष्यवाणियां की गईं उससे सभी पाठक परिचित हैं। निराश्रित ज्योतिष विज्ञान ने आज गणित के विभाग में शत-प्रतिशत सत्यता सिद्ध कर दी है एवं गणित द्वारा वर्षों पूर्व सूर्य-चन्द्र ग्रहणों का प्रारम्भ व समाप्ति काल का समय निर्धारित किया है उसमें एक मिनट का भी अन्तर नहीं होता है। परन्तु फलित के विभाग में अभी पूर्ण शोध चल रहा है। वैसे फलित ज्योतिष को इष्ट साधन व दैव विद्या कहा जाय तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। अतः संसार, राष्ट्र व राज्य के अलावा व्यक्ति के सम्बन्ध में भविष्य बताने वाले को दैवज्ञ माना गया है। साधना, तपस्या व अनुभव से प्राप्त दैव विद्या पर शोध करने वाला व्यक्ति आज के युग में साधनाहीन है। ग्रहों की गति व इष्ट संकेतों को समझने में भूल हो सकती है। अतः समस्त की गयी भविष्यवाणियां सदा सत्य ही हों को कसौटी पर उतारना उचित नहीं होगा। ज्योतिष ज्ञान द्वारा अनन्त आकाश में जो ग्रह, नक्षत्र, तारागण अपनी-अपनी वक्र-मार्गी गति से विचरण करते हुए आकर्षण-विकर्षण के द्वारा भूमण्डल पर होने वाले परिवर्तन एवं प्रभाव को जाना जाता है। अनन्त आकाश में कोई भी ग्रह कितनी ही दूरी पर क्यों न हो जब वह अपनी स्थिति बदलता है तो विश्व की परिस्थिति को अवश्य प्रभावित करता है। प्रतिवर्ष आकाशी परिषद् को गति प्रदान करने के लिए ग्रह परिषद् की नव नियुक्ति होती है। इस ग्रह परिषद् के बलाबल और वर्षलग्न, जगत् लग्न में उनका स्थान होने से प्राचीन ग्रन्थ वराह मिहिराचार्य कृत "वाराही संहिता" के आधार पर "दैवज्ञ" वर्ष के शुभाशुभ फल जानने में सक्षम होते हैं। ग्रहों के उदयास्त, वक्र-मार्ग, परस्पर अंशयोग, सम-सप्तम योग (प्रतियोग) से संसार में कहां-कहां अशांति या शांति उत्पन्न होगी। इसके लिए संघट्ट चक्र, सर्वतोभद्र चक्र, कूर्मचक्र आदि को आधार मानकर हम अपनी स्वल्प बुद्धि से जो कुछ लिखते आ रहे हैं। वे सभी अभी तक ७०-८० प्रतिशत सत्य साबित हुई हैं।

अथ संवत्सर वर्ष राजादि मय विश्वादि फलम्

आकाशीय (कौंसिल) परिषद एवं विभागानुसार फलम्

मेषादि राशियों का अंग विभाग— मेष राशि का स्थान सिर में, वृष का मुख, मिथुन दोनों भुजायें, कर्क हृदय प्रदेश, सिंह उदर, कन्या कमर, तुला वस्ति (मूत्राशय), वृश्चिक जननेन्द्रियां, धनु दोनों जंघायें, मकर दोनों घुटने, कुम्भ दोनों पिंडलियां और मीन राशि से दोनों पैरों (पादों) का विचार किया जाता है। इसी प्रकार प्रथम भाव लग्न से सिर, दूसरे भाव से मुख, तीसरे से भूजा, चौथे से हृदय, पाँचवें से पेट, छठे से कमर, सातवें वे वस्ति, आठवें से गुह्येन्द्रियों, नवम से ऊरु, दशम से जानु, ग्यारहवें से जंघा और बारहवें भाव से पैरों का विचार करते हैं। उपरोक्त बारह राशियों अथवा बारह भावों में शुभ अशुभ ग्रहों की स्थिति दृष्टि आदि से तत्सम्बन्धी अंगों के स्वस्थ या पीड़ित रहने का विचार किया जाता है।

लग्नों के अनुसार प्रत्येक लग्न के अलग-अलग लक्षण इस प्रकार होते हैं।

अथ प्रसूति लग्न विचार

मेष— सूतिका गृह—(वह स्थान जहाँ बच्चा पैदा होता है, अस्पताल, नर्सिंग होम, घर आदि)। इमारत पुरानी, मुख्य द्वार पूर्व दिशा की ओर, चारपाई, बैड, पलंग जिस पर प्रसविनी माता को लिटाया गया उसका सिर पूर्व दिशा की ओर, माता ने लाल रंग के वस्त्र पहने हुए थे, प्रसव से पहले मीठा भोजन किया था। प्रसव में कष्ट अधिक हुआ, जन्म भूमि पर हुआ (यदि इमारत में कई मंजिलें हों तो सबसे नीचे की मंजिल भूमि की सतह पर समझें) प्रसव के बाद बालक अधिक रोया। उपसूतिका १ या ३, बालक के मुख का रंग श्यामता पर, नेत्र भूरे, प्रकृति वात श्लेष्म, कद छोटा, शरीर मजबूत, वाणी चंचल, कष्ट वर्ष ४।११।१६।४४।५८, उपाय गौदान, तुलादान, मृत्युंजय जप आदि, आयु १०० वर्ष।

नोट— कष्ट वर्षों में शरीर कष्ट की आशंका होती है उपाय करने से कष्ट टल जाता है। चन्द्रमा पर बृहस्पति या शुभ ग्रह की दृष्टि हो तो आयु पूर्ण होती है। बैद्यक शास्त्र के अनुसार प्रकृति तीन प्रकार की होती है वात, पित्त, कफ। श्लेष्म कफ को ही कहते हैं।

वृष— माता का सिर दक्षिण में, सूतिक घर नया, द्वार दक्षिण में, माता ने सफेद वस्त्र पहने हुए हों और प्रसव से पहले सूखा साग आदि खाया हो, अधोमुख होकर पैरों से प्रसव, बालक ऊँचे स्वर से रोया, उपसूतिका ३ या ४, दीपक (या बत्ती लाइट) उत्तर में, बालक का रंग गोरा, स्वरूप सुन्दर, प्रकृति रक्त, पित्तकष्ट वर्ष १।२।८।३३।४४।६१, कष्ट निवारण के लिए उपाय अन्नदान, ब्राह्मण भोजन, मृत्युंजय जप आदि। उपरान्त आयु ९० वर्ष आजकल बच्चा पेट में उल्टा या टेढ़ा हो जाता है तो आपरेशन से प्रसव करते हैं। वह इसी श्रेणी में समझना चाहिए।

मिथुन— माता का सिर पश्चिम में, मकान नया, द्वार पश्चिम में, माता के कपड़े पीले रंग के, प्रसव से पहले नमकीन भोजन किया हो, माता के दाहिने अंग में कोई चिह्न, जन्म अन्तरिक्ष (छत पर) या ऊपर की मंजिलों में, सिर से प्रसव, रोना उच्च लम्बे स्वर में, उपसूतिका ३ या ५, स्तनों में दूध कम, देर से उतरे, बालक के नेत्र रोग युक्त, प्रकृति बल्गमी, स्वभाव चंचल, अग्निमंद (हाजमा मन्दा), बुद्धि विलक्षण, प्रसव से पहले माता को कुछ ज्वर आदि हुआ हो। कष्ट वर्ष ४।१०।१४।३८।५८, उपाय शिवार्चन, मृत्युंजय जप होम आदि। उपरान्त आयु ८६ वर्ष।

कर्क— प्रसव के समय माता का सिर उत्तर में, मकान नया, मकान का या उस कमरे का जिस में प्रसव हुआ हो द्वार उत्तर में, माता ने पुराने सफेद या लाल रंग के वस्त्र पहने हुये हों, पिता क्लेश में परेशानी में हो, प्रसव कष्ट अधिक, माता ने मधुर, शीतल (मीठा ठंडा) भोजन किया हो, भूमि पर जन्म, पैर से प्रसव, रोदन शब्द दीर्घ, बालक जोर से रोया, उपसूतिका ४ या ५, बालक के वामांग में चिह्न, बालक का सिर मोटा, आखें चंचल, प्रकृति, वात, कफ, रंग गोरा, कद लम्बा, शरीर कोमल, कष्ट वर्ष ५।२५।४०।४८।६२ उपाय छायापात्र, तुलादान, मृतसंजीवनी मंत्र का जप। उपरान्त आयु १०० वर्ष।

सिंह— माता का सिर पूर्व में, मकान नया, द्वार पूर्व को, माता के वस्त्र लाल या चित्र-विचित्र भोजन के साथ शाक-भाजी व खट्टी चीज खाई हो, भूमि पर जन्म, रोदन स्वर दीर्घ, उपसूतिका ३ या ५, बालक की पीठ पर चिह्न, केश घने, नाक लम्बी, कद छोटा, शरीर कोमल, रंग गोरा, हठीला,

चंचल, क्रूर स्वभाव, प्रकृति कफ, पित्त। कष्ट कारक वर्ष ५।१३।२८।३६।... उपाय सूर्य पूजन, आदित्य हृदय का पाठ, अपूपान्न दान (मीठे माल पूये आदि) उपरान्त आयु ८३ वर्ष।

कन्या— माता का सिर उत्तर, प्रसव स्थान घर के दक्षिण भाग में, पिता घर से बाहर गया हो, छत पर ऊँची जगह पर जन्म, बालक कम रोया, उपसूतिका ४ या ५, भुजा में साधारण भूषण, बालक का रंग गोरा, गले व जांघ में चिन्ह, कष्टकारक वर्ष ४।१६।२३।३६।५५, उपाय मुदगान्न दान, गोदान, मृत्युंजय जप, उपरान्त आयु १०० वर्ष।

तुला— माता का सिर पश्चिम में, मकान कुछ नया, प्रसूतिका गृह पश्चिम भाग में, माता के बाल साधारण सफेद, प्रसव कष्ट ज्यादा, पिता क्लेश-परेशानी में, माता ने प्रसव से पहले कुछ काम कर ठंडा पानी पिया हो, घर में कुछ लड़ाई-झगड़ा हुआ हो, भूमि पर जन्म, रोने की आवाज धीमी, उपसूतिका ३ या ५, वहां एक कन्या भी हो, दीपक हाथ में उठाया हो या लाइट बल्ब ऊंचा लटका हो, बालक का रंग जरदी पर, बदन में फोड़े-फुंसी, शरीर दुबला, कष्ट वर्ष ८।१५।३१।३५।६२।६४, उपाय गोदान, तन्दुल दान, नवग्रह पूजन, होम से शान्ति तदुपरान्त आयु ८५ वर्ष।

वृश्चिक— माता का सिर दक्षिण या उत्तर में, मकान पुराना, द्वार उत्तर में, माता के बाल लाल या जला हुआ, प्रसव कष्ट अधिक, साधारण भोजन, माता कुछ क्रोध में, भूमि पर जन्म, रोने की आवाज आधी दबी हुई, उपसूतिका ४ या ५, पिता क्लेश परेशानी में, बालक के केश लम्बे काले, पीठ पर चिन्ह, गले में पीड़ा, रंग गौर श्याम बीच का, प्रकृति रक्त-पित्त, कष्ट वर्ष ११।२८।३८।५२।६२ उपाय तुलादान, मृत्युंजय जप, ब्राह्मण भोजन, उपरान्त आयु १०० वर्ष।

धनु— माता का सिर पूर्व दिशा की ओर, प्रसूति स्थान घर के दक्षिण भाग में, द्वार पूर्व में, मकान नया, माता के वस्त्र ला... या बसन्ती, माता ने पका हुआ भोजन करके जल पिया हो, जन्म ऊँचे स्थान पर या छत पर, रोने का स्वर काफी ऊँचा, उपसूतिका १ या ५, बालक का रंग गोरा, आकृति सुन्दर, नेत्र विशाल, सिर ऊँचा, हृदय पर चिन्ह, कष्ट वर्ष २।१०।१८।३१।३८।४२, उपाय कष्ट वर्षों के आरम्भ में शिवार्चन, महामृत्युंजय जप, ब्राह्मण भोजन, तदुपरान्त आयु ८६ वर्ष।

मकर— माता का सिर दक्षिण में, मकान पुराना, दरवाजा उत्तर या दक्षिण की ओर, प्रसूति स्थान पश्चिम भाग में, वस्त्र मैले फटे पुराने, माता ने शाक-सब्जी के साथ भोजन कर के ठंडा पानी पिया हो, भूमि पर जन्म, कुछ देर बाद बालक धीरे स्वर से रोया, उपसूतिका १ या ५, बालक के केश घने, नाक मोटी, मस्तक ऊँचा, रंग श्याम, कष्ट वर्ष ५।१३।२७।३६।५७।६२।८७, उपाय रुद्राभिषेक, स्वर्ण दान, तैल, उड़द दान, छायापात्र दान, उपरान्त आयु ९५ वर्ष।

कुम्भ— माता का सिर पश्चिम में, मकान का अधिकांश भाग पुराना, प्रसूतिका घर दक्षिण-पश्चिम में, द्वार पूर्वोत्तर में, माता के वस्त्र कुछ काले मैले, पुराने, कम्बल ओढ़ा हो, मामूली कसैला चटपटा भोजन किया हो, पिता घर पर नहीं हो, भूमि पर जन्म, जन्म के काफी देर बाद बालक थोड़ा सा रोया, उपसूतिका ३ या ४, बालक के होंठ मोटे; मस्तक लम्बा, प्रकृति गर्म, कद नाटा, नेत्र में रोग, कष्ट वर्ष २।२८।३३।४८।६४, उपाय तुला दान, महिषि दान, मृत्युंजय जप उपरान्त आयु ९० वर्ष।

मीन— माता का सिर उत्तर में, मकान का कुछ हिस्सा पुराना, प्रसूति गृह उत्तर में, द्वार दक्षिण को, माता के वस्त्र मैले बसन्ती रंग के, पिता घर पर, जन्म ऊँचे स्थान पर, बालक जन्म के बाद देर से रोया, माता ने प्रसव से पहले ठण्डा जल पिया हो, उपसूतिका पहले, पीछे ३ या ५, पलंग का ... मोटी, आँख भूरी, सिर ऊँचा, बाल कपिल, प्रकृति बल्गमी, कष्ट वर्ष १।८।१३।३६।४८, उपरान्त आयु ८३ वर्ष, उपाय मोदकान्न दान, गोदान, ग्रह शान्ति, मृत्युंजय जप।

प्रत्येक लग्न के— विषय में जो सूचनायें दी गई हैं वे प्रायः सामान्य रूप से ठीक मिलती हैं। परन्तु ग्रहों के अन्य योगों से उन में अन्तर भी आ सकता है। ग्रह योगों का जो प्रभाव पड़ता है उनके विषय में संक्षेप में इससे पहले विचार किया है उस पर भी ध्यान देना चाहिए। कभी-कभी ऐसा होता है कि जन्म समय के बारे में निश्चित रूप से ठीक सूचना नहीं मिलती और जो समय बताया होता है उस के आस-पास ही लग्न का आरम्भ या समाप्ति काल होता है तब उपरोक्त लक्षणों के आधार पर ही ठीक लग्न का निर्णय करना होता है। जिस लग्न के लक्षण, चिन्ह आदि अधिक मिलें वही लग्न ठीक समझनी चाहिए। इसको और स्पष्ट करने के लिए २-१ उदाहरण देकर समझाना ठीक होगा। मान लो किसी ने बताया कि १२ नवम्बर को रात के बारह बजे के आस-पास का जन्म है। लग्न सारणी में देखने पर ज्ञात हुआ कि १२ नवम्बर को १२ बजकर ३ मिनट तक कर्क लग्न है और उसके बाद सिंह लग्न है। अब आप कर्क और सिंह दोनों लग्नों के लक्षणों, चिन्हों का मिलान कीजिये और जिस लग्न की बातें ज्यादा मिलें वही लग्न निर्धारित कर दीजिए।

बालारिष्ट— जन्म लग्न में चन्द्रमा छठे, आठवें या बारहवें घर में हो और उस पर क्रूर ग्रहों की दृष्टि हो तो बालक के जीवन को संकट होता है। यदि इस प्रकार के चन्द्रमा को शुभ ग्रह देख रहे हों तो संकट टल जाता है। ६।८।१२वें स्थान में शुभ ग्रह हों और उन पर क्रूर ग्रहों या वक्री ग्रहों की दृष्टि हो, लग्न में कोई शुभ ग्रह न हो, लग्न को या लग्नेश को कोई शुभ ग्रह नहीं देखता हो तो बालक को अल्पायु योग होता है। जिस कुण्डली में पंचम स्थान में सूर्य, मंगल व शनि तीनों हों उस बालक को, उसकी माता को, उसके भाई को, तीनों को ही कष्ट प्रदान करते हैं। तीनों ग्रहों का इस प्रकार का योग भी बालक तथा माता दोनों को अपार कष्ट प्रदान करता है। लग्न में शनि, आठवां चन्द्रमा, तीसरा बृहस्पति— इस प्रकार से ग्रहों का योग हो तो वह भी बालक को महान कष्ट कारक होता है। अल्पायु योग माना जाता है। बारहवें स्थान में कोई भी ग्रह हो तो कष्ट ही देता है। परन्तु सूर्य, चन्द्र, शुक्र व राहु हों तो विशेष रूप से अरिष्टदायक होते हैं। लग्न के १२वें तथा दूसरे भाग में क्रूर ग्रह होने से अशुभ कर्तरी योग बनता है। अर्थात् लग्न दुष्ट ग्रहों के बीच में आ जाने से कष्ट दायक हो जाती है। लग्न में दूसरे भाव में, छठे, आठवें, बारहवें भाव में क्रूर ग्रहों का होना अरिष्ट बताता है।

अरिष्ट भंग योग— बुध, बृहस्पति, शुक्र इन शुभ ग्रहों से कोई भी एक, दो या तीनों १।४।७।१० केन्द्र स्थानों में हों या लग्न में गुरु स्वग्रही उच्च क्षेत्री बलवान होकर पड़ा हो या लग्नेश बलवान् होकर केन्द्र में हो, या शुक्ल पक्ष में रात्रि का जन्म हो और लग्न पर शुभ ग्रहों की दृष्टि हो अथवा कृष्ण पक्ष में दिन का जन्म हो और लग्न शुभ ग्रहों द्वारा दृष्ट हो। इन पांचों योगों में से कोई भी एक या अधिक योग हो तो वह उपरोक्त सभी अरिष्ट योगों, अल्पायु योगों को भंग कर देता है। समाप्त कर देता है।

माता-पिता को अरिष्ट योग— सूर्य से पिता का तथा चन्द्रमा से माता का विचार किया जाता है। सूर्य के साथ पाप ग्रह बैठे हों या सूर्य पाप ग्रहों के बीच में पड़ गया हो या सूर्य पर पाप ग्रहों की दृष्टि हो, अथवा सूर्य से ४।६।८वें स्थानों में क्रूर ग्रह हों और शुभ ग्रह न हों तो पिता को

कष्टदायक होते हैं। इसी प्रकार चन्द्रमा के साथ यह अरिष्ट योग माता को कष्टकारक होते हैं, जैसे—चन्द्रमा के साथ पाप ग्रह चन्द्रमा से २।१२वें भाव में पाप ग्रह चन्द्रमा पर पाप ग्रहों की दृष्टि चन्द्रमा से ४।६।८वें स्थानों में क्रूर ग्रहों की स्थिति शुभ ग्रहों की अनुपस्थिति माता को कष्ट देने वाली होती है।

प्रसव दोष— चैत्र मास में कुतिया प्रसव करे, वैशाख में ऊंटनी, ज्येष्ठ में बिल्ली, आषाढ़ में गधी, श्रावण में घोड़ी, भाद्रपद में गाय, कार्तिक में स्त्री, मार्गशीर्ष में हथिनी, पौष में बकरी, माघ में भैंस प्रसूत हो तो प्रसूतिका को तथा उसके स्वामी को कष्टकारक होती है। सभी प्रकार के अरिष्ट योगों की शान्ति के लिये दान, जप, हवन, शान्ति पाठ, पुण्याहवाचन आदि अनुष्ठान करा देना चाहिए।

त्रिखल दोष—तीन पुत्रों के बाद कन्या अथवा तीन कन्याओं के बाद पुत्र हो तो त्रिखल दोष होता है। यह माता-पिता को कष्ट कारक, धन हानि कारक होता है। इसके लिए त्रिखल शान्ति अनुष्ठान करा देना चाहिए।

दन्तोत्पत्ति फल—बालक दांतों सहित जन्म ले तो माता-पिता को महा अरिष्ट दोष होता है। प्रथम दांत नीचे की पंक्ति में आना चाहिए, यदि ऊपर की पंक्ति में प्रथम दांत उत्पन्न हो तो मातुल पक्ष को भयदायक होता है। दांत ६ महीने से पहले आना ठीक नहीं होते। प्रथम मास में शरीर कष्ट द्वितीय में छोटे भाई को, तीसरे में बहन को, चौथे में बड़े भाई को, पांचवें में बड़े बन्धु जनों को कष्टकारक होते हैं। छठे में बहुत भाग्यशाली, ७वें में पिता को भाग्य वर्धक, ८वें में शरीर पुष्टिकारक, ९वें में धनवान, १०वें में सुखी, ११वें में महा सुखी, १२वें महाधनी बनाते हैं।

एक नक्षत्र जात फल—पिता-पुत्र, माता-पुत्र,. माता-कन्या, पिता-कन्या या दो भाई एक ही नक्षत्र में जन्में तो दोनों को ही महान् कष्ट दायक माने गये हैं। नक्षत्रों में, चरण में या राशि में भेद हो तो कुछ कम कष्टदायक होते हैं। अरिष्ट निवारण के लिए स्वर्ण दान, शान्ति पाठ, जप, हवन आदि कर्म अवश्य करा देना चाहिए।

गण्डमूल नक्षत्र चरण फल सारिणी

गण्डमूल नक्षत्र	प्रथम चरण	द्वितीय चरण	तृतीय चरण	चतुर्थ चरण
अश्विनी	पिता को कष्ट	सुख ऐश्वर्यवान	मंत्रित्व प्राप्ति	राज्य सम्मान
आश्लेषा	शांति से शुभ	धन हानि	मातृ हानि	पितृ हानि
मघा	माता को कष्ट	पिता को कष्ट	सुखी	धन-विद्या प्राप्ति
ज्येष्ठा	भाई को कष्ट	कनि. भाई को कष्ट	मातृ हानि	स्वयं को हानि.
मूल	पिता को हानि	माता को हानि	धन नाश	शांति से शुभ
रेवती	राज्य सम्मान	मंत्रित्व प्राप्ति	धन सुख	व्याधियाँ

उपरोक्त नक्षत्र गण्डमूल नक्षत्र होते हैं। इन में जन्मा बालक माता-पिता, अपने कुल या अपने शरीर को कष्टकारक होता है। इस के विपरीत यदि संकट समाप्त हो जाय तो अपार धन, वैभव, ऐश्वर्य, वाहनादि का स्वामी भी होता है। शास्त्रानुसार तो उचित यही समझा जाता है कि २७ दिन तक पिता को ऐसे बालक का मुख नहीं देखना चाहिए। मूल शान्ति कराने के बाद ही दान, हवन, पूजा आदि करा कर २७ दिन बाद ही मुख देखे। परन्तु यह तभी उचित है जब बालक पिता को कष्टदायक हो या अभुक्त मूल में उत्पन्न हो। २७ दिन बाद वही नक्षत्र जब फिर आये तब पुरोहित द्वारा मूल शान्ति करा यथा सम्भव दानादि करके ही प्रसूति स्नान शुद्धि कराई जानी चाहिए। जन्म मास जन्म लग्न के अनुसार मूल का निवास कहां है तक उसका क्या फल होता है यह नीचे के चक्र में दिया है।

मूल निवास चक्र

चन्मामासानुसारेण	वैशा., ज्ये., मार्ग., फा.	चैत्र, श्राव., का., पौ.	आषा., आ.,माघ, भा.
जन्म लग्नानुसारेण	२।५।८।११	३।६।९।१२	१।४।७।१०
मूल निवास स्थानम्	पाताले	भूमौ	स्वर्गे
फलम्	शुभम्	कुलनाशः	शुभम्

प्रत्येक नक्षत्र लगभग ६० घटी का मान कर मूल नक्षत्र को एक वृक्ष की उपमा दी गई है और उसकी घटियों के अनुसार उसके मूल आदि विभाग किये गये हैं। बालक का जन्म जिस विभाग में हो उसी के अनुसार फल बताये गये हैं। जैसे प्रथम ७ घटी मूल (जड़), अगली ८ घटी स्तम्भ (तना), उसकी अगली १० त्वचा (छाल) आदि। मूल नक्षत्र में जन्म हो तो निम्न चक्र से फल देखें:

मूलजनन वृक्ष विभाग

मूले	स्तम्भे	त्वचायां	शाखायां	पत्रे	पुष्पे	फले	शिखायां	विभाग
७	८	१०	११	१२	५	४	३	घटय:
मूल नाश:	वंश नाश:	मातृ क्लेश	मातुल नाश	मंत्री पदम्	मंत्री पदम्	विपुल लाभ:	अल्प जीवी	फलम्

इसी प्रकार नक्षत्र को पुरुष मान कर उस की घटियों को पुरुष के अंगों में स्थापित करके तदनुसार फल प्रतिपादन किया जाता है। यथा प्रथम ५ घटी में जन्म हो तो मूर्ध्निफल-राजा राजसी ठाट-बाट उपरान्त ७ घटी मुख संज्ञा-फल पिता को कष्ट आदि-आदि बालक के जन्म पर निम्न चक्र से फल देखें। मूल नक्षत्र में जन्मे बालक के लिये।

अथ मूल पुरुष चक्रम्

मूर्ध्नि	मुखे	स्कंधे	बाह्वो:	हस्ते	हृदये	नाभौ	गुह्ये	जानुनि	पादे	स्थानं
५	७	४	८	३	९	२	१०	६	६	घटय:
राजा	पि.मृ.	बली	बली	दानी	मंत्री	ज्ञानी	कामी	मतिमान्	मतिमान्	फलम्

मूल नक्षत्र में बालिका के जन्म पर निम्न चक्र से फल देखना चाहिये।

अथ कन्याजन्मनि मूल चक्रम्

शीर्षे	मुखे	कण्ठे	हृदये	वाह्वो:	हस्ते	गुह्ये	जंघे	जानुनि	पादे	स्थानं
४	६	५	५	५	८	९	४	४	१०	घटय:
पशु नाश	धन नाश	धन लाभ	कुटिला	धन लाभ	दयाव:	कामिनी	मातृ नाश	भ्रातृ नाश	वैधव्यं	फलम्

आश्लेषा नक्षत्र में जन्म बालक-बालिका का फल पुरुष अंगों के अनुसार निम्न चक्र से देखना चाहिए।

अथ आश्लेषा चक्रम्

शिरसि	मुखे	नेत्रे	ग्रीवायां	स्कंधे	हस्ते	हृदये	नाभौ	गुदे	पादे	स्थान
५	७	२	४	४	८	१०	६	७	७	घट्यः
पुत्रादि	पितृ नाश	मातृ नाश	स्त्री लाभ	गुरु भक्त	बली	आत्म हानि	भ्रमः	तपस्वी	धन हानि	फलम्

आश्लेषा नक्षत्र में जन्मे बालक-बालिका का फल वृक्ष के अंगों की घटियों के अनुसार निम्न चक्र से देखना चाहिए:

अथ आश्लेषा पुरुष वृक्ष चक्रम्

फले	पुष्पे	दले	शाखायां	त्वचायां	लतायां	स्कन्धे
१०	५	९	७	१३	१२	४
धनम्	धनम्	राजभयम्	हानिः	मातृ हानिः	पितृ हानिः	अल्पायुः

अभुक्त मूल विचार

ज्येष्ठा नक्षत्र की अन्त की ४ घटी, अन्य किसी मत से १ घटी और मूल नक्षत्र के आदि की ४ घटी, अन्य मत से आधी घटी अभुक्त मूल होता है। इन घटियों में बालक जन्मे तो पिता ८ वर्ष पर्यन्त बालक का मुख न देखे, असमर्थ हो तो ६ मास त्याग करे। शांति हवन, अभिषेक आदि से युक्त अभुक्त मूल शांति, रुद्रार्चन, महामृत्युञ्जयादि विधान कर शुभ मुहूर्त में बालक के मुख का अवलोकन करें। कहते हैं संत तुलसीदास जी का जन्म इसी प्रकार के अभुक्त मूल में हुआ था।

कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी में जन्मे बालक पर भी अरिष्ट दोष होता है उसका निर्णय निम्न तालिका के अनुसार करना चाहिए:

अथ कृष्ण चतुर्दशी विभाग फलम्

१	२	३	४	५	६	विभागः
शुभम्	पितृ नाश	मातृ नाश	मातुल नाश	कुल हानिः	धन हानिः	फलम्

त्रयोदशी की घटियों को ६० में से घटा कर चतुर्दशी की घटियां युक्त कर ६ का भाग दें, जो प्रथम भाग में होगा, उसके द्विगुणित दूसरा ऐसे ही क्रम से जानें। जिस भाग में जन्म हुआ हो उसके अनुसार फल को कहें, अरिष्ट हो तो शान्ति विधान करें।

सिनीवाली कुहू जनन फल

सिनीवाली — अमावस्या की अन्तिम पांच घटियों में जन्म हो तो सिनीवाली जनन समझा जाता है। जन्म के बाद अमावस्या की ५ या उससे कम घटियां रह गई हों। अर्थात् चन्द्रमा की केवल कुछ कलायें ही दृश्य मान हों तब सिनीवाली जनन होता है। इसका निर्णय सूक्ष्म गणित द्वारा चन्द्रमा की गति अनुसार करना चाहिए। यह अंतिम घटियां ४ और ५ के बीच होती हैं। इनमें जन्म होने से घर में बालक-बालिका या पशु, गाय, भैंस, घोड़ी आदि प्रसूत हो तो धन हानि, अपयश आदि का भय होता है।

कुहू जनन फल — अमावस्या की अन्तिम घटी के भी अन्तिम ५-१० पलों में जब चन्द्रमा की कलायें समाप्त या बिल्कुल नष्ट हो जायं तब अन्तिम घटी के भी अन्तिम पलों में जन्म हो तो कुहू जनन होता है। उस समय बालक या पशु जन्म हो तो अति अरिष्ट कारक होता है। इसका शास्त्रोक्त विधि से शान्ति अवश्य करना चाहिए।

अन्य अरिष्ट दोष

व्यतीपात योग में जन्म हो तो अंग हानि, वैधृति योग में जन्म हो तो पिता से वियोग, परिघ योग में जन्म हो तो स्वयं को मृत्यु तुल्य कष्ट होता है। मृत्यु योग, दग्ध योग, भद्रा, संक्रांति के दिन, सूर्य चन्द्रग्रहण समय में शूल योग, व्यघात योग, अतिगण्ड योग, वज्र योग, तिथि क्षय, क्रान्ति साम्य (महापात योग), विश्वधस्त्र पक्ष में क्षय मास में जन्मे बालकों को कुयोग में जन्मा समझा जाता है। इनकी आयु तथा आरोग्य के लिए शास्त्रोक्त विधि-विधान से ग्रह शान्ति करा देना चाहिए। जिस प्रकार २७ नक्षत्र होते हैं उसी प्रकार २७ योग होते हैं। व्यतिपात, वैधृति, परिघ, व्याघात, अतिगण्ड, शूल, वज्र इन २७ में से कुछ अशुभ योग हैं। तिथि के अधि भाग को करण कहते हैं। विष्टि करण को भद्रा कहते हैं। तिथि, नक्षत्र, वार आदि के संयोगों से कुछ योग बनते हैं। जिनकी सूचना पंचांगों में दी होती है। मृत्यु योग, दग्ध योग आदि ऐसे ही कुयोग हैं इनकी शान्ति कराना आवश्यक होता है।

स्त्री दासी गौ आदि पशु यमल जन्म फलम्

त्रिविधा यमलोत्पत्तिर्जायते योषितामिह। सुतौ च सुत कन्ये वा कन्या एव तथा पुनः॥
एक लिंगो विनाशाय द्वि लिंगो मध्यमौ स्मृतौ। पित्रोर्विघ्नकरौ ज्ञेयो तत्र शान्तिर्विधीयते॥

तीन प्रकार से जुड़वां सन्तानों की उत्पत्ति होती है। दोनों लड़के हों या दोनों लड़की हों या एक लड़का एक लड़की हो। इस में एक लड़का एक लड़की का होना तो मध्यम, साधारण है। परन्तु एक ही तरह के लिंग वाली सन्तान हों तो उनका फल माता-पिता के लिए अच्छा नहीं बताया गया है। उसकी शान्ति कराना श्रेयस्कर होता है।

जन्म स्थान विचार

बच्चे का जन्म किस प्रकार के स्थान में हुआ है इस के नियम ज्योतिष फलित में बताये गये हैं। जिनमें से मुख्य नियमों की जानकारी दी जा रही है। कर्क, मकर, मीन यह तीन जलचर राशियां हैं। लग्न या चन्द्रमा इन राशियों में है अथवा लग्न पर पूर्ण चन्द्रमा की दृष्टि हो अथवा चन्द्रमा जलचर राशि के प्रथम, चतुर्थ या दशम स्थान में हो तो जन्म जल के ऊपर या जल के पास होता है, जल से तात्पर्य नदी, तालाब, झील, समुद्र, झरना, कुआ, नहर आदि समझना। नौका, जहाज, पुल के ऊपर भी जल का सामीप्य होता है। चन्द्रमा कर्क राशि का हो, बुध लग्न में हो, गुरु चौथा अथवा लग्न में जलचर राशि हो, चन्द्रमा सप्तम हो तो भी जन्म जल पर या समीप में ही हुआ समझना चाहिए। लग्न या चन्द्र में शनि १२वां हो, लग्न या चन्द्र को पाप ग्रह देखते हों तो जन्म कारागार में या एकान्त में जंगल बियावान में समझिये। शनि कर्क या वृश्चिक लग्न में हो और चन्द्रमा की पूर्ण दृष्टि हो तो खाई खन्दक में जन्म होता है। पुरुष राशि की लग्न हो, लग्न में शनि हो, मंगल की दृष्टि हो तो शमशान या शमशान के पास जन्म। पुरुष लग्न में शनि को शुक्र व चन्द्रमा देखते हों तो राजमहल या देवालय मन्दिर में जन्म, लग्नगत गुरु पर बुध की दृष्टि हो तो चित्रकारी किये हुए, मूर्तियां बने हुए सुन्दर घर में जन्म होता है। इस प्रकार ग्रहों के बलावल पर विचार करके फल कथन करना चाहिए।

बाल कष्टावली चक्रम् (पूजा विधि)

प्रत्येक मन्त्र को २१ बार पढ़कर बलि को ७ बार शिर पर फिरा कर उचित स्थान पर नाम से रख आवें।

किस समय कौन पूतना ग्रहण करती है	असित लक्षण	पूजन द्रव्य	मूर्तिनिर्माणार्थ द्रव्य	बलि विधान व समय	धूप	स्नान पूजा मार्जन मन्त्र
प्रथम दिन मास वर्ष में योगिनी	ज्वर, स्वेद मन्दज्वर, कम्पन, अरुचि, अंगशोथ।	श्वेत चंदन, तिलक, श्वेतपुष्प, ५ रंग की झंडी ५, ५ दीपक, ५ आटे के सतिये, कपूर, लोहबान।	नदी के दोनों किनारों की मृत्तिका	श्वेत भात, ५ पूर्ण पोली (सुहाली) १ पहर दिन चढ़े पूर्व दिशा में चौरास्ते पर रखना।	राई, खस, कमल के फूल, बिल्ली और	ॐ ब्रह्मा विष्णुश्च रुद्रश्च स्कन्दो वै वरुणस्तथा। रक्षन्तु त्वरितं बालं मुञ्च कुमारकम्॥
द्वितीय दिन मास वर्ष में सुनन्दना	ज्वर, हाथ-पैर जकड़ना, संकोच, दांत चबाना, नेत्र खुले, नेत्र रोग भय, कृषना।	१० दीपक, १० झंडी, पुष्प, चावलों के आटे के सतिये १०।	एक सेर चावलों का आटा	भात, एक सेर आटे के पूड़े, मत्स्य व बकरे का मांस संध्या समय प. दिशा में चोरास्ते पर रखना।	मनुष्य के बाल निम्बपत्र, गोघृत।	ॐ नमश्चामुण्डायै विच्चै हांहां हीं हीं हुंहुं दुष्टाग्रहा गच्छन्त्वतः स्थानादरुद्राज्ञया स्वाहा।
तृतीय दिन मास वर्ष में पूतना	हड़फूटन, खांसी, शिर झुकाना श्वास, नेत्रमीलन, श्यामता, अरुचि, रुदन, नेत्रपीड़ा	रक्तचंदन, रक्तपुष्प, श्वेत ध्वजा, दीपक १०, गेहूं के आटे के सतिये १०।	एक सेर चावलों का आटा	एक सेर लाल भात, आध सेर पूर्ण पोली (सुहाली) पश्चिम दिशा में वृक्ष के नीचे रखना।	लहसुन, गोशृंग सांप की कांचली	सुनन्दना विधानोक्त
चतुर्थ दिन मास वर्ष में मुखमंडिका	गात्र भंग, शिर झुकाना, खांसी, श्वास, नेत्रमीलन, अरुचि अनिद्रा, श्यामता।	श्वेतपुष्प, श्वेतध्वजा ५, दीपक, मिल सकें तो अर्जुन वृक्ष के पुष्प।	तिल चुर्ण एक सेर	भात, १ सेर आटे के पूड़े, आधा सेर पूर्णपोली सायंकाल पश्चिम दिशा में वृक्ष के नीचे रखना।	नीम के पत्ते पुरुष और बिल्ली के बाल	सुनन्दना विधानोक्त
पंचम दिन मास वर्ष में विडालिका	पेट में दर्द, हिचकी, श्वास, अरुचि, ज्वर, शरीर में गर्मी तेज।	श्वेतचंदन, श्वेत पुष्प, दीपक ५ श्वेतध्वजा ५, गेहूं के आटे के सतिये।	एक सेर चावलों का आटा	श्वेत भात, ७ पूड़ियां, सायंकाल प. दिशा में वृक्ष के नीचे रखना	गोघृत।	ॐ भगवती हीं हीं हूं हूं मुंच रक्षां कुरु कुरु बलिं गृहण-२ अस्त्र ठः ठः चामुण्डे चण्डिके ठः ठः स्वाहा
षष्ट दिन मास वर्ष में घट्कारिका	ज्वर, हड़फूटन, हंसना, कभी-२ रोना, मोह मूर्च्छा।	श्वेत चंदन, श्वेत पुष्प, दीपक ५ श्वेत ध्वजा ५।	नदी के दोनों किनारों की मिट्टी	भात, ५ मिठाई, ५ सुहाली, ७ पूड़ियां १ प्रहर दिन चढ़े पूर्व में चौरास्ते पर रखना	कूठ, गुगल,	योगिनी विधानोक्त
सप्तम दिन मास वर्ष में कालिका	खांसी, श्वास, वमन, अरुचि, शरीर कम्पन।	श्वेत चंदन, श्वेत पुष्प, दीपक ५, श्वेत ध्वजा ५।	चावलों का आटा एक सेर	भात, ७ पूड़ियां सायंकाल पश्चिम में चौरास्ते पर मौन होकर रखना	राई, हाथी दांत, घृत।	विडालिका विधानोक्त
अष्टम दिन मास वर्ष में कामिनी	ज्वर, मुखशोष, अरुचि, सन्ताप	रक्तचंदन, ५ रंग की झंडी ५, दीपक ५।	जल के दोनों किनारों की मिट्टी	गेहूं की रोटी, मसूर की दाल, हरा साग, छाग मांस, संध्या में चौरास्ते पर रखना।	राई, हाथी दांत, घृत।	विडालिका विधानोक्त
नवम दिन मास वर्ष में मदना	ज्वर, खांसी, श्वास, शूल, आफरा, घृणा।	चन्दन, पुष्प, ५ दीपक, सफेद रंग की झण्डी ५।	एक सेर गेहूं का आटा।	भात, मत्स्य मांस, पापड़ी, सुहाली, उत्तर में प्रातः चौरास्ते पर रखना।	गोशृंग, लहसुन	ॐ नमो भगवते वासुदेवाय कृष्णाय मंडलबलिमादाय हनहन हुं फट् स्वाहा
दशम दिन मास वर्ष में रेवती	ज्वर, हड़फूटन, शूल, अरुचि, वमन, खांसी, श्वास	रक्त पुष्प, २५ झण्डी, २५ दीपक, २५ सतिये।	एक सेर गेहूं का आटा	गुड़ के घी भुने चावल, गोघृत, सायंकाल दक्षिण में चौरास्ते पर रखना।	सांप की कांचली निम्ब	ॐ नमो भगवते वैश्वेदेवाय हन हुं फट् स्वाहा।
एकादश दिन मास वर्ष में सुदर्शना	ज्वर हड़फूटन, मुखशोष, अरुचि, रोदन, कृशता।	श्वेत पुष्प, २५ दीपक, २५ सफेद, झण्डी, २५ आटे के सतिये।	काले उड़दों का आटा एक सेर	श्वेत भात, ७ पूड़े, सुहाली ७, सांय व प्रातः दक्षिण में चौरास्ते पर रखना।	पत्र, मनुष्य और बिल्ली के बाल, राई	ॐनमो भगवते रावणाय, चन्द्रहास वज्र हस्ताय ज्वल, २ दुष्ट ग्रहादीन् ॐहों फट् स्वाहा
द्वादश दिन मास वर्ष में अद्भुता	ज्वर, दांत चबाना, रोमांच, बहुरोदन, नेत्र पीड़ा, संताप।	१३ दीपक, १३ झण्डी, १३ तकिये आटे के।	चावलों का आटा एक सेर	सुहाली, पूड़े ७, पूड़ियाँ ७, मत्स्य मांस, पापड़ी, सायंकाल दक्षिण में चौरास्ते पर रखना।	गोघृत।	ॐ नमो नारायणाय ज्वलद्धस्ताय हन हन शोषय २ मर्दय २ तापय २ हूं २ हन २ दुष्टाना हां हूं फट् स्वाहा

अथ नक्षत्र कष्टावली

नक्षत्र देवता	कष्ट लक्षण	कष्ट दिन	चरणगत कष्ट दिन	जपनीय वेदोक्त मंत्र	जप सं.	होम द्रव्य	बलि द्रव्य	करे धारणम्	गन्धादि पदार्थ	दान वस्तु
अश्विनी (दस्रौ)	वातज्वर, गात्रपीड़ा, निद्रा भय, बुद्धिभ्रम	९	१, २, ३, ४, ९, १०, ११, २०	ॐ अश्विनातेजसाचक्षुः प्राणंनसरस्वतीवीर्यम्। वाचेन्द्रो बलेनेन्द्राय दधुरिन्द्रियम्॥ ॐ अश्विनीकुमाराभ्यां नमः॥	५ सहस्र	खण्ड यव घृत	गुडौदन तिल	अपामार्ग मूलम्	श्वेत चन्दन, कमल पुष्प, घृत, गुग्गुल, धूप, घृत-दीप, क्षीर, मोदक, गुड़, नैवेद्य।	सुवर्ण घृत कुम्भ
भरणी (यमः)	छर्द रोग, तीव्र ज्वर, अनेक रोग, आलस्य	११	०,८०,४०,११	ॐ यमायत्वाङ्गिरस्यते पितृमते स्वाहा स्वाहा धर्माय स्वाहा धर्मः पित्रे॥ ॐ यमाय नमः॥	१० सहस्र	घृत मधु तिलाक्षत	कृषरान्न (खिचड़ी)	अगस्त मूलम्	अगर गंध, करवीर पुष्प, घृत दीप, घृत, गुग्गुल, धूप, गुडोदन नैवेद्य।	गो, महिषी घृत शर्करा, छायापात्र
कृत्तिका (अग्निः)	नेत्र पीड़ा, अनिद्रा, अतिदाह, उरुशूल	९	९,११,१६,२८	ॐ अग्निमूर्धादिवः ककुत्पतिः पृथिव्या अयम्। अपा रेता सिंजिन्वति॥ ॐ अग्नये नमः॥	१० सहस्र	तिलयव घृत	पायस घृत मोदक	कापसि मूलम्	श्वेतचन्दन गंध, जुहीपुष्प, घृतदीप, घृत, गुग्गुल, धूप, तिलमाषान्न, वडाधीका, नैवेद्य।	स्वर्ण, गोदान
रोहिणी (ब्रह्मा)	शिर पीड़ा, ज्वर, कुक्षिशूल, प्रलाप	७	७,९,१८,३०	ॐ ब्रह्मजज्ञानं प्रथमम्पुरस्ताद्विसीमतः सुरुचोवेनआवः सुबेध्न्या उपमाअस्यविष्ठाः सतश्चयोनिमसतश्चविधवः॥ ॐ ब्रह्मणेनमः॥	५ सहस्र	तिलाज्य घृत यव	मध्वाज्यक्षी साज्यनक्षी	अपामार्ग मूलम्	श्वेत चन्दन गंध, कमल पुष्प, दशाङ्ग धूप, घृत दीप, घृत, पायस, नैवेद्य।	सप्तधान्य, कृष्ण गौ दान, ५ कया भोजन
मृगशीर्ष (चन्द्रः)	त्रिदोष, महाकष्ट, अर्द्धगात्र पीड़ा	३	९,५,७,१०	ॐ इमन्देवा असपत्न सुवध्वं महतेक्षे त्राय महते ज्येष्ठयाय महते जानराज्यायेन्द्रस्येन्द्रियाय इममुष्यपुत्रममुष्यै पुत्रमस्यैविश एषवोऽमीराजासोमोस्माकं ब्राह्मणाना राजा॥ ॐ चन्द्रमसे नमः॥	१० सहस्र	दधि पायस	दधिशर्करा शाल्यन्न	जयन्ती मूलम्	श्वेत चन्दन गंध, कमल पुष्प, दशाङ्ग धूप, घृत दीप, पायस, अपूपमध्वोदन नैवेद्य।	दधि, तन्दुल सवत्सा गोदान
आर्द्रा (शिव)	त्रिदोष, ज्वर, सर्वांग पीड़ा, अनिद्रा	मृ.तु.	०,१८,०,०	ॐ नमस्ते रुद्रमन्यव उतो त इषवे नमः बाहुभ्यामुतते नमः॥ ॐ रुद्राय नमः॥	१० सहस्र	घृत मधु	दध्योदन मध्वाज्य	सचंदना अश्वत्थमूलम्	श्वेत चन्दन गंध, सौरभ पुष्प, दशाङ्ग धूप, घृत दीप, पायसौदन नैवेद्य।	श्याम वृषभ दान श्याम वस्त्र
पुनर्वसु (अदिति)	ज्वर, शिर पीड़ा, कटि पीड़ा	७	७,१४,२,२१	ॐ अदितिर्द्योरदितिरन्तरिक्षमदिति माता स पिता स पुत्रः विश्वे देवा अदितिः पञ्चजनाअदितिर्जातमदितिर्जनित्वम्॥ ॐ अदितायः नमः॥	१० सहस्र	घृत तन्दुल	साज्य पीत तन्दुल	अर्क मूलम्	हरिद्राकुंकुम गंध, सेवन्तिका पुष्प, अष्ट गंध धूप, घृत दीप, घृताक्तपीतवर्णान्न नैवेद्य।	वस्त्र, स्वर्ण, कमल ५ कन्या भोजन
पुष्य (गुरु)	ज्वर, शूल, महाकष्ट	७	७,७,१०,२१	ॐ बृहस्पते अतियदर्यो अर्हाद्द्युमद्विभातिक्रतु मज्जनेषु। यदीदयच्छवत्र सऋतप्रजाततदस्मासु द्रविणं धेहि चित्रम्॥ ॐ बृहस्पतये नमः॥	१० सहस्र	घृत पायस	समण्डक मोदक	तुषार मूलम्	कुंकुम गंध, कमल पुष्प, घृत, गुग्गुल, धूप, घृत दीप, घृत, पायस, शर्करा, नैवेद्य।	सूवर्ण गौ, पीत वस्त्र
आश्लेषा (सर्पः)	सर्वांग पीड़ा, पाद पीड़ा, मृत्युसम कष्ट	मृ.तु.	०,०,४१,०	ॐ नमोस्तु सर्पेभ्यो ये के च पृथिवीमनु ये अन्तरिक्षे ये दिवितेभ्यः सर्पेभ्योनमः॥ ॐ सर्पेभ्यो नमः॥	१० सहस्र	शर्करा घृत	हवि दध्योदन	पटोल मूलम्	कुंकुम, अगर गंध, अगस्त पुष्प, घृत गुग्गुल, धूप, घृत दीप, घृत मिष्ठान्न, नैवेद्य।	सवत्सा श्याम गौ, छायापात्र
मघा (पितरः)	शिर पीड़ा, अर्द्धमात्र पीड़ा	२०	१५,७,१७,२०	ॐ पितृभ्यः स्वधायिभ्यः स्वधानमः पितामहेभ्यः स्वधायिभ्यः स्वधा नमः। प्रपितामहेभ्यस्वधायिभ्यः स्वधा नमः अक्षन्पितरोमीमदन्त पितरोऽतीतृपन्तपितरः पितरः शुन्धध्वम्॥ ॐ पितरभ्ये नमः॥	१० सहस्र	तिल घृत तन्दुल	सतिलाज्य दुग्धान	भंगराज मूलम्	श्वेत चन्दन गंध, चम्पक पुष्प, घृत, गुग्गुल, धूप, घृत दीप, घृत, क्षीर, नैवेद्य।	वस्त्र, तिल, उड़द
पू.फा. (भगः)	गात्र व्यथा, ज्वर, शिर पीड़ा	मृ.तु.	०,१५,०,३०	ॐ भगप्रणेतर्भगसत्यराधोभगेमांधियमुदवाददन्नः भगये प्रणोजनयगोभिरश्वैर्भयप्रनृभिनृवैनः स्याम॥ ॐ भगाय नमः॥	१० सहस्र	कङ्गनी तिलघृत	घृतौदन पायस	कटकारी मूलम	श्वेत चन्दन गंध, मालती पुष्प, घृत विल्व, धूप, घृत दीप, अपुपोदन मोदक, नैवेद्य।	पित्तल, यव उड़द स्वर्ण गौ दान
उ.फा. (अर्यमा)	कुक्षिशूल, ज्वर, शिर पीड़ा, अतिकष्ट	७	७,१४,७,६०	ॐ देवावध्वर्यूक्षागतरथेनसूर्यत्वचा मध्वाय समंजाये तं प्रत्नकथा यं वेनश्चित्रं देवानाम्॥ ॐ अर्यम्णे नमः॥	१० सहस्र	तिल घृत	घृत शर्करा शाल्यन्न	पटोल मूलम्	कर्पूर, केसर, गंध, अर्क पुष्प, घृत, गुग्गुल, धूप, घृत दीप, घृत पायस, नैवेद्य।	मुक्ता, सुवर्ण, रजत, अन्न, गौदान
हस्त (सविता)	उरुशूल, आफरा, सर्वांग पीड़ा, प्रस्वेद	१५	१५,१७,१५,०	ॐ विभ्राडबृहत्पिबतु सौम्य मध्वायुर्दधयज्ञपता व विहुतमम् वातजूतो योअभिरक्षतित्मनाप्रजाः पुपोषपुरुधा विराजति॥ ॐ सवित्रे नमः॥	५ सहस्र	दधि घृत	मिष्ठान्न पायस	जाति मूलम्	रक्त चन्दन, केसर गन्ध, कमल पुष्प, घृत गुग्गुल, धूप, घृतदीप, घृत, पायस, नैवेद्य।	स्वर्ण, पयस्विनी गौ दान
चित्रा (विश्व.)	विचित्र रोग अतिकष्ट	११	११,९,९,१६	ॐ त्वष्टातुरीयोअद्भुतइन्द्राग्नी पुष्टिवर्द्धनम्। द्विपदा-छन्दऽइन्द्रियमुक्षागौत्रवयोदधः॥ ॐ विश्वकर्मणे नमः॥	१० सहस्र	तिलाज्य घृत तन्दुल	विचित्रान्न घृत	मखव मूलम्	केसर गंध, विचित्रवर्ण पुष्प, घृत, गुग्गुल, धूप, घृतदीप, विचित्रान्न मोदक, नैवेद्य।	तिल, गुड़, विचित्र वृषभ, छायापात्र

नक्षत्र कष्टावली

नक्षत्र देवता	कष्ट लक्षण	कष्ट दिन	चरणगत कष्ट दिन	जपनीय वेदोक्त मंत्र	जप सं	होम द्रव्य	वलि द्रव्य	करे धारणम्	गन्धादि पदार्थ	दान वस्तु
स्वाती (वायु:)	नाना कष्ट, ज्वर पीड़ा	मृ.तु.	६०,१७,३०,०	ॐ वायो ये ते सहस्त्रिणी रथा सस्ते त्रिरागहि नियुत्वाम सोम पीतये॥ ॐ वायये नम:॥	१० सहस्त्र	तिल,यव घृत	घृत पायस	जाति मूलम्	चन्दन गन्ध (दमनक पुष्प) अगर, गुग्गुल धूप, घृतदीपक, घृतपायस नैवेद्य।	स्वर्ण, रक्तवेणु पकवान्न
विशाखा: (इन्द्राग्नि)	सर्वाङ्गपीड़ा, कुक्षिशूल	१५	१५,०,४,१३	ॐ इन्द्राग्नी आगंत सुतं गीर्भिर्नमो वरेण्यंमू। अस्यं पातं धियेषिता॥ ॐ इन्द्राग्निभ्यां नम:॥	१० सहस्त्र	आज्य पायस	सहवि चित्रान्न	गुञ्जा मूलम्	चन्दन, केसरगन्ध, कमल पुष्प, देवदारु, घृतधूप, घृत दीप, धृपायस नैवेद्य।	रक्तपीतवस्त्र कृष्ण-वृषभछायापात्रदान
अनुराधा (मित्र:)	शिरपीड़ा, तीव्र ज्वर		६०,१२,३६,३०	ॐ नमो मित्रस्य वरुणस्य चक्षसे महोदेवायतदृत सपर्यत दूर दृशे देव जाताय केतवे दिवसपुत्राय सूर्यायशष्ठसत्॥ ॐ मित्रायनम:॥	१० सहस्त्र	यव-घृत	मध्वाज्य गुड उड़द	सुपुष्प मूलम्	केसरगन्ध, कमल पुष्प, चन्दन धूप, घृतदीप, घृतपायस नैवेद्य	स्वर्ण गौ, छायापात्रदान
ज्येष्ठा (इन्द्र:)	पित्तरोग, कम्पन, व्याकुलता	मृ.तु.	१९,९,६,४	ॐ त्रातारमिन्द्रमवितारमिन्द्र ष्ठ हवे हवे सुहवष्ठशूरमिन्द्रम् ह्वयामि शक्रं पुरुहुतमिन्द्रष्ठस्वस्तिनो मधवा धात्विन्द्र:॥ ॐ इन्द्राय नम:॥	५ सहस्त्र	तिल, घृत तण्डुल	दध्योदन सुपुष्प	अपामार्ग मूलम	श्वेतचन्दनगंध, चम्पकादि पुष्प, कपूर धूप, घृतदीप, चित्रान्न नैवेद्य।	स्वर्ण तिल, नील वस्त्रदान
मूल (राक्षस:)	मुख तथा उदर रोग, सन्निपात	७	०,९,१५,६	ॐ मातेव पुत्र पृथ्वी पुरीष्यमणि स्वेयोनाव भारुषा। तां विश्वेदेवर्त्रृतुभि: संवदान: प्रजापतिर्विश्वकर्मा विमुञ्चतु॥ ॐ निर्ऋतये नम:॥	५ सहस्त्र	कन्दमूल घृत	सहवि उड़द	मन्दार मूलम्	कृष्ण अगरुगन्ध, नीलोत्पलपुष्प, घृतदीप कृष्णगरु धूप, माषामिश्रान्न नैवेद्य।	गौ, छायापात्र, वस्त्र, कुमारी पूजा
पू.षा. (जलम्)	शिरपीड़ा, कंपन, महाकष्ट	मृ.तु.	०,१५,२४,१०	ॐ अपाधमप किल्विषमपकृत्यामपोरप:। अपाम्मार्ग-त्वमस्मदंनदु:स्वप्न्यष्ठसुव॥ ॐ अदभ्यो नम:॥	५ सहस्त्र	तिल, घृत तण्डुल	घृतपायस मिष्ठान्नहवि	कर्पास मूलम्	श्वेतचन्दनगंध, कमल पुष्प, घृतगुग्गुल धूप, घृतदीप, घृतपापायसान्न नैवेद्य।	स्वर्ण वस्त्र, तिल, तण्डुल, जलकुम्भ गौदान
उ.षा. (विश्वे-देवा)	कटिपीड़ा, उरुशूल, प्रलाप	३०	३०,२४,२९,१६	ॐविश्वेदेवा: शृणुतेमष्ठहव मे ये अन्तरिक्षे य उपध्यविष्ठम्। अग्निजिह्वा उतवायजत्रा आसद्यास्मिन्वर्हिपि मादयध्वम्॥ ॐ विश्वेभ्यो देवेभ्योनम:॥	१० सहस्त्र	तिलाज्य यव	सहवि पायस	कर्पास मूलम्	श्वेतचन्दनगंध, कमल पुष्प, घृत, गुग्गुल धूप, घृत दीपक, घृतपायसान्न नैवेद्य।	आमान्न, स्वर्णदान
श्रवण (विष्णु:)	सर्वांगपीड़ा, त्रिदोषभय, अतिसार	११	६०,२४,६,९	ॐ विष्णोरराटमसि विष्णो: श्नप्त्रेस्थो विष्णो: स्थूरसि विष्णोर्ध्रुवोऽसि वैष्णवमसि विष्णवेत्वा॥ ॐ विष्णेव नम:॥	१० सहस्त्र	तिलाज्य यव	तिलाज्य सहविपायस	अपामार्ग मूलम्	श्वेतचन्दनगंध, मालती पुष्प, कर्पूर, गुग्गुलधूप, घृतदीप, षड्रश शाल्यन्न नैवेद्य।	स्वर्ण गौ, छायापात्रदान
धनिष्ठा (वसव:)	ज्वर-कम्पन, रक्तातिसार, मूत्रकृच्छ	१५	१५,२,२७,२१	ॐ वसो: पवित्रमसि शतधारं वसो: पवित्रमसि सहस्त्रधारम्। देवस्त्वा सविता पुनातु वसो: पवित्रेण शतधारेण सुप्त्वा कामक्षुध:॥ ॐ वसुभ्यो नम:॥	१० सहस्त्र	तिलाज्य पायस	पायस मोदक पूप-तिलपिष्ठ	भृङ्गुराज मूलम्	श्वेतचंदन गन्ध, कमलपुष्प, गुग्गुल धूप, घृत दीपक, घृतपायस नैवेद्य।	छत्रोपानत् अश्व, स्वर्ण, गौ
शतभिषा (वरुण:)	वात-ज्वर, सन्निपात, कष्ट	११	०,४५,३,३६	ॐवरुणस्योत्तम्भनमसि वरुणस्यस्कम्भसर्जनिस्थो वरुणस्य ऋत सदन्यसी वरुणस्य ऋतसदनमसि वरुणस्य ऋतसदन मासीद॥ ॐवरुणाय नम:॥	१० सहस्त्र	आज्य दध्योदन	घृत चित्रान्न	कमल मूलम्	केसर अगर गंध, कमलपुष्प, कर्पूर-चंदन धूप, घृतदीपक, घृतपोलिका नैवेद्य।	स्वर्ण, तिलान्न, घट, अश्व, छायापात्र
पू.भा. (अजैकपाद)	वमन, व्याकुलता, शरीरपीड़ा, त्रिदोष	मृ.तु.	०,१२,५१,१७	ॐउतनोऽहिर्बुध्न्य शृणोत्वजं एकपात्पृथिवी समुद्र:। विश्वेदेवाऽऋता-वृधोहुवानास्तुता मंत्रा: कविशस्ता अवन्तु॥ ॐ अजैकपदे नम:॥	१० सहस्त्र	क्षीराज्य शर्करा	दध्योदन पायस	भृंङ्गुराज मूलम्	केसर चन्दन गंध, श्वेताऽर्क पुष्प, शतौषधि, मिश्रित धूप, घृतदीपक, दधिपायस नैवेद्य।	स्वर्णरजत, अन्न, श्वेतवस्त्र, छायापात्रदान
उ.भा. (अहिर्बुध्न्य)	कामला, अतिसार, शूल, वात-ज्वर	७	१०,२०,७,१५	ॐ शिवोनामासिस्वधितिस्ते पिता नमस्ते अस्तु मामालि ष्ठ सी निननवर्तयाम्यायुऽषेन्नाद्या प्रजननाय रायस्पोषाय सुप्रजास्त्वाय सुवीर्याय॥ ॐ अहिर्बुध्न्याय नम:॥	१० सहस्त्र	तिलाज्य यव	तिल घृत भुदग् माष	अश्वत्थ मूलम्	चन्दन-कर्पूरगंध, कमलपुष्प, बिल्वगुग्गुल धूप, घृतदीप, घृतपायस नैवेद्य।	स्वर्णरजत, तिल कृष्ण वस्त्रदान
रेवती (पू.षा.)	बात, पित्तमय-ज्वर, उरुशूल, चित्तभ्रम		१८,१०,९,२०	ॐ पूषन् तवव्रते वयं नरिष्येम कदाचन स्तोतारस्त इह स्मसि॥ ॐ पूष्णे नम:॥	५ सहस्त्र	तिलाज्य तण्डुल	सहवि दध्यन्न	अश्वत्थ मूलम्	रक्तचंदनगंध, मंदार पुष्प, घृत गुग्गुल, धूप, घृतदीप, घृतपायस नैवेद्य।	रक्तवस्त्र, तैलपात्र कृष्ण, छायापात्र

बाल कष्टावली-चक्र में प्रयुक्त कठिन शब्दों के अर्थ

बालक को जब अरिष्ट होता है तो उसके निवारण के लिए जो पूजा की जाती है, वह बाल कष्टावली चक्रम् (पूजा-विधि) में दी हुई है। बालक को कष्ट हो तो ज्ञात करो कि उसकी आयु का कौन-सा दिन, मास या वर्ष है। बारह दिन, मास, वर्ष तक कौन-सी पूतना का कब-कब प्रभाव रहता है, उनका नाम दिया गया है। रोग, पीड़ा के लक्षणों में ज्वर (बुखार को), स्वेद (पसीना आने को), मन्द स्वर (मन्दी, धीमी आवाज), कण्ठ स्वर को कम्पन से कपकपी (शरीर में रोंये खड़े हो जाना), अरुचि (भोजन में दूध पीने की इच्छा न होना, उसको अरुचि हो जावे तो कहते हैं)। अंगशोथ (शरीर में सूजन, संकोच शरीर का सिकुड़ना), कृशता (शरीर का कमजोर होना), खून की कमी (हड्डियां दिखाई देना), सूखा शरीर, हड़फूटन (हड्डियों में दर्द से अकड़न को), नेत्रमीलन (आंखे मसलना, मीड़ना), बच्चा हाथ से आँखे मसलता है (आंख में खुजली होती है)। श्यामता (शरीर का रंग काला पड़ जाना), रुदन (रोना), नेत्र पीड़ा (आंखों के रोग को समझना चाहिए)। गात्र भंग (शरीर में दर्द होना, शरीर का ढीला पड़ जाना), अनिन्द्रा (नींद न आना, हड़फूटन), हंसली (गले की हड्डी उतर जाना), मोह मूर्च्छा (नींद जैसी बिहोशी), वमन (उल्टी होना), मुखशोथ, (मुंह की सूजन), सन्ताप (मानसिक कष्ट), शोक (वियोग कष्ट), श्वांश जल्दी-जल्दी चलना, (शूल दर्द पीड़ा), आफरा (पेट फूल जाना), घृणा, घिन हो जाना (हर चीज से अरुचि), रोमाञ्च (रोंगटे खड़े हो जाना) और बहुरोदन (बच्चा ज्यादा रोता है) उसको कहते हैं। बीमारी के लक्षणों से भी पूतना की पहचान की जाती है।

पूतना की मूर्ति बनाने के लिए जो चीजें लिखी हैं, उनसे एक स्त्री मूर्ति बना ली जाती है और उसमें जिसकी पूजा करनी हो उसके मन्त्रों से उसी योगिनी आदि की स्थापना कर ली जाती है। नदी के किनारों की मिट्टी या किसी तालाब, जलाशय, कुये, बावड़ी के दोनों किनारों की मिट्टी, पिसे तिल, चावल काले उड़द का आटा जैसा जहां लिखा है, उसमें पानी मिलाकर या तेल मिलाकर पूतना की मूर्ति बनाई जाती है।

पूजा के पदार्थों में श्वेत चन्दन (सफेद चन्दन) को घिसकर तिलक बनाते हैं। श्वेत पुष्प (सफेद फूलों को), पंचरंगी झंडियों में कोई से भी पांचरंग के कागज या कपड़े लेकर झंडी बनाई जाती है और मूर्ति के चारों तरफ दीपक, सतिये के साथ लगाते हैं। सतिये आटे से स्वास्तिक की शकल बनाते हैं, उस पर आटे के दीपक बनाकर रुई की बत्ती व घी, तेल डालकर जलाकर रखते हैं। कपूर, लोबान जैसा बताया हो जलाते हैं। जहाँ रक्त चन्दन लिखा है वहां लाल चन्दन लो, रक्त पुष्प (लाल रंग के फूल), श्वेत ध्वजा (सफेद झंडा-झंडी), जहां कोई रंग नहीं लिखा हो वहां सफेद रंग की होती है। सतिये चावल या गेहूं के आटे के बनाने चाहिये।

बलि विधान में भात चावल का होता है। पूर्ण पोली (गेहूं के आटे में गुड़ मिलाकर बड़े पूये बनाते हैं उसको कहते हैं), मत्स्य (मछली का मांस होता है) लाल भात (चावल के भात में लाल चन्दन का चूरा मिलाने से बनता है।) मीठी पूड़ियों को सुहाली कहते हैं। छागमांस (बकरे-बकरी के मांस को), पापड़ी (छोटे पापड़ जैसी तेल में तली आटे की पापड़ियां होती हैं)। जिस समय, जिस दिशा में, जिस स्थान पर रखने को बताया गया है— समस्त बलि पदार्थ बिना टोका-टाकी के रख आना चाहिए, वापिसी में पीछे मुड़कर नहीं देखना चाहिये। पूजा समय धूप दी जाती है, वह जिस विधान में जिन वस्तुओं से बनाने को लिखा है उन्हीं से बनाना चाहिये।

राई, खस की जड़, कमल के फूल सुखाकर या बीज का कमल गट्टे, बिल्ली के बाल (किसी पालतु बिल्ली के मिल सकते हों), मनुष्य के बाल, निम्बपत्र (नींबू के पेड़ के पत्ते) पीसकर गोघृत (गाय के घी) में मिलाकर धूप बना लो। गोश्रृंग (गाय का सींग), कूट (एक दवा होती है), अत्तर दवा बेचने वालों के यहां मिल जाती है, गुग्गल को गूगल भी कहते हैं। स्नान, पूजा मार्जन मन्त्र प्रत्येक पूतना का दिया हुआ है। इसी मंत्र से मूर्ति का आवाहन (स्नान पूजा व मार्जन) अर्थात् मंत्र पढ़कर चारों ओर जल छिड़कना चाहिए। बलि पदार्थ को हाथ में लेकर २१ बार मंत्र पढ़कर बालक के शरीर के ऊपर सिर से पैर तक सात बार फिराते हैं, उसे ओसारा कहते हैं। फिर उसे जैसा बताया है यथा स्थान रख देना चाहिए। बालक के माता-पिता, सम्बन्धी कोई भी इस काम को कर सकता है।

नक्षत्र कष्टावली विवेचन

नक्षत्र कष्टावली में कठिन संस्कृत शब्दों के सरल अर्थ और विशेष विवरण दिया जा रहा है। बालक का जन्म जिस नक्षत्र के जिस चरण में हो, उसके सामने यदि कष्ट दिन लिखे हों तो निवारणार्थ पूजा विधान कराना चाहिए। मान लो यदि अश्विनी नक्षत्र के चतुर्थ चरण में जन्म हुआ हो तो इसमें २० दिन तक के बालक को कष्ट हो सकता है। किस प्रकार का कष्ट हो सकता है, उसके लक्षण दिये हैं— वात, ज्वर, गात्र पीड़ा, निद्राभय, बुद्धिभ्रम, वात, ज्वर में बुखार के साथ शरीर में दर्द भी होता है। गात्र पीड़ा से तात्पर्य शरीर में पीड़ा, दर्द, शूल आदि से है। निद्राभय (सोते में डर जाना), बुद्धिभ्रम (बच्चा अपनी स्वाभाविक बुद्धि खो देता है), आँखे फाड़-फाड़ कर देखना, इस प्रकार के लक्षण प्रगट होते हैं। लक्षणों में प्रयुक्त अन्य शब्द जैसे— तीव्र ज्वर, तेज बुखार, अति दाह, तीव्र जलन, उरुशूल (पेट दर्द), कुक्षि शूल (पेट के नीचे भाग में दर्द), प्रलाप भी एक प्रकार का बुद्धि भ्रंश है। त्रिदोष (सन्निपात), अर्धगात्र पीड़ा (शरीर के एक ओर के आधे भाग में पीड़ा), छोटे बच्चे में इन लक्षणों व कारणों का जानना अनुभव से ही होता है। सर्वांग पीड़ा (सारे अंग में पीड़ा), कटि पीड़ा (कमर में दर्द), पाद पीड़ा (पैरों में दर्द), आफरा (पेट फूलना), प्रस्वेद (बहुत पसीना आना), अतिसार (दस्त लगना), पेचिस रक्त अतिसार (खूनी पेचिश), मूत्र कृच्छ (पेशाब का रोग) होता है। रोग का निदान व औषधि तो डाक्टर वैद्य से ही कराना चाहिए परन्तु उसका निवारण पूजा विधि से करा देना चाहिए।

गन्धादि पदार्थों में— श्वेत चन्दन (सफेद चन्दन), कमल पुष्प (कमल के फूल), गुग्गल (गूगल की धूप), क्षीर (खीर), मोदक (लड्डू), गुड़ नैवेद्य (मिष्ठान्न), अगर गन्ध (अगर एक खुशबूदार जड़ी होती है), करवीर पुष्प (करवीर का फूल), गुड़ोचन (दही में गुड़ मिलाकर बनाया जाता है)। जुही पुष्प (जुही का फूल), तिल माषान्न (तिल व उड़द को मिलाकर बनाया गया बड़ा), दशाङ्ग धूप में दस सुगन्ध पदार्थ पड़ते हैं। अगर, तगर, कपूर, केसर, गोरोचन, कस्तूरी, सफेद चन्दन, लाल चन्दन, बाल छड़, घी। पायस (दूध, चावल की खीर), अपूप (आटे के मीठे पुये), मध्वोदन (शहद, दही मिलाकर बनता है), नैवेद्य (भोग प्रसाद को कहते है।) सौरभ पुष्प (खुशबूदार फूल), पायसोदान (दूध, दही, मधु या गुड़ मिलाकर बनता है, हरिद्रा (हल्दी), कुंकुम, (रोली), सेवन्तिका पुष्प (सेवन्तिका का फूल), अष्टगन्ध धूप (अष्टगन्ध की धूप), घृताक्त पीतवर्ण नैवेद्य (पीले रंग का घी में तला भोग, बेसन का बना घी में सिका, तला लड्डू या अन्य पदार्थ), घृत पायस शर्करा (घी, शक्कर, दूध का नैवेद्य), घृत बिल्व धूप (बेलपत्र के फल से बनी धूप), घृत (घी), मिष्ठान्न (मिठाई), घृत मिष्ठान्न (घी की मिठाई), घी से तात्पर्य— गाय, भैंस का घी

होता है। अपूपोदन मोदक (अपूप-मीठे पूये, ओदन-दही में गुड़ मिला रस, मोदक-लड्डू तीनों मिलाकर अपूपोदन मोदक), अर्क पुष्प (अकौआ का फूल, सफेद फूल थोड़ा, बैंगनी या नीला रंग का होता है, इसमें बौंडे होते हैं, जिसमें से रुई के रेशे के समान पदार्थ हवा में उड़ता रहता है। शिवजी का प्रिय फूल आक का होता है)। विचित्र वर्ण पुष्प (रंग बिरंगे कई रंग के या अलग-अलग रंग के फूल), विचित्रान्न मोदक (अनेक प्रकार के चित्र विचित्र अन्न से बने हुए लड्डू जैसे—कूटू, सिंघाड़ा आदि के आटे के या मूंग के लड्डू), अगरु (अगर), दमनक पुष्प (दमनक का फूल), फूलों की जातियों नामों की जानकारी माली या नरसरी से प्राप्त की जा सकती है। यह सफेद रंग का, बसन्ती रंग का पुष्प होता है। देवदारु (खुशबूदार लकड़ी देवदार का बुरादा बढ़ई या फर्नीचर वालों से मिल सकती है), चम्पकादि पुष्प (चम्पक वगैरा के फूल), चित्रान्न नैवेद्य (कई प्रकार के अन्नों के आटे आदि से बना भोग प्रसाद नैवेद्य), कृष्ण, अगर गन्ध (काली अगर की खुशबू या घिसकर बना तिलक), नीलोत्पल पुष्प (नीली पंखड़ी वाले फूल), माष मिश्रान्न नैवेद्य (देवताओं के प्रसाद भोग लगाने को बनाये पदार्थ को नैवेद्य कहते हैं) उड़द के साथ और भी पिसा हुआ अन्न मिलाकर बनाया गया नैवेद्य। षड्रस शाल्यान्न नैवेद्य, षडरस (षटरस, छः प्रकार के रस स्वाद वाला शाल्य यानी चावलों से बना षटरस व्यञ्जन का खट्टा, मीठा, चिरपिरा, कसैला, नमकीन, कड़ुवा सब प्रकार के स्वादों से युक्त षटरस होता है), श्वेतार्क (सफेद आक), शतोषधि (मिश्रित धूप १०० वनस्पतियों को मिलाकर बनी धूप)। मदार पुष्प भी आक, अकौआ के फूल को कहते हैं।

दान पदार्थ—घृत कुम्भ (घी भरा घड़ा), गोमहिषी घृत (गाय भैंस का घी), शर्करा (शक्कर), छायापात्र (तेलयुक्त बर्तन जिसमें अपने मुख की छाया देखी जा सके), सप्तधान्य (सात प्रकार के अन्न), तन्दुल (चावल), सवत्सा गोदान (बछड़े सहित गौ का दान), श्याम वृषभ दान (काले बैल का दान), माष (उड़द), यव (जौ), सुवस्त्र (उत्तम वस्त्र), पयस्विनी गौदान (दूध देने वाली गाय का दान), विचित्र वृषभ (चितकबरे, रंग का बैल), रक्तधेनु (लाल गाय), पकवान्न, जलकुम्भ (जल से भरा घड़ा), छत्रोपानत् (छत्तरी), पैत्तल पात्र (पीतल का बर्तन) होता है।

बलिद्रव्य (बलिदान के लिये पदार्थ), गुड़ोदन (गुड़ का ओदन दही में गुड़ या शक्कर और पानी मिलाकर बनता है), शाल्यन्न क्षीर (चावल की खीर), पीत तन्दुल (पीले चावल), तिल पिष्ठ (तिल की पिट्ठी), मुद्ग (मूंग), माष (उड़द), विचित्रन्न (अनेक प्रकार के अन्न)।

होमद्रव्य (हवन करने के लिये पदार्थ), खण्ड यव (टूटे जौ), मधु (शहद), कंगनी (एक अन्न है जो चिड़ियों को चुगाया जाता है), कन्दमूल (ऐसे फल जो जड़ों से पैदा होते हैं। जैसे—जिमीकन्द, शकरकन्द, गाजर, मूली आदि)। पायस (खीर), तन्दुल (चावल), यव (जौ)।

करेधारणम् (हवन करते साथ हाथ में पहनने के लिए पदार्थ), अपामार्ग मूलम् (ओगा का तना), (अलझीझाड़ का तना), अगस्त एक वृक्ष होता है, कापसि कपास को कहते हैं। अश्वत्थ (पीपल की जड़), अर्क मूलम् (आक का तना), जयन्ती, तुषार, पटील, भृंगराज, कण्टकारि यह सब जड़ी बूटियों के नाम हैं। गुञ्जा—सफेद या लाल गोगची लक्ष्मणा को कहते हैं। सुपुष्प—किसी सुन्दर पुष्प, वृक्ष की जड़, भृंगराज प्रसिद्ध जड़ी है जिसको तेलों में डाला जाता है। कण्टकारी कटेरी होती है। इनकी जानकारी वैद्यों से मिल सकती है।

वेदोक्त मंत्रों का उच्चारण ठीक होना चाहिए, विशेष कर ष्ठ का उच्चारण किसी ज्ञाता से सीख लेना चाहिये।

अन्य शुभाशुभ योग

(१) मंगल-शनि दोनों त्रिकोण (१, ५, ९) में हों और चन्द्रमा सप्तम स्थान में हो तो जन्मा बालक माता से बिछड़ जाता है। चन्द्रमा पर गुरु की दृष्टि हो तो बालक सुखी व दीर्घायु होता है और माता से पुनर्मिलन भी हो जाता है। लोक लाज के भय से कुछ मातायें बच्चों को त्याग देती हैं। कुछ का दुष्टों द्वारा अपहरण हो जाता है। यदि स्वराशि या उच्च गुरु की चन्द्रमा पर दृष्टि हो तो बालक-माता का मिलन हो जाता है।

(२) दशम भाव में बुध-गुरु हो, केन्द्र (१, ४, ७, १०) में सूर्य तृतीय मंगल, ग्यारहवें भाव में पाप ग्रह हो तो बालक की छः ऊँगली होती हैं।

(३) १२वें स्थान में चन्द्रमा व मंगल हो तो बांया नेत्र और सूर्य राहु हो तो दांया नेत्र पीड़ित होता है।

(४) पंचम स्थान में शनि-राहु व मंगल हो तो बाईं कोख में लहसुन, मसा, तिल होता है। कोख, कुक्षि, पेडू को भी कहते हैं और बाहुमूल कांख को भी।

(५) तीसरे स्थान में शुक्र हो, मेष या सिंह का गुरु हो, १०वें स्थान में सूर्य, मंगल हो तो बालक गूंगा होता है।

(६) कृष्ण पक्ष में दिन का या शुक्ल पक्ष में रात का जन्म हो तो छठा या आठवां चन्द्रमा शुभ समझना चाहिये, कष्ट व अरिष्ट का निवारण करता है।

(७) ८वां चन्द्रमा, ७वां मंगल, ९वां राहु लग्न में शनि, तीसरा गुरु, पांचवां सूर्य, छठा शुक्र, चौथा बुध हो तो बालक की आयु बहुत कम होती है।

(८) लग्न में बुध-शुक्र न हो, केन्द्र में गुरु न हो, दशम में मंगल न हो तो उसका भाग्य अच्छा नहीं होता। दशम मंगल हो, केन्द्र त्रिकोण में बृहस्पति, बुध, शुक्र हो तो बालक भाग्यवान, दीर्घायु, गुणवान, धनवान, बुद्धिमान होता है।

(९) लग्न में शनि, छठा, चन्द्रमा, सप्तम मंगल पिता की आयु को कम करते हैं।

(१०) ६, १२वें स्थान में पाप ग्रह हों या चन्द्रमा के साथ पाप ग्रह हों तो माता को कष्ट दायक होते हैं।

(११) १०वें स्थान में पाप ग्रह हो या सूर्य के साथ पाप ग्रह हो या शत्रु राशि का मंगल दशम भाव में हो तो पिता को कष्ट कारक होता है।

(१२) लग्न में गुरु, दूसरे में शनि, सूर्य, भौम तथा बुध हों बालक के विवाह समय पिता को मारक होता है।

(१३) सातवां राहु, छठा-आठवां चन्द्रमा हो और चन्द्रमा पर क्रूर ग्रहों की दृष्टि हो तो बालक अल्पायु होता है।

(१४) शनि-सूर्य का परिवर्तन योग हो (अर्थात् सूर्य शनि की राशि में, शनि सूर्य की राशि में) अथवा लग्न में मंगल व अष्टम गुरु हो तो बालक की आयु १२ वर्ष की हो।

(१५) छठे स्थान में बुध हो, लग्नेश व अष्टमेष, पाप ग्रहों से युक्त हो या परिवर्तन योग या दृष्टि योग द्वारा एक दूसरे को देखते हों तो बालक की आयु ४ वर्ष।

(१६) मंगल की राशियों में गुरु हो और चन्द्रमा ६ या ८वें भाव में हो तो बालक की आयु ८ वर्ष की होती है।

(१७) दशम स्थान में राहु हो अष्टमेश होकर क्षीण चन्द्रमा राहु के साथ हो तो बालक व उसके माता-पिता तीनों को अरिष्ट करता है। चन्द्रमा राहु के साथ न हो तो बालक की आयु १६ वर्ष होती है।

(१८) तीसरे स्थान में सूर्य बड़े भाई को और शनि या मंगल छोटे भाई को कष्ट दायक होता है।

बालक के जन्म समय अरिष्ट योग व कुछ अन्य प्रमुख योग

बालक के जन्म से १२ वर्ष की आयु तक जो अनिष्ट ग्रह योग हैं, उन्हें अरिष्ट योग कहते हैं। नीचे कुछ प्रमुख अरिष्ट योगों का वर्णन किया गया है। अरिष्ट योगों का विचार करते समय 'अरिष्ट नाशक' योगों पर भी विचार करना अत्यन्त आवश्यक है, अन्यथा फलादेश ठीक नहीं बैठता।

यदि पाप ग्रह युक्त क्षीण चन्द्रमा लग्न ५, ७, ८, ९ अथवा ११वें भाव में स्थित हो और वह किसी शुभ ग्रह से युक्त या दृष्ट न हो तो बालक की आयु को अरिष्टकर एवं भु-मृत्यु तुल्य कष्ट होता है।

छठे, आठवें एवं १२वें स्थान में शुभ ग्रह हों और उनको बलवान् वक्री पापी ग्रह देखते हों तो एक मास तक आयु को अरिष्टकारी होगा।

यदि चन्द्रमा जन्म लग्न से छठे या आठवें भाव में स्थित हो और वह पापी ग्रह से दृष्ट हो तो जातक की शीघ्र मृत्यु हो जाती है, यदि शुभ ग्रह की दृष्टि हो तो आठ वर्ष की आयु में अरिष्ट होता है।

यदि जन्म के समय चन्द्रमा दो पाप ग्रहों के मध्य में हो, अन्य सब ग्रह ४, ७ एवं अष्टम भाव में स्थित हों, तो जातक की शीघ्र मृत्यु होती है। यदि चन्द्रमा शुभ ग्रहों द्वारा दृष्ट हो तो माता की मृत्यु नहीं होती है। चन्द्र क्रूर ग्रह से दृष्ट होने पर माता को भी अरिष्टकर होगा।

यदि मंगल अथवा शनि लग्न में हो, सूर्य सप्तम भाव में हो अथवा चन्द्रमा मंगल या शनि से युक्त हो तो बालक की आयु को अरिष्ट योग होता है।

यदि शनि, मंगल तथा सूर्य तीनों ग्रह छठे, सातवें या बारहवें भाव में हों तो १ मास या १ वर्ष में अरिष्टकारक होते हैं।

द्वादश भाव में क्षीण चन्द्रमा हो तथा लग्न एवं अष्टम भाव में पाप ग्रह हों तो बालक को अरिष्ट योग होता है।

यदि जन्म राशि पाप ग्रह से युक्त अष्टम भाव में ही तो एक मास में ही अरिष्ट होता है।

जिस नक्षत्र में धूम्रकेतु, उल्कापात, ग्रहणादि का उदय हो तो उस नक्षत्र में उत्पन्न जातक को दो मास तक अरिष्ट रहता है।

लग्न में चन्द्रमा और ७वें भाव में २-३ पाप ग्रह स्थित हों तो शीघ्र ही अरिष्ट योग होता है।

यदि लग्न का स्वामी पाप ग्रह से युक्त होकर ७वें अथवा ८वें भाव में स्थित हों तो १ मास तक अरिष्ट होगा।

लग्न में राहु और छठे अथवा आठवें भाव में चन्द्रमा स्थित हो तो अरिष्ट योग होगा। जन्म लग्न जिस राशि के नवांश में हो उसका स्वामी छठे या आठवें स्थान में जो राशि पड़े, उतने दिन पर्यन्त विशेष अरिष्ट योग रहेगा।

माता-पिता को अरिष्ट योग

माता के लिए चन्द्रमा तथा चतुर्थ स्थान से और पिता के लिए सूर्य तथा दशम स्थान से विचार करना चाहिए, यदि चन्द्रमा एवं चतुर्थ भाव शनि, मंगल एवं सूर्यादि क्रूर ग्रहों से युक्त अथवा दृष्ट हो तो बालक माता को अत्यन्त कष्टकारी होता है। यदि चन्द्रमा से ४, ६ या आठवें स्थान पर पापी ग्रह हो तो भी माता को अरिष्टकारी होता है। इसी भाँति यदि बालक की कुण्डली में सूर्य अथवा दशम भाव में पापी ग्रह हो या देखते हों अथवा सूर्य पाप ग्रहों के मध्य स्थित हों तो पिता को कष्ट जानें। सूर्य से ४, ६, ८वें क्रूर होने पर भी पिता को कष्टकारी है।

अरिष्ट भंग योग

यदि जन्म लग्नेश बलवान् शुभ ग्रह हो तथा वह शुभ मित्र ग्रहों से वीक्षित हो अथवा लग्न में स्थित होकर शुभ ग्रह से दृष्ट हो तो अरिष्ट योग नष्ट हो जाता है।

यदि शुभ राशिस्थ गुरु जन्म लग्न में स्थित हो तो अनेक प्रकार के अरिष्ट दूर होते हैं।

यदि सभी ग्रह शीर्षोदय राशियों में हो तो अरिष्ट भंग होता है।

यदि क्षीण चन्द्रमा भी अपनी उच्च राशि (वृष) में हो और वह शुभ ग्रह से दृष्ट हो तो अरिष्ट भंग हो जाता है।

यदि शुक्ल पक्ष में रात्रि के समय तथा कृष्ण पक्ष में दिन का जन्म हो और चन्द्रमा आठवें भाव में स्थित होने पर भी शुभ ग्रह से दृष्ट हो तो भी अरिष्ट का नाश हो जाता है।

कुछ अन्य प्रमुख योग पुष्कल योग

यदि लग्नेश तथा चतुर्थेश बलवान् होकर केन्द्र अथवा चतुर्थ भाव में हो तो 'पुष्कल' नामक योग होता है। इस योग वाला जातक मधुर भाषी, सुप्रसिद्ध तथा धनवान होता है। उसे सब प्रकार के सुख प्राप्त हो जाते हैं।

वीणा योग

यदि सात राशियों में सात ग्रहों की स्थिति हो तो 'वीणा' नामक योग होता है। इस योग वाला जातक संगीतज्ञ, गायन विद्या में प्रीति रखने वाला, सब कार्यों में कुशल, धनी तथा अनेक लोगों का पालन-पोषण करने वाला होता है। ऐसा व्यक्ति राजनीति क्षेत्र में भी सफल रहता है।

विदेश में भाग्योदय योग

चर राशि का लग्न और लग्नेश हो और चन्द्र से दृष्ट हो तो विदेश में भाग्य उदय होगा।

विवाह के बाद भाग्योदय

सप्तमेश ग्रह अथवा शुक्र ग्रह सातवें भाव में अथवा उपचय स्थान (३, ६, १०, ११) में गया हो तो विवाह के पश्चात्-भाग्योदय होगा।

काल सर्प योग

यदि कुण्डली में सभी ग्रह राहु-केतु के मध्य हों तो 'काल सर्प' नामक योग होता है। इस योग वाला जातक प्रायः उलझनों में घिरा रहता है। जीवन पर्यन्त संघर्षमय जीवन रहता है। कुछ धन होते हुए भी सुखानुभव नहीं होता।

काहल योग

यदि नवम भाव तथा चतुर्थ भाव के स्वामी एक-दूसरे से केन्द्र भाव में स्थित हों और लग्नाधिपति बली हो, 'काहल योग' बनता है। इस योग में उत्पन्न जातक राजनीति और शासन प्रशस्त कार्यों में सफलता प्राप्त करता है।

गढ़ा धन प्राप्ति योग

लाभेश लग्न में, लग्नेश धन स्थान में एवं धनेश लाभ स्थान में गए हों तो गढ़े हुए धन की प्राप्ति होती है।

लग्नेश शुभ ग्रह होकर द्वितीय भाव में स्थित हो अथवा धन स्थान का स्वामी आठवें भाव में स्थित हो तो भी गढ़ा हुआ धन मिलता है, परन्तु ऐसा व्यक्ति आलसी और भाग्यवादी होता है।

वाहन सुख योग

१. नवमेश, लाभेश और दशमेश— ये तीनों ग्रह चतुर्थ भाव में गये हों अथवा

२. चन्द्रमा से शुक्र तीसरे किंवा ग्यारहवें भाव में गया हो तो वाहन युक्त जातक होगा।

३. गुरु द्वारा दृष्ट चतुर्थ भावेश लाभ में गया हो तो बहुत वाहनों वाला जातक होगा।

४. अपनी उच्चराशि में गया हुआ व्ययेश धनेश से युत होकर नवम भाव को देखता हो।

कुण्डली में अरिष्ट योग

(१) अगर जन्म कुण्डली में नवें-पाँचवें तथा केन्द्र स्थानों में पाप ग्रह हों और छठे, आठवें, बारहवें शुभ ग्रह हों तो सूर्य उदय होते ही उसी दिन बच्चे की मृत्यु हो जावे।

(२) यदि चन्द्रमा अष्टम भाव में हो, राहु चतुर्थ भाव में हो और पाप ग्रह केन्द्र में हो तो बालक एक वर्ष तक जीवे।

(३) यदि लग्न, द्वितीय, द्वादश एवं अष्टम भाव में क्रूर ग्रह हों तो बारहवें या आठवें दिन विष्ठा का मार्ग रुक कर जातक की मृत्यु हो।

(४) यदि चन्द्रमा बारहवें भाव में हो और पाप ग्रह लग्न सप्तम और अष्टम भाव में हो और केन्द्र में शुभ ग्रह न हो तो बालक शीघ्र मृत्यु को प्राप्त हो।

(५) यदि जन्म लग्न से मंगल, सूर्य, शनि छठे या आठवें भाव में हो तो बालक वर्ष भर न जीवे।

(६) यदि छठे या आठवें चन्द्रमा पाप ग्रहों से दृष्ट हो और शुभ ग्रह की दृष्टि न हो तो बालक एक वर्ष के अन्दर मृत्यु को प्राप्त हो।

(७) यदि क्षीण चन्द्रमा लग्न में और पाप ग्रह केन्द्र अथवा अष्टम स्थान में हो तो बालक की मृत्यु हो।

(८) यदि सप्तम स्थान में शनि, राहु, मंगल से युक्त चन्द्रमा सप्तम स्थान में हो तो बालक की सातवें दिन अथवा सातवें मास मृत्यु हो।

(९) यदि लग्न में सूर्य, पंचम भाव में चन्द्रमा हो और अष्टम भाव में शनि हो तो बालक नहीं जीवे।

(१०) यदि लग्न में शत्रु-राशिस्थ शनि पाप ग्रहों से युक्त अथवा दृष्ट हो तो बालक की एक वर्ष के अन्दर मृत्यु हो।

(११) जिसके समस्त शुभ ग्रह छठे-आठवें स्थान में हो और पाप ग्रहों से दृष्ट हों तो वह बालक महीने के अन्दर मृत्यु को प्राप्त होता है।

(१२) जिसके शनि के घर में सूर्य और सूर्य के घर में शनि हो तो दैव भी रक्षा करें तो भी बारहवें वर्ष में मृत्यु होती है।

अन्य अरिष्ट योग-(१) तृतीया, दशमी, षष्ठी और शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी यह तिथियां यदि मंगल या शनिवार को हों, साथ ही मूल नक्षत्र का योग हो तो ऐसे योग में उत्पन्न बालक सम्पूर्ण कुल का नाश करता है।

(२) यदि तीन पुत्रों के पश्चात् कन्या का और तीन पुत्रियों के पश्चात् बालक का जन्म हो तो त्रिखल दोष होता है।

(३) यदि चन्द्रमा पाप ग्रहों से युक्त पाप ग्रहों के बीच में हो अथवा चन्द्रमा से सातवें पाप ग्रह हो तो बालक की माता का नाश होवे।

(४) यदि सूर्य पाप ग्रह से युक्त हो और लग्न भी पाप ग्रह से युक्त हो अथवा पाप ग्रहों के बीच में हो तो बालक के पिता का नाश होवे।

सुअर पर बैठी स्त्री पकड़ें	मृत्यु हो
सिंह, मगरमच्छ पकड़ें	कारागार मिले
गधे पर सवार होना	मृत्यु हो
लाल वस्त्र वाली स्त्री से रमन करना	मृत्यु हो
अपना विवाह देखना	मृत्यु हो
कौवे, गीध, नोचते देखना	मृत्यु हो
कौवे, गीध सिर पर बैठे	मृत्यु हो
पिशाच, प्रेतों के साथ मदिरा पीना	मृत्यु हो
सूर्य अस्त होते देखना	मृत्यु हो
कान में सर्प घुसना	भयंकर पीड़ा हो
अपना मांस खाना	अङ्ग-भङ्ग हो
स्त्री का स्तन पान करना	मृत्यु हो
शमशान में मदिरा पीना	मृत्यु हो
पर्वत की गुफा में जाना	आपत्तियां आएं
दांतों का गिरना	धन हानि हो
नाक-कान कटना	धन हानि हो
जलमुर्गी, उल्लू देखना	धन हानि हो
हिरण, बकरा देखना	धन हानि हो
जूते चोरी चले जाना	स्त्री वियोग हो
दोनों हाथ कटे देखना	माता-पिता की मृत्यु
छिपकली देखना	दुर्भाग्य सूचक
दर्पण में मुख देखना	सन्तान प्राप्त हो
सोने, चांदी की टट्टी करना	दश माह में मृत्यु हो
अचानक मोटा होना	आठ माह में मृत्यु हो
अचानक पतला होना	आठ माह में मृत्यु हो
अपने को कीचड़ में फंसे	शीघ्र मृत्यु हो
केंचुए देखना	गुप्त शत्रु हों
हाथों में दस्ताने पहनना	सम्मान मिले
बकरी देखना	धन लाभ हो
ओले गिरते देखना	दु:ख, कष्ट मिले
टोपी फटना	मानहानि हो
टोपी सिर से गिरना	मानहानि हो
स्वर्ग में जाना	यश-गौरव मिले
नर्क में जाना	दु:ख क्लेश हो
सीढ़ी पर चढ़ना	उन्नति हो
शहतूत का पेड़ देखना	धन-सम्पत्ति बढ़े

| बर्फ गिरती देखना | शत्रु वृद्धि हो | कोई फल दे | पुत्र हो, लाभ हो |

छिपकली (कोढ़किरली) पतन फल

अङ्ग	फल	अङ्ग	फल
सिर	राज्यलाभ	नीचे का होंठ	धन नाश
नाक की नोक	व्याधि	हृदय	धन लाभ
बायीं बांह	राज भय	उदर	भूषण लाभ
दाहिनी बाह	राजा समान सुख	कन्धा	विजय
ललाट	बन्धु मिलन	स्तन	दुर्भाग्य सूचक
गुल्फ	कारावास	नाभी	बहुत धन मिले
जानु	शुभ लाभ	नाखुन	धान्य लाभ
नेत्र	धनागम	दाहिने अंगुष्ठ	धन लाभ
भौंह	राज्याधिकार प्राप्ति	बायें अंगुष्ठ	हानि, दुःख
वाम मणिबंध	बदनामी	बायां पैर	नाश
दक्षिण मणिबंध	धन लाभ	दायां पैर	यात्रा
कपोल	स्त्री सुख	जंघा	शुभ लाभ
कण्ठ	शत्रु नाश	पादमध्य	स्त्री नाश
बायें कान	बहुलाभ	पादान्ते	मृत्यु
दायें कान	आयु वृद्धि	केशान्ते	मरण तुल्य कष्ट
मुख	मिष्ठान्न भोजन	पीठ पीछे	बुद्धि नाश
ऊपर का होंठ	ऐश्वर्य प्राप्ति	कटि प्रदेश	वाहन लाभ

अङ्ग स्फुरण विचार

अङ्ग	फल	अङ्ग	फल
सिर	यात्रा हो	बायीं भौंह	आदर, सम्मान
बायां माथा	प्रसन्नता	बायां कान	परेशानी
दायां माथा	कष्ट, यात्रा	दायां कान	पदोन्नति
दायीं आंख	खुशी होगी	गर्दन	लाभ, स्त्री सुख
बायीं आंख	स्त्री वियोग	जीभ	झगड़ा
भौंह के मध्य	प्रेम मिलन	नाक	खुशी हो
बायीं पलक	दुःख कष्ट	पेट	खुशखबरी मिले
दायीं पलक	सुख आनन्द	पीठ	बुरा समाचार मिले
दाहिनीं कपोल	लाभ	अण्डकोष	भोगानन्द मिले
बायां कपोल	हानि, व्यय	दायीं बगल	ऐश्वर्य बढ़े
दायीं भौंह	पुत्र सुख	बायीं बगल	पद घटे

योगासनों का अभ्यास

१. साधना करते समय शरीर को चुस्त रखना चाहिए। किसी समय भी ढीलापन व आलस्य नहीं आने देना चाहिए। २. हर एक साधना के पश्चात् शव आसन करना चाहिए। ३. अपने आप को हर समय स्वस्थ और बलवान् मनन् करना चाहिए। ४. साधना करते, खाते-पीते तथा चलते समय हर हालत में रीढ़ की हड्डी को सीधा रखना। ५. प्रत्येक आसन का अपना विशेष गुण व प्रभाव होता है। अतः यह आवश्यक है कि साधक अपनी प्रकृति व्यवसाय, आयु व ऋतु के अनुसार आसनों को करें। ६. रोगी साधक को चाहिए कि पूर्ण अरोग्यता प्राप्त होने तक ब्रह्मचर्य का पालन अवश्य करें। चक्रासन से मोटापा कम होता है व अनेक बीमारियों का इलाज भी होता है जैसे:—१. यह कमर दर्द व गुर्दे के रोगों के लिए लाभकारी है। २. हर्नियां व नलों के रोगों से छुटकारा दिलाता है। ३. चक्रासन से पेट के वायु- विकार दूर होते हैं। ४. चक्रासन से पाचन शक्ति बढ़ती है।

वर्षा ज्ञान

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३
१५	५०	४२	३९	३४	२९	३०	२८	२४	२१	१६	१५	१२

सूर्य के रोहिणी नक्षत्र पर रहते नीचे लिखे दिनों में जहां कहीं थोड़ी सी वर्षा हो तो इतने दिनों तक वहां वर्षा न होवे जैसे रोहिणी में सूर्य प्रवेश के प्रथम दिन में थोड़ी सी वर्षा हो तो उस दिन से ७२ दिन तक वर्षा की खैंच रहती है। सूर्य रोहिणी पर रहे उन दिनों से गर्मी ज्यादा पड़े तो आगे वर्षा श्रेष्ठ, राजाओं में विग्रह, थोड़ी वर्षा से संवत् नष्ट, यदि अधिक वर्षा हो जावे और नदियों में वर्षा का जल भी चल पड़े तो अशुभ फल नष्ट होकर वर्षा अच्छी होती है। उन दिनों में बिजली वर्षा की कमी। अधिक दिन की बिजली में शुभ, बादल की दिशा में वर्षा की कमी, निर्मल दिशा में वर्षा अधिक होती है।

वर्षा ज्ञान ज्ञान सारणी से वर्षा जानने की रीति दिसम्बर, जनवरी, फरवरी, मार्च इन चारों मासों की तारीखों में जिन जिन तारीखों में जहाँ वर्षा होती है। उसके हिसाब से वर्षा होती है। उसके हिसाब से ही वर्षा ऋतु में जुलाई, अगस्त, सितम्बर, अक्टूबर इन चार मासों में वहां वर्षा प्रायः हुआ करती है। प्राचीन ज्योतिष के दृष्टि विज्ञान के सिद्धान्त से आधुनिक समय के अनुसार भारत में १२ दिसम्बर के बाद ही शीतकाल में वर्षा साधारण रूप से होने का नियम है। जैसे मान लो कि शीतकाल में लुधियाना से १९ दिसम्बर को वर्षा हुई है तो वर्षा ऋतु में वहां-वहां जुलाई को वर्षा होगी। इसी प्रकार मान लिया कि शीतकाल में १५ जनवरी को देहली में वर्षा हुई है तो ऊपर की वर्षा ज्ञान सारणी यह पता देगी कि वर्षा ऋतु में वहां २९ जुलाई को वर्षा होगी। इसी प्रकार जैसे कि २२ फरवरी को शीतकाल में वर्षा हुई तो वहां ५ सितम्बर को वर्षा होगी। वर्षा ज्ञान के लिए शीतकाल में होने वाली वर्षा की तारीख वार टाईम सहित नोट करके देखने से वर्षा ऋतु की वर्षा का ज्ञान ठीक हो सकता है। विशेष सुगमता लिए मेघगर्भ तथा ग्रहों के रस नाड़ी चक्रादि का विचार करना चाहिए।

चक्रासन की विधि

भूमि पर सीधे लेट जाइये। और 3 बार 1 : 4 : 2 के अनुपात से पूरक कुम्भक व रेचक करना चाहिए। फिर दोनों हथेलियों को दोनों कन्धों के पास भूमि पर टेक लीजिए। पैरों को सिकोड़ कर श्वास की गति समान रखते हुए हाथों और पावों के बल कमर को धीरे-धीरे इस प्रकार उठायें कि वह गोलाकार हो जावे। जितनी देर हाथ व पैर सुख पूर्वक शरीर का भार सहन कर सकें इस आसन को करना चाहिए । पुनः धीरे-धीरे पूर्वावस्था में आ जाना चाहिए। यह आसन एक मिन्ट से शुरू करके तीन मिन्ट तक किया जा सकता है। जो इस तरह नहीं कर सकते उन्हें स्टूल का सहारा लेना चाहिए। योग के हर आसन जहां तक सम्भव हो अनुभवी योगाचार्य की देखरेख में ही करने चाहिए।

वर्षा ज्ञान सारणी

दिसम्बर	जून	जनवरी	जुलाई	फरवरी	अगस्त	मार्च	सितम्बर	अप्रैल	अक्टूबर
१	१४	१	१५	१	१५	१	१५	१	१५
२	१५	२	१६	२	१६	२	१६	२	१६
३	१६	३	१७	३	१७	३	१७	३	१७
४	१७	४	१८	४	१८	४	१८	४	१८
५	१८	५	१९	५	१९	५	१९	५	१९
६	१९	६	२०	६	२०	६	२०	६	२०
७	२०	७	२१	७	२१	७	२१	७	२१
८	२१	८	२२	८	२२	८	२२	८	२२
९	२२	९	२३	९	२३	९	२३	९	२३
१०	२३	१०	२४	१०	२४	१०	२४	१०	२४
११	२४	११	२५	११	२५	११	२५	११	२५
१२	२५	१२	२६	१२	२६	१२	२६	१२	२६
१३	२६	१३	२७	१३	२७	१३	२७	१३	२७
१४	२७	१४	२८	१४	२८	१४	२८	१४	२८
१५	२८	१५	२९	१५	२९	१५	२९	१५	२९
१६	२९	१६	३०	१६	३०	१६	३०	१६	३०
१७	३०	१७	३१	१७	३१	१७	O१	१७	३१
१८	J१	१८	A१	१८	S१	१८	२	१८	N१
१९	२	१९	२	१९	२	१९	३	१९	२
२०	३	२०	३	२०	३	२०	४	२०	३
२१	४	२१	४	२१	४	२१	५	२१	४
२२	५	२२	५	२२	५	२२	६	२२	५
२३	६	२३	६	२३	६	२३	७	२३	६
२४	७	२४	७	२४	७	२४	८	२४	७
२५	८	२५	८	२५	८	२५	९	२५	८
२६	९	२६	९	२६	९	२६	१०	२६	९
२७	१०	२७	१०	२७	१०	२७	११	२७	१०
२८	११	२८	११	२८	११	२८	१२	२८	११
२९	१२	२९	१२		१२	२९	१३	२९	१२
३०	१३	३०	१३		१३	३०	१४	३०	१३
३१	१४	३१	१४		१४	३१	१५		१४

अशौच व्यवस्था

अशौच दो प्रकार का होता है—(१) जननाशौच जिसे सूतक और (२) मरणाशौच जिसे पातक कहते हैं।

गर्भस्रावादि अशौच व्यवस्था

चार मास तक गर्भ के गिरने को 'गर्भस्राव' कहते हैं। पांचवे और छठे मास में 'गर्भपात' और इस के उपरान्त 'प्रसव' कहलाता है। तीन मास के भीतर किसी भी मास में गर्भ के गिराने से गर्भिणी को तीन दिन का और चौथे महीने में चार दिन का अशौच रहता है, पिता आदि सपिण्ड केवल स्नान मात्र से शुद्ध हो जाते हैं। पांचवें और छठे महीने में गर्भपात हो तो क्रम से ५ और ६ दिन का गर्भिणी को अशौच रहता है, पितादि सपिण्ड को ३ दिन का 'सूतक' होता है। गर्भस्राव और गर्भपात में चारों वर्णों को एकसा ही होता है।

जननाशौच व्यवस्था

सात महीने से लेकर किसी भी महीने में जन्म हो तो माता-पितादि सपिण्डों को अपने-अपने वर्ण के अनुसार पूरा अशौच (सूतक) होता है। जैसे ब्राह्मण को १० दिन, क्षत्रिय को १२ दिन, वैश्य को १५ दिन और शूद्र को एक मास का सूतक रहता है, किन्तु माता को सूतक निकालने के बाद भी पुत्र जन्मा हो तो २० दिन और कन्या उत्पन्न होने से १ मास तक धर्म कार्य करने का अधिकार नहीं होता। नाल-छेदन से पीछे सूतक हो जाने के कारण जात कर्म का अधिकार नहीं होता।

जननाशौच दान भोजन निर्णय

जननाशौच में पहले तथा छठे-दसवें दिन दान, पति ग्रह का दोष नहीं है। केवल अन्न भोजन का ही निषेध है।

मृतौत्पत्ति में विचार

यदि मरा हुआ बालक उत्पन्न हो तो पितादि सपिण्डों को अपने-२ वर्ण के अनुसार पूरा अशौच (सूतक) होता है। बालक जन्म लेकर नाल-छेदन से पूर्व ही मर जाय तो माता को १० दिन का सूतक और पितादि सपिण्डों को ३ दिन का जननाशौच (सूतक) होता है। नाल-छेदन के बाद १० दिन के भीतर अर्थात् नाम संस्कार से पूर्व बालक की मृत्यु हो जाये हो पितादि सपिण्डों को पूर्ण जननाशौच (सूतक) रहता है। पातक में देवकर्म और पितृकर्म का अधिकार नहीं रहता।

मृताशौच व्यवस्था

नामकरण अर्थात १० दिन के बाद ६ महीने के भीतर अर्थात् दांत आने से पहले बालक के मरने पर माता और पिता को ३ दिन का मृताशौच (पातक) होता है किन्तु सपिण्ड स्नानमात्र से शुद्ध हो जाते हैं। कन्या मरने पर पिता को एक दिन का पातक लगता है। स्मरण रखना चाहिए ७वें महीने से अर्थाथ् दांत निकलने के पीछे ३ वर्ष तक अर्थात् चूड़ाकरण संस्कार न होने पर बालक के मरने पर माता-पिता को ३ दिन सपिण्डों को १ दिन तक पातक हो जाता है, और ३ वर्ष तक मुण्डन-संस्कार हां गया हो तो बालक को जलाना चाहिए।

कन्या अशौच व्यवस्था

सगाई होने से पहले कन्या मरने पर तीन पुरुषों तक १ दिन का पातक होता है, सगाई हो जाने के बाद और विवाह से पहले कन्या मरने पर पिताकुल के और पतिकुल को ७ पुरुषों तक ३ दिन का पातक रहता है। यदि विवाह हुई कन्या पिता के घर में मर जाये व प्रसूता हो तो माता पिता और सहोदर भाइयों को ३ दिन का पातक, चाचा आदि को १ दिन का अशौच होता है। परन्तु पतिकुल में पूर्ण अशौच होता है। विवाहित कन्या को १० दिन के भीतर माता पिता की मृत्यु की खबर मिले तो ३ दिन का पातक, १० दिन के बाद सुने तो १ दिन का।

मातामह मातामही दौहित्र मरण पर विचार

नाना मरे तो दौहित्र को ३ दिन, नानी मरने पर १॥ दिन का पातक होता है। यज्ञोपवीत संस्कार हुए दौहित्र के मरने पर नाना को ३ दिन, बिना यज्ञोपवीत के १॥ दिन का पातक होता है।

सास ससुर तथा जामातृ मरण पर अशौच विचार

सास और ससुर यदि मर जायें तो जामातृ पास होने से ३ दिन, बिना समीप होने से १॥ दिन का पातक लगता है। जमाई के मरने से १ दिन का पातक होता है।

बन्धुत्रय विचार

भूआ, मासी और मामी के पुत्रों को आत्मबांधव कहते हैं। पिता की भूआ, मासी और मामी के पुत्रों को पितृबांधव कहते हैं। माता की भूआ, मासी और मामी के पुत्रों को मातृबांधव कहते हैं। इन तीन प्रकार के बांधवों में से किसी की मृत्यु हो जाये तो ३ दिन का पातक होता है। इनकी बहिन मरे तो १॥ दिन का पातक होता है, और विवाहित कन्या मरने पर १ दिन का पातक होता है।

अशौच-सम्पात पर निर्णय

१० दिन के अशौच में यदि ५ दिन के भीतर दूसरा १० दिन का अशौच हो जावे तो पहले के अशौच की समाप्ति पर दूसरे अशौच की भी समाप्ति हो जाती है। ५ दिन के बाद ९ दिन के भीतर हो तो पिछले के साथ शुद्धि हो जाती है। यदि १० वें दिन की रात्रि में दूसरा अशौच हो जाय तो दो दिन अशौच और बढ़ जाता है। जननाशौच में मृताशौच अथवा मृतशौच में जननाशौच हो जावे तो मृताशौच के साथ शुद्धि होती है।

प्रथमाब्दे निषिद्ध कार्याणि

प्रथमाब्दे निषिद्धानि महातीर्थस्य गमनपुपवासव्रतानि च अब्दमध्यये न कुर्वीत महागुरुनिपातने। प्रभोतौ पितरौ यस्य दहस्तस्याशुचिर्भवेत्। नदेयंनापिवैपिच्यं पूर्णो न वत्सरः। प्रथमाब्दे गयाश्राद्धनिषेध उक्तः—तीर्थ श्राद्धं गयाश्राद्ध श्राद्धमच्च पैत्रिकम्। अब्दमध्ये न कुर्वीतमहा गुरु विपत्तिषु। गयाश्राद्धं मृतानां तु पूर्णे त्वब्दे प्रशास्यते शुक्रस्यास्तमने चैव देवेज्यस्य तथैव च। प्रेतकार्यं न दुष्येत प्रथम वत्सरं बिना॥ गयायां सर्वकालेषुपिंडंदद्याद्विचक्षण अधिमासे जन्मदिने, अस्ते च गुरुशुक्रयोः। गोदावर्योंगयायां च श्री शैले ग्रहणाद्वये। सुरासुरगुरूणां च मौढ्यदोषो न विद्यते॥

गंगायामस्थिनिक्षेपने विचार

अस्तगते गुरौ शके तथैव चाधिमास के। गंगायास्थिनिक्षेप न कुर्यादिति गौतमः॥ दशाहाम्यन्तरे न दोषः॥

संवत् विक्रम २०६१ (सन् २००४-२००५ ई.) का सामूहिक व्यापार भविष्य

लेखकर्ता:- विश्वबन्धु शर्मा S/o श्री ओंकार प्रसाद दैवज्ञ, श्री ओंकाराश्रम ज्योतिष भवन,
21/22, ब्रह्मनान, पो.--हापुड़ (उ.प्र.) 245101 फोन-0122-2312238, 9837279823

सम्वत् २०६१ विक्रमी में राजा रवि, मंत्री भौम है। दोनों आपस में मित्र हैं। सस्येश-शुक्र, धान्येश-बुध, रसेश-शनि, मेघेश-चन्द्र, नीरसेश-गुरु, फलेश-चन्द्र, धनेश-गुरु, दुर्गेश-चन्द्र दशाधिकारी हैं। जिनका फल शुक्र के सस्येश होने से बादल अच्छी वर्षा करेंगे। धान्येश बुध होने से धान्यों में विशेष उत्पादन होगा। शनिदेव के रसेश होने से जल की खेंच होगी। प्रजा को पीड़ा होगी। मेघेश चन्द्र कभी अच्छी वर्षा तो कभी वर्षा की कमी करेंगे। जिससे अच्छी फसल होगी। नीरसेश गुरु देव हैं जो प्रजा में प्रीति बढ़ाने में सहयोग करेंगे। फलेष चन्द्र शुभ फलकारक है। धनेश गुरु वैश्य वृत्तिकारक होने से व्यापारी-बन्धुओं के लिए हितकारक वर्ष रहेगा। दुर्गेश चन्द्र होने से जनता विलाषिता प्रिय हो जाएगी। निष्कर्ष रूप में महत्वपूर्ण पद क्रूर व पाप ग्रहों के अधिपत्य में होने से जनता पर कड़ाई से शासन चलाया जाएगा। हेमलम्ब नामक सम्वत्सर होने से देश-विदेश में क्षो[illegible] घटनाएं घटित होंगी। रोहिणी निवास तट पर होने से वर्षा की प्रचुरता होगी।

अथ भैरव भवानी सम्वाद सम्वत् २०६१ की झलक

भैरव जी का प्रश्न- जय जय माता अम्बिका बन्दौ बारम्बार।
हाथ जोड़ कर पूछता, इकसठ का सब सार॥

भवानी माता का उत्तर- सुनजे भैरव ध्यान से, माता कहे विचार।
राजा मंत्री देखता, हो उत्पात अपार॥
पर भृगु जी सस्येश है, वर्षा पति द्विजराज।
सुख संपति संचार हो, जग में मंगल काज॥
अधिक मास श्रावण बना, रवि आगे कुजराय।
पवन चक्र जग में चले, वर्षा स्वल्प दिखाय॥
व्यापारां घटबढ़ घणी, रस कस तेजी जान।
कहिक पूर्व देश में करसी कुछेक हान॥
दशाधिकारी योग से, फल सब उत्तम होय।
बंसीधर का कथन है, भजन करो सब कोय॥

चैत्र शुक्ला-माह में प्रथम पक्ष जो सम्वत् २०६० में रहा था तथा इस माह में पांच रविवार व पांच ही सोमवार है। साथ ही वर्ष के प्रथम दिन रविवार होने से अकाशीय कार्उसिल में भगवान् सूर्य (भास्कर) देव को राजा माना जाता है। जिसका प्रभाव लाल रंग की वस्तुओं पर व तेलवाना की वस्तुओं पर विशेष दिखेगा। सरसों, तेल, मूंगफली, सोयाबीन, सूरजमुखी, तिल, अरण्डी आदि तिलहनों के भावों में प्रारंभिक रुख विशेष महत्वपूर्ण होगा। चन्द्रदर्शन सोमवारी होने से सफेद रंग की वस्तुओं में खास तौर से चीनी, रुई, सूत, कपास, चावल, साबूदाना, उरद दाल, कागज, हीरा, मोती, अमचूर, ईख आदि में मंदी का रुख बनेगा। वायदा मार्केटों में इस पक्ष में ता. २४ मार्च की चालू चाल ता. २६ तक चलेगी। इस पक्ष में मेष राशि में बुध के प्रभाव से ता. २६ मार्च से हरे रंग की वस्तुओं में विशेष रूप से मंदी का वातावरण बनेगा। सोने में भाव स्थिर प्रायः रहेंगे। मोती, जवाहरात, गेहूं, चना, जौ के भावों में तेजी किन्तु दूध, गुड़, खाण्ड, रस, घी के भावों में ९ दिन में मंदी का वातावरण बनेगा। आगे वायदा व शेयर मार्केटों में ता. २६ मार्च चैत्र शुदी पंचमी को बने ऊंचे या नीचे भाव आगामी दिन में जिस ओर क्रास होंगे, उसी ओर चाल चल पड़ेगी। चैत्र शुक्ल पक्ष में ता. २५ मार्च को चतुर्थी तिथि की वृद्धि होने से हल्दी, सोना, तेल, वायदा मार्केटों में ता. २४ तक चली चाल के पलटने पर यह पलट ता. ३० मार्च तक जारी रहेगी। यह चाल शेयर मार्केटों में विशेष महत्वपूर्ण होगी। आगे चैत्र शुदी नवमी ता. ३० मार्च की रात्री में ५४ घटी ६ पल पर रेवती में भगवान् भास्कर के पदार्पण के बाद से चौदह दिन में ही मूंग, तुवर, उड़द, चावल, रुई, लहसुन, नमक, सब्जी, रवा, सुगन्धित पदार्थ, फल-फूल, चांदी, मोती व जल से उत्पन्न वस्तुएं तेज होंगी। वायदा मार्केटों में ता.३१ मार्च से विशेष चाल चलेगी। खासतौर से सरसों, सोया तेल, अरण्डी, मूंगफली, पीपरमेंट, तेल के भाव टूटेंगे। काली मिर्च, बड़ी इलायची, लौंग, जीरा, हल्दी, दालचीनी, जायफल, कलौंजी, सुपारी, पोस्तदाना, अनारदाना, कत्था, बबूल, पीपल के भावों में ३१ मार्च की चालू चाल १४ दिन तक जारी रहेगी।

वैशाख-माह में पांच मंगलवारों का होना व्यापारिक वस्तुओं के भावों में विशेष उथल-पुथल के साथ तेजी का योग बनेगा। माह के प्रारंभ में सुपीरियर लाईन चलेगी जो बाद में इन्फीरियर लाईन में बदल जाएगी। माह के प्रारंभ में वक्री बुध वैशाख बदी प्रतिपदा ता. ६ अप्रैल को होकर बदी पंचमी की प्रातः बुधास्त हो जाएंगे जो बाद में वैशाख सुदी छठ को पूर्व दिशा में उदय होंगे। और ता. २ मई को बुध देव मार्गी होंगे। इस बुधास्त की अवधि में सोना, चांदी, रुई, गुड़, चीनी, कौपर, गेहूं, चना, जौ, सरसों तेल के हाजिर व वायदा मार्केटों में विशेष तूफानी चाल देंगे। अलग-अलग वस्तुओं में अलग-अलग प्रभावकारी होंगे। रुई, कपास में मंदी की चाल बनने की संभावना बलवती है। सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड के भावों में विशेष तेजी होगी। तथा गेहूं, जौ, चना के भावों में मंदी की चाल चलेगी। सरसों तेल के भावों में तूफानी मंदी का ट्रेन्ड रहने की संभावना है। ऊपर लिखे चांसों में एक विशेष नोट है कि अगर ता.९ व १० अप्रैल को ता. ८ के बने नीचे भाव से मार्केट टूटे तब मंदी और ऊंचे बने भाव से बढ़े तब तेजी की चाल ता. १३ अप्रैल तक चलेगी। वैशाख बदी नवमी को २८ घटी ५ पल पर मेष संक्रांति लगेगी जो विशेष महत्वपूर्ण चाल देगी। खासतौर से सोना, चांदी, सरसों, अलसी, अरण्डी, सोयाबीन तेल, शेयर, मशीनरी, लोहा, कॉफी, चाय के भावों में विशेष तेजी होगी। तथापि अगर वैशाख बदी दशमी को नवमी के बने नीचे भाव जिस वस्तु में टूटें और बदी दशमी से दो दिन मार्केट मंदे रहें, उन वस्तुओं में विशेष मंदी की लाईन पन्द्रह दिन की बनेगी। माह में विशेष रूप से वैशाख सुदी सप्तमी तक हल्दी, केसर व पीले रंग की वस्तुओं के भावों में तेजी का रुख बनेगा। तथापि अगर किसी वस्तु में चैत्र सुदी से मंदी चली आ रही हो तो तब उसी पीली वस्तु में मंदी की लाईन चलेगी। वैशाख शुक्ल पक्ष में इन्फीरियर लाईन का जोर रहने से प्रारंभ की चाल ही बदस्तूर ज्यों की त्यों अन्त तक चलती रहेगी। बाद ता. २७ अप्रैल की शाम को मिथुन राशि में मंगल देव का पदार्पण होगा। तब से जीरा, धनियां, सौंफ, जायफल, अजवायन, तूंतिया व किराना की वस्तुओं में विशेष मंदी की चाल चलने की धारणा है। **जेहि पखवारे तिथि बढ़े और बढ़कर फिर घट जाए। तेहि पखवारे सब वस्तु, घटि-घटि घट-घट जाए॥**

इस योग से भी वैशाख सुदी पक्ष के अन्त में मंदी का विशेष बोलवाला होने की धारणा है। एक अन्य योग के अनुसार वैशाख सुदी पंचमी ता. २४ अप्रैल को पुरवा हवा चले तो अनाज खरीद करना लाभप्रद रहेगा। यह पुरवा हवा सूर्यास्त के समय हो तब विशेष तेजी समझनी चाहिए। माह में सूर्यदेव ता.१२ से १६ अप्रैल तक वर्गोत्तम में रहेंगे, जिसके प्रभाव से सूर्य के अधिकार की वस्तुएं विशेष तेजी पकड़ सकती हैं। वैशाख बदी द्वादशी रविवार को २८ घटी पर गुरु देव मार्गी होंगे जो रुई, चांदी, चावल, घी, हल्दी, सोना में अगर पहले ही तेजी आ जाय तब आगे दो माह में ही मंदी करेंगे। किन्तु अगर पहले से मंदी जिस वस्तु में चली आ रही हो तब मंदी की चाल तेजी में पलट जाएगी। साथ ही लाल रंग तथा पीले रंग की वस्तुओं में भी यह विचार ध्यान में रखना चाहिए। वायदा मार्केटों में वैशाख सुदी पंचमी को प्रातः समय १०० तेजी तो २० मंदी लगानी लाभ देगी। यहां पर विशेष टिप्स है कि अगर ता. २४ अप्रैल सन् २००४ को ता. २३ अप्रैल के बने ऊंचे भाव से जिस वायदा मार्केट में नीचा खुलकर भाव बढ़ेगा तब तेजी अवश्य फलने की धारणा है। तथापि तेजी भाव कटने के बाद भी घटे भावों में लगानी अधिक लाभप्रद होगी।

ज्येष्ठ-माह में पांच बुधवार व पांच ही गुरुवार हैं, जिसके प्रभाव से मंदी का रुख रहेगा। शेयर-मार्केटों में तेजी के उछाले आयेंगे। माह में इन्फीरियर लाईन चलती रहेगी। माह के प्रारंभ से पहले वैशाख सुदी पूर्णिमा को खग्रास चन्द्रग्रहण ता. ४ मई को लगेगा। यह चन्द्रग्रहण लाल रंग की वस्तुओं में विशेष चाल देगा। ग्रहण का प्रभाव सफेद रंग वस्तुएं, चांदी, सूत, रुई, कपास, चावल, चीनी, तिल, कपूर के भावों में मंदी होगी। तथापि जिन सफेद रंग की वस्तुओं में पहले से तेजी चली आ रही हो उनमें अगर ता. ५ मई को ता. ४ मई के बने ऊंचे भाव कटें तब तेजी उन्हीं वस्तुओं के भावों में एक पक्षीय जानकर व्यापार रखना चाहिए। आगे ता. ६ मई को १७ घटी १४ पल पर मिथुन राशि पर शुक्र देव का पदार्पण होगा जो सफेद रंग की वस्तुओं में घमासान चाल देंगे। जिस सफेद वस्तु के भाव ता. ७ मई को ता. ६ के बने ऊंचे भाव से बढ़

जाए और ऊंचा ही भाव बन्द हो तब तेजी की श्योर चाल समझते हुए व्यापार करें। विपरीत में विपरीत चाल ही चलेगी। गुड़, चीनी, खाण्ड, शीरा, रुई, कपास, सूत, जूट, ग्वार, करडी, रिलायंस, आर.सी.एफ.टी शेयर में उपरोक्त बातें विशेष विचारणीय हैं। यहां की चालू चाल १८ मई ज्येष्ठ बदी चतुर्दशी तक चलेगी। ज्येष्ठ बदी एकादशी को २१ घटी ३१ पल पर वृष संक्रांति के प्रभाव से धान्यादि के भावों में तेजी, जो ता. १५ मई से चलकर आखिर तक रहेगी। यहां पर जौ, जई, चावल, धान, चना, गेहूं के भाव तेजी पर विशेष रूप से जाएंगे। नोट-जिन सफेद रंग की वस्तु या धातुओं के भावों में ता. १५ मई से मंदी चालू होगी उनमें मंदी का ट्रेन्ड ज्येष्ठ माह के अन्त तक जारी रहेगा। और आगे आषाढ़ बदी अष्टमी तक या पहले ही अच्छी मंदी चलेगी। विपरीत में विपरीत चाल चलती रहेगी। ज्येष्ठ शुक्ला तीज को रात्रि में भरणी में बुध के प्रभाव से वायदा मार्केटों में विशेष तेजी का ट्रेन्ड ता. २४ मई से बनेगा, जो ता. २८ तक ही अच्छी चाल देगा। ता.२८ मई को वक्री होकर वृष राशि में शुक्रदेव पदार्पण करेंगे। शुक्र के अधिकार की वस्तुओं में विशेष चाल तेजी या मंदी की चलेगी। रिलायंस शेयर में आज की चाल विशेष महत्वपूर्ण होगी। ता. २ जून को वृष राशि में बुधदेव का पदार्पण होगा। तब से मंदी की प्रक्रिया चलेगी। विशेष रूप से लाल, सफेद व हरे रंग की वस्तुएं विशेष चाल पकड़ेंगी। गुड़, लाल मिर्च, उड़द, बादाम, छुआरा, नारियल, सरसों, ग्वार, रुई, सूत, कपास, चांदी, चावल, वस्त्र, रिफायनरी शेयर, वस्त्रोद्योग शेयर तथा तेल उद्योग के शेयरों में विशेष चाल चलेगी। जिन वस्तुओं में ता.३ जून को २ जून के बने नीचे भाव कटें तब उन्हीं वस्तुओं में मंदी का विचार बनाकर व्यापार रखना चाहिए। यहां की चालू चाल आषाढ़ बदी षष्ठी ता. ८ जून तक चलने की धारणा है।

ज्येष्ठ माह के लक्ष्मी चांस-ता. ६ मई को १२ बजकर ३२ मिनट पर चांदी, रुई, खल, बिनौला, पीपरमेंट, सोना, गुड़, तेल, चना, ग्वार में दोतरफा गली लगाना। ता. १९ मई को प्रातः समय पर चांदी, गुड़, रुई, पाट, कपास, वायदा में तेजी लगाना। तथापि आज जिन वस्तुओं में ता. १८ के बने नीचे भाव कटेंगे तब मंदी अवश्य लगानी चाहिए।

आषाढ़-माह के प्रारंभ में प्रतिपदा तिथि का क्षय होना विशेष मंदी का द्योतक है। साथ ही पांच शुक्रवारों का होना मार्केटों में मंदी का ट्रेन्ड बनाएगा। शेयर मार्केट में तेजी का रुख। शुक्ल पक्ष में ता. २१ जून को तृतीया तिथि की वृद्धि तथा बाद में ता. २९ जून को द्वादशी तिथि क्षय के प्रभाव से यह अवधि हाजिर व वायदा मार्केटों पर विशेष मंदी का प्रभाव। चालू दिन व अगले दिन का रुख अवश्य ध्यान में रखते हुए व्यापार करना चाहिए। माह में बदी तीज को शुक्रास्त का होना चांदी, सोना में तेजी करेगा तथा बदी पंचमी ता. ७ जून को मार्केट मंदी में रहे तब मंदी ही जानना। बदी पंचमी ता. ७ जून की रात्रि में बुधास्त का होना सोना, चांदी, तांबा, गेहूं, जौ, चना, मटर, रुई, सूत, कपास, जूट, पाट, बारदाना, सन में विशेष मंदी। उड़द, मूंग, मोंठ, अरहर, मसूर में मंदी का साधारण रुख बनेगा। बदी द्वादशी सोमवार को प्रातः कर्क राशि में मंगल के प्रवेश के प्रभाव से ता. १४ जून को आयरन, स्टील, काली मिर्च, लौंग, बड़ी इलायची, दाख, सुपारी में विशेष उथल-पुथल मचेगी। बाद रुख मंदी का ता. १५ जून से बनेगा। मिथुन संक्रांति का प्रभाव सरसों, तेल, सोयाबीन, अलसी, अरण्डी, मूंगफली में मंदी समाप्त होकर तेजी। ता. १६ जून से ३ दिन में मार्केट जिस वस्तु में मंदी में रहेगा। उस वस्तु में निश्चित मंदी ता. ८ जुलाई तक होगी। ता. १६ जुलाई की प्रातः १०० तेजी तो ४० मंदी भी लगानी चाहिए। ता. २० जून की शाम को शनि देव के अस्त से तूफानी घट-बढ़ के साथ मंदी भी आयरन व स्टील शेयर्स मार्केट में होगी। शेष काली मिर्च, लौंग, पीपल, जीरा के भावों में तेजी चलने लगेगी। काश. ता. २१ जून से ५ दिन तेजी न चले तब मंदी का ही रुख। ता. ९ जून की प्रातः बुधोदय के प्रभाव से गुड़, चीनी, जूट, पाट, बारदाना, सोना-चांदी, सोया तेल, सरसों में दोतरफा गली लगानी चाहिए।

प्रथम श्रावण-प्रथम श्रावण में सुपीरियर लाईन के प्रभाव से बुध के अधिकार की हरे रंग की वस्तुएं एकदम से या तो उछाला लेंगी या जोरदार रूप में टूटेंगी। धारणा घट-बढ़ के साथ तेजी की है। माह में पांच शनिवारों का होना साधारण तेजी का रुख। तथापि भयंकर तेजी होगी। बदी दोज रविवार को तृतीया तिथि का क्षय होना तेजी का द्योतक है। बदी नवमी शनिवार की शाम व रात्रि में अश्लेषा नक्षत्र में मंगल व बुध देव पदार्पण से सरसों, तिल, तेल, अलसी, मूंगफली आदि तिलहनों तथा लालमिर्च, केसर, बादाम, छुआरा, उड़द, मूंग, मोंठ के भावों में तेजी की चाल बनेगी। पीपरमेंट, हाजिर व वायदा में कल से जो भी चाल चलेगी वही एक सप्ताह अवश्य चलेगी। तथापि सावधानी हेतु ता. १२ जुलाई से ३ दिन का रुख भी महत्वपूर्ण होगा। ता. १६ जुलाई की प्रातः कर्क राशि में सूर्य संक्रांति के संचरण से तेल, गुड़ के भावों में आगामी दो माह में ही अच्छी तेजी की चाल चलेगी। चांदी, दूध, दही, रिफायनरी शेयर्स व पेट्रोलियम शेयर्स में द्रव्य पदार्थ, पीपरमेंट तेल, घी के भावों में मंदी होगी। सुदी तीज मंगलवारी ता. २० जुलाई को होने से सिंह राशि के अधिकार की वस्तु सौंठ, अदरक, केसर में अच्छी तेजी की चाल। साथ ही सिंहे बुध के प्रभाव से रुई, सूत, सूती वस्त्र, खट्टे पदार्थ के भावों में वृद्धि होगी। आज ही रात्रि में पुष्य में सूर्य के प्रभाव से तिल, तेल, शराब, गुड़, खाण्ड, चीनी, हल्दी, हींग, सुपारी, सौंठ, गुग्गल, ग्वार, लाख, सन, ऊनी वस्त्र, चांदी के भावों में तेजी। यह चाल पन्द्रह दिन चलेगी। आगे २१ जुलाई की रात्रि में मृगशिर में शुक्र के संचरण से मीठे पदार्थ, धान्य व रसादि पदार्थों के भावों में तेजी १२ दिन में ही अच्छी चलेगी। गुड़, खाण्ड, शक्कर के भावों में तेजी विशेष होगी। चना में मंदी रहेगी। आगे ता. २६ जुलाई की रात्रि में शनिदेव के उदय होने से गेहूं, जौ, चावल के भावों में तेजी होगी। ता. ३१ को ३ बजकर १९ मिनट पर मिथुन राशि में शुक्रदेव के प्रभाव से आगामी २५ या २६ दिन में रुई, सूत, कपास, चावल के भावों में मंदी होगी। आज ही रात्रि में सिंह राशि में मंगल के संचरण से सोना, चांदी, तांबा, लाल रंग के द्रव्यों के भावों में आगामी ४० दिनों में अच्छी तेजी चलेगी। माह में ता. १६ जुलाई की प्रातः चांदी, सोना में मंदी १०० तो २० तेजी लगाना। इसी प्रकार गुड़, तेल, सरसों, ग्वार में १०० तेजी तो २० मंदी लगाना।

द्वितीय श्रावण-माह में सुपीरियर लाईन सुदी षष्ठी तक चलती रहेगी। बाद सुदी अष्टमी ता. २३ अगस्त से इन्फीरियर लाईन चलने लगेगी। अतः जिन वस्तुओं में अब तक ता. २१ अगस्त शनिवार तक तेजी चली आ रही हो उन वस्तुओं का स्टॉक अवश्य बेच लेना। चावल, देशी घी, गुड़, चीनी, खाण्ड का स्टॉक अवश्य बाहर करना चाहिए। इस माह के पांच रविवार लाल रंग की वस्तुओं तथा तिलहनों के भावों में तेजी कारक हैं। अधिकांश मार्केटों का रुख तेजी की ओर रहा करता है। अतः प्रथम पक्ष में विशेष तेजी की चाल चलेगी। शेयर मार्केटों में विपरीत प्रभाव करेगा। ता.२ अगस्त की शाम आश्लेषायां रवि के प्रभाव से आगामी एक पखवारे में अलसी, तिल, तेल, चना, अफीम, नील व मद्य पदार्थ, गुड़, खाण्ड, चीनी के भावों में तेजी के उछाले आएंगे। ता. ८ अगस्त रविवार की प्रातः वक्री बुध से सोना, चांदी के भावों में आगामी २० दिन में तेजी जोरदार करेगा। यहां पर वायदा मार्केटों में तेजी मंदी लगानी लाभप्रद होगी। आगे ता. १६ अगस्त को शाम ४ बजे लगभग सिंह संक्रांति का लगना हल्दी, सोना, मूंग व पीले रंग की वस्तुओं के भावों में तेजी करेगा। और साथ ही गुड़, चना, चमड़ा, सौंठ, अदरक, केसर के भावों में भी तेजी की चाल चलेगी। धान्यों के भावों में मंदी का रुख रहने की धारणा है। मंगलवारी चन्द्रदर्शन ता. १७ अगस्त को होने से आज बने ऊंचे व नीचे भाव सरसों, गुड़, सोया तेल, मूंगफली, अलसी, ग्वार, सोना, चांदी, पीपरमेंट तेल के वायदा मार्केटों में जिस ओर ता.१८ अगस्त को काटकर मार्केट चलेगा, तब वही लाईन २० अगस्त तक चल पड़ेगी। यहां पर उक्त वस्तुओं के साथ-साथ वायदा वस्तु के हर मार्केट में तेजी-मंदी नजराने लगाने लाभप्र[illegible] होंगे। बाद नागपंचमी शनिवारी होने के प्रभाव से ता. २७ अगस्त द्वितीया श्रावण सुदी द्वादशी तक इकतरफा पलट होकर मार्केट चलेगा। अतः जो वस्तुएं ता. २० अगस्त तक तेज रहें तब उनमें मंदी ता. २१ से २७ तक चलेगी। अन्त में, ता. ३० अगस्त को १५ घटी ४० पल पर पू.फा. नक्षत्र में सूर्य के संचरण से चांदी, कपास, कपड़ा, चावल, गेहूं, सरसों, तिल, ज्वार, जीरा, देशी घी के भावों में तेजी का बिगुल आगामी १४ दिन में बनेगा। ता. २७ अगस्त को कन्या में गुरु के असर से गेहूं, घी, ज्वार, मूंग, मोंठ, तेल तेज होंगे।

भाद्रपद-माह में इन्फीरियर लाईन का प्रभाव तेजी का रहेगा। साथ ही पांच मंगलवारों से युक्त यह माह तेजी का ट्रेन्ड बनाएगा। फिर भी कुछ वस्तुएं मंदी की ओर चलेंगी। माह में ३१अगस्त को रात्रि में बुधोदय होगा जिसका प्रभाव जोरदार चाल देने वाला होगा। यहां पर गुड़, खाण्ड, सोना, पाट, हल्दी, सरसों, चना के वायदा बाजारों में दोतरफा गली या नजराने फलेंगे। ता. १ सितम्बर की प्रातः कर्क राशि में शुक्र के संचरण से आगे २५ दिन के अन्तर्गत रुई, कपास, सूत के भावों में बढ़ोत्तरी होगी। ता. ५ सितम्बर को कर्क राशि में शनि देव के संचरण से अनाजों के भावों में भारी तेजी होगी। सोना, हल्दी आदि पीले रंग की

वस्तुएं जिस ओर तीन दिन चले तब उसी ओर लाईन पकड़कर लाभ उठाएं। ता. ८ सितम्बर को गुरु देव शाम के समय अस्त होने के बाद धान्यों में मंदी का विशेष प्रभाव। ता. ११ सितम्बर को शाम उ.फा. में मंगल से गुड़, खाण्ड में तेजी होगी। जो आगे १० दिन में ही अच्छा प्रभाव बनाएगी। इसी तेजी में स्टॉक बेचना विशेष लाभप्रद होगा। बाद ता. १३ सितम्बर को प्रातः उ.फा. नक्षत्र में सूर्य देव के पदार्पण के बाद सोना, चांदी, घी, तेल, सरसों, सोयाबीन, सूरजमुखी, अरण्डी, लोहा, सीमेंट, पीपरमेंट, सुपारी, मूंग, बांस, सूत, अफीम, शराब के भावों में तेजी की चाल। शुक्ल पक्ष में प्रतिपदा को रात्रि में ४७ घटी २१ पल पर पू.फा. में बुध देव प्रवेश करेंगे। गेहूं, जौ, चना, मटर, ग्वार, ज्वार के भावों में मंदी, इस पक्ष में रहने की धारणा है। अगले दिन शाम ४ बजे के बाद कन्या संक्रांति के प्रभाव से मटर, ग्वार, गेहूं, मूंग, चावल, ज्वार, राई, कत्था, गोंद, कतीरा, धनियां, मेहंदी, पिस्ता आदि वस्तुएं तेज होंगी। सरसों आदि तिलहनों में मंदी होगी। यहां पर यह अवश्य ध्यान रखें कि सितम्बर माह में ता. ८ से १६ के बीच बने उच्चतम तथा न्यूनतम भाव अत्यधिक महत्वपूर्ण होंगे। जिस वस्तु में उक्त अवधि के बीच बने उच्चतम भाव से ता. १७ सितम्बर को या बाद में मार्केट बढ़े तब उसमें अवश्य तेजी बनेगी। ता. २० सितम्बर की प्रातः बुधास्त का होना लम्बी मंदी की लाईन बनाएगा। गुड़, खाण्ड, रुई, सूत, कपास, गेहूं, जौ, चना, मटर, सोना-चांदी, जूट, पाट, बारदाना में मंदी तथा सरसों, तिल तेल, पीपरमेंट में दोतरफा चाल देगा। यहां इन्हीं वस्तुओं के वायदा मार्केटों में ता. २० सितम्बर को १२ बजे ५० मंदी तो १० तेजी भी लगाना लाभप्रद होगा। आगे ता. २२ सितम्बर की रात्रि में कन्या राशि में मंगलदेव का प्रवेश तिलहनों, सोना-चांदी, हल्दी, मूंग, मोंठ, गुड़, खाण्ड, चीनी व लाल रंग की वस्तुओं के भावों में विशेष मंदी की चाल देंगे। गेहूं, चना में तेजी का रुख रहने की धारणा है। धान्यों में गिरावट होगी। ता. २५ सितम्बर को व्यापार पति बुध भी कन्या राशि में प्रविष्ट होंगे। जो अपना प्रभाव ता. २७ सितम्बर से दिखाएंगे। सोना, खाण्ड में विशेष चाल देंगे। ता.२७ को ता. २६ के ऊंचे या नीचे भाव जिस ओर कटेंगे तब उसी ओर चाल एक सप्ताह की रहेगी। सुदी पूर्णिमा को २४ घटी पर सिंहे शुक्र के प्रभाव से सोना में तेजी की चाल चलेगी।

आश्विन-माह में ता. ५ अक्टूबर तक इन्फीरियर लाईन चलकर ता. ६ अक्टूबर से सुपीरियर लाईन चालू हो जाएगी। जिसके प्रभाव से शेयर बाजारों तथा वायदा मार्केटों की चाल एकदम से पलटेगी। माह में पांच बुधवार व पांच ही गुरुवार होंगे। जो सार रूप में मंदी का प्रभुत्व अधिकांश वस्तुओं में करेंगे। बुध अस्त अवस्था में चलते रहेंगे। जो मंदी को ही बढ़ावा देने वाले सिद्ध होंगे। बदी पक्ष में नवमी तिथि की वृद्धि ता. ८ अक्टूबर को होगी। यह वृद्धि मंदी को ही प्रोत्साहन देगी। बदनी मार्केटों में हर बढ़े भाव बेचान बोलते हुए लाभ उठाना चाहिए। बदी छठ की रात्री में गुरुदेव का उदय होना पीले रंग की वस्तुओं में चाल पलटेगा। पीले रंग की वस्तुओं के वायदा व्यापारों में नजराने लगाने लाभप्रद होंगे। ता. ३० सितम्बर से २ अक्टूबर तक सूर्य वर्गोत्तम में रहने से तिलहनों के वायदा मार्केटों में तूफानी चाल बनेगी। ता. १० अक्टूबर रविवार आश्विन बदी एकादशी को चित्रा नक्षत्र में सूर्य देव का संचरण करना गेहूं, चना, कपास, रुई, अरहर, सूत, केसर, लाख व चपड़ा में तेजीकारक है। यह तेजी आगामी १४ दिनों तक चलेगी। बदी त्रयोदशी मंगलवार को तुला राशि में बुध के प्रभाव से किराने की वस्तुओं के भावों में मंदी होगी। धान्यों में साधारण तेजी होगी। सुदी दोज को शुक्रवारी चन्द्रदर्शन प्रथम तेजी करके बाद मंदी कारक ता. १६ अक्टूबर से होगा। बाद ता. १६ अक्टूबर की रात्रि में तुला संक्रांति के प्रभाव से रुई, सिल्क, अरहर, गेहूं, धान, चावल, सूती वस्त्र, खोपरा, पोस्तादाना, साबूदाना में तेजी का रुख बनेगा। शेयर मार्केट में जोरदार तेजी होगी। नोट-अगर ता. १८ अक्टूबर को ता. १५ अक्टूबर के बने नीचे भाव टूटें तब मंदी ही आगे चलेगी।

ता. १४ अक्टूबर से १९ अक्टूबर तक सूर्य देव के वर्गोत्तम अवधि में विशेष तेजी या विशेष मंदी बनेगी। धारणा वायदा मार्केटों में तेजी की है। आगे ता. २२ अक्टूबर को चित्रा में मंगल से चावल, गेहूं, सोना-चांदी, तांबा आदि धातुएं तेजी पर जाएंगी। किराना में जीरा, धनियां, इमली, अमचूर, दाख, सुपारी, गोला में नरमी बनेगी जो १२ दिन में चलेगी। ता २४ अक्टूबर को स्वाती में सूर्य गुड़, खाण्ड, तेल, सरसों, अलसी, मूंगफली, जीरा, धनियां, सुपारी, लालमिर्च में मंदी की चाल देंगे। ता. २६ अक्टूबर की प्रातः पश्चिम दिशा में बुधोदय होगा जो रुई, कपास, गुड़, खाण्ड, सोना, चांदी में तेजीकारक होगा। जूट, पाट, सन, हैसियन, शेयर मार्केट में जोरदार चाल चलेगी। यहां पर ता. २६ की प्रातः दोतरफा गली वायदा मार्केटों में लगानी लाभप्रद होगी। शनिदेव की दृष्टि कन्या राशि में बैठे सूर्य, मंगल, गुरु और बुध पर ता. ११ अक्टूबर तक रहेगी। बाद सूर्य, मंगल व गुरु पर ता. १२ अक्टूबर से १६ तक रहेगी। अतः ता. २९ सितम्बर से तीन दिन में जो भी पीली या लाल रंग की वस्तुएं तेज रहें उनमें मोटी तेजी ता. १६ अक्टूबर तक होगी। हरे रंग की वस्तुएं ता.११ अक्टूबर तक ही तेज होंगी। काले रंग की वस्तुओं में जोरदार मंदी होने की धारणा है। माह के अंत में पुष्य के प्रथम चरण में शनिदेव का प्रवेश होना रुई, कपास, शक्कर, रस, नमक व तेलों के भावों में तेजी करेगा। पूर्णिमा को चन्द्रग्रहण जोरदार घट-बढ़ मात्र कारक होगा। लाल रंग की वस्तु ही विशेष चाल पकड़ेंगी।

कार्तिक-माह में पांच शुक्रवार का होना सफेद रंग की वस्तुओं में विशेष चाल देंगे। माह के आरंभ में तीज को वृश्चिक में बुध व चतुर्थी को तुला राशि में मंगल प्रविष्ट होकर ता. ४ नवंबर कार्तिक बदी सप्तमी गुरुवार को मंगल उदय से लाल रंग की वस्तुओं के भावों में आगे विशेष मंदी चलेगी। बदी एकादशी सोमवार को १२ बजे लगभग शनिदेव वक्री होंगे। तब से सफेद व काले रंग की वस्तुएं विशेष चाल से चलेंगी। धारणा चांदी, कपूर, पीपरमेंट तेल, रुई, कपास, लोहा, लौंग, ग्वार, कालीमिर्च में विशेष चाल चलने की है। शेयर मार्केटों में भी विशेष उठा-पटक होगी। यहां पर धारणा विशेष रूप से तेजी की है तथापि ता. ८ नवंबर से ५ दिन में जिस वस्तु में भाव मंदे रहें उसमें तेजी न मानना। गुड़, खाण्ड में मंदी। ता. १२ नवंबर को प्रातः काल ज्येष्ठा में बुध तथा दोपहर में चित्रा में शुक्रदेव प्रविष्ट होंगे। आज ही दीपावली शुक्रवारी भी है। चावल, गुड़, घी के भावों में तेजी होगी। वर्षा की खेंच होगी और आगे २० से २४ दिन में गेहूं, तिल, तेल व रुई के भाव तेज होंगे। ता. १५ नवंबर को वृश्चिक संक्रांति के प्रभाव से गुड़, खाण्ड, शक्कर, लोहा, लाख, अलसी, सोयाबीन, पीली सरसों, कंगुनी, पारा, सुपारी के भावों में तेजी होगी। चावलों में मंदी। साथ में १६ नवंबर से ३ दिन में जो भी वस्तु तेज रहे वह ही वस्तु तेजी में रहेगी। ता. १७ नवंबर की शाम तुला राशि में शुक्र के प्रभाव से रुई, कपास, खल, बिनौला, कपूर, चांदी, ग्वार, गुड़ में तेजी होगी। ता. २३ नवंबर की रात्रि में धनु राशि में बुध के प्रभाव से ता. २४ नवंबर से वायदा मार्केटों में जो चाल चलेगी वह ता. २६ तक चलकर पलट जाएगी। चावल, धान के भावों में जोरदार मंदी। ता. ५ नवंबर को ता. ४ को चली चाल के खिलाफ गली लगाना। ता. ८ नवंबर को १२ बजे लगभग दोतरफा गली लगाना। ता. १६ नवंबर की शाम को भी दोतरफा गली लगाना।

मार्गशीर्ष-माह में पांच शनिवार व पांच ही रविवार हैं। जिनके प्रभाव से तेजी की जोरदार लाईन भी बनेगी। माह में प्रथम पक्ष में तृतीया तिथि का बढ़ना तथा शुक्ल पक्ष में प्रतिपदा तिथि का क्षय तेजी की लाईन देंगे। माह में बदी चतुर्थी को प्रातः वक्री बुध से खुश्क मेवा, बादाम, काजू, पिस्ता, खुमानी, मुनक्का, अखरोट, चिरौंजी आदि तथा फलों के भावों में तेजी। ता.२ दिसम्बर को दोपहर में ज्येष्ठा नक्षत्र पर सूर्यदेव का होना सोना, चांदी, धान्य, चावल, सरसों, रुई के भावो में तेजी १५ दिन में होगी। ता. ५ दिसम्बर की रात्रि में बुधास्त के प्रभाव से रुई, कपास, बिनौला, खल, गुड़, चीनी, खाण्ड, गेहूं, जौ, चना, मटर, मूंग, मोंठ, सोना-चांदी, तांबा आदि धातुओं के भावों में तेजी होगी। सफेद रंग की वस्तुएं विशेष तेजी पर ता. १६ दिसम्बर तक चलने की धारणा है। बाद ता. १७ दिसम्बर से वही चाल चलेगी जिस ओर ता. १७ को पिछले मंगल के ऊंचे या नीचे भाव जिस ओर कटेंगे तब उसी ओर मार्केट का रुख समझ लेना। और ता. १८ को भी १७ के भाव ऊंचे कटें तब तेजी जानना। विपरीत में विपरीत चाल चलेगी। रुई खरीदना, गेहूं-चना-मेंथा बढ़े भावों में बेचना। ता. २० दिसम्बर को अगर आज १ बजकर ३१ मिनट तक पिछले गुरुवार के नीचे बने भाव कटें तब मंदी का चांस अवश्य ही आगे उसी वस्तु में चल पड़ेगा। यह बात शेयरों पर भी पूर्ण लाभकारी सिद्ध होगी। इससे पहले ता.१५ दिसम्बर मार्गशीर्ष सुदी चतुर्थी बुधवार को शाम के बाद धनु संक्रांति के प्रभाव से शेयर, आलू, रबड़ व रबड़ से बने पदार्थ, पीले वस्त्र, अस्त्र, बादाम आदि मेवा, गंधक, हाथी दांत से बने सामान के भावों में वृद्धि होगी। सरसों, तिल, तेल अलसी, मूंगफली व तिलहनों के भावों में मंदी होगी। आलू तेज रहने पर भी स्टॉक न करें। देशी घी, सोना-चांदी के भावों में गिरावट चलेगी। गुड़ में मंदी का रुख। ता. १६ को प्रातः बुधोदय होगा जो बुधास्त की तेजी की वस्तुओं में तेजी देकर मंदी करेगा। ता. १६ दिसम्बर की रात्रि में वृश्चिक राशि में मंगल के संचरण से रुई, बिनौला, कपास, पीपरमेंट, उड़द व द्रव्य पदार्थों के भावों में तेजी चलेगी जो लगभग १५ दिन चलेगी। माह में ता. ३० नवम्बर, ६ दिसम्बर एवं १५ दिसम्बर को दोतरफा गली लगाना।

पौष-माह में इन्फीरियर लाईन चलेगी। पौष बदी पक्ष में मंदी तो पौष सुदी पक्ष में तेजी का प्रभाव। हर मंगलवार को मार्केटों में चाल पलटेगी।

संक्रांति पौष सुदी पंचमी जो कि तेजीकारक होगी। माह में लाईन चलने पर नये भाव २८ दिसम्बर, ४ जनवरी, ६ जनवरी, १२ जनवरी, १८ जनवरी को बनेंगे। सूर्यदेव के अधिकार की वस्तुएं तेज होंगी। पौष बदी अष्टमी को सूर्यास्त के बाद धनु राशि में शुक्र तथा नवमी ता. ५ जनवरी २००५ के शाम को धनु में बुध देव के संचरण के बाद भयंकर मंदी की चाल रुई, कपास, सूत, सूती वस्त्रों, कपूर, पीपरमेंट, गुड़, खाण्ड, चीनी में चलेगी। विशेष वायदा रिमार्क है कि ता. ७ जनवरी शुक्रवार को बन्द समय पर जिन वायदा वस्तुओं में तेजी रहेगी वही वस्तुएं आगे तेजी पर जाएंगी। किन्तु जिन वस्तुओं के भावों में मंदी रहे और ता. ८ जनवरी को ता. ७ के बने नीचे भाव भी टूटें उन्हें बेधड़क बेचकर आगामी तीन दिन में ही विशेष लाभ मिलेगा। ता. १० जनवरी पौष बदी अमावस्या को उ.षा. नक्षत्र में सूर्य के प्रभाव से तिल, तेल, सरसों, अलसी, अरण्डी, सींगदाना के भावों में विशेष तेजी का प्रभाव पड़ेगा। ता. १३ जनवरी मकर संक्रांति से गुड़, खाण्ड, शक्कर, रस पदार्थों के भावों में मंदी। गेहूं, जौ, चना, मूंग, मोठ, मसूर, उड़द में तेजी। नोट-अगर किसी वस्तु में ता. १३ के बने नीचे भाव ता. १४ को टूट जाए तब मंदी। ता. १४ जनवरी को प्रातः वक्री अवस्था में मिथुन राशि में शनिदेव का वक्री होना लोहा, सीमेंट, काले रंग की धातु, शेयर मार्केटों में उड़द, तिल काले व काले रंग के पदार्थों में विशेष उलट-पुलट करेंगे। ता. १४ व १५ जनवरी में जिस ओर वस्तुमात्र में जो भी रुख रहेगा वही रुख जनवरी माह में चलता रहेगा। पौष सुदी पूर्णिमा की रात्री में बुध देव का अस्त होना गेहूं, जौ, चना, देशी घी, उड़द, मूंग, मोठ, अरहर, सोना-चांदी, तांबा, पीतल आदि धातु, गुड़, खाण्ड, चीनी, शक्कर, रुई, सूत, कपास में लम्बी लाईन मंदी को देगा। एक माह तक तेजी का कोई योग नहीं है। ता.२५ जनवरी को पिछली ता.२१ जनवरी के बने नीचे भाव से ऊंचा खुलकर जिस वायदा वस्तु में भाव टूटेंगे, तब उनमें भयंकर मंदी का श्री गणेश होगा। साथ ही आज के बने नीचे भाव जिस मार्केट के (चाहे वह हाजिर हो या वायदा) हों उससे ता. २६ को टूट जाएं तब मंदी की धारणा बनाकर लाभ उठाना।

माघ-माह में पांच बुध व पांच ही गुरुवारों का होना विशेष चाल देने वाला होगा। मार्केटों में मंदी। प्रथम पक्ष में तिथि क्षय तथा शुक्ल पक्ष में तिथि वृद्धि घोर मंदी को सूचक है। शनि देव तमाम माह में मिथुन राशि पर वक्री अवस्था में घूमेंगे। साथ ही बुधास्त तमाम माह रहेगा। बदी प्रतिपदा को १५ घटी पर मकर राशि में बुध के प्रभाव से विशेष मंदी की चाल अन्नादि के भावों के साथ गुड़, खाण्ड, सोना, चांदी आदि धातु तथा हरे रंग की वस्तुओं के भावों में होगी। बदी तीज की रात्रि में मकर राशि में शुक्र के प्रभाव से चांदी, चावल, तिल, किराना वस्तुओं के भावों में मंदी का प्रभाव तमाम पक्ष में रहेगा। साथ ही रिलायंस व टैक्सटाइल शेयर व पीपरमेंट व पीपरमेंट तेल के भाव जोरदार मंदी में रहेंगे। नोट-जो वस्तु ता. २१ जन. को तेज रहे और ता. २८ के बने ऊंचे भाव भी कट जाएं तब तेजी ही जानते हुए व्यापार करना चाहिए। माघ बदी दसमी को १३ घटी पर गुरुदेव वक्री होंगे,जो हल्दी, सोना, मूंग, चना दाल व पीले रंग की वस्तुओं के भावों में मंदीकारक होंगे। विशेष-अगर ता. ४ फरवरी को बने ऊंचे भाव से ता. ५ फरवरी को मार्केट बढ़े, तब तेजी १०० तो विपरीत में २० मंदी भी लगाना लाभप्रद होगा।

ता. ५ फरवरी को धनिष्ठा में सूर्य देव के संचरण से विशेष चाल चलेगी जो मूंग, मसूर, नील व तिलहनों के भावों में प्रभावकारी रहेगी। धारणा तेजी की है। ता. ९ फरवरी सुदी प्रतिपदा को धनिष्ठा में बुध के प्रभाव से वायदा वस्तुओं में ध्यान रखें कि ता. ९ फरवरी को पिछले शनिवार के बने ऊंचे भाव कटें तब तेजी और नीचे भाव कटने पर मंदी का व्यापार एक सप्ताह तक करना लाभप्रद होगा। साथ ही जिस वस्तु में ता. ९ को पिछले शनिवार के नीचे भाव टूटें, साथ ही ता. १० फरवरी को ९ के बने नीचे भाव भी टूट जाएं तब मंदी की चाल ही जानना। सुदी पंचमी रविवार को शाम २१ घटी पर कुंभे बुध तथा शनिवार को शाम २७ घटी लगभग कुंभ संक्रांति के प्रभाव से गेहूं, जौ, चना, मटर, गुड़, खाण्ड, सरसों में मंदी होगी। जूट, पाट, बारदाना, सन में विशेष मंदी आने पर स्टॉक में हाथ डालना लाभप्रद होगा। घी देशी का स्टॉक १४ दिन की मंदी में करना। माह में ता. २६ जनवरी की प्रातः १०० मंदी तो २५ तेजी लगाना। ता. २४ जनवरी को दोतरफा गली अवश्य लगाना।

फाल्गुन-माह में पांच शुक्रवारों का होना क्षय पदार्थों में विशेष मंदी का चांस देगा। अतः गुड़, खाण्ड में विशेष मंदी होगी। कम्प्यूटर व साफ्टवेयर शेयरों में विशेष तेजी के योग समय-समय पर बनेंगे। अतः घटे भावों में लिवाली लाभ देगी। बदी दसमी का क्षय प्रथम पक्ष में मंदी को इंगित करता है। द्वितीय पक्ष में द्वादशी तिथि की वृद्धि भी मंदी का ही बोलबाला रखेगी। अतः उछाले में बेचान करना व्यापारिक वस्तुओं में लाभकारी होगा। माह में जीरा, धनियां का स्टॉक किया जा सकता है। ता. २५ फरवरी से १ मार्च तक पिछली चाल ही चलती रहने की धारणा के बाद ता. १ मार्च की शाम को मीने बुध व रात्रि में बुधोदय क्रमशः होंगे। यहां पर उड़द, मूंग, मोठ, अरहर, मसूर आदि दालों व हरे रंग के पदार्थ व वस्तुएं तेज होने की संभावना है। तथापि आगे दो दिन का रुख विशेष महत्वपूर्ण है। ता. ४ मार्च को दोपहर को पू.भा. नक्षत्र में सूर्य देव के प्रभाव से सोना, चांदी, गेहूं, चना, उड़द, घी, रुई, रेशम, गुग्गल, पीपला मूल, जीरा, धनियां के भावों में १४ दिन में तेजी की चाल चलेगी। जिन वस्तुओं में दोतरफा ग्रह स्थिति बनी हो उनमें तीन दिन का रुख महत्वपूर्ण होगा। बदी नवमी को दसमी तिथि का क्षय वायदा वस्तुओं में मंदी का प्रभाव बनाएगा। ता. ७ मार्च को उ.षा. में मंगल तीन सप्ताह के लिए धान्य, गुड़, घी देशी, नमक व क्षारीय पदार्थों के भावों में तेजी करेगा। ता. ११ मार्च की प्रातः मकर में मंगल के प्रभाव से सभी प्रकार के धान्यों में मंदी होगी। घी, तेलों में तेजी होगी। रुई में ३ दिन में मंदी आकर बाद में तेजी होगी। सुदी चतुर्थी को मीनेऽर्क शाम को संचरित से सुगन्धित पदार्थ, हीरा, औषधीय पदार्थ, मोम, मोती, सीप, सरसों, तिल, तेल, अलसी, अरण्डी के भावों में तेजी का प्रभाव बनेगा। विशेष-अगर ता. ८ से १४ मार्च के बीच बने उच्चतम भाव से मार्केट ता. १५ मार्च को या बाद में बढ़ें तब तेजी की चाल ता. २५ मार्च तक चलती रहेगी। बदी एकादशी ता. २१ मार्च को रात्रि में बुधास्त तथा मीन राशि में शुक्र के संचरण से गुड़, खाण्ड, चीनी, सोना-चांदी, उड़द, मूंग, मोठ, मटर, जीरा, धनियां, पिस्ता, रुई, कपास, खल, बिनौला के भावों में तेजी की चाल चलेगी। यहां पर जोरदार तेजी होने की धारणा है। विशेष-माह में ता. १ मार्च को १२ बजकर ३० मिनट पर सोना, चांदी, गुड़, सरसों, पाट, अरण्डी, निकिल, हल्दी, सोया तेल, वायदा में दोतरफा गली लगाना लाभप्रद होगा। ता. २१ मार्च १ बजे लगभग की दोतरफा गली लगाना।

चैत्र-यह पक्ष शनिवार व रविवार के प्रभुत्व में रहेगा। बुध अस्त रहते हुए चैत्र बदी एकादशी ता. ६ अप्रैल को प्रातः समय उदय हो जाएंगे। जो तेजी का प्रभाव गुड़, खाण्ड, चीनी, रुई, सूत, कपास, बिनौला व खल, सोना-चांदी, तांबा, पीतल व धातुओं के रुख में रहेगा। विशेष-माह में ता. २८ मार्च को पिछली ता. २४ मार्च के बने ऊंचे भाव से मार्केट बढ़े, तब खरीदकर व्यापार करना और तेजी लगाना लाभप्रद होगा। सरसों, सोया के वायदा बाजारों पर ता. २८ मार्च को ता.२६ के बने ऊंचे या नीचे भाव जिस ओर कटेंगे तब उसी ओर व्यापार करना लाभप्रद होगा। धारणा मंदी की है। ता. ३१ मार्च चैत्र बदी षष्ठी की प्रातः रेवती में सूर्य के संचरण से तुवर, मूंग, उड़द, चावल, लहसुन, रुई, लाख, सब्जी, मोती, जल से उत्पन्न होने वाले पदार्थ, रत्न, फूल, फल, सुगन्धित पदार्थों के भावों में आगामी १४ दिन तेजी के रहेंगे। ता. २ अप्रैल चैत्र बदी अष्टमी की रात्रि में पुनर्वसु नक्षत्र के तीसरे चरण में सूर्य के संचरण से विशेष चना, गेहूं, रुई, अलसी, जौ, कपास, सूत, सन के भावों में तेजी होगी। चैत्र बदी द्वादशी को त्रयोदशी तिथि का क्षय होने से अगर ता. २ अप्रैल के बने ऊंचे भाव किसी वायदा में कटें तब तेजी आगामी पांच दिन चलेगी। ता. ६ अप्रैल को बुधोदय के प्रभाव से भारी उथल-पुथल मार्केटों में होंगी। कुछ नरमी व कुछ वस्तुओं में तेजी का रुख बनेगा। यहां पर ता. ६ अप्रैल ११ बजे दोतरफा गली लगाना। इसके पूर्व ता. ३१ मार्च की प्रातः भी दोतरफा गली वायदा मार्केटों में लगानी चाहिए।

पाठकों की समस्याएं और ज्योतिषीय समाधान

ज्योतिषाचार्य आचार्य पंडित टुनटुन शास्त्री, (ज्योतिष विशारद, ज्योतिष वाचस्पति, डोलीट मानद) हस्तरेखा यंत्र विशेषज्ञ, रत्न सलाहकार (अन्तर्राष्ट्रीय स्वर्ण पदक प्राप्त एवं नेपाल राष्ट्र द्वारा सम्मानित), करौन्दी, पो.-सरॉव (नटवार), रोहतास, बिहार-802218. दूरभाष-06185-246480, 260073

संसार में समय को सर्वोपरि शक्ति के रूप में मान्यता प्राप्त है। ये शक्तियां प्रायः बनती और बदलती रहती हैं। पर एक मात्र काल ही ऐसी शक्ति है जिसका कभी बिनाश नहीं होता है। पर उसका प्रभाव प्रत्येक नर-नारी पर अलग-अलग पड़ता है। इस परिवर्तन के कारण ही मानव जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। उसी समय परिवर्तन के कारण ही मानव जीवन में आए भूचाल से मनुष्य टूटा सा, हरा सा, हताश, परेशान, अनेक विडम्बनाओं से दुखी रहता है। तथा लाचार होकर शांति के खोज में इधर-उधर भटकने लगता है। ऐसे ही अनेक समस्याओं से ग्रस्त पाठकों की समस्याओं का समाधान लिखने का प्रयास कर रहा हूं। मेरे इस प्रयास से किसी भी पाठक को कुछ भी लाभ हुआ तो मैं अपना प्रयास सार्थक समझूंगा।

1. क्या अपने जीवन में तनाव, धार, कष्ट अनुभव कर रहें हैं?

तनाव, परेशानी, दुख-सुख यह तो मानव जीवन में आए क्षण-प्रतिक्षण, परिवर्तन का स्वरूप है। यदि स्त्री-पुरुष इन अवस्थाओं को लेकर हर पल इसी में डूबा रहे कि मैं सबसे बड़ा दुखी हूं, मेरे जैसा कोई व्यक्ति कष्ट में नहीं है, तो वह शनैः-शनैः स्वतः ही बोझिल, निराश और उदास जीवन की ओर उन्मुख हो जाता है। और स्वयं की योग्यताओं का हनन करता चला जाता है। आप स्वयं को प्रसन्नचित बनाएं। आप प्रयास करने पर भी खुशगवार नहीं बना पा रहे हों तो कुछ प्रयोग इस प्रकार करें-प्रातः काल उठकर दो किलोमीटर जोर-जोर से पैदल चलें खाली पैर। साथ ही घर आते ही नित्य क्रिया से निवृत्त होकर अश्वगन्धा चूर्ण तथा ब्राह्मी चूर्ण 2-2 ग्राम खाली पेट शुद्ध जल से सेवन कर तत्काल स्नान कर, सफेद आसन पर बैठकर रुद्राक्ष माला से 'ॐ जूं सः' (अपना नाम लेकर) पालय-पालय सः जूं ॐ मंत्र का जाप 11 माला नियमित करना चाहिए। साथ ही पारद शिवलिंग दर्शन-पूजन अपने घर में करते रहें। संभव हो तो श्रीयंत्र युक्त नवरत्न लॉकेट और चिकना स्फटीक माला, नवग्रह बीज मंत्र से सवालाख प्राण-प्रतिष्ठा युक्त किसी भी दिन को धारण करें।

2. आप किसी शिक्षा प्रतियोगिता में प्रयास करते-करते थक चुके हैं? निराश मत होइए।

आप छोटा या बड़ा अपनी योग्यता के अनुसार बार-बार प्रयास करते-करते थक चुके हैं। आप सफलता से सदैव ही वंचित रहे, आप निराश होने से बचें, सतत् प्रयास जारी रखें और कुछ उपाय इस प्रकार करें-प्रातः काल उठकर, नित्यक्रिया से निवृत्त होकर, अश्वगंधा, शंखपुष्पी चूर्ण दोनों मिलाकर तीन ग्राम गौ दूध के साथ खाली पेट सेवन कर स्नान वगैरह करके, विद्या की देवी सरस्वती की अराधना कर, पारद शिवलिंग चांदी की कटोरी में रखकर नियमित 'ॐ नमः शिवाय' मंत्र का जाप पांच माला नियमित करें। साथ ही गला में किसी रविवार को नवरत्न लॉकेट रुद्राक्ष माला के साथ विद्या वृद्धि सरस्वती कवच लॉकेट धारण करें तो शिक्षा-परीक्षा में सफलता अवश्य प्राप्त होती है।

3. क्या आपका हृदय अनियंत्रित अथवा खतरे में है?

आज के भाग-दौड़ में हृदय से संबंधित समस्याएं दिनों-दिन बढ़ती जा रही हैं। हृदय में खराबी आने से पहले अनिद्रा, रक्तचाप, मानव शरीर पर प्रस्फुटित होने लगती है। ये लक्षण हृदय रोग के प्रारंभ का पहला संकेत है। ये बिमारी स्त्री-पुरुषों को असमय ही जर्जर, बूढ़ा, कमजोर और मृत्यु के समीप खड़ा कर देती है। इस बिमारी से ग्रस्त व्यक्ति के लिए अपना पूरा जीवन जीना तो दूर की बात है, वह अपने शरीर को इधर-उधर नहीं कर पाता। बिस्तर इनका साथी और औषधियां इनका भोजन बन जाती हैं। कहीं आप भी ऐसे जीवन की ओर अग्रसर तो नहीं हो रहे हैं। प्रायः यह बिमारी सूर्य, चन्द्रमा और मंगल के कारण होती है। जन्म पत्रिका में ये ग्रह छठा, आठवां, बारहवां अथवा धनभाव में शत्रुग्रही या नीच राशि में अथवा हथेलियों में विराजमान हृदय रेखा छिन्न-भिन्न जंजीराकार होने के साथ ही चन्द्रमा पर्वत पुषित हो तो यह रोग मानव को अवश्य पकड़ लेता है। इससे मुक्ति के लिए आप प्रातःकाल तीन किलोमीटर पैदल चलें, खाली पैर। और प्रातःकाल शंखपुष्पी, अश्वगंधा 100-100 ग्राम चूर्ण तथा अर्जुन चूर्ण 200 ग्राम मिलाकर प्रातःकाल 4 ग्राम सुबह-शाम खाली पेट सेवन करें। साथ ही योग्य चिकित्सक से जांच पड़ताल कराते रहें। स्नान वगैरह से निवृत्त होकर पारद शिवलिंग पवित्र जगह पर रखकर गौदूध अथवा गंगाजल में कुश डालकर योग्य विद्वान के द्वारा इक्कीस दिन तक लगातार रुद्राभिषेक करावें एवं चैत्र नवरात्रों में दुर्गासंपुट पाठ रोगान शेषानपहंसि मंत्र से पाठ करवा दें। स्वयं लाल आसन पर बैठकर रक्त चंदन के माला से-नामपाहरू दिवस निसि ध्यान तुम्हार कपाट। लोचन निज पद जन्त्रित जाहिं प्राण केहि बाट॥ मंत्र का जप तीन माला नियमित करें। साथ ही महामृत्युंजय मंत्र से प्राण प्रतिष्ठा युक्त श्री महामृत्युंजय कवच लॉकेट, चिकना रुद्राक्षमाला तथा स्पेशल स्वर्ण धातु में नवरत्न लॉकेट अवश्य धारण करें, आरोग्य प्राप्त होगा।

4. क्या विवाह के पश्चात दाम्पत्य जीवन में नीरसता आ गयी है?

विवाह के पश्चात जो उमंग, उत्साह पति-पत्नी के मध्य देखने को मिलता है वह कुछ ही समय में कम होने लगे। तनाव, झगड़ा, वैचारिक मतभेद, पारिवारिक कलह, दाम्पत्य जीवन में बिडम्बना बनकर दृष्टिगोचर होने लगे या पारिवारिक जीवन दिखावे के रूप में तो चलता है लेकिन आंतरिक रूप से उनमें आपस में कोई प्रेम या लगाव की अनुभूति नहीं रह जाती है। या अलगाव की स्थिति पैदा हो जाती है। दाम्पत्य जीवन अचानक ही बिखर जाता है। यदि आपके मध्य भी इस प्रकार से रसहीनता आती जा रही है तो आप यह समझें कि आपकी जन्म पत्रिका में सूर्य सातवां भाव में अथवा इस भाव में राहु अथवा सातवां-आठवां भाव में मंगल शनि दोष कृत निश्चित है। अथवा हथेलियों में सूर्य-शुक्र, चन्द्रमा दोषकृत होते है साथ ही विवाह रेखा पर बिन्दु क्रास या विवाह रेखा टेढ़ा-मेढ़ा हो ऐसी स्थिति में आप नवारण मंत्र से प्राण-प्रतिष्ठायुक्त स्पेशल नवरत्न लॉकेट, मोतीमाला, त्रिपुर सुंदरी, गायत्री कवच यंत्र लॉकेट तथा श्री हनुमत कवच लॉकेट एक साथ धारण कर किसी योग्य विद्वान से गौदूध से नमक-चमक रुद्राभिषेक सात दिन तक लगातार करावें। यदि ऐसा संभव नहीं हो सके तो श्री राम रक्षास्त्रोत तथा आदित्य हृदय स्त्रोत नियमित करें तो दाम्पत्य जीवन की नीरसता दूर होकर मधुरता प्राप्त होती है।

5. संतान उत्पत्ति में बाधा एवं गर्भ धारण में भी परेशानी है। क्या करें?

जन्म पत्रिका में शुक्र निर्बल होने से तथा चन्द्रमा भी दोषकृत होने से जहां पुरुषों में प्रबल वीर्य दोष होता है अर्थात् वीर्य में शुक्र नहीं बनता। वहीं स्त्रियों में मासिक श्राव अनियमित होता है तथा बच्चादानी के अंदर एवं डीम्ब ग्रन्थियों में नालिकाएं पूर्ण रूप से विकसित नहीं होती जिसके कारण स्त्री-पुरुष माता-पिता कहलाने के हक से वंचित रह जाते हैं। आज के विकसित मेडिकल साइंस भी इस रोग के सामने नतमस्तक हैं। ऐसे हजारों दम्पति इस परेशानी से मुक्ति के लिए हमारे जैसे कई ज्योतिषियों एवं चिकित्सकों के पास दौड़ते हैं परन्तु वस्तु स्थिति में कोई सुधार दृष्टिगोचर नहीं होता है। मैंने अपने शोधकाल में जो निष्कर्ष पाया है, इस रोग पर सफलता पाने के लिए वह इस प्रकार है-पुरुष अपनी तर्जनी अंगुली में शुद्ध हीरा सवारत्ती गुरुवार को धारण करें, साथ ही पुत्र संजीवनी कवच यंत्र भी धारण करें तथा स्पेशल नवरत्न लॉकेट स्फटिक माला के साथ शुक्रवार को धारण करें। साथ ही नब्बे दिन तक कुस्माकर रस 15 ग्राम, स्वर्णवागेश्वर रस 15 ग्राम, 60 ग्राम अश्वगंधा चूर्ण में खूब बुककर मिला लें तथा 60 पुड़िया दवा बनाकर सुबह-शाम 50-50 ग्राम मलाई के साथ सेवन करें। दिनभर में गौदूध 2 किलो सेवन करें। मांस-मछली, मादक पदार्थ सेवन न करें। किसी योग्य विद्वान से पारद शिवलिंग रखकर सवा माह तक रुद्राभिषेक गौदूध से करावें। सवा माह के बाद त्रियंम्बकेश्वर ज्योतिर्लिंग नासिक में हरिवंश पुराण श्रवण करें। अवश्य पिता कहलाने का अधिकार भगवान कृष्ण की कृपा से आप प्राप्त कर सकते है। जिन माताओं को उपरोक्त दोष हो वो माता स्वर्ण धातु में नवरत्न लॉकेट मोती माला के साथ किसी सोमवार को धारण, श्री संतान गोपाल कवच यंत्र की पूजा-अर्चना अवश्य करें। साथ ही अशोक चूर्ण

180 ग्राम, मकरध्वज 30 ग्राम, कुस्माकर रस 10 ग्राम कूट पीसकर तीनों दवा मिलाकर अच्छी तरह अलग-अलग बुक लें और 180 पुड़ियां बनाकर सुबह शाम गौदुध से सेवन करें। साथ ही अशोकारिष्ट दवा 3-3 ढक्कन सुबह-शाम सेवन करें।

6. पुत्र अथवा पुत्री के विवाह में अनर्गल बाधा आ रही हो तो?

विवाह एक पवित्र बंधन है। विवाह हो जाने के बाद ही स्त्री-पुरुषों का जीवन परिपक्व एवं सफल होता है। आज के भागदौड़ में अधिकतर माता-पिता पुत्र अथवा पुत्री के विवाह को लेकर काफी परेशान और चिन्तित हैं। दौड़ते-दौड़ते लाचार होकर थक जाते हैं। शीघ्र विवाह में बाधा के कारण तो कई हैं जिसमें मुख्य कारण- काल सर्प योग, मांगलिक दोष, बुध-शनि दोषकृत होना अथवा चन्द्रमा, वृहस्पति लग्न सातवां भाव में अथवा द्वादश भाव में अस्त होने से विवाह संपादन में अनेक बाधाएं उत्पन्न होती हैं। ऐसी स्थिति में वर-कन्या को श्रीमहामृत्युंजय मंत्र से प्राण-प्रतिष्ठायुक्त नवरत्न लॉकेट, मोती माला, श्रीमहामृत्युंजय कवच लॉकेट तथा श्रीहनुमत कवच लॉकेट शुक्लपक्ष में रविवार को पुष्य-पुनर्वसु नक्षत्र में धारण कराकर श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग में ग्यारह ब्राह्मण द्वारा 30 किलो दूध से रुद्राभिषेक करवा दें। स्वयं वर-कन्या 'ॐ नमः शिवाय' मंत्र का जप करें तो शीघ्र विवाह संपादन होता है।

7. घर में भूत, व्याधि से आप परेशान हैं।

परिवार में अकाल मृत्यु, पास-पड़ोस में अकाल मृत्यु से मृतक प्रेत रूप धारण कर लेता है। मृतक का जैसा स्वभाव पहले था वैसा मरकर भी उसका स्वभाव बन जाता है। वह प्रेत आत्मा रूप धारण कर परिवार में किसी प्रकार प्रवेश कर जाता है। परिवार में प्रवेश करते ही घर में तरह-तरह के उत्पात होने लगते हैं। जैसे-पागलपन, उन्माद, संकालु स्वभाव, मौन रहना, अपने आप बात करते रहना, बुद-बुदाना व अचानक सफेद दाग हो जाना, कोई ऐसा रोग जो चिकित्सक के समझ में न आवे आदि उपद्रव प्रस्फुटित होते हैं। ऐसी समस्याओं से ग्रस्त हजारों पाठकों की समस्या समाधान हेतु अनेक पत्र मेरे यहां आते रहते हैं। यदि आप इस प्रकार की समस्या से ग्रस्त हैं तो या सभी प्रकार के प्रयासों से आप असफल हो चुके हों तो एक बार पुनः प्रयास करें। घर में श्रीमहामृत्युंजय कवच यंत्र एवं दस महाविद्या का कवच यंत्र फोटो मढ़बाकर घर में किसी पवित्र जगह पर रखकर किसी योग्य विद्वान द्वारा दुर्गा संपुट पाठ, 'सर्व मंगल मांगल्ये' मंत्र का पाठ करवा दें, साथ ही घर में प्रत्येक दिन घी शाकिल का हवन करें। साथ ही सभी स्त्री-पुरुष महामृत्युंजय कवच लॉकेट और स्त्रियां दुर्गाकवच लॉकेट किसी रविवार को धारण करें, शांति प्राप्त होगी।

भारतीय मानसून एवं आकाशीय लक्षण 2004

जनवरी:- नववर्षारंभ में ता. 4 जनवरी को गुरु वक्री होने से तथा ता. 6 को बुध मार्गी होने से तथा शुक्र कुंभ में प्रवेश होने से मासारंभ में दिन का तापमान में काफी गिरावट आएगी। रात के तापमान में भी अचानक गिरावट से जनजीवन प्रभावित होगा। ता. 9, 10, 12, 13, 14 जनवरी को बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, उत्तरांचल, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा में मेघ संचार और व्यापक वर्षा के साथ-साथ ओले-पाला पड़ेंगे। ता.14 को सूर्य संक्रांति वायुमंडल में पड़ जाने से मौसम में अप्रत्याशित परिवर्तन होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त होगा। पशु-पक्षी की भी हानि होगी। ठंडक अपने चरम सीमा पर दृष्टिगोचर होगी। ता. 17, 18, 20, 27, 28 को मौसम का मिजाज परिवर्तित होगा।

फरवरी:- मासारंभ में शीतलहर का प्रकोप जारी रहेगा। ता.3 को बुध मकर में इसी तारीख को शुक्र जलीय राशि मीन में प्रवेश करने से शीतलहर के प्रभाव में वृद्धि होगी। ता.15 को बुध पूरब में अस्त होने से शीतलहर के प्रकोप को शांत करेगी। किन्तु कहीं-कहीं भारी से साधारण वर्षा पड़ने की संभावना है। ता.3, 6, 8, 12, 13 को तीव्र वायु वेग के कारण मौसम में ठंडक का प्रकोप बढ़ जाएगा। उपल वृष्टि से फसलों को नुकसान पहुंच सकता है। कुंभ की संक्रांति अग्नि मंडल में पड़ गयी है। मैदानी इलाकों में ता. 22 के बाद आकाश साफ रहेगा। ऋतु विपर्यय का अनुभव होगा।

मार्च:- मासारंभ में शनि मार्गी होने से मौसम का क्रम अव्यवस्थित रहेगा। ता. 9 को बुध मीन में प्रवेश होने तथा मंगल को वृष में प्रवेश करने से मौसम में अचानक परिवर्तन लाएगा और दिन के तापमान में वृद्धि करेगा। ता. 14 को सूर्य मीन में तथा ता. 18 को बुध पश्चिम में उदय होने से पूर्वा हवा जोर-जोर से चलने से जहाँ-तहाँ साधारण वर्षा से खड़ी फसलों को नुकसान होगा। पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, बिहार के कुछ क्षेत्रों में व्यापक वर्षा भी हो सकती है। जो ऋतु विपर्यय करेगा। ता. 28 को शुक्र वृष में प्रवेश करने से दिन के तापमान में अचानक वृद्धि होगी और मौसम सुहाना हो जाएगा।

अप्रैल:- ता. 7 को बुध वक्री होने से तथा ता. 9 को बुध पश्चिम में अस्त होने से मासारंभ में मौसम खुष्क और सुहावना रहेगा। गुलाबी जाड़ा और बसंती हवा में खुष्की बनी रहेगी। ता. 2, 3, 5, 8, 11, 14 को कहीं-कहीं मामूली वृष्टि या बूंदा-बांदी की संभावना है। पर्वतीय क्षेत्रों में हिमपात हो सकता है। ता. 13 को सूर्य मेष राशि में प्रवेश करके उष्णता बढ़ाएगा। इससे दिन के तापमान में अप्रत्याशित तापमान से पारा तेजी से ऊपर उठेगा। ता. 22 को बुध मीन में तथा ता. 26 को बुध पूरब में उदय होने से पूरब, उत्तर क्षेत्रों में वर्षा, तूफान से व्यापक जन-धन की हानि होगी। ता. 20, 22, 24, 26, 29, 30 को मौसम परिवर्तित होगा।

मई:- ता. 2 को बुध मार्गी एवं ता. 5 को गुरु मार्गी होने से मौसम में उष्णता बढ़ेगी। दिन के तापमान में वृद्धि होगी। ताप लहर का प्रकोप अपनी चरम सीमा पर बढ़ जाएगा। ता. 9 को बुध मेष राशि में प्रवेश करेगा। ता.13 को सूर्य भी मेष राशि में प्रवेश करने से सूर्य संक्रांति अग्नि मंडल में पड़ जाने से तापमान के पारा का ग्राफ आश्चर्यजनक तरीकों से ऊपर उठेगा जिससे लू, बवंडर आदि प्रकोप से जन-जीवन प्रभावित होगा। प्राकृतिक उत्पात का भी दौरा पड़ने की संभावना है। बिहार, राजस्थान, बंगाल, उत्तर प्रदेश, दिल्ली के कुछ क्षेत्रों में ता. 15, 17, 19, 21, 23, 25, 26 को आंधी-पानी का योग है।

जून:- ता. 2 को बुध वृष राशि में प्रवेश करेगा। ता. 4 को शुक्र पश्चिम में अस्त होगा। ता. 7 को बुध भी पूरब में अस्त होगा अतएव मासारंभ में गर्मी का प्रकोप भी बना रहेगा। किन्तु ता. 14 को सूर्य, मंगल, मिथुन एवं कर्क राशि में प्रवेश करने से मौसम में व्यतिक्रम उत्पन्न करेगा। जिससे गर्मी, उष्णता विशेष बढ़ जाएगी। जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो जाएगा। ता. 15 को शुक्र पूरब में उदय होने से ता. 18 से पूरे भारत में मानसून सक्रिय हो जाएगा। हालांकि बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड में मानसून कुछ विलम्ब से पहुंचेगा। ता. 20 को शनि अस्त होने से पूरा भारत वर्षा का जोर पकड़ लेगा। दक्षिण भारत के केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, आन्ध्रा और पूर्वी भारत के हिस्सों में व्यापक वर्षा होगी। मानसून की वर्षा समय पर होगी किन्तु प्राकृतिक प्रकोप का तांडव हो सकता है।

जुलाई :- ता. 1 को बुध कर्क राशि में प्रवेश करने से मास के शुरूआत से ही भारत के सभी भू-भागों में लगभग वर्षा के आसार नजर आने लगेंगे। कहीं-कहीं अतिवृष्टि भी होगी। ता. 1, 3, 5, 6, 7, 10, 11, 13, 14 को गरज-तरज के साथ अधिकांश भू-भागों में दूर-दूर तक वर्षा होगी। कर्क संक्रांति वरुण मंडल में पड़ गयी है। अतः सभी प्रदेशों में व्यापक वर्षा होगी। ता. 16, 18, 19, 21, 22, 23, 25, 26, 27, 28, 29 को भारी वर्षा का योग है। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, आन्ध्र प्रदेश, बिहार में नदियों में बाढ़ का ताण्डव से जन-जीवन प्रभावित होगा। मौसम की बीमारी से जन-हानि की भी संभावना है।

अगस्त:- ता. 10 को बुध वक्री होने से वर्षा में अवरोध उत्पन्न होगा। पूर्वी भारत के अधिकांश प्रदेशों में वर्षा का व्यतिक्रम बना रहेगा। जबकि पश्चिमी प्रदेशों में वर्षा वायु का वेग बना रहेगा। ता. 2, 4, 5, 6, 9, 10, 11, 14, 15 को विस्तृत भूभाग में व्यापक वर्षा होगी। ता. 16 को सूर्य सिंह में एवं बुध पश्चिम में अस्त होने से संक्रांति वायु मंडल में पड़ गई है। अतः वर्षा के साथ प्रबल वायु-वेग, आंधी-तूफान तथा अन्य प्राकृतिक उत्पात का प्रबल योग है। ता.18, 19, 20, 21, 23, 24, 25, 27, 28, 29, 30, 31 को वायु-वेगाधिक्य एवं आंधी-तूफान के साथ व्यापक वर्षा होने से सर्वत्र जन-जीवन प्रभावित होगा। सर्पों का विचरण अधिक होने से जन-हानि की आशंका होगी। हैजा एवं संक्रामक रोगों से जन-जीवन पीड़ित होगा। पशुओं में नई-नई बीमारियां उत्पन्न होंगी।

सितम्बर:- ता. 1 को शुक्र जलीय राशि कर्क में, ता. 2 को बुध मार्गी होगा। जबकि ता. 5 को शनि भी कर्क राशि में एवं गुरु अस्त होने से ता. 1 से 15 तक व्यापक वर्षा की संभावना है जिससे फसलों को कुछ हानि होगी। ता. 16 को सूर्य-मंगल कन्या में प्रवेश करने से वर्षा में अवरोध उत्पन्न करेगा। पूर्वी भारत में मासारंभ से ही वर्षा, वायु वेग का उपद्रव कम होना शुरू हो जाएगा। केवल उत्तरी भारत, हिमांचल प्रदेश

को धारण कर, शांति प्राप्त होगी।

आदि में छिट-पुट वर्षा होगी। ता.20 को बुध पूरब में अस्त होने से जल्दी ही वर्षा अवरोध होकर गुलाबी ठंड धीरे-धीरे महसूस होने लगेगी।

अक्टूबर:-ता. 3 को गुरु उदय होने से मासारंभ रह-रहकर ता. 1, 2, 3, 4, 7, 8, 10, 11 को कहीं-कहीं छिट-पुट वर्षा होगी। जिससे तापमान में अचानक ग्राफ धीरे-धीरे नीचे आने लगेगा। इससे ठंड बढ़ने लगेगी। इस मास में रोगाणुओं का प्रकोप बढ़ेगा जिससे जन-जीवन प्रभावित अवश्य होगा। ता. 12 को बुध तुला राशि में तथा ता. 16 को सूर्य नीच राशि तुला में प्रवेश होने से मौसम में व्यतिक्रम उत्पन्न करेगा। इस माह में मौसम का क्रम अनिश्चित रहेगा। कहीं वायु, वर्षा का उपद्रव तो कहीं ऋतु विपर्यय दिखाई पड़ेगा। मास के अंत तक मानसून निकल चुका रहेगा।

नवम्बर:- ता. 1 को मंगल उग्र ग्रह तुला में प्रवेश करने से ता. 4 को मंगल उदय होने से तथा ता. 8 शनि वक्री होने से अचानक शीत का प्रकोप बढ़ेगा। हिमाचल प्रदेश, गढ़वाल, कश्मीर, लद्दाख एवं हिमालय के तराई वाले क्षेत्रों में विशेष ठंडक बढ़ जायेगी। ता. 2, 3, 5, 7, 9, 10, 11 को हिमाचल प्रदेश, कश्मीर, गढ़वाल एवं लद्दाख में वर्षा एवं हिमपात होगा। बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली में कहीं-कहीं बादल वर्षा, हिमपात के योग बनेंगे। ता. 15 को सूर्य वृश्चिक संक्रांति अग्नि मंडल में पड़ गई है। जिससे दक्षिण भारत में प्रबल वायु वेग से तूफान के साथ वर्षा होगी। ता. 30 को बुध वक्री होकर मैदानी क्षेत्रों में शीत प्रकोप बढ़ाएगा।

दिसम्बर:-ता. 5 को बुध पश्चिम में अस्त होगा। ता. 7 को बुध वृश्चिक में प्रवेश करेगा। अत: महाराष्ट्र, उड़ीसा, बंगाल के समुद्री तटीय क्षेत्रों में आंधी-तूफान, वर्षा का योग है। उत्तर भारत में भी ठंड का जोर अपनी चरम सीमा पर रहेगा। पर्वतीय प्रदेशों में हिमपात, भूस्खलन, हिमस्खलन आदि प्राकृतिक प्रकोप हो सकते हैं। ता. 15 को सूर्य धनु संक्रांति वायुमंडल में पड़ रही है, जो अशुभ है। ता. 3, 6, 7, 8, 9, 14, 15 को मौसम परिवर्तन रहेगा।

मानव जीवन पर रत्नों का प्रभाव (रत्नों के जगमगाहट भरे रंग महल में)

रत्नों के संबंध में प्राचीन काल से ही मानव में उत्सुकता रही है। शुरूआत में रत्नों की चमक उनके नयनाभिराम और उनके रूप-रंग, आभा-छटा से आकर्षित होकर ही मानव ने शरीर को रत्नों से सजाना शुरू किया। धीरे-धीरे उनकी उपयोगिता के संबंध में भी प्रत्यक्ष फल देखकर इनको शक्ति के रूप को भी जाना। अपने अनुसंधानों द्वारा मानव ने यह भी जाना कि एक विशेष बोधो द्वारा इन रत्नों का प्रयोग करने से बहुत सारी बाधाएं दूर होकर सुख-शांति, समृद्धि संबर्द्धन में यह रत्न परम लाभकारी हो सकते हैं। विश्व के समग्रत: राष्ट्रों के विद्वानों ने इस बात को स्वीकारा है कि वेद संसार के सर्वाधिक प्राचीन ग्रन्थ हैं। ऋगवेद की अनेक रचनाओं में रत्न शब्द का प्रयोग किया है। हमारे भारतीय सभ्यता संस्कृति में तथा लोक गाथाओं के आधार पर यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि रत्नों में दैवी शक्ति अवश्य निहित होती है। विश्वास कोरा अंधविश्वास भी नहीं कहा जा सकता।

रत्न शब्द की परिभाषा बहुत संक्षिप्त है। परन्तु उसकी प्रासंगिकता का क्षेत्र बृहद है। वस्तुत: रत्न एक बहुआयामी, बहुअर्थी और व्यापक भाव बोध का शब्द है। सुंदर, शोभन, मोहक, महीमापंडित और प्रिया विभिन्न क्षेत्रों, प्रसंगों और विषयों में इस शब्द का प्रयोग होता है। रत्न नौ प्रकार के होते हैं। सुलभ और दुर्लभ भी। रंग, आभा, चिकनाहट, कठोरता, प्रभाव और उपलब्ध की दृष्टि से इनमें काफी भिन्नता होती है। इनकी रचना, प्रक्रिया और जन्म स्थली भी एक दूसरे से काफी भिन्न होती है। फिर भी एक गुण सभी रत्नों में पाया जाता है-तेजस्विता। रत्न सामान्य पत्थर या धातु की तुलना में अधिक ज्वलंत, प्रतिक्रियात्मक, भिन्नरंग, दीप्तिवाला, स्थाई और कठिनाई से प्राप्त होता है। रत्नों का विकिरणीय प्रभाव, अंतरिक्ष में स्थित विभिन्न तारा समूहों की ज्योति और उष्मा से संबेदित होता है। प्रत्येक रत्न अपने वर्ग प्रभाव के साम्य वाले ग्रह के प्रभाव को आकृष्ट करके अपने में केन्द्रित करता है। प्रभा और प्रभाव की दृष्टि से रत्नों में एक अद्भूत शक्ति निहित रहती है। यह शक्ति मानव के लिए पोषक और रक्षा कवच का रूप ले सकती है। रत्नों द्वारा कोई भी रोग नहीं है जिसे ठीक नहीं किया जा सके। कठिन से कठिन रोग, कैंसर, उदर रोग, सुराइसीस, दमा, पागलपन, उन्माद, टीबी, एड्स आदि जैसे घातक रोगों का प्रतिकार हेतु इन रत्नों का प्रयोग किया जाता है। मैंने विभिन्न रोगों के प्रतिकार हेतु इन रत्नों के द्वारा कुछ प्रयास किया तो सफलता अवश्य मिली। कैंसर, गैस्टीक, ह्दय रोग, रक्त चाप, दमा, उदर रोग, कठिन चर्म रोग, नपुंसकता जैसी असाध्य बिमारियों और रोगियों से प्रसिद्ध चिकित्सकों ने हाथ झटक दिये थे। उन्हें भी इन दुर्लभ रत्नों की सहायता से आरोग्य प्रदान होने का सौभाग्य प्रदान हुआ है। पहले तो मैं भी ज्योतिषी होकर इन रत्नों पर पूरा भरोसा नहीं करता था लेकिन सच्चाई जानने के लिए जब दो-तीन रोगीयों को मैंने रत्न धारण कराया तो औषधियों से भी ज्यादा आराम मिला और रोगों का प्रतिकार भी हुआ। ऐसे कई रोगीयों को मैंने देखा है जो जीवन से निराश हो चुके थे। परन्तु रत्न धारण करने के बाद से ही धीरे-धीरे कायाकल्प हो गया।

माणिक्य-यह गुलाबी रंग का कुछ लाली लिये हुए चिकना, चमकदार, पारदर्शी, प्रकाश पुंज का उत्सर्जक होता है। कोई-कोई माणिक्य गहरा लाल रंग का भी होता है। यह रत्न दीर्घायु कारक है। इसे धारण करने से शरीर में रोग प्रतिरोधी क्षमता में वृद्धि होती है। ह्दय संबंधी बिमारी तथा छाती संबंधित किसी भी तरह की बिमारी में यह रत्न धारण करने से विशेष लाभ मिलता है। वात-पित्त, कफ, ज्वर, विष, कठिन चर्मरोग, कैंसर जैसे घातक बिमारियों में यह रत्न शीघ्र ही लाभकारी माना जाता है। बदहजमी होने पर इस रत्न को पानी में भिगोकर कुछ समय बाद यह पानी पीने से बदहजमी, अतिसार दूर होती है। यह रत्न छोटे-छोटे रोगों को भगाने की रामबाण औषधि है। किसी भी प्रकार का ह्दयरोग, रक्तचाप हो तो माणिक्य अवश्य धारण करें। ऐसे भी यह रत्न धारण करने से मन में बुराईयों और अनैतिक कार्यों की ओर आकर्षित नहीं होता। इसे धारण करने से आत्मबल में वृद्धि तथा दाम्पत्य जीवन की बाधाएं दूर होकर मधुरता प्राप्त होती है। राज पक्ष से जुड़े कार्यों की सिद्धि करने के लिए यह रत्न धारण करना चाहिए। उच्च पद प्राप्ति एवं प्रतिष्ठा, मान-सम्मान, यश लाभ दिलाने में यह रत्न परम कल्याणकारी माना जाता है। यह सिंह राशि वालों के लिए आजीवन धारणीय है। जन्म पत्रिका में सूर्य की स्थिति अनुकूल हो तो कोई भी व्यक्ति इसे धारण कर सकता है। इसे सोना में जड़वाकर अनामिका अंगुली में रविवार को धारणीय है।

मोती-यह सफेद, सुची कंकड गोल, अपारदर्शी ठोस रत्न है। यह समुद्र में सीप नामक जलीय जन्तु के गर्भ से प्राप्त होता है। यह चमकदार, उज्जवल और मनोरम सफेद रंग का होता है। इस रत्न के अंदर कैल्शियम, कार्बन और आक्सीजन ये तीनों तत्व निहित होते हैं। माणिक्य के बाद यह रत्न भी रोगों को दूर भगाने में रामबाण औषधि है। यदि किसी को हिस्ट्रीया, मिर्गी, फरका, रोग हो तो उसे सोमवार के दिन पुष्य या पुनर्वसु नक्षत्र में कनिष्ठा अंगुली में शुद्ध मोती धारण करना विशेष शांतिदायक माना जाता है। खेदजनक बात है कि आजकल बाजार में मिलने वाले मोती 95 प्रतिशत नकली और बेअसरदार हैं। मस्तिष्क संबंधी किसी भी बिमारी में यह रत्न परम लाभकारी माना जाता है। जिन्हें रात्री में नींद नहीं आती हो, पागलपन, उन्माद का दौरा पड़ता हो तो यह रत्न पहनने से इस रोग का प्रतिकार होता है। साथ ही गण्डमाला, ज्वर, कफ, वमन, क्षय, जलोधर, अतिसार, ह्दयरोग, स्मरण शक्ति को भी, हकलाना, तुतलाना आदि में भी यह विशेष उपयोगी है। इसे धारण करने से ज्ञान, स्मरण-शक्ति की वृद्धि होती है। व्यक्ति बुरे मार्ग को छोड़कर सदमार्ग पर चलने के लिए प्रेरित हो जाता है। यह शारीरिक, मानसिक, आर्थिक निर्बलता मिटाने में भी सहायक होता है। दाम्पत्य जीवन के समन्वय एवं तेज रूपवल की वृद्धि होती है। यह कर्क राशि के लिए आजीवन धारणीय है। चन्द्रमा द्वितीय, छठा, आँठवा, द्वादशभावों में तथा वृश्चिक राशि में कहीं भी हो तो इसे धारण करें। शेष भाव में चन्द्रमा हो तो इसे चांदी में जड़वाकर सोमवार को कनिष्ठा में धारण करें।

मूंगा:- यह समुद्र के गर्भ में कौरल नामक जलीय जंतु के हड्डी से बनता है। यह लाल, गहरा लाल, सिंदूरी लाल, चिकना, वजनदार, ठोस रत्न है। इस रत्न का प्रयोग अनेक प्रकार के रोगों को दूर करने के लिए किया जाता है। रक्त विकार, वायु विकार, मंदाग्नि, ह्दयरोग एवं शारीरिक दुर्बलता, आत्मबल की कमी तथा मिरगी के निवारण हेतु इस रत्न का प्रयोग किया जाता है। बवासीर, भकन्दर आदि रोगों में भी इस रत्न का प्रयोग कई प्रकार से लाभदायक माना जाता है। यदि किसी को बहुत दिनों से रक्तचाप पीड़ित करता हो तो यह रत्न पहनने से इस रोग का प्रतिकार होता है। इसका भस्म मानस रोग और जाड़ियों की दुर्बलता को दूर करता है। यह रत्न धारण करने से भूत-प्रेत का प्रभाव समाप्त होता है। जिन पुरुषों के वीर्य में शुक्र नहीं बनता या जिन माताओं को बार-बार गर्भपात हो जाता है या संतान जन्म लेते ही मर जाती है। उन्हें

यह रत्न अवश्य धारण करना चाहिए। प्रशासनिक सेवा से संबंधित व्यक्तियों के लिए यह रत्न विशेष उपयोगी है। दाम्पत्य जीवन की समस्त बाधाओं को दूर भगाने में यह सहायक है। जन्म पत्रिका में मंगल 1, 2, 4, 7, 8 और 12 भावों में विराजमान हो अथवा जन्म राशि मेष, वृश्चिक हो तो इसे सोना या चांदी में जड़वाकर मंगल मंत्र प्राण प्रतिष्ठा करके अनामिका अंगुली में मंगलवार को धारण करें।

पन्ना:- यह नीमपत्ति से मिलते जुलते विशुद्ध हरे रंग का चिकना, चमकदार पारदर्शी और हरे रंग का प्रकाश पुंज का उत्सर्जक होता है। यह हल्का हरा रंग में भी प्राप्त होता है। इस रत्न को भस्म का प्रयोग आयुर्वेद में प्राचीन काल से होता आ रहा है। सामान्यतः इस रत्न की भस्म पथरी, मूत्र विकार, पीलिया, लीवर, सर्वजी रोग, बवासीर आदि रोगों के प्रतिकार हेतु किया जाता है। उच्च रक्तचाप में भी यह रत्न लाभकारी है। उल्टी, विष, सन्निपात, कैंसर आदि रोगों में परम कल्याणकारी माना गया है। शिक्षा, परीक्षा में सफलता हेतु यह रत्न विशेष लाभकारी है। बैंक कर्मचारी, प्रेस रिपोर्टर, संपादकीय सभी क्षेत्र के कलाकारों के लिए तथा अर्थ जगत में कार्यक्रम करने वाले व्यक्तियों के लिए यह रत्न उपयोगी है। जन्म पत्रिका में बुध की स्थिति 2, 6, 8, 12 छोड़कर कहीं भी हो तथा जन्मराशि मिथुन-कन्या हो तो यह रत्न आजीवन धारणीय है। सोना या चांदी में जड़वाकर कनिष्ठा अंगुली में बुधवार को धारणीय है।

पुखराज:- यह सामान्यतया पीले रंग का होता है। यह गहरे पीले, हल्के पीले और जर्द रंग में भी प्राप्त होता है। यह चिकना, चमकदार, पारदर्शक और पीला रंग के प्रकाशपुंज का उत्सर्जक होता है। यह ग्रह शांति के लिए ही नहीं अपितु स्वास्थ्य लाभ के लिए भी लाभकारी होता है। पीलिया, तहली, आंतों के कैंसर, गुर्दे से संबंधित रोगों में तथा हड्डियों के दर्द में शांतिदायक माना जाता है। यदि किसी अज्ञात कारणों से स्वास्थ्य दिनों-दिन गिरता जा रहा हो, वजन कम हो रहा हो, अनिद्रा हो तो यह रत्न विशेष लाभकारी माना जाता है। शीघ्र विवाह संपादन, पुत्र उत्पत्ति में बाधा, दाम्पत्य जीवन में वैचारिक मतभेद, व्यापार में हानि, शिक्षा-परीक्षा में बाधा आ रही हो तो आप अवश्य ही यह रत्न धारण करें। नौकरी में पदोन्नति तथा धर्म-अध्यात्म में अनुराग वृद्धि हेतु यह रत्न धारण करने से सफलता प्राप्त होती है। जन्म पत्रिका में गुरु 3, 5, 6, 8, 12 एवं मकर राशि में कहीं भी हो तो यह रत्न आजीवन धारणीय है।

हीरा:- यह पत्थर रत्नराज है। सर्वाधिक मूल्यवान, कठोर, दीर्घजीवनी, प्रभासम्पन्न, अद्भुत गुणों से युक्त, चिकना, चमकदार, वजनदार, सप्तरंग, प्रकाशपुंज का उत्सर्जक होता है। जिन माता-पिता को संतान नहीं होती, पति नपुंसक हो गये हों या नामर्दी के शिकार हो गये हों या वीर्य में शुक्रहीन बनता हो अथवा माताओं में गुप्त रोग मासिक श्राव में कमी, बच्चादानी में नसनाड़ी अवरोध होता हो ऐसी स्थिति में दाम्पतियों को मैंने शुद्ध हीरा रत्न धारण कराया और आज ऐसे कई दम्पति संतान के पिता बन बैठें हैं। वैवाहिक जीवन की बाधाएं, अन्य विरोध व्याधातों का समन करके पुरुषों को सुखी दाम्पत्य जीवन देने में यह रत्न सर्वाधिक प्रभावशाली माना जाता है। जन्म पत्रिका में शुक्र की स्थिति निर्बल हो और जन्म राशि वृष तुला हो तो यह रत्न आजीवन धारणीय है।

नीलम:- यह रत्न गहरा नीला, हल्का नीला, आसमानी, चिकना, चमकदार, पारदर्शी रत्न है। इस रत्न को वहम, पागलपन, कैंसर, एड्स, दमा, सारीइसीस आदि कठिन रोगों में किया जाता है। परिवार में शोक, नौकरी-व्यापार में हानि, कठिन रोग, अकारण कानूनी विवाद, धन की हानि, शत्रुओं से भय की स्थिति हो तो यह रत्न अवश्य धारण करें। शनि के कुप्रभाव में माता-पिता, पत्नी-पुत्र की मृत्यु एवं धन की विशेष हानि होती है। जिस व्यक्ति को अपने जन्म राशि का ज्ञान न हो तो नौकरी, व्यापार, शांति, समृद्धि एवं आरोग्य प्राप्ति के लिए श्रीयंत्र युक्त नवरत्न आजीवन धारण करें। रत्न सही एवं जानकार ज्योतिषी की देख-रेख में खरीदकर प्राण-प्रतिष्ठायुक्त विशुद्ध धारण करें।

कुछ अकाट्य सत्य योग

1. जन्म पत्रिका में सूर्य शत्रुग्राही अथवा नीच राशि में सातवाँ भाव में वर के कुण्डली हो तो स्त्री को अवश्य अनादर करता है। जबकि कन्या के कुण्डली में हो तो कन्या पति से वैचारिक मतभेद एवं पति को अनादर करने वाली होती है।
2. हथेलियों में मानस रेखा शुरू में डबल फिर अकेला होकर मंगल पर्वत को स्पर्श करे तो ऐसे रेखाधारक व्यक्ति को मिर्गी का दौरा अवश्य पड़ता है और शीघ्र ही जल में डूबने से मृत्यु हो जाती है।
3. मानस रेखा जंजीराकार हो, मध्यमा अंगुली में पांच लकीर से अधिक हो तो स्त्री-पुरुष अत्यधिक कामुक होने से उन्मादी पागलपन से ऐसे जातक ग्रस्त होते हैं।
4. लग्न में शनि धनु राशिगत होने से स्त्री-पुरुष ग्राम प्रधान, मुखीया अथवा प्रमुख होते हैं।
5. जब द्वितिय का स्वामी शनि या मंगल की राशि में स्थित होता है और पाप ग्रह अधिकतर केन्द्र और त्रिकोण में हो तो ऐसे स्त्री-पुरुष असत्यवादी और पाखंडी होते हैं। इनके जीवन में भोजन, वस्त्र, आवास की सदैव कमी खलती है। ऐसे लोग झूठा, आवारा और मिथ्या अपवाद करते हैं।
6. जब लग्न का स्वामी बलवान हो और नवम का स्वामी केन्द्र, त्रिकोण में अपनी स्वयं राशि या उच्च राशि में विराजमान हो तो अतुल लक्ष्मी योग बनता है। ऐसे योग धारक स्त्री-पुरुष विद्वान, धनवान और सभी अनुकूल गुणों से निहित होते हैं।
7. जब बृहस्पति द्वितिय या पंचम भावों में बुध या शुक्र राशि में स्थित हो या उस पर बुध या शुक्र की दृष्टि पड़ती हो तो कलानिधि योग बनता है। इस योग में जन्म लेने वाले जातक विद्या, बुद्धि, धन, सम्मान से सुशोभित तथा सरकार से मान-सम्मान प्राप्त करते हैं। ऐसे जातक अपने सत्य प्रयास से सभी सुखों को भोग करते हैं। परन्तु इनका स्वभाव कुछ कामुक होता है।
8. हथेलियों में शनि पर्वत से चन्द्राकार चिन्ह सूर्य पर्वत को स्पर्श करे तो ऐसे दम्पती कभी भी पुत्र-पुत्री का माता-पिता बनने का सौभाग्य प्राप्त नहीं करते हैं। यह अकाट्य सत्य है।
9. वृष और तुला लग्न की कुण्डली में काल सर्प योग बनता हो तो जातक हर समय ऐसा महसूस करता है कि उनके हाथ जो नौकरी व्यापार है वह न जाने कब हाथ से निकल जाएगा। यह विचार भी मन को भयग्रस्त बनाए रखता है कि खराब-खराब चलती हुई उनकी नाव न जाने कब डूब जाएगी? ऐसे जातक यह भरोसा नहीं कर पाते कि वह सफलता के कगार तक आ पहुँचे हैं केवल दो-चार कदम और आगे बढ़ना है। भगेसेमंद इन भावनाओं के विपरीत परिणाम प्राप्त होने का भय मन में बैठ जाता है। जो सत्य भी है।
10. हृदय रेखा जंजीराकार हो, दोनों हथेलियों में कहीं भी हृदय रेखा अचानक टूटी हो तो जातक को किसी भी उम्र में दिल के दौरा से अचानक मृत्यु हो जाती है।
11. मिथुन और कन्या लग्न की कुण्डली में काल सर्प योग बनता हो तो ऐसे जातक नौकरी जीवी होने पर या शिक्षा परीक्षा में उच्च सफलता का ख्वाब जरूर देखते हैं। पर सफल नहीं हो पाते।
12. जब जन्म पत्रिका में चतुर्थ और नवम के स्वामी एक-दूसरे से केन्द्र में होते हैं और लग्न का स्वामी बलवान होता है तो काहल योग बनता है। इस योग में जन्म लेने वाले जातक मुखीया, विधायक अथवा सांसद होते हैं। उन्हें ग्राम, समाज, देश-काल में प्रचुर मान-सम्मान एवं यश लाभ प्राप्त होता है।
13. जन्म-पत्रिका में बृहस्पति चन्द्र से केन्द्र में विराजमान हो तो यह गज केशरी योग बनता है। इस योग से जातक उच्च स्तरीय नौकरी प्राप्त कर बीच में छोड़कर कभी भी विधायक, सांसद, मंत्री एवं महत्वपूर्ण पद प्राप्त करते हैं। परन्तु ऐसे योग वाले जातक का बचपन कुछ दुःखमय स्थिति में व्यतीत होता है। माता-पिता के सुख में भी अभाव देखा गया है।
14. जब जन्म-पत्रिका में लग्न या चन्द्र से दशम भाव में शुभ ग्रह स्थित हो तो अमला योग बनता है। इस योग से जातक प्रशासनिक सेवा अथवा बहुमूल्य पदार्थों का व्यवसायी होता है। कभी-कभी ऐसे योग वाले जातक लक्ष्मी के बल पर अचानक राजनीति में प्रवेश कर उच्चतम पदों तक पहुंचकर सुख-समृद्धि और यश लाभ प्राप्त करते हैं।
15. पंचम भाव में अस्त शनि, अस्त मंगल, अस्त चन्द्रमा अथवा बृहस्पति अस्त हो तो जातक मंद बुद्धि का और संतानहीन होता है। ऐसे जातक अपनी गलत बुद्धि के कारण किसी भी उम्र में अपनी सारी पैतृक सम्पति गंवा बैठते हैं।
16. विवाह रेखा टेढ़ी-मेढ़ी हो, मंगल पर्वत तक मानस रेखा पहुंच गयी हो तो दम्पति को दाम्पत्य जीवन में वैचारिक मतभेद, संकालु स्वभाव, विद्रोह एवं अलगाव की स्थिति उत्पन्न होती है। सुख-शांति दिवा-स्वप्न होते हैं।
17. काल सर्प योग वाली जन्म-पत्रिका में एक कारक ग्रह उच्च का हो और दूसरा अकारक ग्रह उच्च का हो तो ऐसे जातक हर जगह अपनी बुद्धि विवेक द्वारा सफलता प्राप्त कर लेते हैं। और असंभव कार्य भी आसानी से कर लेते हैं। धुन के पक्के और रसीले मिजाज के होते हैं। काल सर्प योग के साथ किसी भाव में केवल सूर्य-चन्द्र युक्ति हो तो ऐसे जातक मुसीबतों से लड़ते हुए अन्ततः सफल जीवन व्यतीत करते हैं।

राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय घटनाचक्र एवं आर्थिक हालात

विक्रमी संवत 2061 का नूतन वर्ष प्रवेश चैत्र कृष्ण अमावस, शनिवार- 20 मार्च 2004 को रात्री 28 बजकर 10 मिनट पर मकर लग्न में नववर्ष प्रारंभ होगा। मकर लगन कुंडली में सूर्य-बुध-चन्द्रमा मीन राशि में राहू-शुक्र मेष राशि में, मंगल वृष राशि में, शनि मिथुन राशि में, वृहस्पति सिंह राशि में, केतु तुला राशि में भ्रमणशील हैं। इस वर्ष सौर मंडलीय ग्रह स्थितियों में विक्रम संवत 2061 में ग्रहों को अकाशी गृह परिषद में पांच अधिकार शुभ ग्रहों को एवं शेष अधिकार क्रूर ग्रहों को प्राप्त हुए हैं। इस वर्ष राजा-सूर्य, मंत्री-तामस, ग्रह-मंगल एवं धनपति अधिकार बुध को प्राप्त हुआ है। विक्रम संवत 2061 का प्रवेश मकर लग्न में हुआ है। वर्ष लग्नेश शनि छठाभाव युद्ध एवं शत्रु अपराध भाव में विराजमान है। उस पर कोई भी शुभ ग्रह की दृष्टि नहीं है। विदेशी संबंधों का स्वामी भी होने से तथा कार्येश मंगल पंचम भाव में योग बना रहा है। पराक्रम भाव में सूर्य, चन्द्रमा, बुध एक साथ योग बनाने से नववर्ष कुंडली मकर लग्न का उदय होने का फल शास्त्र में अशुभ लिखा है। फलत: कुछ राष्ट्रों के पारस्परिक राजनैतिक समीकरणों में विशेष परिवर्तन देखने को मिलेंगे। विदेशी ऋणों में बेतहाशा वृद्धि होगी। पूर्व देशों में कहीं-कहीं पृभौक्ष के योग बनेंगे। दक्षिण प्रदेशों में भी जनोपयोगी वर्षा के कारण अनाज के उत्पादन प्रभावित होंगे। दक्षिणोत्तर प्रदेशों में कहीं सत्ता परिवर्तन तो कहीं पदपरिवर्तन का संकेत है।

वर्ष लग्न कुण्डली में ग्रह स्थिति कुछ विचित्र होने से गत वर्ष की अपेक्षा अगामी वर्ष भारत सहित विश्व के अन्य राष्ट्रों में परस्पर विद्रोह, उपद्रव, नरसंहार, चरित्रहनन, राजनीतिक उठा-पटक, पद परिवर्तन, सत्ता परिवर्तन, विघटन आदि कुकृत्य घटनाओं का ग्राफ आश्चर्यजनक तरीकों से ऊपर उठेंगे। राहु, शुक्र योग के प्रभाव स्वरूप भारत, पाकिस्तान, इन्डोनेशिया, चेचेन्या, कजाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान, अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी आदि राष्ट्रों एवं कुछ प्रमुख राष्ट्रों में आतंकवादी एवं जातीय हिंसा की वारदातों में बेतहाशा वृद्धि होगी। कहीं बाढ़, भूकम्प, प्राकृतिक उपद्रव, चुनावी उन्माद के कारण व्यापक जन-धन की हानि होगी। जगत लग्न कुण्डली में ग्रहों की स्थिति के अनुसार मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ राशि वाले जातक को राष्ट्रनायकों एवं राजनेताओं के लिए यह वर्ष अत्यंत संकटमयी एवं चुनौती पूर्ण परिस्थितियां लेकर आ रहा है। फलस्वरूप अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, पाकिस्तान, भारत, अफगानिस्तान, इन्डोनेशिया, श्रीलंका, नेपाल, बंगलादेश आदि राष्ट्रों में आर्थिक संकट, विद्रोह, सत्ता परिवर्तन, गंभीर दोषारोपण एवं देश के अंदर अचानक गृह युद्ध जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। और राजनैतिक, सामाजिक संकट और अधिक गंभीर होंगे। एक ही ग्रह का प्रमुख दो पदों पर आसीन होना भी शुभ नहीं माना गया है। संवत के प्रारंभ में ही सूर्य, चन्द्रमा, बुध एक साथ मीन राशि में चल रहे हैं। जबकि बृहस्पति सिंह राशिगत अष्टम भाव में चल रहे हैं। जिसके परिणामस्वरूप विश्व के कुछ राष्ट्र भयंकर युद्ध की ओर उन्मुख हो सकते हैं। जनता-जनार्दन अशांत क्षेत्र से अन्यत्र पलायन के लिए बाध्य होंगे। विश्व में विकिरण प्रक्रिया के प्रदूषण जन्य कुप्रभाव से विविध रोग कष्टों से देशवासियों को परेशानी बढ़ेगी। विश्व के कुछ राष्ट्रों में भयंकर अकाल की स्थिति से जनता-जनार्दन एवं पशु-पक्षी भूखे-प्यासे मरेंगे। मुस्लिम राष्ट्रों में शासकों के कठोर निर्दयतापूर्ण व्यवहार एवं गलत नीति आदेश से जन-समूहों को भारी कष्टों का सामना करना पड़ेगा। नई-नई बिमारियों के उत्पात से विश्व चिकित्सा जगत में परेशानी बढ़ेगी तथा प्रयास के बाद भी इन रोगों के नियंत्रण करने में सफलता के आसार कम नजर आएंगे। मेडिकल साइंस से लोगों का विश्वास हटेगा। मंगल अकेले पूरे विश्व की शांति भंग करने का पुरजोर प्रयास करेगा। जिससे घातक शस्त्रास्त्रों के एवं जैविक शस्त्रास्त्रों के प्रयोग की ओर उन्मुख करेगा। मुस्लिम राष्ट्र अपनी हठ धर्मिता से एवं यूरोप के देश एक विशेष लक्ष्य को लेकर युद्ध के मैदान में कभी भी उन्मुख हो सकते हैं। जिससे मुस्लिम राष्ट्रों के अंदर व्यापक जन-धन की हानि है। इस वर्ष ब्रिटेन, जापान, अमेरिका प्रक्षेपास्त्र प्रोद्योगिकी निर्यात के मुद्दे पर एवं युद्ध सामग्री किसी छोटे मुस्लिम राष्ट्र को देने पर ईरान, इराक,कुवैत, उत्तर कोरिया, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, इन्डोनेशिया एवं लिबिया जैसे राष्ट्रों की पीठ थप-थपाने पर आपसी संबंध कटु होने का संकेत बनेंगे। विश्व के समग्र राष्ट्रों में ध्रुवीकरण की प्रवृत्ति से विश्व शांति को खतरा बढ़ेगा। शनि-मंगल दोनों ही अपने प्रभाव का विस्तार करेंगे। समस्त विश्व को ये दोनों ग्रह बारूद के ढ़ेर पर ले जाकर खड़ा कर देंगे। समस्त राष्ट्र मात्र लोग देखावा के लिए शांति का ढोल पीटते रहेंगे। साथ-साथ अपनी विस्तारवादी नीति का खुलकर प्रचार-प्रसार करेंगे। किसी भी समय किसी विशेष प्रकार की घटना घट सकती है। अन्तर्राष्ट्रीय जगत में अमेरिका, ब्रिटेन की आलोचना जगह-जगह होगी। अमेरिका की गलत नीतियों के कारण विश्व के अधिकांश राष्ट्र आंतरिक तौर पर उसके विरोधी हो जाएंगे। ऊपरी तौर पर ब्रिटेन, अमेरिका, चीन, जर्मनी आदि प्रमुख शक्तियां परमाणु निरस्त्रीकरण निषेध संधियां पर बल देंगे। परन्तु आंतरिक तौर पर विश्व के प्राय: सभी देश अत्याधुनिक अस्त्र-शस्त्र आयुध के दायरे में शामिल रहेंगे। भारत, पाकिस्तान इससे विशेष प्रभावित होकर किसी भी समय युद्ध के लिए उन्मुख हो सकते हैं। यदि ऐसा नहीं होता है तो भारत-पाक सीमा पर बार-बार युद्ध जैसा उन्माद का साया छाया रहेगा। जिससे भारत-पाक की अर्थ व्यवस्था निश्चित प्रभावित होकर बिदेशी ऋण की ओर न चाहकर भी मजबूरी में लेना पड़ेगा। जिससे इन राष्ट्रों की अर्थ व्यवस्था प्रभावित होकर महंगाई में बढ़ोत्तरी होगी। विश्व के समग्र राष्ट्र अपना वर्चस्व बढ़ाने के लिए कुटिल राजनीति का प्रयोग जारी रखेगी। बंगलादेश, भारत, चीन, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, श्रीलंका, नेपाल, अमेरिका, ब्रिटेन आदि राष्ट्रों में बाढ़, अग्निकांड, रेल-यान दुर्घटना, भूस्खलन, दुर्भिक्ष आदि प्राकृतिक प्रकोपों से जान एवं माल की व्यापक हानि होने की आशंका है।

पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुसर्रफ के गलत नीतियों के कारण भारत-पाक संबंधों में कभी भी तनाव विस्फोटक रूप धारण कर सकता है। पाकिस्तान के उदारवादी नागरिक सदैव भयभीत रहेंगे। कई स्थानों पर आतंकवादी एवं विस्फोटक घटनाएं मजहबी विवाद, राजनीति टकराव एवं हिंसक घटनाओं में बेतहाश वृद्धि होगी। राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ दुष्टनीतियों के कारण अपने ही देश में राजनीतिक चुनौतियों का कठिन सामना करना पड़ेगा। कश्मीर समस्या को लेकर भारत के साथ वहीं पुरानी नीति जारी रहेगी। एवं टकराव की स्थिति बनी रहेगी। जेहाद के नाम पर कश्मीर से भारत के विरुद्ध प्रशिक्षित आतंकवादी प्रछन्न रूप में भेजता रहेगा। औपचारिक तौर पर भारतीय प्रधानमंत्री श्री अटलबिहारी वाजपेयी एवं विदेशमंत्री यशवंत सिन्हा के साथ संधि वार्ताओं का क्रम तो चलता रहेगा। परन्तु कोई रचनात्मक परिणाम सामने नहीं आऐगा।

भारत के उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तिसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-काश्मीर, आन्ध्र प्रदेश आदि राज्यों में नरसंहार, बलात्कार, राजनैतिक उठा-पटक, पदपरिवर्तन आदि की संभावना बनी रहेगी। भारत के कई राज्यों में भूकम्प, तूफान आदि अन्य प्राकृतिक प्रकोपों से व्यापक जन-धन की हानि होगी। शासक वर्ग की गलत नीतियों के कारण अर्थ-तंत्र में कमजोरी आएगी। औद्योगिक क्षेत्रों में धीमी प्रगति होने से उत्पादन प्रभावित होगा। रेल-सेवा तथा दूरसंचार व्यवस्था में अनर्गल व्यवधान आएगा। सोना-चांदी, कांसा-पीतल, गुड़, शक्कर, हल्दी, चावल, कपास, किराणा सामग्री, गेहूं, दाल, कोयला, सीमेंट तथा वनस्पति घी, सभी तेल आदि में प्राय: महंगी की अवधारण समय-समय पर कायम रहेगी। चिकित्सा एवं ज्ञान-विज्ञान में नये शोध कार्य होंगे। जिससे भारतीय वैज्ञानिकों को विशेष उपलब्धियाँ प्राप्त होंगी। विकास की आर्थिक गति तेज होते हुए भी भारतीय अर्थ व्यवस्था में कोई खाश उपलब्धियाँ प्राप्त नहीं होंगी। वित्तमंत्री श्री जसवंत सिंह द्वारा किये गए अथक प्रयास के बावजूद भी भारतीय यूनिट ट्रस्ट ऑफ इंडिया आदि वित्तिय जगत में कोई खास सार्थक नतीजा सामने नहीं आएगे। जिससे बार-बार भारतीय शेयर बाजार .....और आर्थिक संकट से घिरा रहेगा। बार-बार शेयर बाजार प्रभावित होकर आंधी के आम की तरह गिरता नजर आएगा। विदेशी निवेशकों का शेयर बाजार से विश्वास टूटेगा। स्टॉक मार्केट ऊपर कम उठेगा। नीचे ज्यादा गिरेगा जिसके चलते छोटे और मध्यम निवेशकों का जान निकलेगा। इस वर्ष लोक सभा चुनाव भी होगा। किसी भी राष्ट्रीय पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं मिलेगा। मिला-जुलाकर सत्तारूढ़ पार्टी की ही सरकार बन सकेगी। राष्ट्रीय कॉंग्रेस, समता पार्टी को अपने ही दलों के भितर घात से कुछ नुकसान उठाना पड़ सकता है। चुनाव में युद्ध उन्माद सी स्थिति दिखाई पड़ेगी। जिसकी लाठी उसकी भैंस वाली कहावत चरितार्थ होगी। जातीय उन्माद स्पष्ट दृष्टिगोचर होगा। बिहार में राष्ट्रीय जनता दल और उत्तर प्रदेश में समाजवादी को भी कुछ नुकसान होने का अनुमान है। भारत का अगला प्रधानमंत्री कोई मौनधारक, बिदूर स्त्री पुरुष होंगे। चुनाव के कारण अनावश्यक खर्च का बोझ बढ़ेगा। जिससे आर्थिक संकट फिर आ सकता है। अनेक बैंक फिर घाटे में रहेंगे। बजट में कर का बोझ बढ़ेगा। रामजन्म भूमि-बाबरी मस्जिद संबंधी विवादों में सार्थक प्रयास जारी रहेंगे और अनुकूल नतीजा के आसार हैं। खेल जगत में भारतीय खिलाड़ियों को इस वर्ष अच्छे प्रदर्शन का अनुकूल अवसर और सफलता के आसार हैं। जिससे भारतीय खिलाड़ियों को अन्तर्राष्ट्रीय गौरव प्राप्त होकर भारत का नाम विश्व के समग्रत: राष्ट्रों में बढ़ेगा।

व्यापारीक वस्तुओं की तेजी-मंदी समीक्षा 2004 ई.

व्यापारिक वस्तुओं के उतार-चढ़ाव के अनुमान के बाद ही वस्तुओं का क्रय-विक्रय करना सफल व्यापार की कुंजी है। ग्रहों की गोचर युति-प्रतियुति, उदय-अस्त, वक्री-मार्गी आदि के गणितीय आधार पर यह स्तंभ आपके बीच प्रस्तुत है। बाजार देश-काल की परिस्थितियों के आधार पर भी निर्भर करता है साथ ही प्राकृतिक घटना चक्र एवं राजनीतिक उतार-चढ़ाव का भी गहरा ताल-मेल बाजार को प्रभावित करता है। समुचित बातों को समझते हुए सम्पूर्ण गणितीय आधार पर यह लेख तेजी-मंदी गतिविधियों पर आधारित यह समीक्षा है। होना तो ईश्वर के अधीन है। इसमें लाभ-हानि की हमारी किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी नहीं है।

जनवरी:- यह मास गुरुवार, अश्विनी नक्षत्र, शिव नाम योग, मेषराशि में प्रारंभ हो रहा है। फलत: इस मास में ता. 3 को मंगल रेवती में प्रवेश करने से सोना-चांदी, पीतल-तांबा के भावों में मंदी का संचार होगा जबकि सभी अनाजों के भावों में भी मंदी का वातावरण रहेगा। सरसों व सभी डिब्बा बंद तेलों में अत्यधिक तेजी का बोल-बाला रहेगा। ता.4 को गुरु वक्री होने से तेल, घी तथा प्रत्येक व्यापारिक जिन्सों में तेजी से लाभ मिलेगा। ता. 6 को बुध मार्गी होने से पुन: बाजार मंदी की ओर बढ़ेगा। घी, गुड़, खाण्ड में तेजी, गेहूं, जौ, चना आदि अनाजों में मंदी का वातावरण रहेगा। ता. 9 को शुक्र कुंभ में प्रवेश करने से बाजार में असमंजस की स्थिति रहेगी। चावल, चीनी, चांदी-सोना, घी में विशेष मंदी का संचार होगा। साथ ही रुई, गुड़, खाण्ड, गेहूं, चना, जौ, मूंग, बाजरा तथा सफेद चीजों में मंदी कायम रहेगी। अत: बाजार के रुख देखकर काम करें। ता. 14 को सूर्य मकर राशि में आकर नेपच्यून के साथ योग बना रहा है। फलत: घी, तेल, अलसी, गुड़, शक्कर, रुई, चांदी में तेजी बनेगी। गेहूं, चावल, बारदाना में मंदी की ओर रुख रह सकता है। ता. 24 को मंगल स्वयं राशि मेष में प्रवेश करने से गेहूं, चना, सरसों, किशमिश, राजमा, हल्दी, सोना-चांदी, रुई एवं वनस्पति घी, सभी तेलों में अचानक तेजी का संचार होगा। कुल मिलाकर इस मास में चावल, चांदी, गेहूं, चना सभी अनाजों, किराना सामग्रियों के भाव के साथ-साथ सोना में मंदी का ही वातावरण रहेगा। जबकि तेल वनस्पति में प्राय: तेजी बरकरार रहेगी।

फरवरी:- यह मास रविवार, रोहिणी नक्षत्र, वृष राशि में प्रारंभ हो रहा है। ता. 3 को बुध, मकर राशि में प्रवेश करने से साथ ही सूर्य से योग होने से रुई, सोना-चांदी, सभी तेल, सरसों, दलहन में अच्छी तेजी या मंदी के झटके आएंगे। मंदी में खरीदें और तेजी में सौदा काट लें। इसी तारीख को शुक्र मीन राशि में विचरण करने से रुई, काला कपास, सूत कपड़ा में भी विशेष तेजी का संचार हो सकता है। ता. 15 को बुध पूरब में अस्त होने से एक मास में घी आदि रस पदार्थ मंदी में रहेगा। रुई में घटा-बढ़ी चले। पहले तेज फिर मंदी और अन्त में फिर तेज रहें। सोने में घटा-बढ़ी के बाद तेजी रहेगी। ता. 22 को बुध कुंभ में प्रवेश करने से नेपच्यून के साथ संबंध बनाएगा। फलत: अलसी, रुई और चांदी में जोरदार मंदी एवं तेजी के झटके आएंगे। घी, तेल, रस, गुड़, खाण्ड, चावल, गेहूं, चना एवं सभी तेलों में अत्यधिक तेजी रहेगी। ता. 29 को शुक्र मेष में आने से चांदी, चावल, जौ, गेहूं, बाजरा, मेवा, किराना बाजार में प्राय: मंदी का संचार होगा। कुल मिलाकर इस मास में गुड़, तिल, तेल, घी, सरसों, चांदी में उतार-चढ़ाव परन्तु गेहूं, केशर, लाल चंदन, लाल मिर्च, ताम्बा, सोना, धान आदि में तेजी का वातावरण रहेगा।

मार्च:- यह मास सोमवार, आर्द्रा नक्षत्र, मिथुन राशि में प्रारंभ हो रहा है। बाजार का रुख पहले जैसा ही रहेगा। फिर भी व्यापार जगत में ऐसा वातावरण रहेगा कि लोगों को रुख समझ नहीं आएगा। कुछ बाजारों में रह-रहकर अचानक तेजी बनेगी तो कुछ नीचे की ओर जाएंगे। जिन बाजारों में बाहरी मांग के ऊपर कारोबार होता है उनमें भाव ऊंचा होने के कारण अभी बाहर के व्यापारी आवश्यक जरूरत मंद का ही माल सौदा करेंगे। बाहर के व्यापारी लाम्बी खरीदारी करने से बचेंगे। ता. 8 को शनि मार्गी होने से सभी दलहन, तिलहन, किराना सामग्रियों में तेजी की अवधारणा रहेगी। सोना-चांदी में मंदी का दौर जारी रहेगा। यहां से सोना का बाजार धीरे-धीरे गिरता जाएगा। जो 15 अप्रैल तक लगातार गिरते जाना चाहिए। ता. 14 को सूर्य मीन संक्रांति से अचानक मंदी में चले जाएंगे। इससे गेहूं, चना, चावल, सरसों, मूंगफली, राजमा में अच्छी मंदी आ जाएगी। सूर्य के मीन में प्रवेश करने के पूर्व ही बुध भी मीन राशि में प्रवेश कर गया है। अत: जिस बाजार में मंदी पहले से बनी रही उसमें अभी तेजी बनने का योग नहीं है। ता. 18 को बुध पश्चिम में उदय होने से मास के मध्य में कपास, रुई, चांदी, गुड़, चीनी, सरसों, सोना में तथा किराने के अनेक आयटम में कुछ तेजी आकर पुन: बाजार गिरने लगेगा। ता. 26 को बुध मेष में, ता. 28 को शुक्र वृष में आने से तिलहन, अलसी, बनस्पति घी, चावल, गुड़, राजमा, मेवा का भाव में अचानक तेजी का संचार होगा जबकि चना, गेहूं का भाव मंदी में रहेगा।

अप्रैल:- यह मास वृहस्पतिवार, आश्लेषा नक्षत्र, सिंह राशि में प्रारंभ हो रहा है। मास के शुरूआत में अधिकतर बाजारों में मंदी का ही रुख रहेगा। ता.7 को बुध वक्री होने से रुई, कपास, वस्त्र, सूती वस्त्र, चांदी में मंदी एवं तेजी के अच्छे झटके आएंगे। मंदी में खरीदें एवं तेजी में सौदा काट लें। सभी अनाजों में मंदी का संचार होगा। ता. 9 को बुध पश्चिम में अस्त होने से वस्त्र, रुई एवं शेयरों में 15 दिनों में मंदा आने का संकेत है। ता.13 को सूर्य मेष में आने से अन्नादि सभी पदार्थ, गेहूं, चना, सरसों, रुई, कपास व सभी वस्तुओं में मंदी आएगी। ता. 22 को बुध मीन में आने से रुई, गुड़, खाण्ड एवं शक्कर में मंदी बनेगी। जबकि सोना-चांदी में उतार-चढ़ाव के साथ पहले तेज होकर बाद में मंदी में बदल जाएगा। बिनौला में तेजी ही रहे। ता. 26 को बुध पूरब में उदय होने से बाजारों का रुख बदल जाएगा। सावधानी से काम करें। रुई में पहले मंदी 25 दिन के अंदर रुई में झटके की तेजी बनेगी। गेहूं, चना आदि अनाज, तिल, घी, लालमिर्च, चावल में तेजी बनेगी। इनका संग्रह लाभप्रद होगा। किराना सभी सामग्रियों एवं सोना-चांदी, बनस्पति, तेल, मेवा में अचानक तेजी का संचार होगा। ता. 27 को मंगल मिथुन में आने से चावल, चांदी, वनस्पति, राजमा, सरसों, गुड़ में अचानक अत्यधिक तेजी का संचार होगा। फिर चौथे दिन से बाजार किसी अफवाह से प्रभावित हो सकता है।

मई:- यह मास शनिवार पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र, कन्याराशि में प्रारंभ हो रहा है। 2 मई से बुध मार्गी होकर बाजार को संभालने की कोशिश करेगा। अनेक वस्तुओं के भावों में स्थिरता आते हुए लगेगी तथा कुछ में अगले ही दिन से तेजी का रुख भी बनना शुरू हो जाएगा। गुड़, खाण्ड, रशकश पदार्थ के भाव में सुधार होगा। तथा यह मजबूती की ओर चल पड़ेगी। अनाजों में चावल, चना, मटर, गेहूं के भावों में तेजी का रुख बनेगा। रुई कपास के भावों में मंदी का संचार होगा। किराने में मिर्च, जीरा, दालचीनी, काजू, किशमिश, अखरोट, पोस्तादाना, सौंफ में तेजी का रुख बनेगा। सरसों, मूंगफली के भाव भी तेजी में रहेंगे। ता. 5 को गुरु मार्गी होने से उपरोक्त सामग्रियों के भावों में तथा सोना-चांदी में भी तेजी की अवधारणा बनी रहेगी। ता. 13 को सूर्य मेष में आने से सोना-चांदी एवं लाल पदार्थ सामग्रियों के भाव तेज रहेंगे। ता.18 को शुक्र वक्री होने से गुड़, खाण्ड में तेजी एवं चावल, गेहूं, दलहन,तिलहन में मंदी का संचार होगा। जबकि दूध-दही, घी, डिब्बा बंद तेलों में विशेष तेजी का संचार रहेगा। ता. 28 को शुक्र वृष में प्रवेश करने से धातुओं में चांदी में सुधार का रुख बनेगा। अलसी का भाव धीरे-धीरे सुधरने की ओर चलेगा। तेजी-मंदी के विचार से यह महीना कुछ जीन्सों को छोड़कर तेजी का तढख पकड़ेगा। गेहूं, चावल, चना, गुड़, खाण्ड, अलसी तथा अनेक जिन्सों में तेजी का वातावरण उतार-चढ़ाव के मध्य प्राय: जारी रहेगा। बुध मार्गी होने से इस महीने में विशेष तेजी गुड़, खाण्ड, अलसी, चावल में बनना चाहिए। महीना का अंत आशा के साथ समाप्त होगा।

जून:- यह मास मंगलवार स्वाती नक्षत्र बाजारों में अफरा-तफरी का माहौल बन जाएगा। बाजार आंधी के आम की तरह गिरता नजर आएगा। ता. 4 को शुक्र पश्चिम में अस्त होने से बाजार उलटने का कोशिश करेगा। यह सोना-चांदी, चावल, गेहूं, बाजरा, सरसों, गुड़, खाण्ड, रशकश पदार्थ के बाजार को अस्थिर कर देगा। सोना, कपास, सरसों, मूंगफली, चना, चावल आदि के भाव में मंदी लाने में पुरजोर समर्थन करेगा और यदि ऐसा हुआ तो बाजारों में विशेष मंदी का संचार होगा। ता. 7 को बुध पूरब में अस्त होने से एक मास में घी, रशकश पदार्थ मंदे होते हैं। रुई में उतार-चढ़ाव फिर मंदी और अंत में विशेष तेजी होती है। सोने में घटा-बढ़ी के बाद कुछ तेजी की अवधारणा बनती है। ता.14 को सूर्य मिथुन में, इसी तारीख को मंगल कर्क में प्रवेश करने से प्राय: रुई, सरसों, अरण्डी, तेल, अलसी में मंदी बनेगी। परन्तु गुड़, शक्कर, अनाज आदि में जोरदार तेजी बनेगी। ता.15 को शुक्र पूरब में उदय होने से चावल, घी, तेल, बिनौला, सरसों, चांदी में तेजी बनेगी। रुई तथा दलहन के भाव गिर जाएंगे। ता.17 को बुध मिथुन में प्रवेश करने से चांदी, रुई, गेहूं, जौ, चना, बाजरा तथ श्वेत वस्तुओं में मंदी बनेगी। ता. 20 को शनि अस्त होने से सभी अनाजों के भाव, तेलों में तेजी का संचार होगा। अनाजों के भाव भी तेज होंगे। ता.30 को शुक्र मार्गी होने से अचानक बाजार का रुख बदलेगा। बाजार के रुख को देखकर काम करें। मेरे समझ से रुई में मंदी का रियेक्शन आये। चांदी, सोना, तेज रहे। सभी दाल, गुड़, घी के संग्रह से आगे अच्छा लाभ मिल सकता है।

जुलाई:-यह मास गुरुवार ज्येष्ठा नक्षत्र, धनु राशि में प्रारंभ हो रहा है। ता.1 को बुध कर्क राशि में आने से रुई, कपास में मंदी बने परन्तु बुध-सूर्य के साथ मेल हो रहा है तो तेल, जौ, गेहूं के भावों में जोरदार तेजी बनेगी। ये तेजी कम से कम एक सप्ताह तक जारी रहना चाहिए। ता.16 को सूर्य कर्क राशि में प्रवेश कर वायदा या हाजिर बाजार में विशेष उथल-पुथल व तेजी करेगा। रुई, गुड़, शक्कर, तिल, सरसों, सोना-चांदी में तेजी तथा गेहूं, चना, जौ, अरहर में मंदी का अवधारणा रहेगा। जो कम से कम चार दिनों तक बरकरार रह सकती है। ता.20 को बुध सिंह राशि में सूर्य के साथ मेल करेगा। सोना-चांदी, रुई में तेजी तथा गुड़, शक्कर, चीनी में मंदी आएगी। ता. 25 को मंगल अस्त होने से रुई में झटके के साथ मंदी एवं तेजी के रियेक्शन आएंगे। लेकिन तेजी प्रधान रहेगी। सरसों, अरण्ड, अलसी, तेल आदि में मंदा आने की उम्मीद होने पर भी तेजी बनेगी। चांदी में घटा-बढ़ी, चावल, गेहूं, चना, बाजरा, गुड़, शक्कर तेज होंगे। ता. 26 को शनि उदय होने से एक सप्ताह के अंदर में रुई, शेयर, अलसी, सरसों, अरण्ड, बिनौला एवं मूंगफली में मंदी का वातावरण रहेगा। सब्जी, लोहा, शीशा, रंग, हार्डवेयर, मकान मेटेरियल आदि पदार्थ, लकड़ी, जलावन, कोयला, लहसुन, चावल, गुड़, खाण्ड में तेजी का संचार होगा। ता.31 को शुक्र मिथुन में तथा इसी तारीख को मंगल सिंह में प्रवेश होने से यह खेती अच्छी पैदावार होने के बावजूद प्राकृतिक उत्पात से व्यापक जन-धन की हानि होती है। यह ग्रह मंगल के साथ शुक्र योग करेगा। हो सकता है बाजार अचानक ही वायदा हाजिर बाजार में भारी तेजी का संचार भी हो सकता है। सोना, चांदी, गुड़, शक्कर, गेहूं, अलसी, रुई, लालमिर्च में जोरदार तेजी बनने की उम्मीद है। भारत के ख्याति प्राप्त राजनेता अथवा उद्योगपति का निधन एवं भारी जन समूह की घटना चक्र में मृत्यु संभव है। ईश्वर सबकी रक्षा करें।

अगस्त:- यह मास रविवार, श्रवण नक्षत्र, कुंभ राशि में प्रारंभ हो रहा है। यह मासारंभ मंदी की धारणा से अधिकांश बाजारों में प्रारंभ होगा। यह मंदी तारीख 9 तक बनी रहेगी। ता. 10 को बुध वक्री होगा। फलत: खाण्ड, बिनौला, तिल, तेल, घी, गुड़, शक्कर तथा शेयर बाजार में तेजी का संचार होगा। रुई, चांदी, सोना में घटा-बढ़ी के बाद मंदी बनेगी जबकि वनस्पति घी, सरसों तेल में भी बाजार गिरता नजर आएगा। जिसका कुप्रभाव कम से कम ता.15 तक जारी रह सकता है। ता. 16 को सूर्य सिंह राशि में आकर सोना-चांदी, तिल, तेल, अरण्डी, सरसों में जोरदार तेजी बनेगी। जबकि शेयरों एवं चावल, गेहूं, सभी दालों में कुछ मंदा रुख रहेगा। इसी तारीख को बुध अस्त होने से दस दिनों तक बाजार में असमंजस की स्थिति कायम रहेगी। हो सकता है प्राकृतिक उत्पात अथवा राजनीतिक उत्पात, सत्ता परिवर्तन अथवा देश की सीमा पर अचानक ही काले बादल छाए रहेंगे। इन समयों में रेल-यातायात से व्यापक जन-धन हानि होगी। इससे बाजार विशेष प्रभावित हो सकता है। ता. 27 को गुरु कन्या में आने से रुई, चांदी, सूत के भाव मंदे जबकि गेहूं, चना, जौ, चीनी, सोना के भाव में तेजी बनेगी। ता. 31 को बुध पूरब में उदय होने से गेहूं, जौ, चना, लालमिर्च, घी, बिनौला, अलसी, चांदी में तेजी तथा रुई, सोना में मंदी बनेगी।

सितम्बर:-यह मास बुधवार, उत्तराभाद्रपद नक्षत्र, मीन राशि में प्रारंभ हो रहा है। मासारंभ में सट्टे की एकाध जिन्सों को छोड़कर सभी में मंदी की धारणा से शुरूआत होगी। ता. 1 को शुक्र कर्क में प्रवेश होने से घी, गुड़, तिल, तेल, वनस्पति, डिब्बा बंद तेल, अलसी, अरण्डी, सरसों एवं शेयर बाजार में तेजी का रुख बनेगा। सभी प्रकार के अनाज, राजमा, किशमिश, सहीजरा, दालचीनी, अखरोट, साबुदाना भी तेज होंगे। सोना-चांदी में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। ता. 2 को बुध मार्गी होने से रुई, अलसी, बिनौला, गुड़ तथा शेयर में मंदी का संकेत है। ता. 5 को शनि कर्क में तथा इसी तारीख को गुरु अस्त होने से सरसों, अलसी, तेल, वनस्पति, चना, गेहूं, चावल, हल्दी, खली, सोना आदि के भावों में परिवर्तन करेगा। अस्त होने के पूर्व तेजी हो तो मंदी और मंदी हो तो तेजी हो जाती है। यह शिलशिला कम से कम दस दिनों तक चलना चाहिए। ता. 16 को मंगल कन्या में, सूर्य भी कन्या में प्रवेश होने से रुई गेहूं, सोना, चांदी, कपास, अलसी में तेजी बनेगी। ता.20 को बुध पूरब में अस्त होने से रुई, कपास, मूंगफली, राजमा, छोहारा, बारदाना, गेहूं, चने में तथा शेयर बाजार में मंदी का रुख बनेगा। ता.25 को बुध कन्या राशि में प्रवेश करने से सोना-चांदी, पीतल, तांबा आदि धातुओं में सप्ताह अंत तक तेजी करेगा। ता. 28 को शुक्र सिंह राशि में आने से रुई, चना, मटर, गेहूं, चावल, रेशम एवं चांदी आदि में तेजी होगी।

अक्टूबर:-यह मास शुक्रवार, भरणी नक्षत्र, मेष राशि में प्रारंभ हो रहा है। ता. 3 को गुरु उदय होने से चांदी, चावल तेज होगा और सोना में मंदी की अवधारणा बनेगी। यह शिलशिला कम से कम 7 दिन तक चलना चाहिए। ता.12 को बुध तुला में प्रवेश होने से रुई, कपास, चीनी में तेजी तथा अलसी, अरण्डी, बिनौला, मूंगफली, मेवा, राजमा, सोयाबीन, चांदी में मंदी का वातावरण रहेगा। जो तीन दिन तक कायम रह सकता है। ता. 16 को सूर्य तुला राशि में बुध के साथ मेल करेगा, फलत: अलसी, गेहूं, सरसों, सोना, तांबा में तेजी तथा चांदी, रुई, कपास में मंदी का रुख रहेगा जिसका प्रभाव एक सप्ताह तक रहेगा। ता. 23 को शुक्र कन्या में प्रवेश करके चावल, चीनी, अरहर, रुई, सिल्क, टेक्सटाइल में मंदी देगा। तिलहन, तेल एकाध बाजार में मंदी आएगी। इसका प्रभाव तीन दिनों तक बरकरार रहेगा। ता. 26 को बुध पश्चिम में उदय होने से गेहूं, जौ, चना, लालमिर्च, घी, बिनौला, अलसी, चांदी में तेजी तथा रुई, चावल, सोना में मंदी बनेगी। ता. 31 को बुध वृश्चिक में आने से गेहूं, जौ, वनस्पति घी, गुड़, चने, किशमिश, राजमा, सोयाबीन, सभी दालों, गुड़, बाजरा में तेजी बनेगी।

नवम्बर:-यह मास सोमवार, मृगशिरा नक्षत्र, मिथुन राशि में प्रारंभ हो रहा है। ता. 1 को मंगल तुला में आने से चांदी, दालों,उड़द, गुड़, घी, कपास, रुई, सन, बारदाना, सरसों, तिलहन के भाव गिरेंगे। ता. 4 को मंगल उदय होने से पांच दिन में रुई, उड़द, तिल, डिब्बा बंद तेल, अलसी में तेजी की अवधारणा बनती है। जबकि अनाजों में मंदी का वातावरण दृष्टिगोचर होता है। ता. 8 को शनि वक्री होने से रुई, सोना-चांदी में घटा-बढ़ी चले एवं अनाजों में मंदी की अवधारणा होती है। आगे मास में चावल, घी, लौह उपकरण, कालीमिर्च, उड़द में अच्छी तेजी से लाभ मिलेगा। ता. 15 को, सूर्य वृश्चिक में प्रवेश होने से अलसी, मूंग में तेजी बनेगी। जबकि रुई, चांदी तथा शेयर बाजार में उथल-पुथल के बाद तेजी बनेगी। ता. 17 को शुक्र तुला में प्रवेश होने से सोना-चांदी, रुई, कपास, सूत, सन, पाट, बारदाना, मूंगफली, गुड़, खाण्ड, गेहूं, उड़द, मूंग आदि अनाजों व दलहन में तेजी बनेगी। शुक्र के विशेष प्रभाव रुई, गुड़ एवं चांदी के बाजारों पर देखा गया है। ता. 23 को बुध धनु में प्रवेश होने से घी, गेहूं, जौ, चना, गुड़, बाजरा में तेजी बनेगी। ता. 30 को बुध वक्री होने से खाण्ड, बिनौला, तिल, तेल, घी, गुड़, शक्कर तथा शेयर बाजार में भी जोरदार तेजी बनेगी जबकि रुई, सोना, चांदी, चावल में घटा-बढ़ी के बाद मंदी बनेगी।

दिसम्बर:-यह मास बुधवार, पुनर्वसु नक्षत्र, कर्क राशि में प्रारंभ हो रहा है। ता. 1 को मंगल विशाखा में, ता. 2 को सूर्य ज्येष्ठा में तथा ता. 3 को शुक्र विशाखा में प्रवेश करने से सोना-चांदी, गुड़, शक्कर के भावों में मंदी परन्तु रुई, तिल, तेल के भावों में तेजी बनेगी। ता. 5 को बुध पश्चिम में अस्त होने से अनाज, घी आदि में 33 दिनों में मंदी बनती है। रुई में घटा-बढ़ी पहले तेज, बीच में मंदी अंत में फिर तेज हो। सोना-चांदी में घटा-बढ़ी के बाद तेज हो। मासान्त तक तेजी-मंदी के रियेक्शन रहेंगे। ता. 7 को सूर्य वृश्चिक में प्रवेश होने से रुई, गुड़, चांदी, चावल, पशुचारा, बिनौला, तिलहनों में तेजी बनेगी। ता. 11 को शुक्र वृश्चिक में प्रवेश होने से सोना-चांदी, रुई, कपास, चावल, मूंग, उड़द के भावों में तेजी लायेगा। ता. 15 को सूर्य धनु राशि में प्रवेश होने से रुई, कपास, सूत, तिल, तेल, सोना, चांदी आदि में तेजी बनेगी। अनाज, गुड़, रशकश पदार्थ एवं लाल वस्तुओं में अच्छी तेजी बनेगी। तेजी से तुरंत लाभ लेलें। आगे शीघ्र ही मंदी का संचार होगा। ता. 16 को बुध पूरब में उदय होगा। इसी तारीख को मंगल वृश्चिक राशि में प्रवेश करेगा। बाजारों का रुख बदल सकता है। सावधानी से कार्य करें। रुई में पहले मंदी, 20 दिन के अंदर रुई में झटके की तेजी बनेगी। गेहूं, चना आदि अनाज, तिल, घी एवं लालमिर्च में तेजी बनेगी। ता. 20 को बुध मार्गी होने से मासान्त तक गेहूं, चना में तेजी तथा अलसी, बिनौला, मूंगफली, राजमा, किशमिश, छोहारा, किराना सामग्री और गुड़, रुई में जोरदार मंदी का संचार होगा। अत: सोच-विचार कर काम करें। घरेलू इंधन, गैस महंगी होगी। उपभोक्ता सामानों के मूल्यों में पहले की अपेक्षा काफी कमी होगी।

इस तरह वर्षभर के प्रमुख बाजारों की तेजी-मंदी अति संक्षिप्त में यह आलेख तेजी-मंदी समीक्षा के रूप में आप विज्ञ पाठकों के बीच प्रस्तुत है। आशा है कि यह आलेख आपको मार्गदर्शन में पर्याप्त मार्गदर्शन करने में सहायक होगा। शुभकामनाओं के साथ सभी जिन्सों का तेजी-मंदी समीक्षा एक साथ दैनिक रूप में मुख्य-मुख्य चांसों का उल्लेख कर विस्तार से स्पेशल रिपोर्ट तैयार किया जाता है। जो भी महाशय चाहें तो यह स्पेशल रिपोर्ट सेवा शुल्क भेजकर हमारे यहां से विस्तार से रिपोर्ट प्राप्त कर सकते हैं। एक माह का 1000 रुपया, छ: माह का 2500 रुपया तथा एक वर्ष का 4200 रुपया निर्धारित है। शुल्क आचार्य पंडित टुन-टुन शास्त्री, पटना, बिहार के किसी भी बैंक के ड्राफ्ट भेजकर रिपोर्ट प्राप्त किया जा सकता है।

शेयर बाजार समीक्षा शेयर बाजार की चाल क्या है? संभावनाएं भविष्य में।

सामान्यतः यह माना जाता है कि शेयर बाजार में काम करने वाले स्त्री-पुरुष चाहे किसी के नाम से भी कारोबार करें, उसे शेयर बाजार से लाभ या हानि का फल अपनी जन्म पत्रिका अथवा हस्तरेखा में फलित होने वाले रेखाओं के अनुसार प्राप्त होता है। शेयर में घाटे की संभावना को जानने समझने के बाद भी व्यक्ति स्वयं को कारोबार करने से रोक नहीं सकता क्योंकि विधि के विधान को टालना सभी उसके वश में नहीं है। कुछ व्यक्ति इस कारोबार से अथाह धन अर्जित कर लेतें हैं तो कुछ की किस्मत में केवल धन की बर्बादी हेतु ही इस कारोबार में आना होता है। कुछ को सट्टा कारोबार में लाभ होता है तो कोई डिलिवरी आधारित कारोबार में, कोई ऑटो मोबाईल में धन कमा सकता है तो कोई साफ्टवेयर में। फर्क सिर्फ उसकी कुण्डली अथवा हस्तरेखा में विराजमान ग्रह-स्थिति एवं महादशा का ही रहता है। शेयर कारोबार प्रारंभ करने के पहले अपनी जन्म पत्रिका या हस्त परीक्षण कराना संभावित खतरों के प्रति चेतावनी तो दे ही सकता है साथ ही व्यक्ति का मार्गदर्शन कर उसे भारी अनिष्ट से सावधान भी कर सकता है। व्यक्ति को कब, कहां, कैसे, किस शेयर में कारोबार करना चाहिए ताकि उससे लाभ प्राप्त हो सके इसका निर्धारण भी कुण्डलीय अथवा हस्त विश्लेषण से ही संभव है। वास्तविकता में जब तक लाभ होता है तब तक तो शेयर कारोबार को कोई ज्योतिषीय समीक्षा अच्छी नहीं लगती तथा वह समस्त लाभ का श्रेय स्वयं की बुद्धि विवेक को ही देता है। परन्तु घाटा होते ही उसका सारा सपना चूर-चूर हो जाता है और सारा दोष भाग्य पर थोप देता है। यह स्तंभ विगत कई वर्षो से नियमित प्रकाशित हो रहा है। इस स्तंभ के सहारे बहुत सारे पाठकगण सफलता पाकर मेरे पास शुभकामना पत्र प्रेषित किए हैं, मैं उन पाठकों का विशेष आभारी हूं जिन पाठकों ने मेरी मनोकामना को बढ़ाया है।

जनवरी:- यह नूतन मास गुरुवार, अश्विनी नक्षत्र, शिवयोग, मेषराशि में प्रारंभ हो रहा है। मासारंभ में शुक्र मकर में, सूर्य बुध में, मंगल मीन में, राहु मेष में, गुरु सिंह में, शनि मिथुन में, केतु तुला में भ्रमणशील रहेगा। जबकि ता. 4 को गुरु वक्री होगा। ता. 6 को बुध मार्गी होगा। ता. 9 को शुक्र कुंभ में, ता. 14 को सूर्य मकर में, ता. 24 को मंगल मेष में स्वयं राशि में स्थान परिवर्तन करेगा। फलतः सूर्य वर्षारंभ में धन में, मंगल वर्षारंभ से ही मीन में, शुक्र वर्षारंभ से ही मकर में तथा बुध धनु में, गुरु सिंह में, शनि मिथुन में, राहु मेष राशि में वर्षारंभ से ही विचरण करेंगे। ता. 1 को शेयर बाजार खुलेगा। फलतः ता. 1 से 2 तक बाजार में स्थिरता कायम रहेगी। आप चाहें तो नई-पुरानी अर्थ-व्यवस्थाओं के शेयरों में मंदी देखें तो सौदा अवश्य कर लें। अल्प समय में आपका किया गया सौदा लाभकारी हो सकता है। ता. 5 को रोहिणी नक्षत्र में बाजार खुलेगा। इससे पहले ही गुरु वक्री हो रहा है फलतः ता. 5 से 9 तक सत्यम कम्प्यूटर, रोल्टा, रिलायंस, इनफोसिस टेक्नॉलाजी, हीरो होण्डा, टीवियस सुजुकी, बजाज ऑटो तथा सीमेंट सेक्टर, बैंक शेयरों में निवेशकों के रुझान से बाजार में प्रायः तेजी की अवधारणा बनी रहेगी। यह शिलशिला कम से कम 23 तक थोड़ा उतार-चढ़ाव पूर्ण बाजार तेजी में रहना चाहिए। बारी-बारी से विभिन्न सेक्टरों के शेयरों में तेजी दिख पड़ेगी। ऐसे इस मास में सूर्य बुध की युति देश के अनेक भागों में धार्मिक व साम्प्रदायिक उपद्रवों को बढ़ाने में समर्थन करेगा। जिससे बाजार प्रभावित भी हो सकता है। अच्छी संभावनाओं को देखते हुए वर्तमान बाजारों में निवेशकों के लिए प्रत्येक निचले स्तर पर निवेश करते रहना उचित है। ता. 24 को मंगल मेष में आने से बाजार एक बार फिर तेजी की ओर आ जाएगा। स्टील तथा साफ्टवेयर पुरानी अर्थ-व्यवस्था के शेयरों में तेजी कायम रहना चाहिए। विदेशी वित्तिय संस्थाओं के सहयोग मिलने से टेलीकम कम्पनी, सत्यम, इनफोसिस एवं पेट्रोरसायन शेयरों में विशेष तेजी दिख पड़ेगा। जिस दिन आप बाजार मंदा देखें तो सम्पूर्ण निवेश को 2-3 किस्तों में करना ही उचित प्रतीत होता है।

फरवरी:- यह मास रविवार, रोहिणी नक्षत्र, वृष राशि में प्रारंभ हो रहा है। इस मास में ता. 3 को बुध मकर में, इसी तारीख को शुक्र मीन में, ता. 15 को बुध पूरब में अस्त होगा। ता. 13 को सूर्य कुंभ में, ता. 22 को बुध कुंभ में, ता. 29 को शुक्र मेष में स्थान परिवर्तन करते हुये विचरण करेगा। ता. 2 को मृगशिरा नक्षत्र में बाजार खुलेगा। फलतः ता. 2 से 6 तक बुध मकर में प्रवेश करके सूर्य से युति कर रहा है। वश यहीं से बाजार की मुसीबत शुरू हो जायेगी। पिछले समय में बाजार में थोड़ा-बहुत सुधार आया था, वह बिकवाली दबाब से टूटना शुरू हो जायेगा। ता. 2 से 6 तक दूरसंचार मीडिया, सूचना, प्रोद्योगिकी क्षेत्र की कम्पनियों, रिलायंस, आई.टी.सी. तथा पेट्रोरसायन शेयरों में बिकवाली विशेष होगी। यह शिलशिला ता. 13 तक जारी रह सकता है। बाजार में तेजी कम मंदी की अवधारणा कायम रहेगी। ता. 15 को बुध अस्त होने से अचानक ही विश्व के समग्रतः राष्ट्रों में किसी घटना या अफवाह के कारण बाजार में सभी बिकवाल नजर आयेंगे। जो ता.23 तक लगातार बेचते रहेंगे। विशेष तौर पर दूरसंचार मीडिया, सूचना प्रोद्योगिकी, कम्पयूटर, हार्डवेयर, साफ्टवेयर, बैंकों के शेयर तथा फार्म सेक्टर के चुनिन्दा शेयर आंधी के आम की तरह गिरता नजर आएगा। ता. 24 से बाजार सुधरते ही खरीद कर चलिए। हालांकि ता.27 को मंदी का जोरदार झटका लग सकता है। ता. 28 फरवरी को वजट पेश होगा। यदि गत वर्ष की भांति दिन में ही पेश हुआ तो पूरी संभावना रहेगी कि बाजार पर प्रतिकूल प्रभाव पूरा मास बना रहेगा। मेरे समझ से यह मास मंदी का लग रहा है। आप क्षणिक तेजी देखकर कदापि लोभ में न पड़ें। अन्यथा इससे निकलना बड़ा मुश्किल हो जाएगा। आप चाहें तो मास के अंत में मंदी का सौदा नई-पुरानी अर्थ व्यवस्थाओं तथा रिलायंस समूह शेयरों में कर सकते हैं।

मार्च:- यह मास सोमवार, आर्द्रा नक्षत्र, प्रीतियोग, मिथुन राशि में प्रारंभ हो रहा है। ता. 8 को शनि मार्गी होगा। ता. 9 को बुध मीन में, ता. 11 को मंगल वृष में, ता. 14 को सूर्य मीन में, ता. 18 को बुध पश्चिम में उदय होगा। ता. 26 को बुध मेष में, ता. 28 को शुक्र वृष में स्थान परिवर्तन के साथ भ्रमणशील रहेगा। ता. 1 को बाजार खुलते ही बिकवाली के दबाव से बाजार आंधी के आम की तरह गिरता नजर आएगा। परन्तु ता. 2 से वजट की तेजी इस महीने के शुरुआती दिनों से कायम रहेगी। सत्यम कम्प्यूटर, ए.सी.सी.एल टेक्नो., मास्टेक, इन्फोसिस टेक्नो., विप्रो., हीरो होण्डा, बजाज आटो, एसीसी गुजरात, अम्बुजा सीमेंट, हिन्दुस्तान लीवर, रैनवैक्सी, डाक्टर रेडी लैब, सन फार्मा, एचडीएफसी, यूटीआई, एसबीआई, विजया बैंक आदि के शेयरों में विशेष तेजी की अवधारणा रहेगी। वर्तमान परिस्थिति में दूरसंचार, मीडिया, सूचना प्रोद्योगिकी क्षेत्र की कम्पनियां कमजोर प्रतीत होते हैं। यह शिलशिला कम से कम 12 तक जारी रहेगा। ता. 15 से 17 तक बाजार अनिश्चितता की स्थिति में रहेगा। इस समय कोई राजनीतिक उलट-फेर अथवा कोई गलत अफवाह से बाजार अचानक प्रभावित हो सकता है। इसमें बाजार का रुख दोनों ओर चलेगा। यदि आप इन समयों में मंदी का सौदा कर लें तो कम समय में पैसा आते देर नहीं लगेगा। ता. 18 से बाजार तेजी की ओर बढ़ना शुरू करेगा। विशेष तौर पर दूरसंचार, मीडिया, सूचना प्रोद्योगिकी क्षेत्र की कम्पनियां, डाक्टर रेडी लैब, सन फार्मा, सिफला, रैनवैक्सी, हुगुल साफ्टवेयर, विजुवल साफ्टवेयर, ज्योफिक मास्टेक, कैसलटेट, मैस्कॉन, ग्लोबल, सत्यम, विप्रो, इन्फोसिस, टेक्नो. शेयरों में तेजी की संभावना ता. 31 तक बनी रहनी चाहिए। वर्तमान परिस्थितियों में टेल्को, टिस्को, रिलायंस कम्पनियों के शेयरों में तथा आटोमोबाइल, स्टील सेक्टर कम्पनियों के शेयर कमजोर प्रतीत हो रहे हैं। अमेरिका द्वारा भारतीय स्टील के आयात पर डम्पिंग ड्यूटी लगने की आशंका बनी हुई है।

अप्रैल:- यह मास गुरुवार, आश्लेषा नक्षत्र में प्रारंभ हो रहा है। मासारंभ में ही ता. 22 को बुध मीन में, ता. 26 को बुध पूरब में उदय होगा। ता. 27 को मंगल मिथुन में स्थान परिवर्तन के साथ भ्रमणशील रहेगा। ता. 1 को बाजार खुलते ही विदेशी समर्थकों के समर्थन से नई पुरानी अर्थ व्यवस्थाओं के शेयरों में तेजी की अवधारणा कम से कम ता. 9 तक जारी रहेगी। इन समयों में दूरसंचार, मीडिया, सूचना प्रोद्योगिकी क्षेत्र की कम्पनियां, बैंकों तथा फार्मा सेक्टर के चुनिन्दा शेयरों में विशेष तेजी दिख पड़ेगी। आप जिस दिन भी बाजार तेज देखें ता. 9 तक बाजार से सौदा काट कर बाहर हो जाएं। यह ध्यान रखें ता. 7 एवं 8 को बाजार अचानक अफवाह से विशेष तेजी में जा सकता है। यह एक बहुत ही सुंदर चांस है। अवसर का लाभ अवश्य उठा लें। ता. 9 को बुध 7 घंटा 33 मिनट पर अस्त होगा। फलतः ता.12 से फार्मा में रैनवैक्सी, सन फार्मा, सिपला, डाक्टर रेडी लैब, एचडीएफसी, यूटीआई, एसबीआई, सत्यम, रोल्टा, विप्रो, इन्फोसिस टेक्नो., आईपीसीएल, एचपीसीएल, आईपीसी आदि शेयर तथा दूरसंचार, मीडिया, सूचना प्रोद्योगिकी क्षेत्र की कम्पनी का शेयर आंधी की तरह गिरता नजर आएगा। यह शिलशिला कम से कम ता. 21 तक जारी रह सकता है। यह मंदी की स्थिति विश्व

के अनेक मुद्रा बाजार संकट के गिरफ्त में होगी। इस समय में विश्व के कई राष्ट्रों में मुद्रा संकट उत्पन्न होने का योग बन सकता है। अतः सावधानी अपेक्षित है। ता. 22 से पुनः बुध मीन में प्रवेश होने से बाजार धीरे-धीरे सुधार की ओर आएगा। ता. 26 को बुध पूरब में उदय होने से हार्डवेयर, साफ्टवेयर, फार्मा सेक्टर तथा वित्तिय संस्थाओं के शेयरों में विदेशी निवेशकों के अचानक समर्थन से बाजार धीरे-धीरे तेजी की ओर जाएगा। यह शिलशिला ता. 30 तक जारी रह सकता है।

मई:-यह मास शनिवार, पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र, कन्या राशि में प्रारंभ हो रहा है। ता. 2 को बुध मार्गी होगा। ता. 5 को गुरु मार्गी होगा। ता. 6 को शुक्र मिथुन में, ता. 9 को बुध मेष में, ता. 13 को सूर्य मेष में, ता. 18 को शुक्र वक्री होगा। ता. 28 को शुक्र वृष में स्थान परिवर्तन के साथ भ्रमणशील रहेगा। ता. 3 को चित्रा नक्षत्र में बाजार खुलेगा। बाजार खुलते ही तेजी का चांस रहेगा। पिछले मास की अपेक्षा इस माह बाजार काफी अच्छा होने का चांस है। इस माह बहुत अधिक संभावना है कि एसीसी, गुजरात अंबुजा सीमेंट, लार्सन एण्ड टर्बो, दूरसंचार मीडिया, सूचना प्रोद्योगिकी क्षेत्र की कम्पनियों, टेल्को, टिस्को, हीरो होण्डा, टिवियस सुजुकी, महेन्द्रा एण्ड महेन्द्रा, इन्फोटिक सेक्टर शेयरों में कारोबार अधिक होंगे। उतार-चढ़ाव के मध्य यह शिलशिला ता.10 तक जारी रहेगा। ता. 11 को सूर्य कृतिका में आने से वित्तीय संस्थाओं की खरीददारी हो सकती है। जिससे बाजार में हल्की तेजी का रुख बनना प्रारंभ हो जाय। यदि इस जगह आप बाजार में तेजी देखें तो बिना हिचक सौदा कर लेना चाहिए। एक बार फिर नई अर्थ व्यवस्था के शेयर, साफ्टवेयर, हार्डवेयर, दूरसंचार, मीडिया, सूचना प्रोद्योगिकी क्षेत्र की कम्पनियां तथा सीमेंट, पेट्रोरसायन के शेयर चलना प्रारंभ कर देंगे। और कम समय में अच्छा मूल्य बना लेंगे। ता. 13 को सूर्य मेष राशि में आ जाने से बाजार में तेजी का रुख और तेज हो जाएगा। अतः जिस दिन बाजार तेज देखें सौदा काटकर मंदी का सौदा विभिन्न सेक्टरों में आप अवश्य करें। ता. 18 को शुक्र वक्री होने से नई पुरानी अर्थ व्यवस्थाओं के शेयरों में अचानक विदेशी निवेशकों के समर्थन से तेजी पूरे मास बरकरार रहना चाहिए। विश्व के अन्य राष्ट्रों के बाजारों में भी तेजी का रुख नहीं रहेगा। जब भी बाजार अधिक तेजी की रफ्तार पकड़े, सौदा काटने को हमेशा तैयार रहना चाहिए। ऐसे माह में सत्यम, विप्रो, इन्फोसिस टेक्नो. तथा बैंकों के शेयर अच्छे तेज हो सकते हैं।

जून:-यह मास मंगलवार, स्वाती नक्षत्र, वृश्चिक राशि में प्रारंभ हो रहा है। ता. 2 को बुध वृष में, ता. 4 को शुक्र पश्चिम में अस्त होगा। ता. 7 को बुध पूरब में अस्त होगा। ता. 14 को सूर्य मिथुन में, इसी तारीख को मंगल कर्क में, ता. 15 को शुक्र पूरब में उदय होगा। ता. 17 को बुध मिथुन में, ता. 20 को शनि अस्त होगा। ता. 30 को शुक्र मार्गी होगा तथा इसी तारीख को बुध पश्चिम में उदय होगा। इस मास का प्रारंभ मंदी से होने पर बाजार लगातार 14 तक उतार-चढ़ाव के मध्य मंदी में ही रहने का चांस बन रहा है। इसके बाद ता. 15 को शुक्र पूरब में उदय होने से धीमे-धीमे मंदी का झटका कम होने लगेगा तथा बाजार में अचानक विदेशी निवेशकों के समर्थन से हीरो होण्डा, टिवियस सुजुकी, बजाज ऑटो, लार्सन एण्ड टर्बो, एसीसी, टिस्को, टेल्को, विजुवल साफ्टवेयर, हुगेस साफ्टवेयर, सत्यम, विप्रो, इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नो., टाटा इन्फोटेक, हार्डवेयर कम्पनियों तथा दूर संचार मीडिया क्षेत्र की कम्पनियों में तेजी की अवधारणा धीरे-धीरे बनना शुरू हो जाएगी। जो ता. 18 तक लगातार जारी रहना चाहिए। ता. 20 को शनि अस्त होने से भारी इंजिनियरिंग, रिलायंस इन्ड., एसीसी, लार्सन एण्ड टर्बो, ऑटो मोबाइल, पेट्रोरसायन कम्पनियों के शेयर कोई अज्ञात अफवाह से लगातार गिरता नजर आएगा। यह शिलशिला कम से कम 28 तक जारी रह सकता है। अतः सावधानी अपेक्षित है। परन्तु ध्यान रखें आप इस सप्ताह जिस दिन भी बाजार विशेष मंदे देखें तो दूरसंचार मीडिया, फार्मा, कम्प्यूटर अथवा अर्थ व्यवस्थाओं के शेयरों में सौदा अवश्य कर लें। कम समय में अच्छा लाभकारी हो सकता है। मास का अंत विशेष तेजी में बंद होगा।

जुलाई:-यह मास गुरुवार, ज्येष्ठा नक्षत्र, धनु राशि में प्रारंभ हो रहा है। ता. 1 को बुध कर्क में, ता. 16 को सूर्य कर्क में, ता. 20 को बुध सिंह में, ता. 25 को मंगल अस्त होगा। ता. 26 को शनि उदय होगा। ता. 31 को शुक्र मिथुन में, इसी तारीख को मंगल सिंह में स्थान परिवर्तन के साथ भ्रमणशील रहेगा। फलतः इस मास का प्रारंभ भी धीमें-धीमें तेजी का वातावरण बनना शुरू हो जाएगा। इस मास की एक विशेषता यह रहेगी कि बारी-बारी से सभी सेक्टरों के शेयरों में तेजी की अवधारणा बनेगी। कभी किसी सेक्टर के शेयरों में तेजी तो कभी दूसरे शेयरों के काउंटर में तेजी होगी। यह शिलशिला ता. 16 तक जारी रहेगा। पुनः ता. 20 को बुध सिंह में आने से अचानक विदेशी निवेशकों के रुझान एक बार फिर शेयर बाजार की ओर आ जाने से अचानक ही एब्रेसिब्स का उपयोग ऑटो मोबाइल, ऑटो एसीलरी, फार्जिंग, कंस्ट्रक्शन तथा इंजिनियरिंग उद्योग तथा उर्वरक, पेट्रोकेमिकल्स, सीमेंट उद्योगों के शेयरों में समर्थन से बाजार धीरे-धीरे तेजी में ही बंद होना चाहिए। यह शिलशिला ता. 23 तक चलना चाहिए। ता. 25 को मंगल अस्त होने से तथा 26 को शनि उदय होने से बाजार में उहा-फुह की स्थिति रहेगी। क्योंकि दोनों ग्रह उग्र और प्रतिघातक एवं एक शत्रुग्राही ग्रह है। फलतः इन दोनों ग्रहों का कुप्रभाव शेयर बाजारों पर अवश्य परिलक्षित होगा। यहीं मानसून से संबंधित होने अथवा राजनैतिक उठा-पटक प्राकृतिक उपद्रव का ताण्डव चाहे जो भी हो, अनुकूल-प्रतिकूल प्रभाव अवश्य परिलक्षित होगा। ता. 26 से 30 तक भारी इंजिनियरिंग, सीमेंट, ऑटोमोबाइल, रिलायंस तथा वाहन निर्माता कम्पनियों एवं सत्यम कम्प्यूटर, विप्रो, रोल्टा, हुगेस साफ्टवेयर एवं अन्य साफ्टवेयर कम्पनियों के शेयरों के साथ-साथ पेट्रोरसायन कम्पनियों के शेयरों में कुछ तेजी रुक-रुक कर दृष्टिगोचर होगी। इस मास में सही समय में लिया गया सौदा आपको अच्छा मुनाफा दे सकता है। इस माह में विदेशी संस्थाओं का समर्थन समय-समय पर मिलता रहेगा।

अगस्त:-यह मास रविवार, श्रवण नक्षत्र, कुंभ राशि में प्रारंभ हो रहा है। ता. 10 को बुध वक्री होगा। ता. 16 को शुक्र सिंह में, इसी तारीख को बुध पश्चिम में अस्त होगा। ता. 27 को गुरु कन्या में, ता. 31 को बुध पूरब में उदय होकर स्थान परिवर्तन के साथ भ्रमणशील रहेगा। फलतः इस माह का शुरूआत तेजी से ही होगा। ज्यादातौर पर इंडियन होटल, डी लिंक, आरसीएफ, उषा मार्टिन, विजया बैंक, वाइंडिया, विशाका इण्ड., ग्लेनमार्क फार्मा, रानेब्रेक, शामटेलीक्लोर, हीरो होण्डा, टिवियस सुजुकी, पोलारिस साफ्टवेयर, एसबीआई, इलाहाबाद बैंक, आन्ध्रा बैंक, सेल, हिन्द जिंक, नोमट, सत्यम तथा दूरसंचार मीडिया, सूचना प्रोद्योगिकी क्षेत्र की कम्पनियां एवं रिलायंस समूह, एसीसी, लार्सन एण्ड टर्बो आदि कम्पनियों के शेयरों में उतार-चढ़ाव के मध्य ता. 13 तक बाजार विदेशी निवेशकों के समर्थन से तेजी में रहना चाहिए। ता. 9 से 11 तक वित्तीय संस्थाओं की खरीदारी हो सकती है। जिससे बाजार अचानक तेजी की रफ्तार में आ जाएगा। जो शेयर बाजार के लिए एक चांस है। इस समय अधिकांश शेयरों के भाव अब तक ऊंचे का स्तर देख चुके होंगे। इसलिए जो भी शेयर का भाव टूटे उसे दुबारा नीचे में सौदा करना मेरे समझ में अच्छा नहीं रहेगा। ता. 16 को सूर्य सिंह राशि में प्रवेश करेगा। साथ ही इसी दिन बुध पश्चिम में अस्त भी होगा जिसके चलते तेजी में कमी आना शुरूआत हो जाएगा। विशेष तौर पर दूरसंचार मीडिया, सूचना प्राद्योगिकी क्षेत्र की कम्पनियां, फार्मा सेक्टर, हार्डवेयर, साफ्टवेयर तथा वित्तीय संस्थाओं के शेयरों के भाव लगातार गिरते जाएंगे। जिससे तेजी में आना प्रारंभ हो जाएगा और विदेशी संस्था से बिकवाल बन जाएगी और पहले की अपेक्षा इनका कारोबार कम होना शुरू हो जाएगा। यह शिलशिला ता. 25 तक चल सकता है। ता. 27 को गुरु कन्या में प्रवेश होने से बाजार धीरे-धीरे ऊपर की ओर बढ़ने या संभलने की ओर रहेगा। वित्तीय संस्थाओं की खरीदारी हो सकती है। जिससे बाजार में हल्की तेजी का रुख बनना प्रारंभ हो जाएगा। यदि इस जगह आप बाजार में तेजी देखें तो बिना भय सौदा करना चाहिए। एक बार फिर नई अर्थ व्यवस्था तथा दूरसंचार मीडिया, सूचना प्रोद्योगिकी, साफ्टवेयर, टेलीकम तथा फार्मा सेक्टर के शेयरों में चमक लौटना प्रारंभ होगा। कुल मिलाकर इन कम्पनियों के शेयर कम समय में ही अच्छा भाव बना लेंगे। ता. 27 से 31 तक बाजार तेजी में रहना चाहिए। जब भी बाजार अचानक तेजी की रफ्तार पकड़े सौदा काटने के लिए आप तैयार रहें। भारी इंजिनियरिंग, आयरन, सीमेंट तथा रिलायंस समूह शेयरों के भाव प्रायः खामोश रहेंगे। अतः सावधानी अपेक्षित है।

सितम्बर:-यह मास बुधवार, उत्तराभाद्रपद नक्षत्र, मीन राशि में प्रारंभ हो रहा है। ता. 1 को शुक्र कर्क में, ता. 2 को बुध मार्गी होगा। ता. 5 को शनि कर्क में, इसी तारीख को गुरु अस्त होगा। ता. 16 को सूर्य कन्या में, इसी तारीख को मंगल भी कन्या में, ता. 20 को बुध पूरब में अस्त होगा। ता. 25 को बुध कन्या में, ता. 28 को शुक्र सिंह में स्थान परिवर्तन के साथ भ्रमणशील रहेगा। इस माह की शुरूआत कुछ तेजी के

वातावरण से होगी। लेकिन अब सावधान होकर काम करना चाहिए। ता. 2 को बुध मार्गी होने से आपने जो भी सौदा किया है इसे काटकर बाहर निकालने को सोचिए। अगले सप्ताह गुरु अस्त होने से कारोबार की मात्रा घटने का योग बन रहा है। यदि ता. 5 के बाद भी तेजी चले तो आम निवेशक तेजी समझकर एकबार फिर फसेंगे। किसी कारण से अथवा प्राकृतिक उत्पात, राजनैतिक घटना चक्र के कारण दैनिक कारोबार की मात्रा में काफी कमी दृष्टिगोचर होगी। शेयर बाजार में मायूसी का प्रायः संचार होगा। शेयर बाजार का सूचकांक दिनों-दिन आंधी के आम की तरह गिरता नजर आएगा। यह शिलशिला मेरे समझ से पूरा मास चलना चाहिए। ता. 20 से शुरू होने वाले सप्ताह में बाजार और अधिक टूटना शुरू हो जाएगा। जो शेयर बाजार के लिए विशेष अशुभ का संकेत है। इस समय बाजार की गतिविधियां समझ में न आवें टूटता हुआ बाजार में काम करना मेरे समझ में अच्छा नहीं है। यह शिलशिला कम से कम ता. 24 तक जारी रह सकता है। ता.27 से बुध सुधार की स्थिति धीरे-धीरे बनना चाहिए। आप ता. 27 से जब भी बाजार मंदी में देखें तो बेहिचक सौदा विभिन्न सेक्टरों में अवश्य कर लें। अगले माह के लिए यह सौदा अल्प समय में ज्यादा मुनाफा दे देगा। मेरे समझ से कुल मिलाकर मास के शुरू से 25 तक बाजार की स्थिति दिशाहीन रहेगा। आप इन समयों में बाजार से दूर रहें तो और अच्छा है।

अक्टुबर:-यह मास शुक्रवार, भरणी नक्षत्र, मेष राशि में प्रारंभ हो रहा है। ता. 3 को गुरु उदय होगा। ता. 12 को बुध तुला में, ता.16 को सूर्य तुला में, ता. 23 को शुक्र कन्या में, ता. 26 को बुध उदय पश्चिम में, ता. 13 को बुध वृश्चिक में स्थान परिवर्तन के साथ भ्रमणशील रहेगा। फलतः इस माह कई प्रमुख अनुकूल योग शेयर बाजार के भविष्य के लिए योग कर रहा है। मास का शुरूआत गुरु उदय के साथ हो रहा है। बाजार की शुरूआत तेजी से होगी। लेकिन ऐसे जल्दी ही बाजार में आशा का संचार होगा और दूरसंचार मीडिया, सूचना प्रोद्योगिकी क्षेत्र की कम्पनियों, नई पुरानी अर्थ व्यवस्थाओं के शेयरों में विदेशी संस्थाओं के समर्थन से बाजार में तेजी की अवधारणा रहेगी। हॉलाकि बहुत अधिक तेजी की आशा नहीं करिए फिर भी तेजी का ही आसार है। यह तेजी का संचार ता. 15 तक चलना चाहिए फिर ता.16 को सूर्य नीचे तुला में प्रवेश कर जाएगा जो स्तंभकारी बन जाएगा। जो शेयर बाजार में कुछ रियेक्शन उत्पन्न करेगा, जिससे बाजार कुछ ज्ञात-अज्ञात कारणों से अथवा अफवाहों से अचानक प्रभावित होकर कुछ दिन के लिए कारोबार पिछले दिनों की अपेक्षा कम होगा। और बाजार धीरे-धीरे नीचे आएगा। परन्तु मंदी का झटका खाने के बाद बाजार फिर संभलकर चलने का प्रयास करने लगेगा। यह असमंजस की स्थिति ता. 16 से 25 तक हो सकता है। यदि ऐसा नहीं होता है तो ता. 18 से 25 तक बाजार एसबीआई, एचडीएफसी, यूटीआई, विजया बैंक, एसीसी, लार्सन एण्ड टर्बो, टिस्को, टेल्को, टाटापावर, सेल, हिंदमोटर, एशियन पेंट, सत्यम कम्प्यूटर, हीरो होण्डा, अरविन्द मिल, डिजिटल ग्लोबल, डॉक्टर रेड्डी लैब, रैनवैक्सी, आईपीसीएल, वनजोसी, रिलायंस इण्ड., एचसीएल टेक्नो. आदि शेयरों में विशेष तेजी का भी चांस बन सकता है। इन समयों में विदेशी संस्थाओं का विशेष समर्थन प्राप्त होने का आसार है। ऐसे जो भी हो बाजार के रुख के अनुसार ही कार्य करें तो बुद्धिमानी है। ता. 26 को बुध उदय होने से तथा अन्य योगों के कारण बाजार एक तरफ तेजी का रुख बनाएगा जो ता.31 तक एक तरफा तेजी जारी रहना चाहिए। इन समयों में दूरसंचार, मीडिया, सूचना प्रोद्योगिकी क्षेत्र की कम्पनियां, रैनवैक्सी, सिपला, सनफार्मा, सत्यम कम्प्यूटर, रोल्टा, मास्टेक, नीट, एचसीएल टेक्नो., विजुवल साफ्टवेयर, हुगेस साफ्टवेयर, कुछ नये साफ्टवेयर, इन्फोसिस टेक्नो., हिन्दुस्तान लीवर, रिलायंस इण्ड, पेट्रोरसायन तथा सीमेंट सेक्टर कम्पनियों में विशेष खरीदारी होने से शेयर सूचकांक ग्राफ तेजी से ऊपर जाएगा। कुल मिलाकर शेयर बाजार की स्थिति गत मास की अपेक्षा काफी सुधार के साथ सुदृढ़ रहेगा। इस माह निवेशकगण काम करें तो लाभ में रहेंगे।

नवम्बर:-यह मास सोमवार, मृगशिरा नक्षत्र, मिथुन राशि में प्रारंभ हो रहा है। ता. 1 को मंगल तुला में, ता. 4 को मंगल उदय होगा। ता. 8 को शनि वक्री होगा, ता. 15 को सूर्य वृश्चिक में, ता. 17 को शुक्र तुला में, ता. 23 को बुध धनु में, ता. 30 को बुध वक्री होगा। फलतः स्थान परिवर्तन के साथ ग्रह स्थिति भ्रमणशील रहेगी। इस माह के शुरू से ही मंगल तुला राशिगत प्रवेश होने से तथा मंगल उदय होने से बाजार धीरे-धीरे सुधरना शुरू हो जाएगा। अतः निवेशकगण अल्प समय में अधिक लाभ प्राप्त करना चाहतें हैं तो वे नई पुरानी अर्थ व्यवस्थाओं तथा दूरसंचार, मीडिया, सूचना-प्रोद्योगिकी एवं फार्मा सेक्टर में सौदा कर लाभ अर्जित कर सकते हैं। सीमेंट सेक्टर, आटोमोबाइल, हार्डवेयर, साफ्टवेयर तथा हिन्दुस्तान कम्पनियों के शेयरों में विशेष तेजी का चांस रहेगा। ता. 1-2 को बाजार अच्छी घट-बढ़ में चलेगा। यह शिलशिला ता. 1 से 5 तक जारी रहेगा। पुनः ता. 8 को शनि वक्री होने से सीमेंट सेक्टर, भारी इंजिनियरिंग, पावर, रिलायंस इण्ड, हीरो होण्डा, टिवियस सुजुकी, मारुति कार, महेन्द्रा एण्ड महेन्द्रा, पंजाब ट्रेक्टर, अशोक लिलैण्ड, लार्सन एण्ड टर्बो कम्पनियों के शेयरों में तथा वित्तीय-संस्थाओं एवं दूरसंचार-मीडिया-सूचना-प्रोद्योगिकी, पेट्रोरसायन शेयरों में विदेशी निवेशकों के बिकवाली से बाजार तेज खुलकर प्रायः तेजी में रहना चाहिए। यह एक अच्छा चांस है। यह तेजी का शिलशिला ता. 19 तक कुछ उतार-चढ़ाव पूर्ण चलते रहना चाहिए। ता. 23 को बुध धनु में प्रवेश करने से अचानक बाजार में कुछ अज्ञात अफवाह उत्पन्न होगी अथवा राजनैतिक उलट-फेर, देश की सीमा पर तनाव अथवा अन्य प्राकृतिक उत्पात से बाजार कुछ प्रभावित हो सकता है। तो तेजी-मंदी में परिवर्तन हो सकता है। अतः सावधानी अपेक्षित है। यह असमंजस की स्थिति ता. 26 तक जारी रह सकती है। ता. 29 को बाजार खुलते ही विदेशी निवेशकों के बिकवाली से इन्फोसिस टेक्नो., सत्यम कम्प्यूटर, रोल्टा, मास्टेक, नीट, एचसीएल टेक्नो., नये साफ्टवेयर, दूरसंचार, मीडिया, सूचना प्रोद्योगिकी क्षेत्र की कम्पनियां, रैनवैक्सी, सिपला, पार्कडियस, ग्लोक्स इंडिया, डाक्टर रेड्डी लैब, एसबीआई, एचडीएफसी, यूटीआई, आईसीआईसीआई बैंक तथा आटोमोबाइल शेयरों में तेजी का तढख रहेगा। ता. 30 तक जारी रहेगा। यह मास शेयर बाजार के लिए अनुकूल है।

दिसम्बर:-यह मास बुधवार पुनर्वसु नक्षत्र, कर्क राशि में प्रारंभ हो रहा है। ता. 5 को बुध पश्चिम में अस्त होगा। ता. 7 को बुध वृश्चिक में, ता. 11 को शुक्र भी वृश्चिक में, ता. 15 को सूर्य धनु में, ता. 16 को बुध पूरब में उदय होगा। इसी तारीख को मंगल वृश्चिक में, ता. 20 को बुध मार्गी होगा। स्थान परिवर्तन के साथ ग्रह स्थिति भ्रमणशील रहेगी। फलतः इस मास का शुरूआत तेजी से होगा। इस मास के शुरूआत में इन्फोसिस टेक्नो., सत्यम कम्प्यूटर, विप्रो, रोल्टा, दूरसंचार, मीडिया, सूचना प्रोद्योगिकी क्षेत्र की कम्पनियों, सीमेंट, साफ्टवेयर, टेलीकाम शेयरों में लिवाली के जोर रहने से ता. 13 तक बाजार तेजी में रहना चाहिए। फिर ता. 5 को पश्चिम में बुध अस्त होने से बाजार अचानक बिकवाल बन जाएगा। जिससे बाजार आंधी के आम की तरह गिरता नजर आएगा। यह शिलशिला ता. 15 तक जारी रह सकता है। ता. 16 को मंगल वृश्चिक में तथा बुध पूरब में उदय होने से तेजी फिर एक बार वापस लौट आएगी। स्थानीय निवेशकों तथा विदेशी संस्थाओं के समर्थन से नई पुरानी अर्थ व्यवस्था तथा साफ्टवेयर, सीमेंट, हिन्दुस्तान लिवर, फार्मा सेक्टरों में विशेष कारोबार होंगे। कम ही समय में उपरोक्त शेयरों के मूल्यों में तेजी से ग्राफ ऊपर उठेगा। यह शिलशिला पूरा मास तक जारी रह सकता है। परन्तु ध्यान रखें ता. 27 के बाद आप जिस दिन बाजार तेज देखें सौदा काटकर बाहर हो जाएं। शेष ईश्वर के अधीन है।

उपरोक्त आलेख ग्रहों के गोचर, अस्त, वक्री, मार्गी, युति, प्रतियुति, संचार के आधार पर लिखा गया है। होना न होना ईश्वर के अधीन है। निवेशकगण स्टॉक एक्सचेंज, शेयर इसे भली प्रकार पढ़कर अपनी सूझ-बूझ पर काम करें। इसमें लाभ-हानि की हमारी तथा प्रकाशक की कोई जिम्मेवारी नहीं है। एक छोटी से आलेख में सभी बातें एक साथ लिख पाना संभव नहीं हो पाता। शेयर बाजार तो अपने आप में समुद्र है, उसमें गोता लगाना आसान नहीं। फिर भी हम अपने विज्ञ पाठकों को विशेष जानकारी के लिए स्पेशल शेयर बाजार की दैनिक रिपोर्ट तैयार करते हैं। जो शेयर बाजार की गतिविधियों पर आधारित होता है। जिसका सेवा शुल्क इस प्रकार निर्धारित है-एक साथ तीन माह की दक्षिणा 1650 रु., छः माह की 2750 रु. तथा बारह माह की 5000 रु. निर्धारित है। वार्षिक शुल्क भेजने वाले को हम राष्ट्रीय मासिक ज्योतिष पत्रिका प्रत्येक माह में डाक से भेजते हैं। सेवा शुल्क आप आचार्य पंडित टुन-टुन शास्त्री, पटना (बिहार) के किसी बैंक के ड्राफ्ट भेजकर आप रिपोर्ट प्राप्त कर सकते हैं। जन्म पत्रिका निर्माण शुल्क साधारण 351रु., मध्यम 551रु., स्पेशल 751रु. तथा सर्वोत्कृष्ट 1551रु. निर्धारित है। हस्तरेखा परीक्षण शुल्क 251रु. निर्धारित है।

व्यापार भविष्य सन् २००४ ई.

लेखक— श्री रामावतार गुप्त ''व्यापार भूषण'', राव उमराव सिंह मार्किट, आर्य समाज रोड, नई सब्जी मण्डी, जिला-रेवाड़ी-१२३४०१ (हरियाणा)

जनवरी मास- इस मास में तेजी की प्रमुख ता. 3, 6, 7, 13, 21, 27 एवं मंदी की प्रमुख ता. 1, 2, 5, 8, 12, 19, 24, 26, 29 हैं। ता. 2 जन. बुधोदय घटा-बढ़ी कारक है। प्रथम रुख देखकर काम करें। ता. 3 जन. पौष सुदी 11 कृतिका नक्षत्र युक्त होने से सोना-चांदी होली तक तेज रहे तथा आगे आषाढ़ मास में लाल रंग की वस्तुऐं तेज रहेंगी। ता. 6 जनवरी को गुरु वक्री होगा। धातु मूल पदार्थ अन्य प्रमुख वस्तुओं में प्रथम एकदम भड़कती तेजी लाकर बाजार मंदी करेगा।

माघ मास-मास में 5 गुरु शुक्रवार घटाबढ़ी कारक हैं एवं व्यापारिक वस्तुओं में प्रायः मंदी की प्रधानता अधिक रहे। पश्चिमी देशों में अशांति तो मास में सर्दी का जोर, बर्फ-ओलापात, शीत-लहर तथा जनता में कोई विशेष बिमारी का जोर रहेगा। ता. 9 जनवरी बदी 2-3 क्रमशः शुक्र शनिवारी है। कहीं युद्ध का वातावरण तैयार होगा।

''दुतिया तृतीया माघ बदी शुक्र शनैश्चर वार।
तो पृथ्वी पर युद्ध से वहे रक्त की धार॥''

ता. 14 जनवरी मकर संक्रांति खर्पर योग युक्त होने से दुर्भिक्ष एवं कष्टकारी है। इस संक्रांति काल में घी, हल्दी मंदी हो तो स्टॉक करके आगे बेचने से लाभ होगा। शुभवार में खर्पर योग तेजीकारक तो है। परन्तु विशेष तेजी कारक नहीं होगा। ता. 21 जनवरी पू.षा. बुध एक सप्ताह के अन्दर वर्षा पानी, जनता में कोई खास बिमारी, सोना-चांदी में अच्छी मंदीकारक तो बिनौला तेज होगा। ता. 23 जनवरी चन्द्रदर्शन दलहन तेज तो रस पदार्थ, तिलहन, अनाज मंदे करेगा। सुदी पक्ष में रुई, सोना, चांदी धातुएं मंदी रहेंगी। ता. 24 जनवरी श्रवणे सूर्य तेजी कारक है। मेषे मंगल राहु योग से यहां सभी प्रमुख व्यापारीक वस्तुओं में अच्छी तेजी या मंदी की कोई लाईन निकल सकती है। ता. 28 जनवरी से 5 फरवरी तक उत्तरी भारत में जहां भी बादल हो, वर्षा हो (30 से.मी. से कम) वहां आगे वर्षा काल निश्चित रूप से श्रेष्ठ रहेगा। नोट कर लें।

शकुन विचारः-**माघ अंधेरी चौथ को मेह बादरो जान।**
पान एवं नारियल में महंगी अवसी जान॥
माघ जू.परिवा उजली बादल बिजली होय।
तिल, तेल, तिलहन, घी दिन-२ महंगो होय॥

फागुन मास-(7 फरवरी से 6 मार्च) इस मास में पांच शनिवार एवं कृष्णा छट को स्वाती योग दुर्भिक्षकारी है। मास में बाजारों का रुख प्रायः तेज अधिक रहेगा। तथा ईशान कोण के देशों, प्रांतो में उपद्रव दंगे, भूकम्प, अग्नि आदि के प्रकोपों से क्षति होगी। मास में रुई का बाजार मंदा तो तिलहन, दलहन धातुओं के बाजार तेज रहें। एक अन्य योग के अनुसार सुदी चार अथवा सुदी आठ से प्रमुख वस्तुओं में मंदी का दौर भी शुरू हो सकता है। अधिक जानकारी के लिए पुस्तक भविष्य फल प्रकाश 150 रु. भेजकर मंगा लें। ता. 12 फरवरी बदी 6, स्वाती नक्षत्र युक्त होने से तीन मास तक दुर्भिक्षकारी भी है। ता. 13 फरवरी कुंभ संक्रांति काल में अग्निकांड की घटनाओं में वृद्धि। यदि आज वर्षा हो तो लाल वर्ण की वस्तु मात्र जो भी मंदी हो स्टॉक करके चार मास बाद बेचने से अच्छा लाभ हो। मंगल+राहु के योग से फसलों को नुकसान, दुर्भिक्षकारी तथा बाजारों में अच्छी तेजी का वातावरण बनायेगा। यथा-

मंगल राहु साथ में एक नक्षत्र इक रास।
अनावृष्टि, दुर्भिक्ष, दुख हो खेती का नाश॥

सुदी पक्ष में तीन शनिवार हैं। पक्ष में कालीमिर्च, पाट, बारदाना, खाद्य पदार्थों में मंदी तो रुई, सोना-चांदी, अनाजों में तेजी रहेगी। चन्द्रदर्शन एक मास के अंदर किसी राज्य के मंत्रीमण्डल में परिवर्तन अथवा भंग करेगा। ता. 27 फरवरी सुदी 7 कृतिका नक्षत्र युक्त है।

फागुन शुक्ला सप्तमी को कृतिका नक्षत्र।
भादव मावस के दिवस, वर्षा हो सर्वत्र॥

ता. 29 फरवरी को मेष राशि पर तीन ग्रहों का योग युद्ध, अशांति तेजी कारक है।

मंगल-राहु-शुक्र जब मेष राशि पर आये।
युद्ध, अशांति, क्रांति से प्रा भ्रांत हो जावे॥

शकुन विचारः-**तृतीया फागुन बदी में देखो बादल बात।**
आश्विन शुक्ला तीज को वर्षा हो दिन-रात॥
होली जलत समीर तो गगन जाय बिन रोक।
युद्ध होय संसार में दुख पावें सब लोक॥

फागुन मास में जोर से पतझड़ हो तो श्रेष्ठ। यदि तेज वायु चले तो आगे श्रावण में वर्षा श्रेष्ठ। अति तेज वायु चले तो पैदावार कम होगी, जिससे फसल पर बाजारों में तेजी की धारणा बनें।

चैत्र मास-(ता. 7 मार्च से 5 अप्रैल तक) इस मास में पांच सोमवार एवं पांच ही रविवार होने से मिले-जुले फल होंगे। चैत्र बदी में तिथि घटी है तथा सुदी में वृद्धि हुई है।

चैत्र बदी में तिथि घटे किन्तु सुदी बढ़ जाये।
होय सुभिक्ष सुकाल सुख भूमि न अन्न समाये॥

उत्तम सुभिक्षकारी योग है। फसलें संवत् में अच्छी होंगी। इस सुभिक्षकारी योग का प्रभाव समय-समय पर पूरे संवत् में दिखाई देगा। बदी पक्ष में घी का बाजार तेज रहेगा एवं सुदी पक्ष में व्यापारिक वस्तुओं में मिला-जुला रुख रहेगा। बदी एकम् को शनिदेव मार्गी होंगे। पिछली लाईन पलट जायेगी। रुई, चांदी, घी में प्रथम तेजी तो बाद में मंदी आयेगी। रुख देखकर काम करें। ता. 11 मार्च वृषे मंगल एक मास के अंदर प्रायः सभी व्यापारिक वस्तुओं के भावों में वृद्धि करेगा। शेयरों में मोटी तेजी भी आ सकती है। मेष राशि में शुक्र राहु का योग अनाज तेज करेगा।

मेष राशि पर होय जब शुक्र राहु संयोग।
धान्य भाव महंगा रहे विग्रह पीड़ित लोग॥

ता. 14 मार्च मीने संक्रांति को वर्षा हो तो तेलों, तिलहन, रुई, हींग का स्टॉक आगे लाभ देगा। ता. 21 मार्च से नवीन संवत्सर 2061 विक्रमी का शुभारंभ होगा। राजा सूर्य तो मंत्री मंगल देव हैं। संवत् की मेन पावर क्रूर ग्रहों के हाथ में होने से दुर्भिक्षकारी है। गुड़, चना का व्यापार उत्तम रहेगा। 28 मार्च से मंगल शुक्र की वृष राशि में 28 दिन बैठक चलेगी। इस दौरान जब भी आकाश में बादल छा जाये, निःसंदेह वर्षा होगी। यथा-

शुक्र साथ में चन्द्रमा अथवा मंगल संग।
जो नभ में बादल छवें वर्षा होय उमंग॥

शकुन-ता. 14 या 19 मार्च को यदि दिन-भर आकाश बादलों से ढका रहे परन्तु वर्षा न हो एवं उत्तर की पवन चले तो आगे अनाजों में काफी मंदी आएगी।

चैत्र सुदी में चौथ तक जो वर्षे दिन चार।
वर्षा ऋतु में जानिये वर्षा भली प्रकार॥
चैत्र उजेरी पंचमी दिन-भर बादल छाव।
गेहूं को संग्रह करों सावन अच्छा भाव॥

बैशाख मास-ता. 6 अप्रैल से 4 मई तक। इस मास में 5 मंगलवार तेजी दुर्भिक्षकारी हैं। मास में उपद्रव, हत्याएं, दंगें अधिक हों। किसी राज्य का मंत्रीमण्डल भंग होगा। ता. 6 अप्रैल बुध वक्री रस पदार्थ, सुपारी, धातुएं, किराना तेज करेगा। यदि 5 से 7 अप्रैल तक किसी वस्तु में मंदा रहता है तो आगे सप्ताह दस दिन, उस वस्तु में मंदी का वातावरण रहकर लाईन बदलेगी। इसी प्रकार तेजी रहती है तो तेजी समझनी चाहिए। ता. 13 अप्रैल आर्द्रा शनि तिलहन, रुई में मंदी कारक तो दलहन, गुड़, खाण्ड में भारी तेजी भी ला सकता है। महाराष्ट्र, कोंकण के क्षेत्रों में दुर्भिक्षकारी मेष की संक्रांति मंदी कारक है। परन्तु यहां वृष पर मंगल चल रहा है। विशेष झुकाव तेजी का ही रहेगा। यथा-

मेष राशि पर सूर्य हो, वृष पर मंगल संग।
भय व्याकुलता लोक में राजाओं में जंग॥

प्रजा में आतंक, युद्ध, रोग आदि से जनता भयभीत रहेगी। ता. 19 अप्रैल सोमवती मावस मंदी कारक है। इसका प्रभाव चार दिन पूर्व से

मंदी का पड़ेगा। प्राय: सभी वस्तुओं में गिरावट संभव। शुक्ला एकम् को भरणी का संयोग से पक्ष में गुड़, खाण्ड, भूषा, चारा आदि में बाजार मंदे रहेंगे। चन्द्र दर्शन भी मंदी को सपोर्ट करेगा तथा अक्षय तृतीया गुरुवारी रोहिणी युक्त होने से उत्तम शुभ योग है। वर्षा एवं पैदावार अच्छी तथा बाजारों पर आगे मंदी का प्रभाव पड़ेगा। ता. 27 अप्रैल मिथुने मंगल लालवर्ण की वस्तुओं में खासी तेजी। शनि साथ होने से तिलहन, काली वस्तुएं भी तेज होंगी। (तथा 45 दिन के अंदर) शास्त्रीय नियमों के विपरीत शासकीय एवं व्यापारी वर्ग की चाल खतरनाक। कोई व्यापारी निहाल तो कोई पामाल, नेताओं का पतन, कहीं रेल-यान दुघर्टना आदि संभव। मंगलवारी पूनम को खग्रास चन्द्रग्रहण होगा। लाल वर्ण तेज। रूपा, राई, मेथी, जस्त का स्टॉक आगे अच्छा लाभ देगा। चांदी, रुई में 15 दिन पूर्व से मंदी का प्रभाव शुरू हो सकता है। अधिक जानकारी के लिए पुस्तक अथवा सुपर स्पेशल चांस आदि (समय से पूर्व) मंगा कर लाभ उठाएं। संपर्क करें-01274-223947 एवं 09416118247

शकुन विचार:- **बैशाख सुदी पंचमी चालै पूरब वाय।**
संग्रह करो अनाज का आगे महंगा जाय॥
आठैं बैशाख बदी बिजली गर्जन होय।
संवत् अच्छा जानिए संशय करो न कोय॥
बैशाखी पूनम तथा जेठ बदी दिन आठ।
जो चालै पुरबा पवन तो है वर्षा का ठाठ॥

ज्येष्ठ मास-ता. 5 मई से 3 जून तक, बदी पक्ष में सभी खाद्य पदार्थों में आलू, प्याज, तिलहन, दलहन, ड्राई फ्रूट्स, किराना आदि में अच्छी तेजी आकर बाजार मंदे होंगे। वृष संक्रांति से व्यापारिक वस्तुओं के भावों में गिरावट आयेगी। मास में भारत से पश्चिमी देशों में काफी उपद्रव, खून-खराबा, दंगे आदि से जनता भयभीत हो। मास में संक्रामक रोगों हैजा आदि का बाजार गर्म रहेगा। कोई महामारी भी किसी इलाके में फैल सकती है। यथा-

जेठ बदी एकम् पड़े रवि मंगल बुधवार।
संक्रामक रोगों का रहे गर्म बाजार॥

ता. 6 मई मिथुने-शुक्र अनाज, चावलों में अच्छी तेजी कारक है। यहां मिथुन राशि में तीन ग्रह काफी दुर्भिक्ष, तेजी कारक, अग्निकाडों का भय तथा सभी प्रमुख बाजारों में अच्छी तेजी का संचार करेगा। यथा-

मिथुन राशि पर शुक्र भौम शनि सहित ग्रह तीन।
राष्ट्र भंग दुर्भिक्ष भय प्रजा प्रपीड़ित दीन॥
शुक्र भौम शनि जिस समय रहे इकठौर।
अग्निकांड दुर्भिक्ष भय महंगाई का जोर॥

ता. 8 मई आर्द्रा मंगल 20 दिन में तिलहन पदार्थों में अच्छी तेजी कारक। सोना-चांदी में अच्छी तेजी मंदी की कोई लाईन चलेगी, रुख देखें। ता. 14 मई वृष की संक्रांति से 10 दिन के अंदर सभी प्रमुख बाजारों में गिरावट आयेगी। यदि आज वर्षा हो तो अन्न किराने की जो वस्तुएं मंदी चल रही हों स्टॉक लाभकारी रहेगा। सुदी 3 आर्द्रा युक्त। आज जहां भी वर्षा हो वहां पर आगे वर्षा की काफी कमी रहेगी। नोट कर लें। ता. 29 मई सुदी 10 शनिवार।

जेठ दशहरा शनैश्चर भयकारी भय भास।
प्रजा शोक जल रोक से हो गोकुल का नाश॥

यह योग वर्षा में रुकावट तथा व्यापारिक वस्तुओं में तेजी का संचार करेगा। विशेष जानकारी के लिए रिपोर्ट मंगा कर पढ़ें। सम्पर्क करें-

शकुन विचार- **जेठ बदी एकादशी, द्वादशी बादल गाज।**
शुभ संवत् वर्षा घनी मंदा बिकै अनाज॥
जेठी मावस को रहे नभ निर्मल दिन रात।
तो आगे वर्षात में हो उत्तम वर्षात॥
श्रवण धनिष्ठा जेठ बदी मेघ रहे आकाश।
न वर्षे वर्षा अधिक वर्षे वर्षा नाश॥

आषाढ़ मास-(ता. 4 जून से 2 जुलाई तक) इस मास में पांच शुक्रवार तथा शुक्रवारी पूनम तो गुरुवारी मावस है। अत: मास में अच्छी वर्षा का संकेत मिलता है। परन्तु बदी पक्ष की बजाय सुदी पक्ष में अच्छी वर्षा हो। यथा-

गुरुवारी मावस्या या गुरु दिन मास नक्षत्र।
ज्योतिष का सिद्धांत है वर्षा हो सर्वत्र॥

बदी पक्ष में शुक्र का उदयास्त दुर्भिक्ष तेजी कारक तो बुधास्त घट-बढ़ कारक है। कर्के मंगल मंदी कारक तो मिथुन संक्रांति तेजी का प्रतीक है। कुल मिलाकर मास में घटाबढ़ी अधिक रहेगी। तथा मास में अग्निकांडों में वृद्धि, कोई बड़ा हादशा संभव तथा किसी इलाके विशेष में आगजनी, करफ्यू आदि से जनता परेशान भी रहेगी। बदी पक्ष में वर्षा की कमी रहेगी। ता. 10 जून को यदि चन्द्रमा बादलों में छुपा रहे तो वहां पर आगे रिकार्ड वर्षा होगी। कभी दिखाई दे, कभी छुपा रहे तो वहां पर वर्षा सम। एवं जहां पर चन्द्रमा स्पष्ट रूप से निर्मल दिखाई दे वहां पर वर्षा की नि:संदेह कमी रहेगी। शकुन देखकर आगे की वर्षा का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। ता. 14 जून शुक्रोदय पूर्व में होगा। यहां बुध अस्त चल रहा है। फसलों का हानि, अनाज तेज, वर्षा अथवा युद्ध कारक है। यथा-

जबकि उदय हो शुक्र जी अस्त दशा में बुध।
वर्षे मेघ अकाल या राजाओं में युद्ध॥

ता. 17 जून गुरुवारी मावस रुई के भावों में गिरावट। दो सप्ताह के अंदर हवाएं तूफानी गति से चलेंगी। समुद्री तूफान संभव। मिथुन राशि तीन ग्रहों की सभा भी चलेगी। अनाजों आदि अन्य प्रमुख व्यापारिक वस्तुओं में तेजी के बिल पास होंगे। यथा-

शनि बुध सूरज साथ जब इक राशि इक सेज।
जौं गेहूं चावल चना जुवार बाजरा तेज॥

ता. 20 जून शनि देव अस्त होंगे। पीछे (14 जून) शुक्रोदय हुआ है। मंदीकारक योग है। यथा-

शुक्रोदय पर जब कभी कोई ग्रह हो अस्त।
क्षेम कुशल वर्षा घनी मंदा धान्य समस्त॥

ता. 29 जून देवशयनी एकादशी तेजीकारक है। शुक्रदेव मार्गी होंगे। प्रथम पांच दिन बाजार मंदे चल कर तेज हों। यदि गुड़, खाण्ड, चीनी, घी, चावल में बाजार अच्छा मंदा हो तो स्टॉक करके एक मास पश्चात् बेचने से ही अच्छा लाभ हो।

शकुन विचार- **साढ़ बदी प्रतिपदा को वर्षा बादल गाज।**
अनावृष्टि दो मास तक महंगा बिकै अनाज॥
बदी पंचमी साढ़ में निर्मल रहे आकाश।
ना बादल, ना बिजली कृषि का निश्चय नाश॥

प्रथम श्रावण मास-(ता. 3 जुलाई से 31 जुलाई तक) इस मास में पांच शनिवार अशुभ, दुर्भिक्षकारी हैं। व्यापारिक दृष्टि से तेजीकारक तथा ईशानकोण के देशों में कहीं भारी उपद्रव, दंगे, प्राकृतिक आपदाएं, भूकम्प, बाढ़ आदि का प्रकोप होना संभव है। मास में अनेक प्रकार की बिमारियों का प्रकोप होगा जिससे दवाईयों में तेजी। ता. 3 जुलाई पुष्ये बुध दिन 8 के अंदर सोना-चांदी में मंदी कारक तथा संसद में ऐसा कोई कानून पास हो जिससे जनता में भय, चिन्ता का वातावरण बनेगा। ता. 10 जुलाई बदी 9 शनिवारी-

नौमी सावन बदी में शनिवारी सन्ताप।
मंत्रीमण्डल भंग हो कार्तिक आपै-आप॥

आश्लेषा बुध दिन 10 में गुजरात, सौराष्ट्र के इलाकों में भारी वर्षा कारक। तिलहन, गुड़, खाण्ड अच्छा तेज करेगा। बदी 14 आर्द्रा युक्त- "चौदस आर्द्रा अन्न को संग्रह करो जरूर" अन्न स्टॉक की राय देता है। पूर्व में मंदी में स्टॉक करें। ता. 16 जुलाई कर्के सूर्य अनाजों में तेजी लायेगा। यदि आज आंधी-तूफान आवें तो शुभ नहीं है। आगे वर्षा प्रभावित होगी। ता. 18 जुलाई को चन्द्रदर्शन वर्षा में रुकावटें पैदा करेगा। एवं 20 जुलाई को सिंह राशि में बुध, गुरु योग भी समर्थन करता है। यथा-

जब-जब ही बुध वृहस्पति मिल बैठे इक गेह।
तब-तब ही संसार में वर्षे नाहीं मेह॥

वर्षा न होने से बाजारों में तेजी का वातावरण बनेगा। 24 जुलाई सुदी 7 शनिवारी होने से यदि आज वर्षा हो जाती है तो पैदावार उत्तम होगी।

एवं इसका प्रभाव मंगशिर मास में मंदी का पड़ेगा। 25 जुलाई को मंगल अस्त तो 26 जुलाई को शनि का उदय होगा। चांदी में खास मंदी तो गुड़, चना, अनाज, अलसी में खास तेजी भी आ सकती है। फिर भी यहां एक सप्ताह बाजार रुख देखकर ही काम करना उचित रहेगा। ता. 31 जुलाई को शनि-शुक्र योग प्राय: व्यापारिक वस्तुओं में अच्छी तेजी का प्रभाव रखता है। परन्तु साथ में मंगल-गुरु योग भी अच्छी मंदीकारक भी है। अत: जिधर का बाजार चले, बाजार का रुख देखते हुए काम करना चाहिए। लाभ हानि में हमारी किसी भी प्रकार की कोई जिम्मेदारी कभी नहीं होगी। खुलासा जानने के लिए 150/-भेजकर पुस्तक मंगा लें।

शकुन विचार- सावन रोहिणी नखत में यदि जल ना वर्षाय।
यह लक्षण दुर्भिक्ष का हाहाकार मचाय॥
सावन कृतिका नखत में यदि वर्षा हो जाय।
चार मास वर्षा घणी मंदा धान्य बिकाय॥

द्वितीय श्रावण मास-(ता.1 से 30 अगस्त) मास में वर्षा कम तो कहीं अधिक होगी। मास में पांच रवि, सोम होने से व्यापारिक वस्तुओं में घटा-बढ़ी रहेगी। मास में प्राय: वस्तुओं में थोड़े उतार-चढ़ाव से बाजार चलेंगे। किसी वस्तु में कोई विशेष तेजी की उम्मीद नहीं है। ता. 2 अगस्त आश्लेषा सूर्य दिन 14 के अंदर पूर्वी उत्तरी प्रांतों में उपद्रव। प्राय: सभी प्रमुख व्यापारिक वस्तुओं में घटा-बढ़ी से तेजी, तो शेयर्स में भी चमक आयेगी। ता. 8 अगस्त आर्द्रा शुक्र दिन 10 के अंदर वर्षा, पानी, हर वस्त मात्र चांदी, रुई में अच्छी गिरावट तो अनाजों, दलहन आदि में अचानक अच्छी मंदी का वातावरण बनेगा। ता. 16 अगस्त सिंहे सूर्य काल में अग्निकाण्ड की घटनाओं में वृद्धि, अनाज तेज तो अन्य वस्तुएं घट-बढ़ से मंदी रहेंगी। यहां सिंह राशि में चार ग्रहों का योग वर्षा अथवा युद्ध उपद्रव, दंगे कारक है। यथा-

चार-पांच ग्रहों का बने एक राशि पर योग।
वर्षा अथवा युद्ध से दुख पावैं सब लोग॥

ता. 18 अगस्त सुदी एकम् का चन्द्रदर्शन तेजी कारक है। परन्तु यहां प्रथम बाजार तेज चलकर मंदे होंगे एवं एक मास के अंदर पुन: वहीं भाव आ जायेंगे। सुदी छट का क्षय से रुई, बारदाना आदि में एक मास जनरल लाईन तेज रहेगी। दिन 10 के अंदर बिनौला तेज हो जायेगा। परन्तु धातुएं, तिलहन मंदा होगा। ता. 27 अगस्त को गुरु कन्या राशि में प्रवेश होगा। सुख-सुभिक्षकारी, अनाज सस्ते, गुवार, राई में मंदी की लम्बी लाईन। चैत्र, बैशाख में राजस्थान में छत्र-भंग, गेहूं, घी तेज रहेंगे।

भाद्रपद मास-मास में पांच मंगलवार एवं अमावस्या एवं पूनम दोनों मंगलवारी होने से किसी राज्य के मंत्रीमण्डल में हेर-फेर, दंगें, फिसाद, आपसी द्वेष आदि में बढ़ोत्तरी होगी। गुरु अस्त से पूर्व बाजारों में तेजी रहकर बाजारों में गिरावट शुरू हो जायेगी। अत: मास मंदी प्रधान रहेगा। बदी 2 को पूर्व में बुध का उदय अति वर्षाकारक तथा अनाजों में मंदीकारक। ''भादव में बुध का उदय वर्षा खूब करेई' ता. 2 सितम्बर कर्के शुक्र, मार्गी बुध से बाजारों में घटा-बढ़ी। चलती लाईन में परिवर्तन होगा। ता. 4 सितम्बर पुष्ये शुक्र दिन 10 के अंदर प्रमुख धातुओं, रुई, गुड़, हींग, पारा आदि के भावों में अच्छी मंदी संभव है। ता. 8 सितम्बर गुरुदेव अस्त होंगे। हर वस्तु अनाजादि में मंदी करेगा। यहां कर्क राशि में शनि-शुक्र योग भी समर्थक है। यथा-

शुक्र शनैश्चर साथ हो, आगे पीछे चन्द।
सुख, सुभिक्ष, धन, धान्यमय धरती पर आनंद॥

मावस तक भारी मंदी व्यापारिक वस्तुओं में आ सकती है। सावधान! ता. 16 सितम्बर कन्या राशि में तीन ग्रहों का योग समस्त लालवर्ण, तिलहन, दलहन, धातुएं आदि अन्य प्रमुख वस्तुओं में अच्छी तेजीकारक है। परन्तु गुरु अस्त होने से अच्छी तेजी में संदेह है। अत: प्रथम रुख देखकर ही काम करना उचित रहेगा। ता. 20 सितम्बर सुदी 6 अनुराधा युक्त सुख सुभिक्षकारी है। दुर्भिक्ष जन्य दोषों का शमन करेगी। यथा-

षष्ठी भादव सुदी में अनुराधा नक्षत्र।
अन्य दोष मिट जाये सब हो सुभिक्ष सर्वत्र॥

बुधास्त पूर्व में होगा। रुई, सोना, चांदी में व्यापक घटा-बढ़ी करेगा। सभी प्रमुख शेयरों में भयंकर मंदी तो घी भी मंदा। परन्तु किराना बाजार तेज एवं राजस्थान में व्यापक वर्षा हो सकती है।

मंगलवारी पूनम को सिंहे शुक्र चांदी, रुई में घट-बढ़। तो सोना, लालवर्ण, तिलहन के भावों में वृद्धि करेगा। वर्षा में रुकावट पैदा करेगा। ''सिंह शुक्र जब होय भवानी, चालै पवन न वर्षे पानी।'' परन्तु यहां दो-तीन दिन वर्षा होती है तो 12 दिन खूब वर्षा भी करेगा। भादव मास में पूर्व या ईशान कोण की वायु जहां चले वहां अच्छी वर्षा की संभावना। अन्य दिशाओं की वायु मास में वर्षा कारक नहीं होगी।

शकुन विचार- भादव नोमी चांदनी वर्षे पड़े अकाल।
एकादशी वर्षे अगर सस्ता हो सब माल॥
भादव शुक्ला अष्टमी निर्मल चन्द्रा सूर।
सस्ता सैध व सूत, रुई पांच मास भरपूर॥

ता.1 सितम्बर को यदि 15 बजे बाद उत्तर दिशा में बादल दिखाई दे तो मास में (मंदी में) गल्ला माल का स्टॉक करके फागुन में बेचने से उत्तम लाभ होगा।

आसोज मास-(ता. 29 सित. से 28 अक्टूबर तक) मास में गुरुवारी मावस तथा गुरुवार को मास नक्षत्र भी है। जो कि अच्छी वर्षा कारक है।

''मावस्या गुरुवार या गुरु दिन मास नक्षत्र।
ज्योतिष का सिद्धांत है, वर्षा हो सर्वत्र॥''

मास में बदी पक्ष में बाजार गर्म रहेंगे। परन्तु सुदी पक्ष में घटबढ़ से बाजार मंदे रहें। ता. 29 सित. बदी एकम् बुधवारी ''प्रति पत्सर्व मोशेषु बुधे दुर्भिक्षकारिणी'' पक्ष में सभी खाद्य पदार्थ घी, तेलों, तिलहन, दलहन, आलू, प्याज, सब्जियां आदि का बाजार तेज रहेगा। बदी पंचमी रविवारी है। माघ कृष्ण पक्ष में घी में तेजी आयेगी। यथा-

''आश्विन कृष्णा पंचमी, जो होवे रविवार।
माघी मावस को अवश्य घी का तेज बाजार॥''

ता. 4 अक्टूबर गुरु का उदय सप्ताह दस दिन बाजारों में तेजी बनाये रखेगा। परन्तु अनाज, दलहन मंदे होंगे। बदी 11 चित्रा सूर्य दो सप्ताह के अंदर मौसमी बुखार, दस्त आदि की बिमारियों में एकाएक वृद्धि करेगा। एवं बाजार भावों में मजबूती का समर्थन करेगा। ता. 16 अक्टूबर तुला सूर्य एवं केतु योग एक मास के अंदर सभी प्रमुख बाजारों में मंदी आयेगी।

''नीच राशिगत् क्रूर ग्रह पाप ग्रह समवेत।
निश्चय तदगत् वस्तुएं सब मंदी कर देत॥''

सभी प्रमुख शेयर्स, कालीमिर्च में जोरदार मंदी संभव है। सुदी 4 रविवारी-

'' आश्विन शुक्ला चतुर्थी यदि आवे रविवार।
घी बेचो अन्न संग्रहो आगे लाभ विचार॥''

ता. 23 अक्टूबर को कन्या राशि में तीन ग्रहों की मीटिंग चलेगी। प्राय: सभी व्यापारिक वस्तुओं के भाव गिरने शुरू हो जाएंगे। कई कई वस्तुओं में जोरदार मंदी भी संभव है। स्टॉक करके तीन मास पश्चात् बेचकर लाभ उठाएं। सुदी 13 को पश्चिम में बुध का उदय कपास तेज करेगा।'' आश्विन में बुध का उदय महंगी बिकै कपास।'' आज दोपहर से 24 घंटे के अंदर चांदी में जोरदार मंदी आ सकती है। ता. 27 अक्टूबर रात्रि में ग्रस्तास्त चन्द्रग्रहण होगा। चांदी, रुई 15 दिन पूर्व से मंदी। चावल की फसल को हानि। काली, पीली वर्ण की वस्तुओं के भावों में तेजीकारक है। विशेष जानकारी के लिए 150/- का मनीआर्डर भेजकर पुस्तक भविष्यफल प्रकाश सन् 2004 ई. का मंगाकर लाभ उठायें।

शकुन विचार- आश्विन पूनम को अगर बादल बिजली गाज।
नफा मिलेगा चैत्र में संग्रह करो अनाज॥
दशमी, ग्यारस, द्वादशी लागत आश्विन मास।
बिजली, बादल, गाज हो जो गेहूं का नाश॥

आसोज मास में किसी भी दिन जहां संध्या समय पर्वत के आकार वाले बादल दिखाई दें वहां 24 घंटे के अंदर वर्षा होती है।

कार्तिक मास-(ता. 29 अक्टूबर से 26 नवम्बर तक) मास में पांच शुक्रवार एवं दीपावली एवं पूनम भी शुक्रवारी है। ''प्रजावृद्धि सुभिक्षं च सुख तत्र प्रवर्त्तते।'' अर्थात् प्रजावृद्धि सुभिक्ष हो एवं सभी सुखी रहें। मास में पशुओं के चारे, फूल झाडू आदि में अच्छी तेजी चलेगी। बदी पक्ष

मंदी का पड़ेगा। प्राय: सभी वस्तुओं में गिरावट संभव। शुक्ला एकम् को भरणी का संयोग से पक्ष में गुड़, खाण्ड, भूषा, चारा आदि में बाजार मंदे रहेंगे। चन्द्र दर्शन भी मंदी को सपोर्ट करेगा तथा अक्षय तृतीया गुरुवारी रोहिणी युक्त होने से उत्तम शुभ योग है। वर्षा एवं पैदावार अच्छी तथा बाजारों पर आगे मंदी का प्रभाव पड़ेगा। ता. 27 अप्रैल मिथुने मंगल लालवर्ण की वस्तुओं में खासी तेजी। शनि साथ होने से तिलहन, काली वस्तुएं भी तेज होंगी। (तथा 45 दिन के अंदर) शास्त्रीय नियमों के विपरीत शासकीय एवं व्यापारी वर्ग की चाल खतरनाक। कोई व्यापारी निहाल तो कोई पामाल, नेताओं का पतन, कहीं रेल-यान दुर्घटना आदि संभव। मंगलवारी पूनम को खग्रास चन्द्रग्रहण होगा। लाल वर्ण तेज। रूपा, राई, मेंथी, जस्त का स्टॉक आगे अच्छा लाभ देगा। चांदी, रुई में 15 दिन पूर्व से मंदी का प्रभाव शुरू हो सकता है। अधिक जानकारी के लिए पुस्तक अथवा सुपर स्पेशल चांस आदि (समय से पूर्व) मंगा कर लाभ उठाएं। संपर्क करें-01274-223947 एवं 09416118247

शकुन विचार:- बैशाख सुदी पंचमी चालै पूरब वाय।
संग्रह करो अनाज का आगे महंगा जाय॥
आठैं बैशाख बदी बिजली गर्जन होय।
संवत् अच्छा जानिए संशय करो न कोय॥
बैशाखी पूनम तथा जेठ बदी दिन आठ।
जो चालै पुरबा पवन तो है वर्षा का ठाठ॥

ज्येष्ठ मास-ता. 5 मई से 3 जून तक, बदी पक्ष में सभी खाद्य पदार्थों में आलू, प्याज, तिलहन, दलहन, ड्राई फ्रूट्स, किराना आदि में अच्छी तेजी आकर बाजार मंदे होंगे। वृष संक्रांति से व्यापारिक वस्तुओं के भावों में गिरावट आयेगी। मास में भारत से पश्चिमी देशों में काफी उपद्रव, खून-खराबा, दंगे आदि से जनता भयभीत हो। मास में संक्रामक रोगों हैजा आदि का बाजार गर्म रहेगा। कोई महामारी भी किसी इलाके में फैल सकती है। यथा-

जेठ बदी एकम् पड़ै रवि मंगल बुधवार।
संक्रामक रोगों का रहे गर्म बाजार॥

ता. 6 मई मिथुने-शुक्र अनाज, चावलों में अच्छी तेजी कारक है। यहां मिथुन राशि में तीन ग्रह काफी दुर्भिक्ष, तेजी कारक, अग्निकाडों का भय तथा सभी प्रमुख बाजारों में अच्छी तेजी का संचार करेगा। यथा-

मिथुन राशि पर शुक्र भौम शनि सहित ग्रह तीन।
राष्ट्र भंग दुर्भिक्ष भय प्रजा प्रपीड़ित दीन॥
शुक्र भौम शनि जिस समय रहे इकठौर।
अग्निकांड दुर्भिक्ष भय महंगाई का जोर॥

ता. 8 मई आर्द्रा मंगल 20 दिन में तिलहन पदार्थों में अच्छी तेजी कारक। सोना-चांदी में अच्छी तेजी मंदी की कोई लाईन चलेगी, रुख देखें। ता. 14 मई वृष की संक्रांति से 10 दिन के अंदर सभी प्रमुख बाजारों में गिरावट आयेगी। यदि आज वर्षा हो तो अन्न किराने की जो वस्तुएं मंदी चल रही हों स्टॉक लाभकारी रहेगा। सुदी 3 आर्द्रा युक्त। आज जहां भी वर्षा हो वहां पर आगे वर्षा की काफी कमी रहेगी। नोट कर लें। ता. 29 मई सुदी 10 शनिवार।

जेठ दशहरा शनैश्चर भयकारी भय भास।
प्रजा शोक जल रोक से हो गोकुल का नाश॥

यह योग वर्षा में रुकावट तथा व्यापारिक वस्तुओं में तेजी का संचार करेगा। विशेष जानकारी के लिए रिपोर्ट मंगा कर पढ़ें। सम्पर्क करें-

शकुन विचार- जेठ बदी एकादशी, द्वादशी बादल गाज।
शुभ संवत् वर्षा घनी मंदा बिकै अनाज॥
जेठी मावस को रहे नभ निर्मल दिन रात।
तो आगे वर्षात में हो उत्तम वर्षात॥
श्रवण धनिष्ठा जेठ बदी मेघ रहे आकाश।
न वर्षे वर्षा अधिक वर्षे वर्षा नाश॥

आषाढ़ मास-(ता. 4 जून से 2 जुलाई तक) इस मास में पांच शुक्रवार तथा शुक्रवारी पूनम तो गुरुवारी मावस है। अत: मास में अच्छी वर्षा का संकेत मिलता है। परन्तु बदी पक्ष की बजाय सुदी पक्ष में अच्छी वर्षा हो। यथा-

गुरुवारी मावस्या या गुरु दिन मास नक्षत्र।
ज्योतिष का सिद्धांत है वर्षा हो सर्वत्र॥

बदी पक्ष में शुक्र का उदयास्त दुर्भिक्ष तेजी कारक तो बुधास्त घट-बढ़ कारक है। कर्के मंगल मंदी कारक तो मिथुने संक्रांति तेजी का प्रतीक है। कुल मिलाकर मास में घटाबढ़ी अधिक रहेगी। तथा मास में अग्निकांडों में वृद्धि, कोई बड़ा हादशा संभव तथा किसी इलाके विशेष में आगजनी, करफ्यू आदि से जनता परेशान भी रहेगी। बदी पक्ष में वर्षा की कमी रहेगी। ता. 10 जून को यदि चन्द्रमा बादलों में छुपा रहे तो वहां पर आगे रिकार्ड वर्षा होगी। कभी दिखाई दे, कभी छुपा रहे तो वहां पर वर्षा सम। एवं जहां पर चन्द्रमा स्पष्ट रूप से निर्मल दिखाई दे वहां पर वर्षा की नि:संदेह कमी रहेगी। शकुन देखकर आगे की वर्षा का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। ता. 14 जून शुक्रोदय पूर्व में होगा। यहां बुध अस्त चल रहा है। फसलों का हानि, अनाज तेज, वर्षा अथवा युद्ध कारक है। यथा-

जबकि उदय हो शुक्र जी अस्त दशा में बुध।
वर्षे मेघ अकाल या राजाओं में युद्ध॥

ता. 17 जून गुरुवारी मावस रुई के भावों में गिरावट। दो सप्ताह के अंदर हवाएं तूफानी गति से चलेंगी। समुद्री तूफान संभव। मिथुन राशि तीन ग्रहों की सभा भी चलेगी। अनाजों आदि अन्य प्रमुख व्यापारिक वस्तुओं में तेजी के बिल पास होंगे। यथा-

शनि बुध सूरज साथ जब इक राशि इक सेज।
जौं गेहूं चावल चना जुवार बाजरा तेज॥

ता. 20 जून शनि देव अस्त होंगे। पीछे (14 जून) शुक्रोदय हुआ है। मंदीकारक योग है। यथा-

शुक्रोदय पर जब कभी कोई ग्रह हो अस्त।
क्षेम कुशल वर्षा घनी मंदा धान्य समस्त॥

ता. 29 जून देवशयनी एकादशी तेजीकारक है। शुक्रदेव मार्गी होंगे। प्रथम पांच दिन बाजार मंदे चल कर तेज हों। यदि गुड़, खाण्ड, चीनी, घी, चावल में बाजार अच्छा मंदा हो तो स्टॉक करके एक मास पश्चात् बेचने से ही अच्छा लाभ हो।

शकुन विचार- साढ़ बदी प्रतिपदा को वर्षा बादल गाज।
अनावृष्टि दो मास तक महंगा बिकै अनाज॥
बदी पंचमी साढ़ में निर्मल रहे आकाश।
ना बादल, ना बिजली कृषि का निश्चय नाश॥

प्रथम श्रावण मास-(ता. 3 जुलाई से 31 जुलाई तक) इस मास में पांच शनिवार अशुभ, दुर्भिक्षकारी हैं। व्यापारिक दृष्टि से तेजीकारक तथा ईशानकोण के देशों में कहीं भारी उपद्रव, दंगे, प्राकृतिक आपदाएं, भूकम्प, बाढ़ आदि का प्रकोप होना संभव है। मास में अनेक प्रकार की बिमारियों का प्रकोप होगा जिससे दवाईयों में तेजी। ता. 3 जुलाई पुष्ये बुध दिन 8 के अंदर सोना-चांदी में मंदी कारक तथा संसद में ऐसा कोई कानून पास हो जिससे जनता में भय, चिन्ता का वातावरण बनेगा। ता. 10 जुलाई बदी 9 शनिवारी-

नौमी सावन बदी में शनिवारी सन्ताप।
मंत्रीमण्डल भंग हो कार्तिक आपे-आप॥

आश्लेषा बुध दिन 10 में गुजरात, सौराष्ट्र के इलाकों में भारी वर्षा कारक। तिलहन, गुड़, खाण्ड अच्छा तेज करेगा। बदी 14 आर्द्रा युक्त- "चौदस आर्द्रा अन्न को संग्रह करो जरूर" अन्न स्टॉक की राय देता है। पूर्व में मंदी में स्टॉक करें। ता. 16 जुलाई कर्के सूर्य अनाजों में तेजी लायेगा। यदि आज आंधी-तूफान आवें तो शुभ नहीं है। आगे वर्षा प्रभावित होगी। ता. 18 जुलाई को चन्द्रदर्शन वर्षा में रुकावटें पैदा करेगा। एवं 20 जुलाई को सिंह राशि में बुध, गुरु योग भी समर्थन करता है। यथा-

जब-जब ही बुध वृहस्पति मिल बैठे इक गेह।
तब-तब ही संसार में वर्षे नाहीं मेह॥

वर्षा न होने से बाजारों में तेजी का वातावरण बनेगा। 24 जुलाई सुदी 7 शनिवारी होने से यदि आज वर्षा हो जाती है तो पैदावार उत्तम होगी।

एवं इसका प्रभाव मार्गशिर मास में मंदी का पड़ेगा। 25 जुलाई को मंगल अस्त तो 26 जुलाई की शनि का उदय होगा। चांदी में खास मंदी तो गुड़, चना, अनाज, अलसी में खास तेजी भी आ सकती है। फिर भी यहां एक सप्ताह बाजार रुख देखकर ही काम करना उचित रहेगा। ता. 31 जुलाई को शनि-शुक्र योग प्राय: व्यापारिक वस्तुओं में अच्छी तेजी का प्रभाव रखता है। परन्तु साथ में मंगल-गुरु योग भी अच्छी मंदीकारक भी है। अत: जिधर का बाजार चले, बाजार का रुख देखते हुए काम करना चाहिए। लाभ हानि में हमारी किसी भी प्रकार की कोई जिम्मेदारी कभी नहीं होगी। खुलासा जानने के लिए 150/- भेजकर पुस्तक मंगा लें।

शकुन विचार- सावन रोहिणी नखत में यदि जल ना वर्षाय।
यह लक्षण दुर्भिक्ष का हाहाकार मचाय॥
सावन कृतिका नखत में यदि वर्षा हो जाय।
चार मास वर्षा घणी मंदा धान्य बिकाय॥

द्वितीय श्रावण मास-(ता.1 से 30 अगस्त) मास में वर्षा कम तो कहीं अधिक होगी। मास में पांच रवि, सोम होने से व्यापारिक वस्तुओं में घटा-बढ़ी रहेगी। मास में प्राय: वस्तुओं में थोड़े उतार-चढ़ाव से बाजार चलेंगे। किसी वस्तु में कोई विशेष तेजी की उम्मीद नहीं है। ता. 2 अगस्त आश्लेषा सूर्य दिन 14 के अंदर पूर्वी उत्तरी प्रांतों में उपद्रव। प्राय: सभी प्रमुख व्यापारिक वस्तुओं में घटा-बढ़ी से तेजी, तो शेयर्स में भी चमक आयेगी। ता. 8 अगस्त आर्द्रा शुक्र दिन 10 के अंदर वर्षा, पानी, हर वस्त मात्र चांदी, रुई में अच्छी गिरावट तो अनाजों, दलहन आदि में अचानक अच्छी मंदी का वातावरण बनेगा। ता. 16 अगस्त सिंहे सूर्य काल में अग्निकाण्ड की घटनाओं में वृद्धि, अनाज तेज तो अन्य वस्तुएं घट-बढ़ से मंदी रहेंगी। यहां सिंह राशि में चार ग्रहों का योग वर्षा अथवा युद्ध उपद्रव, दंगे कारक है। यथा-

चार-पांच ग्रहों का बने एक राशि पर योग।
वर्षा अथवा युद्ध से दुख पावैं सब लोग॥

ता. 18 अगस्त सुदी एकम् का चन्द्रदर्शन तेजी कारक है। परन्तु यहां प्रथम बाजार तेज चलकर मंदे होंगे एवं एक मास के अंदर पुन: वहीं भाव आ जायेंगे। सुदी छट का क्षय से रुई, बारदाना आदि में एक मास जनरल लाईन तेज रहेगी। दिन 10 के अंदर बिनौला तेज हो जायेगा। परन्तु धातुएं, तिलहन मंदा होगा। ता. 27 अगस्त को गुरु कन्या राशि में प्रवेश होगा। सुख-सुभिक्षकारी, अनाज सस्ते, गुवार, राई में मंदी की लम्बी लाईन। चैत्र, बैशाख में राजस्थान में छत्र-भंग, गेहूं, घी तेज रहेंगे।

भाद्रपद मास-मास में पांच मंगलवार एवं अमावस्या एवं पूनम दोनों मंगलवारी होने से किसी राज्य के मंत्रीमण्डल में हेर-फेर, दंगें, फिसाद, आपसी द्वेष आदि में बढ़ोत्तरी होगी। गुरु अस्त से पूर्व बाजारों में तेजी रहकर बाजारों में गिरावट शुरू हो जायेगी। अत: मास मंदी प्रधान रहेगा। बदी 2 को पूर्व में बुध का उदय अति वर्षाकारक तथा अनाजों में मंदीकारक। "भादव में बुध का उदय वर्षा खूब करेई' ता. 2 सितम्बर कर्के शुक्र, मार्गी बुध से बाजारों में घटा-बढ़ी। चलती लाईन में परिवर्तन होगा। ता. 4 सितम्बर पुष्ये शुक्र दिन 10 के अंदर प्रमुख धातुओं, रुई, गुड़, हींग, पारा आदि के भावों में अच्छी मंदी संभव है। ता. 8 सितम्बर गुरुदेव अस्त होंगे। हर वस्तु अनाजादि में मंदी करेगा। यहां कर्क राशि में शनि-शुक्र योग भी समर्थक है। यथा-

शुक्र शनैश्चर साथ हो, आगे पीछे चन्द।
सुख, सुभिक्ष, धन, धान्यमय धरती पर आनंद॥

मावस तक भारी मंदी व्यापारिक वस्तुओं में आ सकती है। सावधान! ता. 16 सितम्बर कन्या राशि में तीन ग्रहों का योग समस्त लालवर्ण, तिलहन, दलहन, धातुएं आदि अन्य प्रमुख वस्तुओं में अच्छी तेजीकारक है। परन्तु गुरु अस्त होने से अच्छी तेजी में संदेह है। अत: प्रथम रुख देखकर ही काम करना उचित रहेगा। ता. 20 सितम्बर सुदी 6 अनुराधा युक्त सुख सुभिक्षकारी है। दुर्भिक्ष जन्य दोषों का शमन करेगी। यथा-

षष्ठी भादव सुदी में अनुराधा नक्षत्र।
अन्य दोष मिट जाये सब हो सुभिक्ष सर्वत्र॥

बुधास्त पूर्व में होगा। रुई, सोना, चांदी में व्यापक घटा-बढ़ी करेगा। सभी प्रमुख शेयरों में भयंकर मंदी तो घी भी मंदा। परन्तु किराना बाजार तेज एवं राजस्थान में व्यापक वर्षा हो सकती है।

मंगलवारी पूनम को सिंहे शुक्र चांदी, रुई में घट-बढ़। तो सोना, लालवर्ण, तिलहन के भावों में वृद्धि करेगा। वर्षा में रुकावट पैदा करेगा। "सिंह शुक्र जब होय भवानी, चालै पवन न वर्षे पानी। " परन्तु यहां दो-तीन दिन वर्षा होती है तो 12 दिन खूब वर्षा भी करेगा। भादव मास में पूर्व या ईशान कोण की वायु जहां चले वहां अच्छी वर्षा की संभावना। अन्य दिशाओं की वायु मास में वर्षा कारक नहीं होगी।

शकुन विचार- भादव नोमी चांदनी वर्षे पड़े अकाल।
एकादशी वर्षे अगर सस्ता हो सब माल॥
भादव शुक्ला अष्टमी निर्मल चन्द्रा सूर।
सस्ता सैंध व सूत, रुई पांच मास भरपूर॥

ता.1 सितम्बर को यदि 15 बजे बाद उत्तर दिशा में बादल दिखाई दे तो मास में (मंदी में) गल्ला माल का स्टॉक करके फागुन में बेचने से उत्तम लाभ होगा।

आसोज मास-(ता. 29 सित. से 28 अक्टूबर तक) मास में गुरुवारी मावस तथा गुरुवार को मास नक्षत्र भी है। जो कि अच्छी वर्षा कारक है।

"मावस्या गुरुवार या गुरु दिन मास नक्षत्र।
ज्योतिष का सिद्धांत है, वर्षा हो सर्वत्र॥"

मास में बदी पक्ष में बाजार गर्म रहेंगे। परन्तु सुदी पक्ष में घटबढ़ से बाजार मंदे रहें। ता. 29 सितं. बदी एकम् बुधवारी "प्रति पत्सर्व मोशेषु बुधे दुर्भिक्षकारिणी" पक्ष में सभी खाद्य पदार्थ घी, तेलों, तिलहन, दलहन, आलू, प्याज, सब्जियां आदि का बाजार तेज रहेगा। बदी पंचमी रविवारी है। माघ कृष्ण पक्ष में घी में तेजी आयेगी। यथा-

"आश्विन कृष्णा पंचमी, जो होवे रविवार।
माघी मावस को अवश्य घी का तेज बाजार॥"

ता. 4 अक्टूबर गुरु का उदय सप्ताह दस दिन बाजारों में तेजी बनाये रखेगा। परन्तु अनाज, दलहन मंदे होंगे। बदी 11 चित्रा सूर्य दो सप्ताह के अंदर मौसमी बुखार, दस्त आदि की बिमारियों में एकाएक वृद्धि करेगा। एवं बाजार भावों में मजबूती का समर्थन करेगा। ता. 16 अक्टूबर तुला सूर्य एवं केतु योग एक मास के अंदर सभी प्रमुख बाजारों में मंदी आयेगी।

"नीच राशिगत् क्रूर ग्रह पाप ग्रह समवेत।
निश्चय तदगत् वस्तुएं सब मंदी कर देत॥"

सभी प्रमुख शेयर्स, कालीमिर्च में जोरदार मंदी संभव है। सुदी 4 रविवारी-

" आश्विन शुक्ला चतुर्थी यदि आवे रविवार।
घी बेचो अन्न संग्रहो आगे लाभ विचार॥"

ता. 23 अक्टूबर को कन्या राशि में तीन ग्रहों की मीटिंग चलेगी। प्राय: सभी व्यापारिक वस्तुओं के भाव गिरने शुरू हो जाएंगे। कई कई वस्तुओं में जोरदार मंदी भी संभव है। स्टॉक करके तीन मास पश्चात् बेचकर लाभ उठाएं। सुदी 13 को पश्चिम में बुध का उदय कपास तेज करेगा।" आश्विन में बुध का उदय महंगी बिकै कपास।" आज दोपहर से 24 घंटे के अंदर चांदी में जोरदार मंदी आ सकती है। ता. 27 अक्टूबर रात्री में ग्रस्तास्त चन्द्रग्रहण होगा। चांदी, रुई 15 दिन पूर्व से मंदी। चावल की फसल को हानि। काली, पीली वर्ण की वस्तुओं के भावों में तेजीकारक है। विशेष जानकारी के लिए 150/- का मनीआर्डर भेजकर पुस्तक भविष्यफल प्रकाश सन् 2004 ई. का मंगाकर लाभ उठायें।

शकुन विचार- आश्विन पूनम को अगर बादल बिजली गाज।
नफा मिलेगा चैत्र में संग्रह करो अनाज॥
दशमी, ग्यारस, द्वादशी लागत आश्विन मास।
बिजली, बादल, गाज हो जौ गेहूं का नाश॥

आसोज मास में किसी भी दिन जहां संध्या समय पर्वत के आकार वाले बादल दिखाई दें वहां 24 घंटे के अंदर वर्षा होती है।

कार्तिक मास-(ता. 29 अक्टूबर से 26 नवम्बर तक) मास में पांच शुक्रवार एवं दीपावली एवं पूनम भी शुक्रवारी है। "प्रजावृद्धि सुभिक्षं च सुख तत्र प्रवर्त्तते।" अर्थात् प्रजावृद्धि सुभिक्ष हो एवं सभी सुखी रहें। मास में पशुओं के चारे, फूल झाड़ू आदि में अच्छी तेजी चलेगी। बदी पक्ष

में प्राय: सभी खाद्य पदार्थ वस्तुएं आदि तेज रहेंगी। तो सुदी पक्ष में घटाबढ़ी ज्यादा रहेगी। बदी 3 रविवार को रोहिणी होने से वर्षा में रुकावट पैदा होगी। ता.1 नवं. हस्ते शुक्र दिन 13 के अंदर जो वस्तुएं मंदी होंगी, स्टॉक लाभदायक तथा तेज हो बेचकर नफा लें। तुलायां मंगल दलहन पदार्थों, रुई में अचानक अच्छी तेजी के झटके भी संभव है। यहां कन्या राशि में गुरु-शुक्र भी योग बनेगा। वर्षा में रुकावट या अतिवृष्टि कारक भी है। गुंवार, राई में लाईन परिवर्तन होगा।

''एक जगह गुरु शुक्र हो, बने युद्ध आसार।
अनावृष्टि, अतिवृष्टि से दुख पावे संसार॥''

बदी 7 मंगल का उदय सभी प्रमुख वस्तुओं में तेजी, अग्निभय, कोई बड़ा हादसा व्यापारी वर्ग के लिए पीड़ाकारक एवं शासन की दुष्टनीति से जनता दुखी रहेगी। एवं दक्षिणी प्रदेशों में तीव्र दंगें, हुल्लड़बाजी आदि हो। बदी 11 शनि वक्री होगा। तीन मास महामारी, रोग, प्रजा को कष्ट, जीवों का नाश एवं तिलहन आदि अन्य प्रमुख वस्तुओं में तेजी का संचार होगा। ता. 15 नवं. वृश्चिके सूर्य घटबढ़ से बाजार मंदे अथवा लाईन परिवर्तन। सुदी छट तुला राशि में तीन ग्रहों का योग धातुएं मूल पदार्थों में तेजी कारक भी है। अच्छी तेजी भी संभव। सुदी 10 स्वाती शुक्र दिन 10 के अंदर गुड़, रस-पदार्थों के भावों में वृद्धि करेगा। शुक्रवारी पूनम कृतिका नक्षत्र युक्त होने से सुख, सुभिक्षकारी है। बाजारों में मंदी का संचार होगा। आगे बाजारों में 3-4 मास जनरल तौर पर मंदी का वातावरण भी रह सकता है।

शकुन विचार- **कार्तिक मंगसिर पूर्णिमा मेघ रहे आकाश।**
गल्ला, घी संग्रह करो लाभ पांचवें मास॥

कार्तिक मास में किसी भी दिन मेघ गर्जना करे तो आगे अन्न की पैदावार उत्तम होती है। परन्तु तुरन्त अनाज तेज भी हो जाते हैं।

मार्गशीर्ष मास-(ता. 27 नवंबर से 26 दिसम्बर तक) इस मास में पांच रविवार तथा पांच शनिवार है।

''मंगसिर के मास में पांच होय रविवार।
पांच शनैश्चर वार हो तो तेजी होय अपार॥''

के अनुसार मास में सभी प्रमुख वस्तुओं में अच्छी तेजी चल सकती है। परन्तु तिलहन पदार्थों के भाव में स्थिरता अथवा गिरावट रहे। क्योंकि मास बुध-शनि दोनों साथ-साथ वक्री चलेंगे। सोना-चांदी भी अच्छा तेज हो सकता है। परन्तु अनाजों में मंदी की लम्बी लाईन चल सकती है। बदी 3 आर्द्रा युक्त है-

''मंगसिर लागत तीज को पुनर्वसु आर्द्रा आय।
राजा-प्रजा सुखी रहे मंदा धान्य बिकाय॥''

बदी 3 की वृद्धि-उपद्रव, लड़ाई, झगड़े, युद्ध कारक है।

''मंगसिर पहले पाख में कोई तिथी बढ़ जाए।
कहीं जगत में युद्ध का भारी बादल छाये॥''

बदी 14 को सूर्य-बुध-शुक्र योग वर्षा में कमी तथा तेजी कारक है।

''एक राशि पर होय जब बुध, शुक्र और सूर।
वर्षा को कमती करे तेजी हो भरपूर॥
आगे सूरज बीच बुध पीछे भृगु की चाल।
गल्ला, रुई, उर्द, तिल तेजी तिलहन माल॥''

मावस का क्षय-खाद्य पदार्थों में मंदी होकर तेजी। रुई,घी, चांदी, किराना, कालीमिर्चों आदि में तेजी आयेगी।

''मंगसिर पहले पाख में कोई तिथी घट जाय।
झगड़ा और फिसाद नित लोगों में अधिकाय॥''

ता. 13 दिसंबर सुदी 2 चन्द्रदर्शन एक मास में किसी राज्य का मंत्रीमण्डल भंग। व्यापारिक वस्तुओं के ऊंचे-नीचे भाव चलते बाजार सम रहें। सुदी 3 बुध का उदय-

''मंगसिर में बुध का उदय अथवा भृगु का अस्त।
तृण चारा कमती मिले बेचो पशु समस्त॥''

सुदी 5 गुरुवारी दो पक्षों की है। सुख सुभिक्षकारी है। अनाजों में मंदी का प्रभाव होगा। सुदी 9 को मार्गी बुध होगा। घटा-बढ़ी कारक है। बाजार रुख देखकर काम करें। ता. 26 दिसम्बर रविवारी पूनम प्राय: सभी वस्तुओं में एक तेजी का झटका लाकर बाजार मंदे होंगे। यदि आज रात्री को चन्द्रमा निर्मल दिखाई दे तो अनाजों का स्टॉक आगे लाभ देगा।

शकुन विचार- **शनि, रवि, मंगल, राहु हो गुरु से तीजे थान।**
सुख-सुभिक्ष संसार में गावे मंगल गान॥
पुष्य नक्षत्र में चन्द्रमा पर मण्डल एकत्र।
दूजे या तीजे दिना वर्षा हो सर्वत्र॥

ता. 10 दिसम्बर दोपहर से 11 दिसम्बर तक यदि आकाश में घटा छा जाये तो अनाज, घास, चारा तेज हो जायेगा। एवं चार मास तेज बिक कर फसल पर मंदा होगा।

नोट-संक्रांति लगने से एक दिन पहले किसी वस्तु का भाव संक्रांति के दिन से मंदा रहे तो आगे तेजी का रुख एक मास तक जनरल तौर पर उस वस्तु में रहता है। विपरीत से मंदी का रुख समझना।

यह लेख बहुत ही संक्षेप में लिखा गया है। पूरा ब्यौरा सिलसिलेवार, पूरे वर्ष का जानने के लिए हमारे द्वारा प्रकाशित प्रसिद्ध पुस्तक 'भविष्य फल प्रकाश सन् 2004 ई.' को मंगाकर लाभ उठाएं। यह संवत् भारी उथल-पुथल वाला है। भारी लाभ देने वाले कई महत्वपूर्ण योग हैं। अत: व्यापार की उन्नति के लिए यह पुस्तक अवश्य मंगा कर पढ़ें-प्रकाशित हो चुकी है।

आवश्यक सूचना-

नोट—यह लेख ग्रहों के दृष्टि सम्बन्ध, राशि परिवर्तन, वक्री-मार्गी, उदयास्त, तिथि, वार, नक्षत्र, योग, ग्रहों के नक्षत्र, चरण परिवर्तन आदि अन्य महत्वपूर्ण योगों के आधार पर लिखा गया है। एक ही समय में एक योग तेजी का तथा दूसरा योग मन्दी का हो तो सन्देह में न पड़ें। लाभ-हानि में हमारी कभी भी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। हमारे लेखों से लाभान्वित होने पर हजारों व्यापारियों ने हमें प्रशंसा पत्र भेजे हैं। हम उनके आभारी हैं। यह लेख बहुत ही संक्षेप में लिखा गया है। पूरा ब्यौरा सिलसिलेवार, पूरे वर्ष का जानने के लिए हमारे द्वारा प्रकाशित प्रसिद्ध पुस्तक **भविष्य फल प्रकाश सन् २००४ ई.** को मंगाकर लाभ उठाएं। यह संवत् भारी उथल-पुथल वाला है। भारी लाभ देने वाले कई महत्वपूर्ण योग हैं। अत: व्यापार की उन्नति के लिए यह पुस्तक अवश्य मंगा कर पढ़ें। प्रकाशित हो चुकी है।

ज्योतिष शास्त्र के आधार पर बाजार भावों की तेजी-मन्दी के बारे में विश्लेषण एवं पुर्वानुमान से सम्बन्धित यह पुस्तक गत् ५५ सालों से लागातार प्रकाशित की जा रही है। इस पुस्तक में वर्ष भर की दैनिक तेजी-मन्दी, मासिक विश्लेषण, माल स्टाक करने के उचित मौके, माल खरीदने बेचने की महत्वपूर्ण तारीखें (प्रत्येक मास की), अनाज, दलहन, किराना, बाजार, तिलहन बाजार, सरसों, सोना, चांदी आदि सर्व धातुएं, शेयर्स, गुड़, खाण्ड, घी आदि रस पदार्थ, आलू, प्याज, लहसुन, हल्दी, रुई,पाट, बारदाना आदि वस्तुओं के स्पेशल चांस (वर्ष भर की लाईनें), महत्वपूर्ण कट लाईनें लेख चांस आदि इस एक ही पुस्तक में अलग-अलग चैपटर देकर प्रकाशित किया गया है। मूल्य १२५/- प्रति कापी तथा २५/- डाक व्यय अलग। कुल १५०/- होगा। रुपया मनीआर्डर पोस्टल आर्डर द्वारा ही भिजवाएं। समय पूर्व मंगा लें। ताकि उचित अवसर पर स्टाक आदि कर सकें। आज ही आदेश भेजें। वी.पी. नहीं होगी।

हमारी दूसरी पुस्तक **भविष्य भारती** अर्घकाण्ड सम्बन्धी अद्‌भुत कविता पुस्तक (टीका सहित) जो कि हिन्दी दोहों के रूप में हैं। इस पुस्तक में ज्योतिष के योग (फारमूले) आदि दिये गये हैं। उपयोगी पुस्तक है। मूल्य ४५/- डाक व्यय १५/- अलग होगा। पुस्तकें वी.पी. से मंगाने के लिए ५०/- का मनीआर्डर भेजना आवश्यक है। दोनों पुस्तकों के लिए १७५/- का मनीआर्डर भेजने पर डाक व्यय फ्री।

१. भविष्यफल प्रकाश पुस्तक के लिए १२५/- का मनीआर्डर अग्रिम भेजन पर १०/- की वी.पी. से पुस्तक भेजी जायेगी। यानि १५/- की बचत होगी। अपना पता साफ-साफ हिन्दी, उर्दू, अंग्रेजी भाषा में पिन कोड सहित लिखें। पत्र, मनीआर्डर केवल हमारे नये पते पर ही भेजें। खोरी के पते पर भेजने से डाक काफी लेट प्राप्त होती है। अत: भविष्य में निम्नलिखित पते से पत्र, मनीआर्डर आदि भेजें।

पता—श्री रामावतार गुप्ता ''व्यापार भूषण''
राव उमराव सिंह मार्केट, आर्य समाज रोड, नई सब्जी मण्डी,
रेवाड़ी-१२३४०१ (हरियाणा) **दूरभाष : ०१२७४-२३९४७**

चन्द्रदर्शन का व्यापार पर प्रभाव

निर्देशक—डॉ. वसंत लाल व्यास (स्वर्ण, रजत प्राप्त, ज्यो. सम्राट), लेखक-पं. अनिल कुमार व्यास
श्री अम्बा ज्योतिष पीठ, राया (मथुरा), उ.प्र. (पिन-२८१२०४, सम्पर्क सूत्र-०५६६३-२७३३५३, २७३४९२

"शशिनि खलु कलंकः कंटक पद्मनालम्"

अर्थात् चन्द्रमा में भी कलंक है। कमल के नाल में काँटे हैं। समुद्र अथाह है जल खारा है। विद्वान जितना अधिक है उतना ही निर्धन है। यह तो विधाता का नियम है। दोष तो भगवान राम, कृष्ण, विष्णु में भी पाये गये हैं। प्रिय सज्जनों मेरी अल्प बुद्धि से निर्णय व संकलित लेख में भी दूषण होना जरूरी है। महोदय ज्योतिष शास्त्र का अर्थकाण्ड बड़ा है। दूरदर्शी विद्वान भी पार नहीं पा सकते तो मुझ अल्पज्ञ की बात कहां फिर भी मेरे इस लेख द्वारा ज्योतिष प्रेमी व व्यापारियों को लाभ मिला तो मैं अपने परिश्रम को सफल मानूंगा।

सर्वेऽपि सुखिनः सन्तु सर्वे सन्तु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चित् दुःख माप्नुयात्॥

चैत्र—इस नव संवत् 2061 का नवीन चन्द्रमा 22 मार्च सन् 2004 ई. चैत्र शुक्ला 2 सोमवार रेवती नक्षत्रन्तर्गत हो रहा है "जो शशि उगे सोम शनि एक अचम्भो जिय जोय छत्र पड़े दिन तीस में अन्न जू मंहगों होय" व चन्द्रमा की दक्षिण नोंक (श्रृंग) उच्च होगा जो प्रत्येक व्यापारी जिन्सों में तेजी कारक है। वर्षा व आंधी से भी परेशानी कारक है सभी जिन्सों में मन्दी के दौर के साथ तेजी के झटके भी आयेंगे। रुई, सूत, सन, पाट, बारदाना, कपासिया, सींगदाना प्रथम मंदी कर तेजी की ओर गतिशील रहेंगे। अलसी, अरण्डी, सोयाबीन, सूर्यमुखी, बाजरा, शेयर, गेहूं, जौ, चना के भाव गिर कर तेजी ले लेंगे। तुष धान्य में वृद्धि। गुड़, खाण्ड, शक्कर में घटाबढ़ी तो होगी लेकिन रुख मंदी का ही रहेगा। राजनैतिक परिवर्तन, हिंसा तथा भ्रष्टाचार को बल मिलेगा। दक्षिण पूर्वी व पश्चिमी राष्ट्रों में बन्द, उपद्रव व आन्दोलनों को बल मिलेगा। नवीन शेयरों का आगमन विशेष रिपोर्ट से लाभ लें।

बैशाख—21 अप्रैल सन् 2004 ई. को बैशाख मास का नवीन चन्द्रमा उदय हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन 15 मुहूर्त्ती है। उदित समय चन्द्रमा में कुण्डल आकृति होगी। जनता में अशान्ति को बल मिलेगा। प्रत्येक जिन्स में तेजी के साथ-साथ मन्दी का भी दौर रहेगा। सभी प्रकार धान्य, मूंग, उड़द, मोठ, तिल तेज। मजीठ, नमक, कुसुंभा में भी तेजी। चांदी, सोना, रुई, सूत, वस्त्र, बारदाना, जटा, गुड़ में मन्दी का झटका। यदि रात्रि में चन्द्रमा पर मंडल हो तो अन्न संग्रह से लाभ। यान व रेल दुर्घटना घटित होगी। राजनीति में भी परिवर्तन का योग है। जुआर, बाजरा, खली, बिनौला, सीमेन्ट, रसायन, खाद, दवाई में भी तेजी प्रधान रहेगी। नवीन देश व विदेशी शेयरों से भाव विशेष चमक भी बना सकते हैं। अतः बुद्धि चातुर्य से कार्य करें।

ज्येष्ठ—20 मई सन् 2004 ई. को ज्येष्ठ मास का नवीन चन्द्रमा उदय हो रहा है। उदय समय चन्द्रमा रक्त वर्ण का होगा। इसकी दक्षिण नोंक (श्रृंग) उच्च होगी। जो प्रत्येक जिन्स में तेजी का झटका देगा। रुई, सूत, सूती, ऊनी, रेशमी, बारदाना, जूट, खाण्ड, शक्कर में मन्दी का मान होगा। सोना, चांदी में घटाबढ़ी तो होगी। लेकिन मान मन्दी का होगा। नशे की वस्तु, अफीम में तेजी। नमक, चांदी, पारा, स्टील, कलई, शीशा के भावों में गिरावट। रुई, सूत, सन, सोना में गिरकर सुधार होगा। मघ, अफीम, पोस्त बिसायत खाने में तेजी। हरी सब्जी, दूध, घी, जुआर, कैमीकल, जस्ता में भी तेजी को बल मिलेगा। गर्म हवा, लू, आंधी व अंधड़ से प्रजा को कष्ट। हैजा, उल्टी, दस्त से बालक व वृद्धजनों को कष्ट।

आषाढ़—ता. 19 जून सन् 2004 ई. को आषाढ़ मास का नवीन चन्द्रमा उदय हो रहा है। चन्द्रदर्शन अग्नि मण्डल में हो रहा है अतः वर्षा अच्छी होगी। प्रजा वर्ग को प्राकृतिक प्रकोप से कष्ट, आंधी, भूकम्प व वर्षा को बल मिलेगा। गेहूं, जौ, चना, मटर के भाव प्रथम मन्दी ले तेजी का मान करेंगे। रुई, सूत, सन, वस्त्र, चांदी, सोना, सरसों, शेयर में तेजी। किसी-किसी जिन्स में विशेष तेजी। वर्षा खण्ड रूप से होगी। कुछ स्थानों पर वर्षा का अभाव होगा। गेहूं, जौ, चना, मटर, लकड़ी के भाव गिरकर सुधार लेंगे। चीनी, गुड़, शक्कर चावल के भाव भी सुधार ले तेज रहेंगे। सींगदाना, अरण्डी, सोयाबीन के भावों में तेजी। इस मास व्यापारी वर्ग बाजार रुख देखकर कार्य करें।

प्रथम श्रावण—ता. 18 जुलाई सन् 2004 ई. को प्र. श्रावण मास का नवीन चन्द्रमा उदय हो रहा है। चन्द्रदर्शन कर्क राशिगत व पुष्य नक्षत्र हो रहा है। उदय समय उसके दोनों श्रृंग बराबर होंगे जो प्रजावर्ग में परेशानियों में राहत व वृष्टि में रुकावट कारक है. भावों में घटाबढ़ी से समता को बल मिलेगा। सोना, चांदी, पीतल, स्टील, गेहूं, अरहर, मूंग, मसूर के भावों में मन्दी व मासान्त में सुधार का योग है। शेयर, कपास, जौ, बाजरा, मक्का के भाव सर्पमुखी चाल में चलकर रुई के भावों में भी मन्दी आकर सुधार वर्षा खण्ड रूप से होगी। चना, मटर, लकड़ी के भाव भी गिरकर सुधार लेंगे। सोंठ, पीपल, इलाइची, फल, शहद, छुआरे, काजू के भावों में तेजी। चीनी, गुड़, शक्कर, सींगदाना, अरण्डी, सोयाबीन के भाव भी तेज। अतः व्यापारी वर्ग रुख देखकर कार्य करें।

द्वितीय श्रावण—ता. 17 अगस्त सन् 2004 ई. को द्वि. श्रावण मास का नवीन चन्द्रमा उदय हो रहा है। चन्द्रदर्शन मघा नक्षत्रान्तर्गत है। जो कटु (कड़वे) पदार्थों में तेजी व सोना, चांदी के भावों व अन्नों के भावों में मन्दी कारक है। रुई पहले मन्दी बाद में तेजी। राजनीति में उथल-पुथल का योग है। जनता में रोग व शोक को बढ़ावा मिलेगा। चन्द्रोदय काल में बादल हो अथवा चन्द्र बिम्ब दिखाई ना दें तो वर्षा अच्छी। जल प्लावन व बाढ़ की स्थिति भी बन सकती है। नमक, मिर्च, हल्दी, जीरा, धनियां, बाजरा, मक्का, मोंठ के भावों में घटाबढ़ी। शेयर के भावों में भी घटाबढ़ी से तेजी बनेगी। अतः शेयर धारक क्रय विक्रय से अच्छा लाभ प्राप्त कर सकते हैं। विशेष तेजी मन्दी के लिए रिपोर्ट मंगवाकर लाभ लें।

भाद्रपद—ता. 16 सितम्बर सन् 2004 ई. गुरुवार हस्त नक्षत्र व कन्या राशि में भाद्र मास का चन्द्रदर्शन हो रहा है। चन्द्रदर्शन वायु मण्डल में हो रहा है। वायु के वेग के साथ वर्षा, आंधी व अन्धड़ में वृद्धि बनेगी। अनाज सस्ता व रुई तेज। अनाज सस्ता होने पर संग्रह करे व तीसरे मास में विक्रय कर लाभ लें। चौपाये पशुओं को कष्ट कारक। सरसों, तिल, तेल, अलसी, मूंगफली, घी, वेजीटेबिल में आंशिक मन्दी। गेहूं, जौ, चना, मक्का घटाबढ़ी से तेज। आलू, प्याज, लौंग, हींग, हल्दी, मिर्च, लाख, चपड़ा, गुड़, पारा, धनियां, चावल, जटामांसी, मासीठा, कपास, शेयर के भाव सर्पमुखी से तेज होंगे व किसी-किसी जिन्स में विशेष तेजी का झटका। अतः बुद्धि चातुर्य से कार्य करें।

आश्विन—ता. 15 अक्टूबर सन् 2004 ई. स्वाति नक्षत्र व तुला राशि अन्तर्गत आश्विन मास का नवीन चन्द्रमा उदय हो रहा है जो लवण आदि क्षार, रसायन, औषधि वस्तु, तिल, तेल, सरसों, रुई, चांदी, सोना में तेजी का झटका देगा। रुई, सूत, शेयर, पोस्त के भावों में समता को बल मिलेगा। सरसों, अलसी, मूंगफली, घी, दूध, चावल, दही के भावों में मन्दी। कपास व कपासिया, खोपरा, मघ, सोंठ, पीतल, पीपलामूल, कपूर, छार, छबीला, लौंग, उड़द, सौंठ, मोंठ के भावों में घटाबढ़ी से तेजी को बल मिलेगा। वर्षा के प्रभाव में कमी अग्निकाण्ड, दुर्घटनाओं में वृद्धि। मौसम में परिवर्तन का योग भी है।

कार्तिक—ता. 13 नवम्बर सन् 2004 ई. ज्येष्ठा नक्षत्र रविवार व धनु राशिगत कार्तिक मास का नवीन चन्द्र उदय हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन महेन्द्र मण्डल में हो रहा है। अतः धान्यों के भावों में गिरावट व गुड़ में घटाबढ़ी। आवरंज में भी मन्दी का योग है। सोना, चांदी, पीतल, सीसा, लोहा, कांसे, ताम्बा, कलई के भावों में तेजी बनेगी। ज्वार, बाजरा,

मक्का, मोंठ में मन्दी का मान। घी, अलसी, सौंगदाना, कपासिया, तिल तेल के भावों में सुधार। धनियां, मिर्च, लौंग, जायफल, इलाइची, जायफल के भावों में वृद्धि। चीनी, गुड़, शक्कर, नमक, मैदा, ज्वार प्रथम मन्दी ले सुधार ले लेंगे।

मार्गशीर्ष—ता. 13 दिसम्बर सन् 2004 ई. को मार्गशीर्ष मास का नवीन चन्द्रमा का उदय हो रहा है। चन्द्रदर्शन सोमवासरी व मूल नक्षत्र व धनु राशि अन्तर्गत हो रहा है। "जो शशि उगे सोम शनि एक अचंभो" से अन्न के भाव प्रथम मन्दी ले सुधार लेंगे व धान्यों के भावों में भी गिरावट बनेगी। सोना, चांदी के भावों में भी मन्दी का मान होगा। लेकिन गोचर ग्रह संयोग से अच्छी तेजी के भी अवसर हाथ लगेंगे। तिलहन, सरसों, पाट, बारदाना के भावों में मन्दी का झटका। अफीम, गुड़, खाण्ड, सरसों तेल, सोना तेजी ले लेंगे। वस्त्र, रुई, रंग में तेजी। मौसम में सर्दी का प्रकोप वर्षा व प्रजा में कष्टों में मास प्रथम राहत विशेष तेजी मन्दी के लिए रिपोर्ट से लाभ लें।

पौष—12 जनवरी सन् 2005 ई. को पौष मास का चन्द्रदर्शन हो रहा है। चन्द्रदर्शन कुंभ राशिगत व श्रवण नक्षत्र बुधवार को है। अतः चन्द्रदर्शन समय दोनों सींग (शृंग) समान होंगे जो प्रत्येक जिन्स में तेजी का झटका देंगे। शेयर सोना, चांदी में सर्पमुखी चाल से तेजी। चांदी, रुई, सूत, वस्त्र, सन, बारदाना, जूट, खाण्ड, शक्कर में मन्दी। घी तेज, तेल, सरसों, तिल, अफीम, गेहूं, जौ, चना, गुड़, मूंगफली तेज। दालवाना, अनाज, राजमा, लौंग, इलाइची, मोंठ, अरहर में तेजी योग है। मसूर में आंशिक तेजी।

माघ—10 फरवरी सन् 2005 ई. को माघ मास का चन्द्रदर्शन हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन गुरुवासरी है अतः बाजार में सभी जिन्सों में घटाबढ़ी से तेजी को बल मिलेगा। सोना, चांदी, पीतल, स्टील, धातुओं में तेजी। शेयर बाजार में घटाबढ़ी को बल मिलेगा। रुई, सूत, सन, कपास, बारदाना, प्रथम मन्दी लेकर तेजी बना लेंगे। शीत की वृद्धि से पशु, वृद्ध, बाल गोपालों को कष्ट। गुड़, चीनी, शक्कर, खोपरा के भावों में मन्दी। गोला, मिश्री, धनिया, हल्दी, सुपारी, लौंग, जावित्री, केशर, सौंफ भी तेजी लेंगी लेकिन यह तेजी स्थाई नहीं होगी।

फाल्गुन—11 फरवरी सन् 2005 ई. शुक्रवार को फाल्गुन मास का नवीन चन्द्रमा उदय हो रहा है। चन्द्रोदय 30 मुहूर्त्ती है जो हर व्यापारिक जिन्सों में मंदी का झटका देगा। दक्षिण शृंग उच्च होगा जो रुई, सूत, पाट, बारदाना के भावों में मन्दी को बल प्रदायक है। सूर्य के ताप में वृद्धि से दिन में गर्मी व रात्रि में सर्दी का वातावरण बनेगा। बिहार, उ.प्र., पंजाब, हरियाणा में वर्षा, सरसों, उड़द, मूंगफली, गेहूं, जौ, चना में मन्दी को बल प्राप्त होगा।

सन् २००४ ई. में ग्रहों का शेयर मार्केट पर प्रभाव

जनवरी—ता.१ नव वर्ष शुभ व मंगलमय हो। ता. ३ भावों में सर्पमुखी चाल से तेजी। ता. ६ गुरु व धनु बुध योग भावों में घटाबढ़ी से तेजी को बल देंगे। ता. ९ भाव गिर कर सुधार लेंगे। ता. १४ मकर सक्रांति तेजी कारक है अतः तेजी को बल मिलेगा। ता. २२ भाव उठ कर गिर जायेंगे। ता. २५ भावों में घटाबढ़ी विशेष हो। ता. २९ भावों में तेजी को बल मिलेगा।

फरवरी—ता. १ शेयर बाजार गिर कर तेज होगा। ता. ४ भावों में सुधार। ता. ९ चलती लाईन में आशा कम हो। ता.१२ शीत की सरसहाट में शेयर बाजार नर्म रहे। ता.१४ गिर कर भाव सँभल जायेंगे। ता.१७ चलती लाईन में परिवर्तन। ता. २४ भाव तेज रहेंगे। ता. २८ शेयर बाजार में मंदी का झटका लगे।

मार्च- ता.१ शेयर टूटें ता. ६ भावों में सुधार हो। ता. ९ बाजार गर्म रहेगा लेकिन स्थाई नहीं। ता.१२ भाव उठकर भी गिर जावेंगे। ता. १६ भावों में मंदी का मान हो। ता. २० सर्पमुखी चाल से तेजी। ता. २२ भाव घटाबढ़ी में लेकिन मंदी विशेष नहीं। ता. २५ भावों में अच्छी तेजी का झटका। ता. २९ भावों में गिरावट का योग है।

अप्रैल-ता. ४ शेयर बाजार में गर्मी को बल, ता. ६ भावों में चमक बने। ता. १० सभी चुनिन्दा शेयरों के भाव आँधी के आम की तरह झड़ जायेंगे। ता. १५ भाव तेजी का मान करेंगे। ता. १९ सोमवती अमावस्या मंदी का झटका देगी सतर्क रहें। ता. २२ भाव सुधार लें। ता. २९ बुध उदय तेजी को बल देगा। ता. ३० घटाबढ़ी से मंदी लेकिन विशेष नहीं रिपोर्ट मगांकर लाभ लें।

मई-ता. २ बुध मार्गी शेयर बाजार काफी अच्छी घटाबढ़ी देंगे। ता. ३ गर्मी के साथ भाव सुधार लें। ता. १० शेयरों में तेजी को बल मिले। ता. १४ वृष संक्रांति क्रूरवासरी है जो बाजार में तेजी को बल प्रदान करायेगी। ता. १८ भावों में मंदी का झटका। ता. २१ मई भावों में सुधार। ता. २८ भाव उठकर झटके के साथ गिरे। ता. ३० गिरे भावों में सुधार।

जून-ता. २ तीन दिन के अंदर मंदी का झटका। ता. ५ शुक्र अस्त भावों में तेजी को बल देंगे। ता. ८ भावों में सुधार करें। ता. १० शेयर बाजार तेज रहेगा। ता. ९ प्रथम मन्दी बना भाव तेजी देंगे। ता. १४ बाजार में गर्मी रहे नये उद्योग शेयर भी बाजार में आये। ता. १८ भावों में घटाबढ़ी विशेष लेकिन मंदी को बल। ता. २२ भावों में सुधार बने। ता. २८ सर्पमुखी चाल में मंदी।

जुलाई-ता. ३ शेयर बाजार अफरा-तफरी का माहौल बनेगा। ता. ७ बाजार दो दिन तक तेज रहेगा। ता. १० वर्षा हो तो मन्दी के बल मिले। ता. १३ भावों में सुधार का योग। ता. १७ भाव उठ कर गिरे। ता. २० गिरे भावों में सुधार, आयरन शेयरों में तेजी का योग। ता. २५ नये व्यवधान से रुकावट, शेयर बाजार गिरे। ता. ३० मन्दी को विशेष बल मिले दो दिन अच्छी घटाबढ़ी हो।

अगस्त-ता. ३ भाव गिर कर, एक सप्ताह तक तेजी का मान करे। ता. ५ तेजी को बल। ता. १० भावों में आंशिक मन्दी का झटका। रसायन, शेयर तेजी लें। ता. १५ बाजारों में बनावटी मन्दी को बल, अस्थिरता का माहौल बने। ता . २० भाव सुधार ले कर गिरे। ता. २२ घटाबढ़ी विशेष हो लेकिन विशेष असर नहीं। ता. २५ मंदी का झटका स्थाई नहीं। ता. २८ भावों में तेजी को बल मिले।

सितम्बर-ता. २ भाव सुधार लेकर तेजी बना लेना चाहते हैं। ता. ५ मन्दी का झटका, सभी चुनिन्दा शेयरों में गिरावट। ता. १० दो सप्ताह तक विशेष घटाबढ़ी का योग। ता. १५ शेयरों के भाव गिरें, नवीन शेयरों का आगमन। ता. २० भावों में तेजी को बल। ता. २५ तेजी की धारणा बने। ता.२७ मन्दी लेकिन विशेष नहीं। ता. ३० भावों में घटाबढ़ी अधिक हो।

अक्टूबर-ता. ३ किसी प्रान्त में दंगे-फसाद से बाजार गिर जायेंगे। ता. १० मंदी को विशेष बल मिले। ता. १२ गिरे भावों में सुधार। ता. १५ भाव सुधार लेकर गिरे। ता. १८ भावों में सर्पमुखी चाल से तेजी। ता. २२ भाव उठकर गिर जायेंगे। ता. २४ तेजी को बल मिले। ता. ३० साय तक विशेष तेजी का योग।

नवम्बर-ता. ३ शेयर बाजार प्रथम मंदी ले, स्थिरता को बल देंगे। ता. ५ भावों का गिरकर सुधार। ता. ८ घटाबढ़ी से तेजी। ता. १० तेजी को ही बल मिले। ता. १३ घटाबढ़ी से उठे भावों में गिरावट। ता. १७ चलती लाईन पलटा ले। ता. १९ सतर्कता से कार्य करें घटाबढ़ी से तेजी। ता. २२ भावों में मंदी का झटका। ता. २६ घटाबढ़ी से भाव स्थिरता को बल देंगे। ता. ३० भावों में मंदी का मान हो विशेष रिपोर्ट मंगाकर लाभ लें।

दिसम्बर-ता. २ भावों में घटाबढ़ी से तेजी। ता. ५ तेजी सायं तक मंदी में बन्द। ता. ८ भावों में घटाबढ़ी से तेजी। ता. १५ मंदी सभी चुनिन्दा शेयरों में मन्दी। ता. २० तेजी को बल मिले। ता. २६ भाव उठ कर गिर जायेंगे। ता. ३० भावों में तेजी विशेष चमक भी बन सकती है।

श्री पुरुषोत्तम (अधिक मास) के लक्षण और कर्त्तव्य

एकस्मिन वर्षे अधियुगे अधिक द्वये सति पूर्वोधि मासौ।
प्रथमोधि मासः प्राकृतः बस्त्रये अधिक वन त्याज॥
असंक्रांति मासो अधिक मासौ स्पुट स्यात्।
द्वि संक्रांति मास क्षयोख्यः कदाचित॥ -भास्कराचार्य

ज्योतिष की चन्द्र गणना से जब सूर्य की एक ही संक्रांति में दो अमावस्यायें आ जाती हैं। तब दूसरी अमावस्या वाले अमान्त महीने की वृद्धि होकर वह मास मल (अधिक मास) बन जाता है।

भविष्य पुराण की कथानुसार चन्द्र और सौर मासों के अन्तर को ही अधिक मास कहा गया है। एक समय दुःखी होकर मलमास ने भगवान् विष्णु से प्रार्थना की कि—हे करूणानिधान! क्या आप मुझ अभागे की पीड़ा को जानते हो। क्षण, लव, मुहुर्त, पक्ष, मास, दिन, रात्रि व नक्षत्र व सभी राशियाँ अपने अपने स्वामी की आज्ञा से निर्भय होकर विचरण किया करते हैं। किन्तु हे स्वामी! मुझ अभागे का नाम तो है, लेकिन ना तो मेरा कोई स्वामी है और ना ही कोई भी विवाह मुहुर्त, उत्सव, माँगलिक कार्य मुझमें किये जाते हैं। यहाँ तक देवता गण भी मेरा निरादर किया करते हैं। इसलिये हे नाथ! मैं तो मरना चाहता हूँ। तब मलीय मास की पीड़ा को समझकर भगवान् नारायण ने कहा—मल के रूप निंदनीय मलीय मास आज से मैं तुझे अपना नाम पुरुषोत्तम प्रदान करता हूँ। जो लोग अधिक मास (लौंद) में जप, ध्यान, पूजा, दान, ईश्वर आराधना करेंगे वे इस लोक में सुख भोग कर सद्गति को प्राप्त करेंगे इसलिये आज भी अधिक मास में दान (पुण्यादि कार्यों का बड़ा ही महत्व है।)

उदाहरणार्थ—वर्ष २००४ ई. में श्रावण (सावन) नामक अधिक मास है क्योंकि १६ जुलाई सन् २००४ ई. में स्टै. टाईमानुसार ८।२८ पर कर्क संक्रांति है और अमावस्या १७ सितम्बर सन् २००४ की है व द्वितीया अमावस्या १६ अक्टूबर सन् २००४ ई. की है व सूर्य नारायण भी १६ सितम्बर सन् २००४ ई. को १६।५० पर सिंह राशि में प्रवेश करेंगे। इस प्रकार सूर्य की एक ही संक्रांति में दो श्रावण मास हो गये। प्रथम अमावस्या से द्वितीय अमावस्या तक मास श्री पुरुषोत्तम मास (लौंद) मलमास बन गया। इस प्रकार सन् २००४ ई. में दो श्रावण मास हैं।

लेकिन भारत वर्ष में महीने गणना चन्द्रमा के हिसाब से की जाती है परन्तु मल मास, क्षय मास के उपाय द्वारा वर्ष को सूर्य के हिसाब से ठीक कर लिया जाता है। लेकिन ऐसा नहीं होता कि मुस्लिम इस्लामी हिजरी में पाँच-पाँच दिन साल की गणना में ही ना आयें और इस प्रकार १०,००० वर्ष में १३६ साल ही गायब हो जायें।

श्रावण रूपी पुरुषोत्तम मास का फल

दुर्भिक्षं श्रावणे युग्मे पृथ्वी नाशः प्रजा क्षयः अथाधिमास फलम्। सम्पूर्ण पृथ्वी पर कलह का वातावरण बने। चोरी, तस्करी, डकैती, लूटपाट, अग्नि काण्ड व दुर्घटनाओं में वृद्धि व रोग से प्रजा को कष्ट मिले। प्राकृतिक प्रकोप, भूकम्प, भूस्खलन, बाढ़ आदि से प्रजा का क्षय। प्रजा रोग शोक से घिरी रहे। युद्ध का वातावरण, सैन्य संघर्ष, अनाजों व तेल, शेयर, सोना, आदि धातुओं में मूल वृद्धि, राजनैतिक वातावरण चिन्तनीय रहेगा। मुस्लिम राष्ट्रों में विद्रोह, आंदोलन, बन्द आदि से प्रजा त्रस्त रहेगी।

अधिक मास में करने योग्य कार्य-

तीर्थ श्राद्ध दर्श श्राद्ध प्रेत श्राद्ध सपिण्डनम्।
चन्द्र सूर्य ग्रहे स्नानं मल मासे विधियते॥ -मनुस्मृतौ॥

मल मास में प्राण धातक रोगादि की निवृत्ति के लिये रुद्र, जपादि अनुष्ठान, कपिल षष्ठी आदि व्रत, अनावृष्टि धारण के पुरश्चरण, ग्रहण सम्बधी दान जप, पुत्र जन्म के कृत्य मरण के श्राद्धादि, पुंसवन से सीमांस से संस्कार अवधि समाप्त करने के पूर्वान्त और सीमान्त जैसे संस्कार नियत अवाही करने के पूर्वगत प्रयोग आदि कार्य किये जा सकते हैं।

अधिक मास में न करने योग्य कार्य-

अग्न्याधेय प्रतिष्ठा च यज्ञो दान व्रतानि च।
वेद व्रत वृषोत्सर्ग चूड़ा करण मेखला॥
गमनं देव तीर्थानां विवाहमाभिषेचनम्।
ध्यानं च गृह कर्माणि मल मासे विवर्षयते॥ -गर्ग संहिता॥

अर्थात् कुओं निर्माण, बाग, बगीचा लगाना, देव प्रतिष्ठा, किसी भी प्रायोजन के व्रत-उत्सव, उद्यापन, विवाह, वधू प्रवेश, पृथ्वी, सोना, तुला का दान, सोनयज्ञ, नील वृष का विवाह, ऋषी पूजन, तीर्थ दर्शन, संन्यास, कुआँ पूजन, व्यापार का शुभांरभ व निंदित अन्न का भोजन व नशीले पदार्थों का सेवन मलमास में ना करने चाहिये।

विशेष कर्त्तव्य-

गोवर्धन धर्म वन्दे गोपालं धर्म गोप रूपिणा।
गोकलोत्सव मीशानं गोविन्दं गोपिका प्रिय॥ -श्रीमद् भागवत्॥

विशेष रूप से मल मास में प्रथम शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से द्वितीय कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तक श्री पुरुषोत्तम भगवान् का जप ध्यान, श्री गोवर्धन जी की परिक्रमा, श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कीर्तन, गौ रक्षा, गौ सेवा, कन्या, विधवा, अनाथ, असहाय, साधु-सन्त, ब्राह्मणों के निष्काम के साथ-साथ स्वयं धर्मानुसार आचरण से स्वयं की देश और समाज के साथ-साथ विश्व का कल्याण होता है। देवी भागवत, भविष्योत्तर पुराण, हेमाद्रि पूजा, पंकज भास्कर, भविष्य पुराण व मनुस्मृती में श्री पुरुषोत्तम मास विशेष वर्णन वर्णित है।

काल सर्प योग की शान्ती का उपाय

काल सर्प योग क्या है—जिन व्यक्तियों की जन्म पत्रिका में राहु व केतु के मध्य सभी ग्रहों का होना काल सर्प योग कहलाता है। यह योग कई प्रकार का होता है व काल सर्प योग एक ऐसा योग है जो पितृ दोष से संबन्धित होता है। जैसे पिता से अलग होना, पिता की पैतृक सम्पत्ति का ना मिलना व इस योग के प्रभाव से मनुष्य के जीवन में हर स्तर पर संघर्ष और तनाव व असफलताओं का सामना करना पड़ता है। व्यक्तिके जीवन में जिस भाव से काल सर्प योग की वृद्धि होती है उसी भाव से संबधित कठिनाईयों का सामना मनुष्य को करना पड़ता है अतः काल सर्प योग से प्रभावित शान्ती अवश्य करनी या करानी चाहिये। क्योंकि काल सर्प योग से प्रभावित व्यक्ति की हर तरफ निराशा हाथ लगती है नौकरी व पदोन्नति व्यवसाय, घर, परिवार, स्वास्थ पर यह योग विशेष दुष्प्रभावी होता है।

शान्ती के उपाय— १-काल सर्प योग की शान्ती श्री हनुमान जी की कृपा से होती है क्योंकि श्री राम-लक्ष्मण को नाग पाश से हनुमानजी ने मुक्त करवाया था। इसलिए सुन्दरकाण्ड का पाठ, मंगल व शनिवार को व्रत रखकर हनुमानजी को चमेली के तेल में सिन्दूर (चोला) चढ़ावें, भोग लगायें, सुन्दरकाण्ड या बजरंग बाण का पाठ करें व यथाशक्ति "ॐ हं हनुमते रुद्रात्मकाय हुंम फट्" इस मंत्र का पाठ करें। निश्चय ही लाभ की प्राप्ति होती हैं। (२) जिन व्यक्तियों की जन्म-पत्रिका में काल सर्पयोग है उनको श्रावण या शिवरात्रि के दिन चांदी (ताम्बा) के नाग-नागिन बनवा कर भगवान शंकर की रुद्राभिषेक करना चाहिए व नाग-नागिन को जल में डालकर भगवान् शंकर जी पर चढ़ा देना चाहिए तो कालसर्प की शान्ति होती है। (३) पारद के शिवलिंग बनवा कर घर में प्राण प्रतिष्ठा करायें व विधिवत रुद्राभिषेक करना चाहिए तथा अष्टनागों का भी पूजन करना चाहिए। इसी क्रम में स्वर्ण का सर्प या चांदी का सर्प बनवायें। पंचोपचार से उसकी पूजा करें व निम्नलिखित मंत्र का जाप करें या करायें। **ॐ नमोस्तु सर्पेभ्यो ये के च पृथिवीमनु। ये अंतरिक्षे ये दिवितेभ्यः सर्पेभ्यो नमः स्वाहा॥** कम से कम उक्त मंत्र का ३१००० या सवा लाख जाप करें जप के बाद दशांश हवन करें व पूजन चंदन से करें, रोली, सिन्दुर, गुलाल, कुंकुम से नहीं। (४) घर में वन तुलसी के पौधे लगाने से भी काल सर्प योग वालों को शान्ती प्राप्त होती है। (५) काल सर्प योग से प्रभावित व्यक्ति अपने घर में मोर मुकुट अर्थात मोर के पंखों वाला मुकुट पहने भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा घर में स्थापित करें व नित्य प्रति उसकी पूजा करने से व ॐ नमो भगवते वासुदेवाय का जाप करने से काल सर्प योग से मुक्ति की प्राप्ती होती है। (६) एकांक्षी नारियल ले कर उसकी चंदन से पूजा करें व ॐ, भ्रा भ्रीं भ्रौं राहवे नमः का १०८ बार जाप करें व काल सर्प योग से प्रभावित व्यक्ति के ऊपर २१ बार उतार कर बहते पानी में बहा देने से भी काल सर्प योग की शान्ती होती है। (७) प्रदोष के दिन ताम्र के नाग नागिन के जोड़े बनवाकर विधिवत उनका पूजन कर काल सर्प से प्रभावित व्यक्ति के ऊपर २१ बार उतार कर जल में दूध, शहद व काले तिल डालकर भगवान आशुतोष के ऊपर चढा देने से भी काल सर्प योग से राहत मिलती है। (८) नाग पंचमी के दिन काले फन धारी सर्प को दूध पिलाने से भी काल सर्प योग से राहत मिलती है। (९)प्रतिदिन सर्प सूक्त का पाठ भी काल सर्प योग में राहत देता है। (१०) विश्व प्रसिद्ध तिरुपति बाला जी के पास काल हस्ती शिव मन्दिर में भी काल सर्प योग की शान्ती कराई जाती है। (११) इलाहाबाद संगम पर व नासिक के पास त्रंयम्बकेश्वर में भी शान्ती कराई जाती है।

सन् २००४ ई. का व्यापार भविष्य व्यापारिक जिन्सों की तेजी-मंदी लाईनों का ब्यौरा

निर्देशन—डॉ० वसंत लाल व्यास, स्वर्ण, रजत पदक विजेता, श्री अम्बा ज्योतिष पीठ, राया (मथुरा) उ०प्र०, पिन-२८१२०४ सम्पर्क सूत्र ०५६६२-२७३३५३, २७३४९२

जनवरी

यह नूतन वर्ष पौष शुक्ला १० गुरुवार से प्रारम्भ होकर माघ शुक्ला १० शनिवार तक रहेगा। ता. २ को बुध उदय हो रहा है व ता. ६ को गुरु सिंह राशि प्रवेश के साथ वक्री हो रहे हैं। **धनु बुर्धस्याभ्यु व सिंह राशि गतो जीवो विकार कुरुते यदा** से सुभिक्ष, क्षेम, रसीले पदार्थ, पेट्रोल, रसायन, घी, तेल, सोयाबीन के भावों में घटाबढ़ी। सभी प्रकार के अनाज, बर्तन आदि का संग्रह कर नौ मास पश्चात् विक्रय करने से लाभ की प्राप्ति। सोने, चांदी के भावों में मन्दी का मान होगा. रुई के दामों में तेजी का झटका लगेगा। ता. ९ को शुक्र का कुंभ राशि में प्रवेश **कुंभ राशि स्थितो शुक्रे** से प्राकृतिक प्रकोप वर्षा, ओला, कोहरा से शीत वृद्धि वृद्ध व बालकों को कष्ट, बाजार में सुस्ती का माहौल रहेगा। शेयर बाजार में हलचल। मन्दी का झटका लगे। ता. १४ को मकर संक्रांति व प्रवेश समय **समानं बुध शुक्रभ्यां** योग से अन्न, रेशम, मेघाजात, किशमिश, पिस्ता, ऊंट, गाय, बैल, सोना, चांदी, सूत चमक बना कर गिर जायेंगे। अरहर, हल्दी, जायफल, लौंग, इलाइची, जावित्री सस्ती बना तेजी ले लेंगी। अनाज, खली, सरसों के भावों में घटाबढ़ी तो होगी लेकिन विशेषतर समता को ही बल मिलेगा। घी का संग्रह कर फाल्गुन में तेजी के विक्रय से लाभ। ता. २२ जनवरी **माघ शुक्ला द्वितीया च शुक्र संयुता** से राजनीति में वातावरण दूषित, आरोप, प्रत्यारोप, पद त्याग व वाद-विवाद का वातावरण। शेयर बाजार में अनिश्चितता का माहौल रहेगा व चन्द्रदर्शन भी शुक्रवार को हो रहा है। सरसों, तिल, गेहूं, चावल, उड़द, चना, वस्त्र, ऊन के भावों में घटाबढ़ी से आंशिक गिरावट। शेयर बाजार सर्पमुखी चाल से तेजी। रुई, चांदी, सोने में घटाबढ़ी से प्रथम तेजी लेकर आंशिक गिरावट। ता. २४ को सूर्य का श्रवण में प्रवेश से चावल, चांदी, रुई में तेजी का माहौल रहेगा। गुड़, खाण्ड, अलसी, लौंग, सुपाड़ी व शेयर बाजार १३ दिनों के अन्दर तेजी का संचार होगा। ता. २६ **शुक्रे पूर्वाभाद्रे** से रुई, अनाजों के भावों में घटाबढ़ी से मन्दी। शेयर बाजार में तेजी का माहौल बनेगा। ता. ३१ अनाजों के भावों में गिरावट का योग है।

शकुन विचार— माघी पूनम को कभी बादल छवै आकाश।
संग्रह करो अनाज का लाभ सातवे मास॥
माघ सुदी सातै पड़े शनि, रवि, चन्द्रवार।
विग्रह भय दुर्भिक्ष से दुख पावै संसार॥

फरवरी

यह मास माघ शुक्ला ११ से प्रारंभ होकर फाल्गुन शुक्ला ९ रविवार तक रहेगा। ता. ३ को दैत्य गुरु शुक्राचार्य जी मीन राशि में प्रवेश कर रहे हैं। **मीन राशि गते शुक्रे** पृथ्वी पर सुख सुर्भिक्ष में वृद्धि, रुई, चांदी, घी, अनाज, सरसों, तेल, तिलहन, गुड़, खाण्ड में मन्दी का वातावरण तथा अधिकांश शेयरों के भावों में भी मन्दी का मान रहेगा व अमावस्या उपरान्त सुधार ले तेजी का वातावरण रहेगा। ता. ६ को सूर्य नारायण का धनिष्ठा में प्रवेश जो कि १५ दिनों के अन्दर सोना, चांदी, मोती, मूंग, मसूड़, गेहूं, अलसी, रुई, आयरन शेयर, रसायन शेयर व खाद्य पदार्थों के शेयरों में घटाबढ़ी से तेजी। ता. १३ कुंभ संक्रांति से जौ, ज्वार, बाजरा, मक्की के भावों में गिरावट। गेहूं, चना, जौ गिरकर सुधार ले लेंगे। सन, जूट, चांदी, सोना, ताम्बा के भाव सम रहेंगे। अलसी, तिल, तेल, सरसों, चावल, रुई, बिनौला, हल्दी, किराना, खाद्य शेयर, गुड़, शक्कर के भावों में तेजी। इस संक्रांति में गिरे भावों की वस्तुओं का संग्रह कर बैशाख में बेचने से लाभ। ता. १९ **शते सूर्ये** योग से १४ दिनों के अन्दर सोना, चांदी, सन, सूत, कपड़ा, तिल, तेल, एरण्ड, सरसों, हींग, जायफल, सौंठ, हल्दी, छुआरा, गेहूं, गुड़ के भाव तेजी लेंगे। किसी-किसी जिन्स में विशेष तेजी। ता. २१ चन्द्रदर्शन भी रुई, सूत, वस्त्र, चांदी, सोना, सरसों, मूंगफली में अच्छी तेजी का योग है। अन्न व शेयरों के भावों में भी तेजी बनेगी। **ता. २७ सत, अठ, नव, दश, ग्यारसी फाल्गुन सुदी में जान। कृत्तिका करे सुर्भिक्ष** से अनाजों के भावों में तेजी व अच्छी तेजी के भी चांस हैं। शेयरों में घटाबढ़ी से तेजी अतः बुद्धि चातुर्य से कार्य करें। ता. २९ को दैत्य गुरु शुक्राचार्य जी मेष राशि में प्रवेश कर रहे हैं। **दैत्य गुरु यदा मेषे** से सभी धान्य, दालवाना, शेयर तेज। प्राकृतिक प्रकोप, दूध, दही, अनाजों के भावों में तेजी। चांदी के भावों में घटाबढ़ी से अच्छी तेजी व मन्दी के चान्स मिलेंगे। बाजार रुख देखकर कार्य करें।

शकुन विचार— जो राशि उगै सोम शनि एक अचंभो जिय जोय।
छत्र पड़े दिन तीस में अन्न जू मंहगो होय॥

दैत्य गुरु वा दल एव शुक्रे माघे अथ कुंभे दिन कृत्रयगे पृथ्वी भयं धान्य महर्घता स्यात्तदा जनानायति शायदुःखम।

अर्थात् पृथ्वी पर भय, अन्न तेज, प्राकृति प्रकोप से कष्ट।

मार्च

यह मास फाल्गुन शुक्ला १० सोमवार से आरम्भ होकर चैत्र शुक्ला १० बुधवार तक रहेगा। मास प्रारम्भ में शुक्राचार्य जी मकर राशि में प्रवेश कर रहे हैं। **दैत्य गुरुर्यदा मेषे सर्व** से जौ, चना, गेहूं, अनाज, घी, चावल के भावों में तेजी। राहु-मंगल-शुक्र युति से सोने, चांदी में विशेष चमक बन सकती है। अतः सतर्कता से कार्य करें। बारदाना, सरसों, तिलहन के भावों में भी भारी घटाबढ़ी का योग है। शेयर बाजार भी गर्म रहेगा। ता. ७ को शनि मार्गी हो रहे हैं जो रुई, चांदी, घी में प्रथम तेजी बना कर गिरावट का योग बना देंगे। ता. १० **मीने बुध** योग से रुई, खाण्ड, गुड़, शक्कर में मन्दी का मान। चांदी में जितनी मंदी उतनी ही तेजी का योग है। ता. १४ सूर्य नारायण का मीन राशि में प्रवेश से तिल, तेल, अलसी, सरसों, खाण्ड, गुड़, शक्कर, रुई, शेयर व सोने में तेजी का योग। सभी तरह के अनाजों, दालवाना, किराना में घटाबढ़ी से प्रथम मंदी लेकर सुधार बना देंगे। चांदी में १-२ टके की मंदी आयेगी। ता. १७ को बुध उदय हो रहे हैं जो १५ दिनों के अन्दर चावल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, गेहूं, तिल, तेल में तेजी। शेयर बाजार में अनिश्चितता का दौर रहेगा। ता. २१ नव संवत् २०६१ सभी व्यापारी भाईयों को शुभ व मंगलमय हो। वर्ष के राजा सूर्य नारायण जी हैं। वर्षा में कमी, दुग्ध उत्पादन में कमी, मनुष्यों में रोग शोक में वृद्धि। चोरी, डकैती, अग्निकाण्ड व सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि व राजनीति में वाद-विवाद से राजनीति दूषित हो। ता. २८ वृष के शुक्र से रुई, कपास में अच्छी मंदी का झटका। सोने, चांदी में पहले घटाबढ़ी। अंत में तेजी अनाज के भावों में मंदी का संकेत। ता. ३० चौदह दिनों के अंदर अलसी, सरसों, एरण्ड, मोती लाख, सज्जी, रुई, चाँदी, जौ, चना, चावल के भावों में विशेष घटाबढ़ी से तेजी का योग है। सीमा पर सैन्य प्रदर्शन किसी प्रांत में दुर्घटना योग है। व्यापारी वर्ग सतर्कता से कार्य करें।

शकुन विचार— होली जलने के समय यदि बादल हो जाय।
जौ, गेहूँ, रोली लगै मँहगो भाव विकाय॥
रवि, शनि, मंगल होली आवै। डंक कहै मोहि फागुन भावै॥
उल्का पात करै मुछ सारी। घर-घर रोय नर नारि॥

अप्रैल

यह मास चैत्र शुक्ला ११ गुरुवार से आरंभ होकर वैशाख शुक्ला १० शुक्रवार तक रहेगा। ता. १ को गुरु वक्री हो रहे हैं जो सभी प्रकार के धान्य व गेहूं, दालवाना, बर्तन आदि के स्टॉक का संकेत दे रहे हैं अतः स्टॉक कर नौ महीने पश्चात् बेचने से लाभ। सोने, चांदी, शेयर में भारी मन्दी का झटका व बुध वक्री से नारियल, सुपारी, किराना के भावों में तेजी। ता. ७ **अप्रैल रोहिण्यां देव गुरौ** से १२ दिनों के अन्दर सोना, ताम्बा, चांदी, अलसी, एरण्ड, सरसों, घी, गुड़, खाण्ड, दाख, सुहारी, सुपारी, ऊन के भावों में मन्दी व किसी-किसी जिन्स में विशेष मन्दी का झटका। ता. ९ को बुध अस्त हो रहे हैं जो अन्न के भावों में मन्दी व सभी शेयरों के भाव आंधी के आम की तरह गिर जायेंगे अतः सतर्कता से कार्य करें। ता. १३ मेष संक्रांति से गेहूं, जौ, चना, धान्य, हाथी दांत, लाख,

मोम, मजीठ, केसर सिंदूर के भावों में तेजी व किसी में चमक का योग बने। ता. १७ **मृगे भौम** से तिल, चांदी में तेजी। रुई गिरकर संभल जायेगी। अन्य व्यापारिक वस्तुओं में घटाबढ़ी व ता. १९ को सोमवती अमावस्या भी मंदी कारक है। इसका प्रभाव तीन दिन पूर्व व एक सप्ताहन्त तक रहता है। ता. २२ मीन में बुध का प्रवेश जो रुई, गुड़, खाण्ड, शक्कर के भावों में मंदी का योग बना देंगे। सोना, चांदी में घटाबढ़ी से सुधार। बिनौला के भावों में तेजी व ता. २६ को बुध उदय से रुई, गुड़, खाण्ड, शक्कर, अफीम, ताम्बा, कुसुंभा, मजीठ, गेरू, लाल मिर्च में तेजी। चांदी के भावों में समता को ही बल मिलेगा। ता. ३० जनरल लाईन में घटाबढ़ी से सायं तक तेजी। सोने-चांदी में सुधार।

शकुन विचार— पौष माघ बैशाख या सावन या आषाढ़।
भयकरी बुध का उदय, अस्त होय सुख बाढ़॥
जेहि पखवारे तिथि बढ़े वाही में घट जाय।
सभी वस्तु मन्दी रहे, मंहगाई हट जाय॥

॥ चतुर्दशी क्षय, छठ वृद्धि ॥

मई

यह मास बैशाख शुक्ला ११ से आरम्भ होकर ज्येष्ठ शुक्ला १२ तक रहेगा। ता. २ बुध मार्गी हो रहा है जो चमड़ा, उच्च वर्णों के अभक्ष्य पदार्थ व मांस चमड़े से बनी वस्तुओं में तेजी का वातावरण बनेगा। ता. ४ खग्रास चन्द्रग्रहण है जिससे जौ, गेहूं, चना, बाजरा, मूंग, मसूड़, अनाजों के संग्रह से लाभ मिलेगा तथा रुई, कपास, सूत, गेहूं, अलसी के भावों में घटाबढ़ी से प्रथम मन्दी दे तेजी का वातावरण बनेगा। घी, तेल, गुड़, खाण्ड, रस पदार्थों, दूध, दही, शहद के भावों में मन्दी का झटका देगा। अन्य जिन्सों में भाव मध्यम रहेंगे। पांच या छः महीने के अन्दर अनाजों में तेजी। रूपा, राई, मेथी, जस्ता के संग्रह के पश्चात् ४ महीने पश्चात् विक्रय से लाभ मिले। ता. ९ को बुध मेष राशि में प्रवेश करने जा रहे हैं जो मूंगा, मोती, जवाहरात तथा शेयर सोना, चांदी, चना, जौ, तिल, तेल, सरसों, राई, घी, गुड़ में मंदी का झटका। किसी-किसी जिन्स में मन्दी का वातावरण। चौपाये पशुओं के भाव भी तेज रहेंगे। सूर्य कृत्तिका योग से १५ दिनों के अन्दर घी, रुई, राई, सोना, चांदी, अलसी, एरण्ड, गेहूं,जौ, चना, मूंग, मोंठ, चावल, राई, सरसों में सर्पमुखी चाल से तेजी का योग बन रहा है। ता. १४ को वृष संक्रांति क्रूर वासरी है जो घी, रस, पदार्थों में शेयर, गुड़, रस, रसीले फल, सोना, चांदी, तिल तेल, सरसों में आंशिक बढ़त ले तेजी का मान करेगी व गेहूं, जौ, चना में मंदी का झटका देगी। शेयर बाजार भी गर्म रहेगा। ता. २२ अलसी में गिरावट। धातु, चावल, आयरन, शेयर, सोना, चांदी, जस्ता में तेजी व ता. २५ को तिल, तेल, एरण्ड, सरसों, घी तेज। गेहूं, चना, जौ, ज्वार, बाजरा, ऊन, सूत, वस्त्र, सुपाड़ी, मिर्च, राई में तेजी। चांदी में मन्दी का मान होगा। ता. २८ वृष के शुक्र, रुई, कपास में अच्छी मन्दी देंगे। सोना, चांदी में घटाबढ़ी से तेजी। अनाजों में मंदी का मान रहे। वायु प्रकोप व अग्निकाण्ड, लू, हैजा के प्रकोप से प्रजा त्रस्त रहे।

शकुन विचार— द्वितीया तृतीया जेठ सुदी आवै आर्द्रा रिक्ष।
वर्षे तो कर्षे नमी दर्से दुःख दुर्भिक्ष॥
जेठ दशहरा शनैचर भयकारी भय मास।
प्रजा शोक जल रोग से हो गोकुल का नाश॥

जून

यह मास ज्येष्ठ शुक्ला १३ मंगलवार से आषाढ़ शुक्ला १३ बुधवार तक रहेगा। ता. २ बुध वृष संयोग से १५ दिनों के अन्दर प्रायः सभी जिन्सों में घटाबढ़ी से मंदी का प्रकोप। रुई, चांदी में भी गिरावट बनेगी। गेहूं, जौ, चना, चावल, मटर, रुई, कपास, सूत, अफीम, तिल, तेल, रस पदार्थों में तेजी। शेयर बाजार में भी विशेष घटाबढ़ी का योग है। अतः बुद्धि चातुर्य से कार्य करें। ता. ५ को पश्चिम में शुक्र अस्त हो रहे हैं। अतः सोना, चांदी, गुड़, सूत, कपड़ा, घी, तेल तिल, सरसों में सुधार। पाट, रेशम, सन, कपूर, कस्तूरी, चन्दन, सोना, उड़द, मूंग, मोंठ, चना व बाजरा व नारियल जलीय उत्पन्न पदार्थों में तेजी का माहौल बनेगा। ता. ९ रुई, चांदी, शक्कर में तेजी। शेयर बाजार गिर कर सुधार लेगा। ता. ४ को सूर्यनारायण मिथुन राशि में प्रवेश कर रहे हैं व **भूमि पुत्रो यदा कर्के** योग से भी गुड़, शक्कर, खाण्ड, गन्ना, गेहूं, रस पदार्थ तेज रहने का संकेत है। अनाज भी तेज रहेंगे। रुई में विशेष गिरावट। चांदी में ३० टका मंदी का चान्स चौपाये पशु भी तेज रहेंगे। लू व गर्म हवाओं का जोर रहेगा आंशिक वर्षा भी हो सकती है। ता. १७ पन्द्रह दिनों के अन्दर रुई, चांदी, सरसों में गिरावट। सरसों में घटाबढ़ी हो सकती है। ता. १९ आर्द्रा नक्षत्र व **मिथुने बुध योग** से उड़द, जौ, चना तेज। गेहूं, तिल, मूंग, मोंठ के भावों में नमी आयेगी। सोना तेज रहेगा। शेयर दोपहर तक गिरकर सायं तेजी से बन्द होंगे। ता. २६ पुनर्वसु बुध ८ दिनों में चांदी, रुई, कपास, सूत, अलसी, मूंग, मोती, गेहूं, चावल, जौ, चना के भावों में तेजी ले लेंगे। ता. २९ को शुक्र मार्गी हो रहे हैं जो १ महीने के अन्दर सभी व्यापारिक जिन्सों, शेयर बाजार, चावल, घी, तेल में तेजी व किसी-किसी जिन्स में विशेष तेजी का योग है।

शकुन विचार— बुधो मिथुन राशिस्थौ महर्घं च चतुस्पदाम्।
तदा वायु विर्जयानी यान्मेपश्य प्रचुरो भवेत्॥

२६ जून २००४॥

बदी बाढ़ै सुदी घटे तिथि क्रूरवार संक्रांति।
छत्र भंग अरु अवर्षण पीड़ित प्रजा नितान्त॥

जुलाई

यह मास आषाढ़ शुक्ला १४ गुरुवार से आरम्भ होकर प्रथम श्रावण शुक्ला १५ शनिवार तक रहेगा। ता. १ को व्यापार ग्रह बुध कर्क राशि में प्रवेश कर रहे हैं। **निशापातेश्च तनयः कर्क राशौ** सुर्भिक्ष में कमी प्रजा को दुःख में वृद्धि साथ ही बुध-सूर्य-शनि योग से **रवि मंगल बुध राहु** योग से अग्निकाण्ड व यह योग महाविनाश कारक योग है। बाजारों का रुझान तेजी की ओर अग्रसित रहेगा। अनाज, तिलहन अतः बाजार रुख देखकर कार्य करें। ता. १० चांदी, रुई में मंदी। अन्न तेज। १५ दिनों के अन्दर तिल, तेल, सरसों, गुड़, खाण्ड, उड़द, मूंग, मूंगफली के दामों में तेजी। ता. १६ कर्क संक्रांति अनाजों के भावों में मंदी का झटका देगी। ता. १८ चन्द्रदर्शन आॅवरेज में मंदी का झटका देगा। गुड़, तेल, सोना, चांदी में तेजी तथा रुई में घटाबढ़ी से मंदी। ता. २० को बुध सिंह में प्रवेश कर रहे हैं **सिंह राशौ बुधस्याच्चे** से चना, सोना, देवदारु, रुई, ऊन, खट्टे पदार्थ, लकड़ी, पत्थर, कोयला में तेजी का मान। रस पदार्थ, गुड़, चीनी खाण्ड के भावों में मन्दी का झटका। ता. २५ को मंगल अस्त व ता. २६ को शनि उदय हो रहे हैं जो सुर्भिक्ष कारक है। व अनाज, सोना, चांदी, सन, वस्त्र, सूत में तेजी। रुई में भाव आंशिक मंदी का झटका देगा। ता. ३१ शुक्राचार्य जी का मिथुन राशि में व भौमदेव का सिंह राशि में प्रवेश। रुई, कपास, वायदा व्यापार बारदाना, अरंडी, सन, तेल, सरसों, अरहर, ग्वार में मंदी का झटका। चांदी, सोना, तांबा, लोहा आदि धातुवाना, आयरन, शेयर, चाय, वस्त्र, गुड़, खाण्ड, शक्कर, लाल वस्त्र, लाल मिर्च, लाल रंग की वस्तुओं में तेजी। गेहूं, चना, जौ, चावलों में तेजी का संचार हो व प्रथम श्रावण मास ५ शनि योग अच्छा नहीं है व श्रावण अधिक मास १८ जुलाई में हो रहा है। **श्रावणे दुर्भिक्ष युग्मे पृथ्वी नाश प्रजा क्षयः** अर्थात् पृथ्वी पर कलह कारक व वातावरण दूषित हो। चोरी, तस्करी, लूटपाट, हिंसा, आन्दोलन, प्रदर्शन, अग्निकाण्ड, सड़क दुर्घटनाओं व प्राकृतिक-प्रकोप से प्रजा में दुःख व रोग, शोक में वृद्धिकारक है व अनाजों, दलहनों, तिलहन में तेजी कारक है।

शकुन विचार— बदी बाढ़ै सुदी घटै, तिथि क्रूरवार संक्रांति।
छत्र भंग अरु अवर्षण पीड़ित प्रजा नितान्त॥
आषाढ़ बदी सुदी आठै निर्मल रहे आकाश।
चन्द्रदेव दे दर्श तो वर्षा का नाश॥

अगस्त

यह मास द्वि. श्रावण कृष्ण १ रविवार से भाद्रपद कृष्णा २ मंगलवार तक रहेगा। ता. २ को आश्लेषा सूर्ये से १४ दिनों के अन्दर सोना, चांदी, बिनौला, गेहूं, चावल, उड़द, चावल, चना, गुड़, घी, तेल, सरसों, एरण्ड, अलसी, मिर्च, मजीठ, नील के भावों में तेजी का संकेत। ता. ८ को शुक्र का आर्द्रा में प्रवेश। तिल, चाय, शेयर, लोहा, रुई, अनाज, लाहा, सरसों में मन्दी का वातावरण व कर्क संक्रांति भी सोमवती अमावस्या श्रावणी अर्थात् **सोमवती तीनउ बुरी सावन कार्तिक माह** से सभी जिन्सों में मन्दी का संकेत अर्थात् व्यापारी वर्ग बुद्धि चातुर्य से कार्य करें। अनाजों, चावल, गुड़, घी, रसीले पदार्थों में तेजी कारक है। ता. २२ बारह दिन में धान्य व बिनौला के भावों में तेजी। सोना, चांदी, रुई, कपास, सूत के

भावों में मन्दी व इस मास में चन्द्रदर्शन भौमवासरी योग भी गेहूं, जौ, चना, बाजरा, मूंग, मोठ, सोना, चांदी, ताम्बा, लोहा व गुड़, शक्कर में तेजी कारक है। वर्षा की मात्रा में असमान्यता कहीं अति वर्षा से परेशानी व प्रजा को कष्ट। ता. २७ **कन्या राशी गुरौ योग** से वर्षा उत्तम सभी धान्य में मन्दी। सोना-चांदी, ताम्बा, गेहूं, लाल चन्दन, मजीठ, लाल मिर्च, घी, तिल तेल पदार्थ, पशुओं के भावों में तेजी। चांदी में पहले ४ दिन में २, ३ टका की मंदी। रुई में ८ दिन में मंदी का झटका फिर तेजी। अतः रुख देखकर कार्य करें व नफा लें।

शकुन विचार— श्रावण रोहिणी नखत में यदि वर्षा हो जाय।
कार्तिक सुदी एकादशी तक जल वर्षाय॥
कन्या राशि गते जीव मेघवृष्टिस्तथोत्तया।
सुर्भिक्ष सर्व धान्यान्तामारोग्यं लभते जनाः॥
शुक्ल पक्ष सावन में कभी कोई तिथि का नाश।
छत्र भंग का योग है आगे कार्तिक मास॥

सितम्बर

यह मास भाद्रपद कृष्णा ३ से आरम्भ होकर आश्विन कृष्णा २ तक रहेगा। ता. १ को ही कर्क राशि में शुक्र का प्रवेश सोना, रुई, अलसी, एरण्ड, घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर में तेजी का माहौल बनेगा। चांदी, गेहूं, जौ, अरहर में मन्दी लेकिन शनि योग के कारण तेजी की अवधारणा रहेगी। अतः सतर्कता से कार्य करें। ता. ४ को **पुष्ये शुक्राः** से रुई, सन, ऊन, रेशम व धान्य के भावों में तेजी का संकेत। चांदी में गिरे भावों में सुधार व पारा, शिंगरफ, गुड़, खाण्ड, शक्कर में गिरावट का योग है। ता. ८ को गुरु अस्त हो रहे हैं व सिंह राशि में चतुर्ग्रही योग धन नाश युद्ध **सिंहे नृणां मरण लोक विनाशं** से प्रजा को कष्ट व दुःख। ता. ११ से २३ दिनों के अन्दर गुड़, खाण्ड, शक्कर, घोड़ा व चौपाये पशुओं के भावों में वृद्धि। रुई में घटाबढ़ी। घी, शक्कर, कपास, सरसों में तेजी। शेयरों में घटाबढ़ी से मंदी। पाट, सूत, सन, लोहा, चांदी, ताम्बा तेज। ता. १६ कन्या संक्रांति से कपूर, केसर, कस्तूरी, चन्दन, सुगन्धित द्रव, रुई में तेजी। गेहूं, जौ, चावल, ज्वार, बाजरा, उड़द, मूंग, मसूर, जस्ता, लोहा, ताम्बा में घटाबढ़ी। सरसों, मूंगफली, तिल, अलसी में तेजी का योग। ता. २८ **दैत्य गुरु यदा सिंहे से व सिंह शुक्र जब होय भवानी** से १५ दिनों में गेहूं, जौ, बाजरा, गुड़, खाण्ड, नमक, हरण, घास, लकड़ी, हल्दी, धनियां सन क्षार में तेजी।

शकुन विचार— भादों की छठ चांदनी जो अनुराधा होय।
उबड़-खाबड़ बोय दें अन्न घनेरा होय॥
चार पांच ग्रहों का बनै एक राशि पर योग।
वर्षा अथवा युद्ध से दुःख पावैं सब लोग॥

अक्टूबर

यह मास आश्विन कृष्णा ३ शुक्रवार से आरम्भ होकर कार्तिक कृष्णा ३ रविवार तक रहेगा। **कृष्ण पक्ष में तिथि बढ़े शुक्ल पक्ष घट जाय। एक चीज की बात क्या सब चीज घट जाय॥** से लगभग सभी व्यापारिक जिन्सों में मंदी का झटका लगेगा। ता. १५ चन्द्रदर्शन शुक्रवासरी है जो सरसों, तिल, तेल, गेहूं, चावल, उड़द, चना, ऊनी वस्त्र, ऊन में मंदी का झटका, किसी-किसी जिन्स में भारी गिरावट। रुई, सोना, चांदी में घटाबढ़ी से तेजी। अच्छी तेजी का भी लाभ मिले व संक्रांति भी शनिवारी है व इस दिन वर्षा हो तो तिल, तेल, मूंग, उड़द, मूंज का संग्रह करें। पांचवे महीने में बेचने से लाभ। ता. १२ तुला राशि में बुध का प्रवेश योग से **तुलायाते दिवानाथे धान्य हेम परिचय** से रुई, चांदी में मन्दी, गेहूं, जौ, चना, अलसी, सोना, ताम्बा, श्रीफल, सुपाड़ी के भाव गिर कर तेजी बना लेंगे। ता. २३ शुक्राचार्य जी कन्या राशि में प्रवेश कर रहे हैं। **कन्या राशिगते शुक्रे** से चावलों में तेजी। अगर चमक भी बन जाये तो आश्चर्य नहीं। चांदी घटाबढ़ी से तेज हो। गेहूं, जौ, चना, गुड़, धान्य, ऊन, रेशमी वस्त्र भाव में सुधार कर तेजी की ओर बढ़ें। चावलों में विशेष तेजी का योग। ता. २७ अक्टूबर चन्द्रग्रहण है **उपरागौ यदा मेषे** योग से लोगों के कष्ट में वृद्धि प्रदायक है। दुर्घटनायें अधिक हों। प्रजा में भय व्याप्त हो। ता. २३ से १५ दिनों के अन्दर रुई, सूत, रेशम, सोना, चांदी, गुड़, बिनौला, सुपारी, मिर्च, अलसी, सरसों, गुगल के भावों में तेजी को बल मिलेगा। ता. ३१ को बुध वृश्चिक राशि में प्रवेश कर रहे हैं। इस योग से घी, तेल, सरसों, गेहूं, अफीम, अनाज के भावों में मन्दी का झटका देगा। व्यापारी वर्ग सतर्कता से कार्य करें।

शकुन विचार— आश्विन शुक्ला चतुर्थी यदि आवै रविवार।
घी बेचो अन्न संग्रहो आगे लाभ विचार॥
अमावस्या गुरुवार दिन या गुरु मास नक्षत्र।
ज्योतिष का सिद्धान्त है वर्षा हो सर्वत्र॥

नवम्बर

यह मास कार्तिक कृष्णा ४ सोमवार से आरम्भ होकर मार्गशीर्ष कृष्णा ३ मंगलवार तक रहेगा। ता. १ शुक्र का हस्त में प्रवेश रुई, चावल, चांदी में मंदी का झटका देगा। यहां अन्न के भावों में मन्दी हो तो संग्रह से लाभ। खाण्ड, गुड़, शक्कर में घटाबढ़ी हो व ता. ३ भौम का तुला राशि में प्रवेश **भूमि पुत्रोस्तुले** से सभी प्रकार के अनाज, अलसी, रुई, बिनौला, मूंगफली, मूंग, उड़द, दलहन गुड़ में तेजी को बल मिलेगा। ता. ८ शनि वक्री हो रहे हैं जो १५ दिनों के अन्दर चांदी व अनाजों के भावों में मन्दी का झटका दे समता को बल देंगे। ता. १२ शुभ दीपावली स्वाति **दीपक जो वैर, खेल विशाखा गाय** से किसी स्थान पर दंगे फसाद व कर्फ्यू की स्थिति बने। शेयर बाजार में मंदी का झटका व सोने के भावों में तेजी। चांदी भी आलस्य त्याग तेजी लेगी। ता. १५ वृश्चिक संक्रांति सोमवासरी है जो गेहूं, जौ, चना, चावल, तिल, तेल, सरसों, सोना, ताम्बा, लोहा, जस्ता, पीतल, आयरन व रसायन, शेयर, हल्दी, मिर्च, नमक के भावों में तेजी। दूध, दही के भाव भी उठ जायें तो आश्चर्य नहीं। जूट, सूती वस्त्र, सन, गाय, भैंस के भावों में मंदी का झटका। ता. १८ शुक्राचार्य जी का तुला राशि में प्रवेश **यदा दैत्यगुरुश्चैव तुला राशि प्रवर्त्तते** से रुई में मन्दी, चांदी, सोने में घटाबढ़ी। गुड़, रस पदार्थों में तेजी कारक है। ता. १९ **अनुराधा नक्षत्र सूर्ये** से १४ दिनों के अन्दर जौ, चना, धान्य, ऊन में तेजी। पशुओं के भावों में सुधार। गेहूं, अलसी, मिर्च में गिरावट, सोना, चांदी भी उठकर गिर जायेंगे। ता. २८ रुई, कपास, वस्त्र, सूत में मंदी का संकेत। प्रजा में सुख-दुःख की समानता रहेगी। किसी प्रान्त अथवा देश में भी भूकम्प व प्राकृतिक प्रकोप से धन जन का क्षय। राजनीति दूषित हो किसी भ्रष्टाचारी की पकड़ से राजस्व वृद्धि।

शकुन विचार— कार्तिक मावस के दिना स्वाति नखत विचार।
गिरे कहीं भूकम्प से पर्वत या मीनार॥
मंगसिर पहले पाख में, कोई तिथि घट जाय।
झगड़ा और फसाद नित लोगों में अधिकाय॥

दिसम्बर

यह मास मार्ग. कृष्णा ४ बुधवार से आरंभ होकर पौष कृष्णा ५ शुक्रवार तक रहेगा। ता. १ विशाखा के मंगल दो सप्ताह के अन्दर रुई, वस्त्र, कपास, गेहूं के भावों में सुधार कर तेजी बना देंगे। ता. ४ को बुध अस्त हो रहे हैं। मौसम में वर्षा व ओला से शीत वृद्धि, पर्वतीय क्षेत्रों में वर्फवारी व भावों में लगभग सभी व्यापारिक जिन्सों में तेजी को बल मिलेगा। ता. ४ शुक्राचार्य जी वृश्चिक राशि में प्रवेश कर रहे हैं। **वृश्चिके च गते शुक्रे** से अनाजों में मन्दी का झटका जनता में विश्वास, प्रसन्नता, सन्तोष व सुख की वृद्धि करेंगे। गुड़ में घटाबढ़ी तो शेयर भी प्रथम मंदी त्याग तेजी को बल देंगे। ता. १३ को चन्द्रदर्शन है आगे महीने में तेजी का संकेत देता है अतः व्यापारी बुद्धि चातुर्य से कार्य करें। ता. १६ को मंगल का वृश्चिक राशि में प्रवेश, गुड़, रुई, सोना, सन, चांदी व धातुओं के भाव में तेजी। क्रूर ग्रह योग अर्थात् शुक्र भौम योग से तेजी को बल मिलेगा। सर्दी का प्रकोप बढ़े। ता. २८ पू.षा. में सूर्य का प्रवेश १४ दिनों के अन्दर तिल, तेल, सरसों, अलसी, बिनौला, गुड़, खाण्ड, हल्दी, गुग्गल, चमड़ा, कपूर, ऊन, ऊनी वस्त्र, सन, चांदी में तेजी। प्रजा में रोग-शोक की वृद्धि व राजनेताओं में सुख। कुशल क्षेम वृद्धि व वर्ष २००४ की तेजी-मंदी दीपिका से भी सफल व्यापारी लाभ ले सकते हैं। इस पुस्तक की प्राप्ति के लिए हमें लिखें अथवा स्वयं मिलें व व्यापार व लाभ में वृद्धि लें हमारा पूर्ण सहयोग आपके साथ हैं।

शकुन विचार— जो शशि उगै सोम शनि एक अचम्भो जिय जोय।
छत्र पड़े दिन तीस में अन्न जूं मंहगो होय॥
मार्गशीर्ष के मास में पांच होय रविवार।
पांच शनैश्चर हो तो तेजी होय अपार॥

चन्द्र शृंगोन्नतः व्यापार वाणी सं. २०६१ वि.

ब्रह्मर्षि ज्योतिषाचार्य पं. शंकरलाल गौड़ "शंभु कवि" दूरा (आगरा), उ.प्र. पिन:२८३११०

चैत्र शु. २ चन्द्रे

संवत् 2061 वि. चैत्र शुक्ल 2 चन्द्रवार को चन्द्र दक्षिण शृंग करके दिखलाई देगा। जिसका वस्तुओं पर इस प्रकार प्रभाव पड़ेगा। कमलगट्टा, गूगल, चन्दन,धान, सिंघाड़ा, मोती, लाख, चपड़ा, पाट, वारदाने में भीषण तेजी आ सकती है। चांदी, सोना, शेयर, ताम्बा, गेहूं, चना, जौ, मटर,प्रियंगु, मखाने, दाख, किशमिश के भावों में सस्तापन अवश्य हो। पश्चिमी राष्ट्रों जनधन की विशेष हानि हो। में इजरायल, ईराक में विनाश हो।

दक्षिण शृंग

वैशाख शु. २ बुधे

संवत् 2061 वि. वैशाख शुक्ल 2 बुधवार को चन्द्रदर्शन समशृंग से होगा। चांदी-सोना में मंदी होकर एकदम तेजी होती है। 15 दिन में सर्वधान्य, सर्वरस, सोना, चांदी, लोहा, पारा, रांगा, शीशा, ताम्बा, गुड़, घी, खटाई, काली मिर्च, नमक, ऊन, काला तिल, तीसी, रेंडी, मेंथी में तेजी होकर मंदापन आता है। लाल रंग, लाल मिर्च, लाल चन्दन, इलायची,लौंग, दिखाई देती है। सुपारी, वारदाने में अच्छी तेजी

सम शृंग

ज्ये. शु. १ गुरौ

संवत् 2061 वि. ज्येष्ठ शुक्ल 1 गुरुवार को चन्द्र दक्षिण शृंग से होगा। नारियल, कपूर, हींग, हिंगुल अच्छी तेजी हो। केरल, पांडिचेरी, गोआ में वृष्टि योग बनते हैं। मासान्त में चावल, चना, जौ, मोंठ, मसूर, अरहर पर मंदापन होकर एकदम तेजी हो। सोना, चांदी, ताम्बा, लोहा, पारा, रांगा, शीशा, स्टेशनरी का सामान, कागज आदि पर अच्छी तेजी होती है। रुई, ऊन, कपास, कपड़ा, अफीम, भांग, गांजा पर मंदापन होता है।

दक्षिण शृंग

आषाढ़ शु. १ शुक्रे

संवत् 2061 वि. आषाढ़ शुक्ल 1 शुक्रवार को चन्द्रोदय उत्तर शृंग से होगा। रक्त पदार्थ, नारियल, दाख, किशमिश, गुड़ में मंदापन हो। सीमावर्ती देशों से शत्रुता बढ़ सकती है। चना, तूवर, मोंठ, पाट, वारदाने, जूट, ऊन, कपास में घटाबढ़ी हो सकती है। चन्द्रोदय तिथि से 15 दिन बाद धान्य, तीसी, सरसों, तेल, दाख, गुड़, खाण्ड, सुपारी, रुई, सूत, ऊन में कुछ तेजी होती है।

उत्तर शृंग

प्र.श्रावण शु. १ रवि

संवत् 2061 वि. प्रथम श्रावण शुक्ल 1 रविवार को चन्द्रदर्शन उत्तर शृंग से होगा। मूंग, सब्जी, लहसुन, प्याज, चावल, धान्य, गुड़, ईख, खाण्ड, शक्कर, चीनी पर तेजी होती है। 10 दिन के भीतर, सोना, चांदी, पारा, रांगा, शीशा, लोहा,पीतल, चावल, सिंघाड़ा, कवलगट्टा, नारियल, फल, सूखे मेवे, रुई, सूत, रेशम, कपड़ा, कपूर, चन्दन, सुगन्धित वस्तुएं, चना, अरहर, उड़द, मोंठ आदि मंदे होकर तेज होते हैं।

उत्तर शृंग

द्वि.श्रावण शु. १ भौमे

संवत् 2061 वि. द्वितीय श्रावण शुक्ल 1 मंगलवार को चन्द्रदर्शन उत्तर शृंग से होगा। 8 दिन में तिल, उड़द अरहर तेज हों। मूसलाधार वर्षा के योग बन रहे हैं। विद्युत पात से जन धन का कहीं-कहीं बिनाश होता है। चांदी, लोहा, मशीनरी का सामान, विद्युत सामग्री, गेहूं, तीसी, सरसों, लाल मिर्च, सन, पाट, वारदाना पर साधारण तेजी होती है। भारत के पश्चिमी भाग में भूकम्प की संभावना है। 20 दिन पश्चात् अमचूर, खटाई, नींबू, देवदारु, सूत, कपड़ा, लोहा, मशीनरी का समान में घोर तेजी हो। गेहूं, चना, चांदी, तीसी, तिल, तेल, गुड़ के भाव कुछ गिर जाते हैं। पाक सीमा पर जबर्दस्त हरकतें कर सकता है।

उत्तर शृंग

भाद्रपद शु. २ गुरौ

संवत् 2061 वि. भाद्रपद शुक्ल 2 गुरुवार को चन्द्रोदय उत्तर शृंग से हो रहा है। इस मास में तूवर, चावल, मोंठ, चना, देवदारु, सूत, कपड़ा, सर्वरस, चांदी, सोना, रुई, शेयर, ईख, गुड़, खाण्ड तेज हो। खण्डवृष्टि, वायु संचार का योग दिखाई देता है। राजस्थान में वर्षा की कमी, बंगला देश, पाक, पंजाब में विद्रोह हो सकता है। रुई, चांदी, सोना, ताम्बा, लोहा, पीतल, स्टील, रांगा घोर तेजी। दाख, किशमिश, लौंग, सुपारी, मखाने, चिरौंजी, अगर, तगर में अच्छी तेजी होकर मंदापन हो।

उत्तर शृंग

आश्विन शु. २ शुक्रे

संवत् 2061 वि. आश्विन शुक्ल 2 शुक्रवार को चन्द्रदर्शन उत्तर शृंग से होगा। चांदी, गहने, बर्तन, कपड़ा, लाल चन्दन, चावल, गेहूं, सरसों, तिल, ज्वार, बाजरा, जीरा, धनियां पर अच्छी तेजी होती है। मसान्त में मजीठ, कवलगट्टा, गूगल, लौंग, सुपारी, सोना, चांदी, लोहा, तेल, घी, सरसों, रेवड़ी, सुपारी, मूंग, मूंज, बांस, नील, अफीम, रेशम, कपास, रुई पर तेजी होकर मंदापन होता है।

उत्तर शृंग

कार्तिक शु. २ सूर्ये

संवत् 2061 वि. कार्तिक शुक्ल 2 रविवार को चन्द्रदर्शन उत्तर शृंग से होगा। उड़द, मूंग, मोंठ, मसूर में मंदापन होता है। ठंड कुछ बढ़ जाती है। गेहूं, बाजरा, ज्वार, गुड़, खाण्ड, पाट, वारदाने, हल्दी, हरड़, बहेड़ा, हींग, क्षार, कथीर, कत्था में सस्तापन होता है। गुजरात, महाराष्ट्र में कहीं-कहीं वर्षा होगी। 10 दिन के भीतर गुड़, खाण्ड, शक्कर, गेहूं, धातु, जौ, चावल, गेहूं, चना, मटर, अरहर में कुछ तेजी हो। कपास, सूत, केशर, रुई, लाख, चपड़ा, पाट, वारदाने, दाख, किशमिश में कुछ तेजी होगी।

उत्तर शृंग

मार्गशीर्ष शु. २ चन्द्रे

संवत् 2061 वि. मार्गशीर्ष शुक्ल 2 चन्द्रवार को चन्द्रदर्शन उत्तर शृंग से होगा। सोना, चांदी, पारा, रांगा, शीशा, लोहा, गुड़, खाण्ड, तेल, घी वेजीटेबल, हींग, हल्दी, लाख, गुग्गल, कपूर, रुई, कपास, ऊन में घोर तेजी होती है। पूर्व-पश्चिम दिशा में युद्ध की स्थिति तत्काल ही बन सकती है। चावल, सरसों, तिली, जौ, चीड़, दाख, किशमिश, चिरौंजी, मखाने पर तेजी होती है। घी, तेल, पीपरामूल, लाख, चपड़ा, गुग्गल, हल्दी में तेजी होती है। व्यापारी लाभ उठावें।

उत्तर शृंग

पौष शु. २ बुधे

संवत् 2061 वि. पौष शुक्ल 2 बुधवार को द्वितीया का चन्द्रदर्शन उत्तर शृंग से होगा। इस मास में धान्य, अन्न पर घोर तेजी होती है। सोना, चांदी, ताम्बा, लोहा, जस्ता पर मंदापन अवश्य ही होता है। तेल, गुड़, मादक वस्तुओं में कुछ तेजी होती है। कहीं-कहीं खण्डवृष्टि, उपलवृष्टि के प्रायः योग हैं। पशु-पक्षी, बालक, वृद्ध व पुरुषों को पीड़ा होगी। गेहूं, चना, मटर, अरहर, मूंग, मसूर, मोंठ, उड़द पर तेजी होती है। मासान्त में पीपरामूल, गुड़, कपास, लाल, चपड़ा, कपास, पाट, वारदाने पर अच्छी तेजी आती है।

उत्तर शृंग

माघ शु. २ गुरौ

संवत् 2061 वि. माघ शुक्ल 2 गुरुवार को चन्द्रोदय सम शृंग से होगा। गेहूं, जौ, चावल, तीसी, अरहर, उड़द, मोंठ, चावल, चीनी, दाख, किशमिश, छुहारे पर अच्छी तेजी हो। खंडवृष्टि, शीत लहर चले। कराई, भूसा, मूंगा, मोती पर मंदापन आकर एकदम तेजी होती है। कृषि में कहीं-कहीं हानि की भी संभावना है। पाक की ओर से हरकतें सीमा पर हो सकती हैं। तेल, सरसों, घी, तीसी तेज हों। मासान्त में चपड़ा, कपूर, लाख, गुग्गुल, हींग, हल्दी, मखाने, चिरौंजी पर तेजी हो।

सम शृंग

फाल्गुन शु. २ शुक्रे

संवत् 2061 वि. फाल्गुन शुक्ल 2 शुक्रवार को चन्द्र दक्षिण शृंग से होगा। इस मास में मूंग, मसूर, रुई, तीसी, कपास, ऊन, मेथी, लौंग, काली मिर्च, बड़ी इलाइची के भाव गिर सकते हैं। कराई, भूसा, पत्थर, काष्ठ के भाव भी तेज होकर मंदे होंगे। गेहूं, चना, उड़द, घी, तेजपात, कालीमिर्च, मखाने, दाख, किशमिश अगर, तगर पर घोर तेजी बन सकती है।

दक्षिण शृंग

सन् २००४-५ ई. में सरसों के स्पेशल चांस

खरीदना— *अप्रैल*-२ से १८ तक, *मई*-३ से १७ तक, *जून*-८ से २० तक, *जुलाई*-९ से १८ तक, *अग.*-१० से २० तक, *सितं.*-५ से १५ तक, *अक्टू.*-५ से १५ तक, *नवं.*-१८ से २० तक, *दिसं.*-४ से १० तक, *जन.*-२ से १४ तक, *फर.*-५ से १६ तक, *मार्च*-८ से २० तक। बेचना— *अप्रैल*-१९ से ३० तक, *मई*-१८ से २९ तक, *जून*-२१ से ३० तक, *जुलाई*-११ से १८ तक, *अग.*- २१ से ३० तक, *सितं.*-१६ से २२ तक, *अक्टू.*-१६ से २५ तक, *नवं.*- २१ से २८ तक, *दिसं.*-१९ से २५ तक, *जन.*-१५ से २२ तक, *फर.*-१७ से २५ तक, *मार्च*-२१ से २८ तक।

सन् २००४-५ ई. में जीरा स्पेशल चांस

खरीदना— *अप्रैल*-२ से २० तक, *मई*-५ से १६ तक, *जून*-१० से २४ तक, *जुलाई*-४ से १८ तक, *अग.*-२ से २२ तक, *सितं.*-३ से २४ तक, *अक्टू.*-२ से १२ तक, *नवं.*-१ से १८ तक, *दिसं.*-४ से २० तक, *जन.*-१ से १० तक, *फर.*-३ से १४ तक, *मार्च*-८ से २० तक। बेचना— *अप्रैल*-२२ से २८ तक, *मई*-१७ से ३० तक, *जून*- २५ से ३० तक, *जुलाई*-२० से ३० तक, *अग.*-२३ से २९ तक, *सितं.*-२५ से ३० तक, *अक्टू.*-१४ से २८ तक, *नवं.*-२० से ३० तक, *दिसं.*-२१ से २७ तक, *जन.*-११ से २६ तक, *फर.*-१५ से २८ तक, *मार्च*-२१ से ३० तक।

ग्रहों का अधिकार-प्रभाव

लेखक: ब्रह्मर्षि वैद्य पं. नारायण शर्मा कौशिक,
कार्यालय-सारड़ा बाजार, मेढ़ता सिटी, जिला-नागौर (राज.)-341510

भूमण्डल में ब्रह्माण्ड स्थित ग्रहों का ज्योतिषीय दृष्टि से निम्नांकित अधिकार प्रभाव होता है। जिसका प्रयोग जन्म-पत्रिका पठन एवं फलादेश की बेला में करना चाहिए।

सूर्य: राजाओं, उमराव मजिस्ट्रेट, प्रधानों, हर एक सिविलियन, बड़े उच्च लाखों मनुष्यों पर अधिकार है।

चन्द्रमा: साधारण प्रजा खासकर स्त्रियों प्रजा की टोलियों देश की खबरों पर अधिकार है।

मंगल: फौजी, सिपाहियों, सर्जन, दरिया व खुश्की के लश्करों, अमलदार, खटपट, अग्निकाण्ड, भूकम्प आतंकवादी, झगड़े, फिसादों पर सत्ता यानि अधिकार है।

बुध: अखबार, छापेखाने, अन्य देश के सफीरों (दूतों), हुनर (कला) वाले नये उद्योगों साहित्य पर होता है।

गुरु: धर्म व धर्म गुरुओं, धर्म बावत संतों, वकीलों, वकीलों के मुंशी, बेकारी व व्यापारियों, कोर्ट, हर कोर्ट, दरबार, असम्बली आदि पर अधिकार है।

शुक्र: पेन्टर, जितारा, (तस्वीर बनाने वाला), गवैया (गायक), एक्टर लग्न, नाना प्रकार के गाने बजाने वाले यंत्र एवं सौंदर्य साधनों पर अधिकार है।

शनि: घर के मालिकों, भूमि के मालिकों, वैद्य, कोलसा, भूमि के मध्य का धन आदि मिलने की सत्ता है। न्यायालयों के परिक्षेत्र में विशेष अधिकार है।

ज्योतिषीय फलादेश में इन घटकों का ध्यान रखना आवश्यक है। जिससे ग्रह के भावानुसार स्थिति को देखकर फलादेश करना चाहिए। विशेषकर दशम भाव तथा चतुर्थ भाव में इनका प्रभाव ज्यादा प्रभावी होता है। विशेष जानकारी हेतु स्वयं मिलें या जन्म पत्रिका की फोटो प्रति प्रश्न तथा ११००/-, का डी.डी. एडवांस जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

अचानक धन प्राप्ति के योग ज्योतिष में

जातक जब से समझदार बनता है, तब से धन प्राप्ति की ओर नजर रखता है तथा इच्छा जाहिर करता है कि उसे धन कहां से कैसे मिलेगा। इसी क्रम में जातक की कुण्डली में धन प्राप्ति के योगों में अचानक आकस्मिक धन प्राप्ति का योग भी होता है। उसे पढ़ना चाहिए। अचानक धन प्राप्ति का साधन, लोटरी का नवम्बर खुलना, गुप्त गढ़ा धन मिलना, सट्टा बाजारी, प्रतियोगिता, मान-सम्मान, पैतृक सम्पदा या रास्ते में गिरा धन या भेंट पूजा आदि के माध्यम से अर्थात् स्वयं का अर्जित न होकर अन्य से स्वयं प्राप्त होना आदि प्राप्ति के योग को अचानक धन प्राप्ति के योग में माना जाता है। व्यापार में बड़ा आर्डर मिल जाना, खोया हुआ धन पुनः प्राप्त होना या अन्य स्रोत से स्थाई आमदन योग यथा कमीशन आदि भी हैं। ज्योतिष में कुण्डली का अध्ययन करते समय भावों का बोध होना चाहिए पहले भाव को लग्न भी कहते हैं। जन्म पत्रिका पठन में पंचम भाव या पंचम स्थान से यह जानकारी प्राप्त की जाती है। पंचमेश का शुभ स्थानों पर बैठना, शुभ ग्रहों से युक्ति करना, शुभ ग्रह की पंचम स्थान पर शुभ दृष्टि होना उपस्थित योगों के लिए आवश्यक होता है। जैसे पंचम स्थान पर चन्द्रमा बैठा है तथा उस पर शुक्र की दृष्टि हो तो जातक को प्रायः लॉटरी आदि में अकस्मात धन की प्राप्ति होती है। कुण्डली में धन लाभ कमाने वाले मुख्य इन दोनों का कारक ग्रह है। बृहस्पति और अकस्मात् फल देने वाले ग्रह हैं। राहु एवं केतु अन्य कुण्डली में द्वितीय भाव, एकादश भाव, द्वितीयेश, एकादशेश, गुरु, राहु एवं केतु की स्थिति जितनी अधिकाधिक अच्छी होगी, उतनी ही अधिक स्थिति अकस्मात (अचानक) धन प्राप्ति की होगी। इस प्रकार अकस्मात धन प्राप्ति के योग निम्नांकित बनते हैं।

(१) यदि द्वितीयेश और चतुर्थेश शुभ ग्रह के साथ नवम भाव में शुभ राशि गत होकर बैठे हों तो जातक को भूमि में गढ़ी हुई सम्पदा मिलती है। इसमें दशाएं व गोचर में ग्रहों की विभिन्न राशि पर विचरण भी देखना आवश्यक होता है। (२) यदि एकादशेश और चतुर्थेश परस्पर शुभ ग्रह हों। मित्र हों। एकादशेश और चतुर्थगत हो और चतुर्थेश शुभ ग्रहों के साथ हो तो भूमि में गढ़ा धन जातक को मिलता है। (४२ वर्ष बाद में) (३) लग्नेश, द्वितीयेश तथा द्वितीयेश लाभस्थ हो तो थोड़ा-थोड़ा धन गुप्त या लॉटरी आदि से प्राप्त होता रहता है। (४) गुरु एवं चन्द्र की युक्ति कर्क राशि में दूसरे, चौथे, पांचवें, नवें, ग्यारहवें भाव में हो तो आकस्मिक धन प्राप्ति योग बनता है। (५) नवम् भाव में राहु हो तथा नवमेश बलवान हो, कुण्डली में तुला या मकर लग्न को विशेष फल मिलता है। (६) चन्द्रमा से तीसरे, छठें, दसवें और ग्यारहवें स्थानों में शुभ ग्रह हो तो ससुराल से भी विशेष सहयोग मिलता है। (७) गुरु नवम भाव में कर्क या धनु राशि का हो तो मकर का मंगल चन्द्रमा के साथ दशम भाव में हो तो यह योग होता है। (८) द्वतीय भाव में मंगल तथा गुरु की युति हो तो मिलता है। (९) धनेश अष्टम भाव में तथा अष्टमेश धन भाव में हो तो विशेष लाभ मिलता है। इनको विशेष सम्मान मिलेगा। (१०) दशमेश एवं धनेश केन्द्र या त्रिकोण में हो तो घुड़ सवारी का, लाटरी या जमीन पर अचानक धन प्राप्ति होगी।

उपर्युक्त योगों के अतिरिक्त ग्रहों का षडबल नवांश में ग्रह स्थिति, षोडस वर्गों में ग्रह स्थिति, अष्टक वर्गों में अधिकतम शुभांक, महादशाएं, अन्तर दशाएं, प्रत्यन्तर दशाएं एवं गोचर स्थानों में विचरण ग्रहों की स्थिति का भी ध्यान रखकर फलादेश किया जाना चाहिए। तभी हमें सही सार्थकता प्राप्त होगी। इनमें कालसर्प योग, अनिष्ट योग आदि भी बाधित होते हैं। उनका निदान कर लेना चाहिए। विशेष जानकारी हेतु स्वयं आकर सम्पर्क करें तो फल कथन बताया जा सकता है।

सुख की खान वास्तु द्वारा निर्माण

पं. गोपाल शर्मा बी.ई. आचार्य सेवाराम जयपुरिया

भारत में धरती हमारी मां के समान मानी गई है और मां सदैव अपने बच्चों के सुखों की वृद्धि के लिये अपने सुख-दुःख का भी ध्यान नहीं रखती। इसीलिये वास्तुशास्त्र में मान्यता है कि जब व्यक्ति अपने भूखण्ड पर भवन का निर्माण करना चाहता है तो उसे भी धरती के सुख का ध्यान रखना चाहिये ताकि उस भूखंड पर बना भवन उसे तथा उसकी आने वाली पीढियों को पूरी सुरक्षा, समृद्धि व सुविधा प्रदान कर सके।

उसके लिये हमें वास्तु द्वारा निर्माण के मूल नियमों के अतिरिक्त शास्त्रानुसारेण भूमि शयन, भू-रुदन, भू-हास्य और भूमि के रजस्वला होने की जानकारी भी होनी चाहिये।

भू-हास्य-अर्थात् भूमि का हंसना-पंचमी, दशमी, पूर्णिमा, गुरुवार, पुष्य श्रवण नक्षत्रों में पृथ्वी हंसती है। अतः प्रत्येक शुभ कार्यों में भूमि का हास्य शुभ व अनुकूल माना गया है।

भू-रुदन-अर्थात् भूमि का रोना, मास की अन्तिम घड़ी, वर्ष का अन्तिम दिन, अमावस्या तिथि, होलिका दहन दिवस एवम् प्रत्येक मंगलवार को भूमि-रुदन होता है अतः शुभ कार्य भूमि-रुदन में वर्जित माने गये हैं

भू-रजस्वला-स्त्री के समान भूमि भी रजस्वला होती है इसमें दो प्रमुख सिद्धान्त मान्य हैं।

सूर्य सक्रांति से १, ५, १०, ११, १६, १८ तथा १९वें दिन भूमि रजस्वला मानी जाती हैं।

पंचमी को मंगलवार, षष्टी को रविवार, सप्तमी को शुक्रवार हो तो इससे आगे के तीन दिन पृथ्वी रजस्वला होती है।

समस्त शुभ कार्यों में, यज्ञादि में, मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा में भू-रज समय त्याज्य होता है।

भूमि शयन-यह भी दो प्रकार का होता है।

१ सूर्य के नक्षत्र से दिन का (चन्द्र नक्षत्र) ५, ७, ९, १२, १९ और २६वां हो तो भूमि शयन माना जाता है।

उदाहरणतया- जिस दिन भूमि खोदनी है उस दिन;

(१) यदि सूर्य अश्विनी नक्षत्र में हो तो, चन्द्रमा मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, उत्तरा फाल्गुनी, मूल और उ.भाद्रपद में हो तो पृथ्वी शयन होता है अतः इस दिन भूमि को कदापि न खोदें।

(२) इस विषय में मतान्तर से सूर्य की सक्रान्ति के दिन से ५, ७, ९, ११, १५, २०, २२, २३ एवं २८वें दिन भूमि शयन होता है।

सामान्यतः वास्तुशास्त्रानुसार भूमि को निम्न समय में नहीं खोदना चाहिये।

(१)भूमि शयन हो

(२) भू-रजस्वला

(३) भू-रुदन

(४) रविवार व मंगलवार के दिन

(५) बृहस्पति, शुक्र एवं चन्द्रमा के नीच राशिगत या अस्तंगत होने पर

(६) निम्नलिखित योगों में- बज्रयोग, व्याघात, शूल, व्यतिपात, गण्ड, अतिगण्ड, विष्कुम्भ एवं परिघ योग।

(७) गृहस्वामी की जन्म राशि से सूर्य चन्द्रमा, गुरु, शुक्र निर्बल हो या अस्त हो या नीचगत हो तो सूर्य की दृष्टि से गृहस्वामी को कष्ट होता है।

(८) चन्द्र निर्बल हो तो गृहस्वामिनी को कष्ट होता है।

(९) गुरु निर्बल हो तो सुख की कमी रहती है।

(१०) शुक्र निर्बल हो तो धन की कमी हो जाती है।

(११) चर लग्नों में (मेष, कर्क तुला व मकर)

(१२) रिक्ता तिथियां- (चतुर्थी, नवमी व चतुर्दशी) व अमावस्या को भी भूमि पर निर्माण कार्य का प्रारंभ नहीं करना चाहिये।

इसी प्रकार देव शयनी एकादशी को भी गृह निर्माण/गृहारम्भ, विवाह, यज्ञोपवीत, यात्रा आदि शुभ कार्य नहीं करते। (देव शयनी एकादशी-शास्त्रानुसार आषाढ़ शुक्ल एकादशी से कार्तिक शुक्ल एकादशी तक देव सोते हैं।)

इसी प्रकार हमारे देश में बच्चे को सर्वप्रथम भूमि पर बिठाने का मुहूर्त भी होता है जिसे भूम्योपवेशन मुहूर्त कहते हैं।

तिथि-२, ३, ५, ७, १०, १२, १४ (दोनों पक्षों की)

वार-सोमवार, बुधवार, बृहस्पतिवार तथा शुक्रवार

नक्षत्र-अश्विनी, मृगशिरा, हस्त, अनुराधा, पुनर्वसु, रेवती और अभिजीत।

लग्न-२,५,८,११ (वृषभ, सिंह, वृश्चिक, कुंभ)

जन्म से पांचवे महीने में, चार लग्नों में, मंगल बली में, वाराह भगवान की पूजा करके बालक को सर्वप्रथम पृथ्वी पर बिठाना चाहिये।

बिठाने से पहले निम्न मंत्र का उल्लेख करने से पृथ्वी माता के समान शिशु की दीर्घ जीवन पर्यन्त रक्षा करती है।

रक्षैनं वसुधे देवि सदा सर्वगतं शिशुम्।
आयुः प्रमाणं सकलं निक्षिपस्व हरिप्रिये॥

भूमि खरीदने का मुहूर्त

पूर्वा तीनों मृग. पुन. श्लेषा मघा विशाख।
अनुराधा मूल रेवती ग्यारह नखत हैं खास॥
शुक्ल प्रतिपदा छोड़कर नन्दा पूर्णानाम।
अमावस्या भी त्यागिए भूमि क्रय के काम॥

ये ग्यारह नक्षत्र और शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तथा अमावस्या को छोड़कर नन्दा (५, ११) पूर्णा (५, १०, १५) का भूमि खरीदना विशेष शुभ होता है। तथा भद्रा (२,७, १२) तथा जया (३,८,१३) मध्यम है। तथा रिक्ता तिथियां (४, ९, १४) त्याज्य हैं।

एक समय पाताल लोक से भूदेवी अर्थात् पृथ्वी का उद्धार मानव कल्याण के लिये भगवान् वाराह ने किया था तब भूदेवी ने वाराह भगवान् से बारम्बार प्रणाम करके कहा-कि देवेश कृपया आपकी प्रसन्नता के लिये मन्त्र बताये जिससे मनुष्य के सुखों तथा परमधाम की प्राप्ति होती है। तब वाराह भगवान् ने प्रसन्न होकर भूदेवी को परम गोपनीय मंत्र बताया। वह मंत्र इस प्रकार है।

''ॐ नमः श्रीवाराहाय धरण्युद्धारणाय स्वाहा''

अतः पृथ्वी की अभिलाषा रखने वाले मनुष्य को इहलोक में सदा ही इस मंत्र का जाप करना चाहिये। इच्छित जमीन की प्राप्ति में आने वाले प्रत्येक विघ्नों के निवारण का यह सरल परन्तु अचूक उपाय है।

विशेष-ज्योतिष शास्त्र में वास्तु के सिद्धान्तों का विस्तारपूर्वक वर्णन है जैसे कि-

१. दक्षिण द्वार का मकान स्त्रियों के लिये विशेषकर मंदा होता है। और पुरुष भी इस मकान में कोई विशेष सुख नहीं पाते इसलिये मुख्य द्वार दक्षिण में बनाना आखिरी विकल्प होना चाहिये। वास्तु शास्त्र के अध्ययन मनन के पिछले ९ वर्षों के व्यवहारिक अनुभव के आधार पर दक्षिण दिशा में भी दक्षिण-पूर्व/दक्षिण का दरवाजा हो सकता है, परन्तु दक्षिण-पश्चिम के दरवाजे वाले मकान का क्रय करना या उसमें रहना अच्छा नहीं है। इसमें गृहस्वामी प्रायः घर से बाहर रहता है तथा धन/स्वास्थ्य की हानि होने की प्रबल संभावना बनी रहती है।

२. आठवें भाव में बैठा हुआ शनि भवन के लिये बहुत ही अशुभ फल देता है जब मकान बनने लगे तो उस परिवार में मृत्यु का आवागमन प्रारम्भ हो जाता है। ऐसी स्थिति में शनि राहु केतु की स्थितिनुसार अनुसार फल देगा।

अतः ऐसी परिस्थिति में अशुभ फलों को कम करने के लिये जातक को अपने जन्मदिन के पश्चात् प्रतिवर्ष ८ किलो साबुत काले उड़द बहते पानी में जल प्रवाह करना लाभप्रद रहता है।

किसी भी प्रकार की वास्तु जिज्ञासा की शांति के लिये कृप्या निम्नलिखित पते पर संपर्क करें।

इन्स्टीट्यूट ऑफ वास्तु एवं जॉयफुल लीविंग
बी-292, सरस्वती विहार, आउटर रिंग रोड, प्रीतम पुरा,
नई दिल्ली-110034 फोन न० 27030966, 27030967,
27020736, 20065048, 35354200 फैक्स: 27028228

अविवाहित वर/कन्या के लिए उत्तम है उत्तर पश्चिम (वायव्य कोण)

पं. केवल आनन्द जोशी, प्रख्यात ज्योतिषी/वास्तुविद, सेक्टर-8/879, आर.के.पुरम, नई दिल्ली-22 दूरभाष : 9810202780, 20100993

वैसे तो जीवन में अनेक प्रकार की परेशानियां और आये दिन के क्लेश कष्ट आदि हैं। पर कभी-कभी छोटी-छोटी बातें भी भयंकर कष्ट का कारण बन जाती हैं। सांसारिक जीवन में समाज व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने में और नियम कानून और निर्देश के निहित अर्थों के लिए शास्त्र और वेदादि ग्रंथ बने जिनमें वास्तु शास्त्र भी एक वैदिक अध्ययन है। देवताओं के वास्तुकार और शिल्पी स्वयं भगवान् ब्रह्मा ने विश्वकर्मा का रूप धारण किया। उनके ही अवैध गर्भ से भगवान् वास्तु देव की उत्पत्ति हुई। वैसे तो वास्तुदेव को अजेय शिल्पी और पारंगत भवन निर्माता और इन्द्रासन जैसे अभेद्य दुर्ग-महल के रचने वाले विश्वकर्मा के पुत्र वास्तुदेव ने सिर्फ प्रासाद महल किले या पाताल लोक का सृजन किया बल्कि पर्णकुटी, आश्रम और साधारण दो चार सदस्यों के परिवार के एक मंजिला और दुमंजिला घर की भी परिकल्पना की है। नियम संयम से विचलित हो जाने के कारण किसी वास्तु देवता को स्वर्ग से पृथ्वी में धकेल दिया गया और यह वरदान दिया कि जहां भी मनुष्यों और पशु पक्षी गण आदि का घर बनेगा वहीं पर तुम्हारा सम्पूर्ण शरीर आत्मसात हो जायेगा और तुमको स भी लोग अपने अपने घर पूजेंगे। यह भी एक रहस्य होगा कि चारों दिशाओं का सही अनुपात रखकर वास्तुदेव के सिर पैर और मर्मस्थलों का ध्यान रखकर जो गृहस्थ अपना छोटा या बड़ा जैसा भी संभव हो घर बनायेगा तो सुखी रहेगा। यदि वास्तुदेव के मर्म स्थलों का ध्यान नहीं रखकर गलत दिशा में पाक-शाला, बैठक या शयनकक्ष, प्रार्थना गृह और घर के पुत्र-पौत्र हेतु अतिरिक्त बनायेगा या उनका उपयोग गलत दिशा से होता तो सम्बन्धित सदस्य या घर के मुखिया को तद विषयक परेशानियां उत्पन्न होंगी। इनका समाधान तभी होगा जब वास्तु दोष समाप्त होगा या उसका उपाय, निराकरण विधिवत होगा। यह सूत्र ही आज के वास्तुशास्त्र यानि आर्किटेक्ट में ध्यानाकर्षण कर रहा कि आखिर दैनिक जीवन की असंगत परेशानियों का कारण क्या है कहां से निराकरण है।

वास्तु शास्त्र के अन्तर्गत एक सद्गृहस्थ के यहां विवाह योग्य वर-कन्या का भी प्रसंग आता है। ऐसा ही प्रसंग वास्तु दोष से जुड़ा हुआ है। आज के समय में मध्यमवर्गीय और उच्चवर्गीय परिवारों में बच्चों के विवाह की समस्या अधिक विकराल बनती जा रही है। यह सच है कि प्रबल विवाह योग के दौरान भी वर और कन्या के लिए जब उपयुक्त वर या कन्या नहीं मिलती है तो घर के मुखिया की चिन्ता बढ़ जाती है। वास्तुशास्त्र यहां पर इसलिए भी उपयोगी सिद्ध होता है कि हर परिवार की ईकाई किसी न किसी प्रकृति संतुलन के सिद्धान्त से जुड़ी है। चार दिशाओं के दरम्यान खींची गई चार अन्य दिशायें इस परिवार रूपी ब्रह्माण्ड के संतुलन में सहायक होती हैं। जैसे ईशान कोण पर गुरु ग्रह का निवास होता है तो उत्तर दिशा कुबेर यानि धन के देवता की है। वायव्य का स्वामी चन्द्र है जिसे हम अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा यश और ख्याति तथा वर्ग से जोड़ते हैं। पश्चिम दिशा का स्वामी शनि है जो कि आत्मशक्ति कर्म और अचल सम्पत्ति से जुड़ा है। नैऋत्य का स्वामी राहु है जो पराक्रम को बढ़ाता है। झंझटों से मुक्ति दिलाता है। जबकि मंगल दक्षिण दिशा में सुख-आराम और मांगलिक जीवन से जोड़ता है। आग्नेय यानि अग्नि कोण शुक्र के आधीन है जो खान-पान के जरिये प्रजनन शक्ति को पुष्ट करता है यही पूर्व दिशा का है जो इन्द्र देवता यानि सूर्य के अधीन है। ईशान कोण के बाद सबसे उत्तम वायव्य कोण ही होता है जिसमें आवास करने से अध्ययन करने या फिर कार्यालय आदि खोलने से जातकों को बाह्य जीवन में प्रवेश का अवसर मिलता है। एक विवाह योग्य कन्या के लिए शयन और कार्यालय में कार्य करने हेतु अगर वायव्य या उत्तर दिशा पर स्थापित कर दिया जाये और उत्तर दिशा में ही शिव पार्वती या राम सीता का चित्र रख दिया जाये तो कन्या या पुत्र के विवाह का मंगलमय समय विचारे हुए कार्यक्रम के अनुसार आ ही जायेगा।

उत्तर और वायव्य कोण इस कारण भी शिल्प शास्त्र के अनुसार मान्य है कि ये दोनों दिशा शुद्ध और गतिशील मानी गई हैं। चूंकि उत्तर दिशा कुबेर का स्थान है और घर कनिष्ठ सदस्य यानि पुत्र या कन्या आज लक्ष्मी या कुबेर स्वरूप हैं। अगर बचपन से इनके लिए उत्तर या वायव्य कोण का चयन किया जायेगा तो इनकी शिक्षा प्रशिक्षण का कार्य भी निरंपद गुजरेगा। बल्कि उच्च स्तर के उपयोगी विषय में बालकों को प्रवीणता मिलेगी। कन्या रत्न वास्तव में रत्न स्वरूप साबित होंगी। क्योंकि आज के समय में दोनों के लिए समान अवसर उपलब्ध हैं।

वैकल्पिक व्यवस्था का भी यहां पर सुझाव देना जरूरी है। क्योंकि कई घरों में जहां इतने सारे कमरे न होकर मात्र एक या दो कमरे ही उपलब्ध हैं वहां के लिए यही सुझाव दिया जा सकता है कि उत्तर या वायव्य कोण का निर्धारण करके चारपाई या पलंग वहां पर लगा देना चाहिए। मान लो एक कमरा पश्चिम और एक कमरा दक्षिण में लगा है। ऐसे आवास में जहां वर या कन्या का शयन कक्ष है वहां की उत्तर-पश्चिम दिशा की दीवार को शयन के लिए चुनना चाहिए।

वास्तु नियमानुसार तभी चला जा सकता है जब घर बनाने के लिए पर्याप्त जगह हो और उसी के अनुसार शहर या आवासीय परिसर का मास्टर प्लान भी बना हो। आज के समय में व्यावसायिक कोण को मद्देनजर रखते हुए ही किसी भी आवासीय क्षेत्र का प्लान बना होता है। सौभाग्य वश किसी-किसी को उचित दिशा में प्रवेश मार्ग, सड़क, सीवर और आंगन आदि सहित मकान बनाने का अवसर मिलता है जबकि किसी को एकदम विपरीत दिशा में अपने आवास बनाने पड़ जाते हैं।

उत्तर और वायव्य कोण दिशाओं की प्रमुखता के साथ-साथ आज के समय में सूर्यमुखी मकान चुनने भी जरूरी हैं। सूर्यमुखी मकान वह होते हैं जो पूर्व-पश्चिम की अधिक लम्बाई लिए होते हैं। चन्द्रमुखी मकान वे होते हैं जो दक्षिण की ओर अधिक लम्बाई लिए होते हैं। एकदम वर्गाकार प्लाट मिलना दुर्लभ नहीं तो असंभव जरूर है।

नोट-वास्तु शास्त्र और अपने आवास-दुकान आदि का वास्तु विश्लेषण करवाने हेतु आप निःसंकोच सम्पर्क करें। बहुत ही अल्प पारिश्रमिक पर सही-सही विवेचना सलाह और तरक्की के उपाय बताए जाते हैं। कृपया पत्र-व्यवहार जवाबी लिफाफा भेजेंगे तभी होगा। पत्र-कूरियर से भेजें, साधारण डाक मिलती नहीं है।

भवन निर्माताओं हेतु वास्तुचित्रण

आदर्श आवास-1 (नारद संहितानुसार)

आदर्श आवास-1 विश्वकर्मा के अनुसार मानचित्र

दिशा-स्वामी, ग्रह-देवता चक्र

पृष्ठ २० का शेष ......

मिथुन-क, की, कु, घ, ङ, छ, के, को, हा

अप्रैल—बारहवें स्थान का मंगल भूमि, भवन, जमीन आदि हेतु विवाद कारक है। स्वयं को क्रोध वृद्धि रहकर स्वजनों से तनाव व खिंचाव चलेगा। व्यापारिक कामों में अवरोध, ऋण चिन्ता एवं मानसिक उद्वेग की वृद्धि रहेगी। राज्यादि कानूनी कामों से परेशानी प्रद समय रहेगा।

मई—गत समय में किये गये परिश्रम व भागदौड़ का लाभ बनेगा। लेन-देन के कामों में आर्थिक उपार्जन बनकर मनोहर्ष बढ़ेगा। पारिवारिक व सामाजिक जनों के बीच प्रशंसा व प्रसिद्धि बढ़ेगी। घर में कोई मांगलिक उत्सव का कार्य भी उक्त समय में बनेगा। आर्थिक भार में कमी रहेगी।

जून—स्त्री स्वास्थ्य की न्यूनता से मानसिक चिन्ता, मिथ्या भ्रमण एवं दी गई रकमों के आगमन में रुकावटें रहेंगी। गृह सदस्यों का सामंजस्य श्रेष्ठ रहने से स्वयं में धैर्यता उत्तम रहेगी। जबकि अनावश्यक अपव्यय की विशेषता रहेगी। स्वयं को भी आलस्य वृद्धि रहेगी।

जुलाई—कानूनी कामों और व्यापारिक कामों में अवरोध, पारिवारिक जनों से विरोध एवं झंझट बढ़कर मानसिक संतुलन में गिरावट बनेगी। यात्रादि कामों में हानि एवं चोर-चपेट से नुकसान के योग हैं। अतः सतर्कता रखना हितकारी रहेगा। अपनी बोल-चाल पर भी नियंत्रण रहेगा।

अगस्त—तीसरे स्थान का शनि प्रभाव वृद्धि करवा कर राज कार्यों व सामाजिक जनों पर प्रभाव बढ़ायेगा एवं शत्रुजनों को भय बनेगा। स्वयं को स्वास्थ्य हीनता और अपव्यय की वृद्धि रहेगी। अनावश्यक भ्रमण, स्त्री, संतान हेतु चिन्ता और आय कामों में अवरोध रहेंगे।

सितम्बर—देह में वात व्याधि का प्रकोप, मानसिक रूप से खिन्नता एवं स्वयं को क्रोधाधिक्यता रहेगी। अनावश्यक भ्रमण से समय का दुरुपयोग रहेगा। मास उत्तरार्द्ध में नवीन आय संबंधी व्यावसायिक योजना बनकर मनोद्वेग की न्यूनता होगी व उत्साह बढ़ेगा।

अक्टूबर—नवीन कार्यों से आर्थिक लाभ, मित्रों व स्वजनों का सहयोग एवं देह स्वस्थता रहकर मनोबल की वृद्धि होगी। राज्यादिक कर्मचारियों व उच्चाधिकारी वर्ग से श्रेष्ठ मेलन बनेगा। भूमि-भवन आदि के निर्माण का लाभ होगा। नवीन रहवासी सुख बढ़ेगा।

नवम्बर—आस-पड़ोस के व्यक्तियों से आकस्मिक विरोध व विवाद, राजकीय परेशानियां, घरेलू खर्च की अधिकता एवं मिथ्या भ्रमण कार्यों की विशेषता रहेगी। मासांत में नवीन व्यक्तियों से संपर्क बढ़कर व्यापारादि कामों में सुधार होगा।

दिसम्बर—छठे स्थान पर मंगल का भ्रमण शत्रुओं में भय वृद्धि एवं स्वयं को पारिवारिक व सामाजिक शुभ सम्मान कारक है। क्रय विक्रय कामों से श्रेष्ठ अर्थोपार्जन, नवीन व्यापार हेतु योजना, स्वयं के आत्म विश्वास की वृद्धि और कार्यक्षमता की बढ़ोत्तरी होगी।

जनवरी २००५ ई.—जन्म राशि पर शनि के आगमन से मन में अशांति, निजी जनों से उलझनें एवं अनेक रोष पैदा होकर राज्यादिक परेशानी रहेगी। जबकि व्यापारादि कार्य यथावत रहकर अर्थोपार्जन उत्तम रहेगा। नवीन व्यवसाय का प्रचार-प्रसार विशेष रहकर अर्थ लाभ रहेगा।

फरवरी—क्रोधाधिक्यता, आर्थिक रुकावटें, आय की अपेक्षा व्यय की वृद्धि एवं राज्यादिक परेशानियां बढ़कर मानसिक अशांति व उद्वेग रहेगा। अपने ही स्वजनों से बार-बार टकराव व तनाव रहेगा। आय के कामों में अवरोध व आकस्मिक हानि संभव है।

मार्च—स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव रहते हुए भी भाग-दौड़ व यात्रादि कामों की अधिकता रहेगी। कारोबार में रिश्ते-नातेदारों का सहयोग भी होगा किन्तु स्वयं के मनोबल में गिरावट रहेगी। कानूनी कामों एवं जमीन, भूमि, भवन के कामों में परेशानियां बढ़ेगी।

कर्क-ही, हु, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो

अप्रैल—आय के स्रोत बढ़ने से आत्मबल की वृद्धि एवं पारिवारिक, सामाजिक लोगों से मधुर संपर्क बढ़कर मान-सम्मान वृद्धि रहेगी। उत्तम रहवास, खान-पान एवं वस्त्रादि का श्रेष्ठ लाभ रहेगा। राज्यादि कानूनी कामों में सफलता एवं विजय रहेगी।

मई—मंगल द्वादशस्थ से स्वास्थ्य में गड़बड़ी, स्वकीय स्वभाव में चिड़चिड़ापन, बार-बार की क्रोध की उत्तेजना से अपने ही बने बनाये कामों में बिगाड़ादि हानि संभव है। जबकि व्यापारादि कार्यों से आय साधना यथावत लाभप्रद रहेगी।

जून—शत्रुओं की गुप्त चालों का दुष्प्रभाव रहेगा। नीच विचारक व्यक्तियों के समागम से आर्थिक हानि एवं मिथ्या भ्रम होकर आंतरिक घुटनशीलता चलेगी। स्वास्थ्य स्थिति में भी बार-बार न्यूनता रहने से देह शिथिलता प्रायशः बनी रहेगी।

जुलाई—मास में नवीन मित्र से मधुर संपर्क बढ़कर उच्चाधिकारियों से श्रेष्ठ सम्मेलन एवं राजकीय स्थानों पर प्रभाव वृद्धि होगी। आय के नवीन साधन होकर उत्तम अर्थोपार्जन तथा आत्मबल की वृद्धि होगी। शत्रु पराजित होंगे तथा भयभीत बनेंगे।

अगस्त—क्रय-विक्रय संबंधी नवीन व्यवसाय प्रगति होगी। बड़े व प्रभावशाली लोगों से संपर्क बढ़ेगा जिससे कार्यक्षेत्र एवं समाज में मान-सम्मान की वृद्धि होगी। दाम्पत्य सुख श्रेष्ठ एवं स्त्री-संतानादि का श्रेष्ठ सहयोग बनेगा। कारोबार में उन्नति रहेगी।

सितम्बर—जन्म राशि पर शनि का भ्रमण मिथ्या ही अहंकार वृद्धि करवाकर स्वजनों व रिश्ते-नातेदारों से तनावकारी फलप्रद है। यद्यपि व्यवसायिक कामों के द्वारा आर्थिक लाभ प्रगतिप्रद रहेगा। राजकीयादि कामों में प्रभाव की विशेषता रहेगी।

अक्टूबर—नवीन व्यवसायिक योजना बनकर रुकावट, स्त्री स्वास्थ्य में न्यूनता तथा पारिवारिक जनों में मतभेद होकर विवादकता बनेगी। यद्यपि स्थायी व्यवसायों व राज्यादिक कामों से आर्थिक लाभ रहेगा। भागदौड़ व यात्रादि भ्रमण कार्य विशेष रहेंगे।

नवम्बर—चतुर्थ स्थान के मंगल से रक्त विकार आदि दोषों से स्वास्थ्य हीनता चलेगी। शत्रुजन प्रभावी होंगे और राजकीयादि कानूनी कामों से परेशानियां बढ़कर मानसिक अस्थिरता व उद्वेग रहेंगे। अनेक नवीन भ्रम पैदा होकर अशांति बढ़ेगी।

दिसम्बर—मास पूर्वार्द्ध में गत मासानुसार नेष्टफल रहेंगे। यात्रादि में चौर भय व शत्रुओं से झगड़े की संभावना बनी रहेगी। उत्तरार्द्ध में उच्चाधिकारियों एवं नवीन मित्र सहयोग से आय कामों में वृद्धि के साथ राजकीय स्थानों पर प्रतिष्ठा वृद्धि रहेगी।

जनवरी २००५ ई.—शनि का द्वादश स्थान पर आना मानसिक द्वन्द्व, आंतरिक घुटन व अस्थिरता फलप्रद है किन्तु व्यवसायादि कामों के द्वारा अर्थोपार्जन के कार्य श्रेष्ठ रहेंगे। स्त्री, संतानादि का श्रेष्ठ सुख तथा सहयोग रहेगा। मांगलिक खर्च बढ़ेगा।

फरवरी—मिले-जुले फल रहेंगे। स्वजनों से कई बार तनाव होकर पुनः मेलजोल बनेगा। व्यापारिक कामों में अनेक रुकावटों के बावजूद मासांत में अर्थ लाभ और कानूनी कामों में सफलता बनेगी। शत्रुओं में भयवृद्धि रहकर स्वयं की प्रसिद्धि बढ़ेगी।

मार्च—मित्र वर्ग का सहयोग, आर्थिक आय के कार्यों से लाभ व शत्रु पराजित होने से मनोबल सतेज होगा। नवीन विकासशील व्यवसायिक कार्य की योजना बनकर सफलता बनेगी। मानसिक हर्ष बढ़कर उत्सव जन्य कामों का घर में आयोजन होगा।

सिंह-मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे

अप्रैल—भाई-बन्धु व मित्रों से सुसहयोग बनकर अनेक महत्वपूर्ण कामों की सिद्धि होगी। स्वयं के स्वास्थ्य में बीच-बीच में न्यूनता अवश्य बनेगी। व्यापारिक कामों में श्रेष्ठ प्रगति रहकर आत्मबल की वृद्धि रहेगी। स्त्री, संतानादि के प्रति सामान्यत: चिन्ता रहेगी।

मई—मास में रिश्ते-नातेदारों का समागम, घर में उत्सव पूर्ण मांगलिक आयोजन एवं भाई-बन्धु, मित्रों का श्रेष्ठ सहयोग रहेगा। परिवार व सामाजिक जनों के मध्य मान-सम्मान की वृद्धि रहेगी। व्यापारिक कामों में प्रशंसात्मक आर्थिक प्रगति होगी। दाम्पत्य सुख श्रेष्ठ रहेगा।

जून—पूर्वार्द्ध में व्यवसायिक स्थिति मजबूत तथा मनोबल वृद्धि रहेगी। उत्तरार्द्ध में १२वें स्थान का मंगल अनावश्यक खर्च की वृद्धि, स्वास्थ्य में न्यूनाधिक्यता और निजी निकटवर्त्ती व्यक्तियों से मतभेद उभर कर मानसिक तनाव व खिंचाव बनेगा।

जुलाई—यात्रादि कामों में हानि व स्वास्थ्य का पाया निर्बल चलेगा। कानूनी व राजकीयादि कामों में विघटन होकर आर्थिक हानि रहेगी। स्वयं को प्रतिशोध की भावनाओं के साथ अनावश्यक क्रोध की अभिवृद्धि रहेगी। आय कामों में अवरोध चलेंगे।

अगस्त—आकस्मिक कामों में परिवर्तन बनकर आर्थिक आय बढ़ेगी तथा पारिवारिक सामाजिक तनावों में सुधार होगा। स्वजनों के आगमन का हर्ष होगा तथा आंतरिक विरोधों से विमुक्ति बनेगी। कानूनी व राजकीय स्थिति में प्रभावशाली परिवर्तन से मनोबल बढ़ेगा।

सितम्बर—शनि साढ़े साती का प्रारंभ होगा, फिर भी लोगों में प्रशंसा व प्रसिद्धि बढ़ेगी। भाई-बन्धु एवं मित्रों का सफलतम सहयोग बनेगा। व्यापार कामों में नई सूझ-बूझ से प्रगति होगी। स्वास्थ्य में उत्तम सुधार रहकर कार्य क्षमता में बढ़ोत्तरी होगी। मुद्रा प्रसन्न रहेगी।

अक्टूबर—नवीन कौटुम्बिक, रिश्तेदारी जन्य कोई संपर्क बढ़ेगा। जिससे घर में हर्ष का वातावरण बनेगा। अर्थोपार्जन के कामों में सफलता रहेगी। मित्रों व भागीदारों का श्रेष्ठ सहयोग व उत्साह बर्द्धन से आत्मविश्वास की वृद्धि रहेगी। स्वास्थ्य अनुकूल प्राय: चलेगा।

नवम्बर—पूर्वार्द्ध में मानसिक चंचलता व कार्यक्षमता श्रेष्ठ रहेगी। जिससे आय साधन प्रगतिकारक रहेंगे। मास के उत्तरार्द्ध में चतुर्थ रवि बुध से देह में आलस्यता, कामों में लापरवाही तथा स्वयं में अनावश्यक स्वाभिमान की वृद्धि रहेगी। घरेलू खर्च भी इस समय बढ़ा हुआ रहेगा।

दिसम्बर—चतुर्थ मंगल से व्यवहार में कठोरता एवं क्रोधवृद्धि रहकर स्वजनों से अनायास तनाव बढ़ेगा। व्यापारिक कामों में रुकावटें तथा अनियमितता चलेगी। बेकार के कामों में भ्रमण-यात्रा एवं मिथ्या खर्च होकर मनोसंताप बढ़ेगा।

जनवरी २००५ ई.—अपनी ही कार्यशैली के कारण अनेक शत्रुओं के बढ़ जाने से आंतरिक घुटन व तनाव रहेगा। अनावश्यक जोश में किये गये लेन-देन अथवा व्यापारिक कामों में हानि रहेगी। मनोबल में गिरावट तथा भयवृद्धि चलेगी।

फरवरी—स्वास्थ्य में सुधार व कार्य शैली में शुभ परिवर्तन होकर लोगों से व्यवहारिकता बढ़ेगी। पुरानी दी गई रकम के आने का हर्ष होगा। राजकीय कामों में चतुरता पूर्ण व्यवहार रहकर सफलता बनेगी। स्त्री-संतानादि का श्रेष्ठ सुख बनेगा।

मार्च—नवीन कार्य योजना सफल बनकर आय स्त्रोत की वृद्धि होगी। नये रिश्तेदारों का श्रेष्ठ संपर्क भी बढ़ेगा तथा सामाजिक व पारिवारिक जनों में प्रतिष्ठा बनेगी। धार्मिक निर्माणादि कार्यों में रुचि बढ़ने से स्वजनों में प्रशंसा व प्रसिद्धि बढ़ेगी।

कन्या-टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो

अप्रैल—बारहवें स्थान का गुरु मानसिक चिन्ता व स्वजनों से अलगाववादी विचार कारक है। आय के हर प्रकार से किये जाने वाले कामों में असफलता एवं हानि रहेगी। कामों, भूल व अन्धानुकरण करने की प्रवृत्ति रहेगी। जिससे प्रतिष्ठा हानि संभव है।

मई—शारीरिक थकान, कामों में अरुचि, मन में अशांति व खर्च की अधिकता रहकर घरेलू प्रपंच बढ़े रहेंगे। राजकीय व कानूनी कामों में उलझनें तथा मान-सम्मान पर ठेस से आंतरिक क्षोभ बना रहेगा। स्त्री-संतानादि के स्वास्थ्य हेतु चिन्ताएं रहेंगी।

जून—दूरगामी रिश्तेदारों के सुसज्जन से संपर्क बढ़कर आर्थिक सहयोग बनेगा। जिससे व्यापारिक कार्य में गति बनेगी। तथा अर्थोपार्जन में सुधार होगा। स्वजनों से फिर भी मतभेद व तनाव चलेगा। किन्तु स्वयं में आत्मबल की वृद्धि होगी व हौसला बढ़ेगा।

जुलाई—स्त्री स्वास्थ्य हेतु मनोचिन्ता, शत्रुजनों की कार्यगति से सामान्य अवरोध किन्तु आंशिक अर्थ उपार्जन रहने से मनोबल बना हुआ रहेगा। धार्मिक कृत्यों व आयोजनों में संपर्क बढ़ेगा। राजकीयादि कामों में उतार-चढ़ाव प्रायश: रहेगा।

अगस्त—बारहवें स्थान पर मंगल गुरु की युति से स्व-स्वास्थ्य में गड़बड़ी व रक्त निर्बलता बढ़ेगी। औषधोपचार आदि में व्ययाधिक्यता चलेगी। मासांत में शत्रुवर्ग प्रभावी होकर अनेक रुकावटें पैदा करेंगे। जिससे मानसिक व्यथा बढ़ेगी तथा क्रोधवृद्धि भी रहेगी।

सितम्बर—जन्मराशि पर गुरु का भ्रमण शत्रुओं में भयवृद्धि करके पराजित करने का फलप्रद रहेगा। राजनैतिक व्यक्तियों से शुभ संपर्क बढ़ेगा। जिससे राजकीय स्थानों व उच्चाधिकारियों पर प्रभाव की वृद्धि होगी तथा स्वयं को आत्मबल बढ़ेगा। परिजनों का भी सहयोग बनेगा।

अक्टूबर—व्यापार कामों में सुधार, स्वास्थ्य में उठाव व शत्रुओं पर विशेष प्रभाव बढ़कर वे भयभीत होंगे। स्वयं के व्यवसायों से आर्थिक लाभ बढ़ेगा। भाई, बन्धु व मित्रों से मधुर संपर्क सुधर कर सहयोग बनेगा। नवीन कार्य योजना सफल रहेगी।

नवम्बर—लेन-देन व कारोबारी कामों में प्रगति तथा देह सुडौलता बनकर कार्य-क्षमता की वृद्धि रहेगी। गत समय की देनदारी चुकाने के प्रभाव से व्यापार क्षेत्र व सामाजिक जनों में इज्जत मान बढ़ेगा। दाम्पत्य सुख की बढ़ोत्तरी तथा संतानों की प्रगति होगी।

दिसम्बर—भूमि-भवनादि की खरीद अथवा निर्माण होकर रहवास सुख बढ़ेगा। पारिवारिक जनों में मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यवसायिक कामों की प्रगति होकर आर्थिक लाभ होगा और व्यवहार कुशलता का प्रभाव बढ़ेगा। शत्रुजनों में भय रहेगा।

जनवरी २००५ ई.—दशम शनि से राजनीतिज्ञों से शुभ संपर्क की वृद्धि तथा ठेकेदारी जन्य कामों के हेतु रुझान बढ़ेगा। भाई-बन्धु, मित्रों व स्त्री का सहयोग रहकर व्यवसायों में वृद्धि होगी। वाहन व भौतिक सुख के साधन बढ़ेंगे। आय के स्त्रोत श्रेष्ठ रहकर अर्थोपार्जन उत्तम रहेगा।

फरवरी—गोचर ग्रहानुसार चतुर्थ स्थान का मंगल भूमि-भवनादि कामों में विवाद, स्वयं को रक्त विकारादि अस्वस्थता पारिवारिक कलह एवं क्रोध की वृद्धि कारक है। अत: खान-पान व स्वभावादि पर नियंत्रण रखना हितकारक रहेगा। इस समय में संतान प्रगति में भी बाधा रहेगी।

मार्च—प्रथम सप्ताह बाद ग्रहों की उग्रता समाप्त होकर घर-गृहस्थी के विवाद सुलझेंगे तथा व्यापार कामों में गति बढ़कर आर्थिक लाभ रहेगा। स्वकीय स्वास्थ्य उत्तम चलेगा तथा मानसिक शांति बनकर हर्ष व मनोबल बढ़ेगा। स्त्री स्वास्थ्य न्यून रहेगा।

तुला-रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते

अप्रैल—मंगल अष्टम में है अत: देह में शिथिलता और स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहते हुए भी पारिवारिक कामों की पूर्ति व व्यावसायिक कामों से आर्थिक लाभ रहेगा। राजकीय कामों में परेशानी. यात्रादि भ्रमण कार्यों में व्यय की अधिकता चलेगी। भाई-बन्धु व मित्रजनों से आंतरिक तनाव रहेगा।

मई—लेन-देन व आय कामों में प्रगति, नवीन व्यक्तियों से उत्तम संपर्क तथा शत्रुजनों पर प्रभाव की वृद्धि बनेगी। अपनी श्रेष्ठ सूझ-बूझ व कार्यशैली से कार्य क्षेत्र व पारिवारिक जनों में प्रशंसा एवं प्रतिष्ठा वृद्धि रहेगी। अर्थोपार्जन प्रगति रहने के कारण आत्मबल सतेज रहेगा।

जून—परिश्रम विशेष, आय-व्यय की समानता और स्त्री-पुत्रादि के लिए स्वास्थ्य चिन्ता रहेगी। कौटुम्बिक जनों से मेल व सहयोग रहकर नई रिश्तेदारी का शुभत्व बनेगा। मित्रों, स्वजनों एवं पारिवारिक जनों के द्वारा समाज में प्रशंसा वृद्धि रहेगी। स्वयं का मनोबल सतेज रहकर कार्यक्षमता विशेष बढ़ेगी।

जुलाई—स्थान अथवा कार्य परिवर्तन के विचार, गुप्त शत्रु बढ़े, स्त्री स्वास्थ्य में कमजोरी किन्तु स्थायी व्यापारों से अर्थ लाभ रहेगा। स्वयं का स्वास्थ्य श्रेष्ठ, भूमि-भवन की खरीद के सुखद योग और घर में उत्सवादि आयोजन रहकर तेज खर्च रहेगा। संतानादि के कामों में उन्नति रहेगी।

अगस्त—राजकीय कामों व स्थानों में प्रभाव वृद्धि, उच्चाधिकारी वर्ग से उत्तम सम्मेलन, आत्म विश्वास सतेज और व्यवसायिक कामों में अर्थोपार्जन श्रेष्ठ रहेगा। मित्रों व स्वजनों पर स्वयं का दबदबा व प्रभाव रहेगा। खान-पान व वस्त्रादि के भौतिक सुखों का शौक बढ़कर उनके प्रति व्यय वृद्धि भी रहेगी।

सितम्बर—गुरु का बारहवें स्थान पर आना पारिवारिक व्यक्तियों, रिश्तेनातेदारों से टकराव व खिंचाव कारक है। लेन-देन कामों में अनायास हानि, सोचे समझे गये कामों में भी सहयोगियों द्वारा विपरीत ढंग से करने पर आशा के विपरीत असफलता होने से मनोबल में गिरावट एवं अशांति रहेगी।

अक्टूबर—अपने निजी व्यक्तियों के द्वारा अनेक मान हानि कारक अफवाह व आरोप, स्वयं को अकल्पित भय, शत्रुवर्ग के प्रभाव की वृद्धि एवं आय के साधनों में अवरोध बनेंगे। रहन-सहन व खान-पान में अनियमितता वश देह में रोगोपद्रव प आंतरिक घुटन रहेगी।

नवम्बर—पारिवारिक व सामाजिक स्वजनों से तनाव, राजकीय कानूनी कामों में अड़चनें, व्यवसायिक कामों में रुकावट व हानि तथा लेन-देन के कामों में आय साधनों पर रोक से तंगी रहेगी। घरेलू सदस्यों को बार-बार स्वास्थ्य हीनता से मानसिक चिन्ताएं बढ़ी रहेंगी।

दिसम्बर—स्वयं के व्यवहारादि में परिवर्तन चिड़चिड़ापन तथा आंतरिक क्रोध बढ़ेगा। आर्थिक तनाव से मानसिक चिन्ताएं व परिवार संचालन में अवरोध रहेंगे। उत्तरार्द्ध मास में किसी प्रभावशाली व्यक्ति विशेष का सहयोग बनकर आंशिक सुधार होगा। किन्तु मन में अशांति रहेगी।

जनवरी २००५ ई.—स्वयं के मनोबल में गिरावट रहते हुए भी व्यापारादि कामों में परिश्रम विशेष रहकर सुधार होगा। कानूनी कामों में सहयोग से सफलता भी बनेगी। किन्तु स्वयं को मानसिक अस्थिरता व उद्वेग बढ़े रहेंगे। भाई-बन्धुओं व स्वजनों से टकराव चलेगा।

फरवरी—स्वयं के स्वास्थ्य में सुधार, स्त्री-संतान व पारिवारिक जनों के क्लेश व कलह में परिवर्तन होकर कार्य वृत्ति में बढ़ोतरी रहेगी। जबकि कार्य क्षेत्र व सामाजिक स्थानों पर प्रशंसनीय प्रभाव बढ़ेगा। दौड़-धूप विशेष से आर्थिक लाभ व ऋणादि से विमुक्ति होगी।

मार्च—मास उत्तरार्द्ध में चतुर्थ स्थान का मंगल स्वयं को चोट-चपेट का भय एवं शत्रुवृद्धि कारक है। किन्तु अर्थोपार्जन के कार्य श्रेष्ठ रहकर मनोबल में सतेजता रहेगी। भूमि-भवन का लाभ रहेगा। घरेलू सदस्यों के सहयोग से कामों में सुधार व राजकीय कामों में सफलता रहेगी।

वृश्चिक-तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू

अप्रैल—शनि अष्टम में रहते हुए भी शत्रुओं में भय तथा उन पर प्रभाव वृद्धि, राजकीय कामों में प्रगति, भूमि-भवन के विवादों से छुटकारा तथा अर्थोपार्जन के कामों से लाभ रहेगा। स्वजनों मित्रों का सहयोग रहकर नवीन कार्य योजना बनेगी। दाम्पत्य सुख की वृद्धि व संतति की प्रगति रहेगी।

मई—स्वयं को पेट संबंधी रोगों का प्रकोप, कामों में अवरोध, गुप्त शत्रुओं का मानसिक भय तथा खुद की याददास्त में कमी रहकर भूलवश लेन-देन में हानि रहेगी। स्थान व कार्य परिवर्तन की जिज्ञासा बढ़ेगी। निजी व्यक्तियों का समागम रहकर समाज में मान इज्जत की वृद्धि रहेगी।

जून—सम्पत्ति विवाद से परेशानियां बढ़कर अनेक चिन्ताओं का उदय, अनायास ही स्वजनों से अव्यवहार होकर तनाव की वृद्धि रहेगी। व्यापार कामों के लिए विशेष परिश्रम व भागदौड़ रहेगी। मासांत में द्रव्य का उपार्जन श्रेष्ठ होकर आत्मबल की वृद्धि रहेगी।

जुलाई—अनेक विवादग्रस्त विषयों का निबटारा होने से मानसिक हर्ष, पारिवारिक व घरेलू सदस्यों के सहयोग से व्यवसायिक कामों में प्रगति, कानूनी कामों की अड़चनें दूर होकर सफलता बनेगी। मास में श्रेष्ठ अर्थोपार्जन बनकर मानसिक स्थिति में प्रसन्नता बढ़ेगी।

अगस्त—स्वयं में साहस वृद्धि होकर कार्यक्षमता बढ़ेगी। संतान कार्यों में प्रगति तथा राजकीयादि कानूनी कामों में सफलता का हर्ष रहेगा। जबकि सामान्य स्वास्थ्य हीनता व दौड़-धूप के साथ यात्रादि श्रम कार्य विशेष रहेंगे। मासांत में मानसिक अस्थिरता व चिन्ताओं का उदय रहेगा।

सितम्बर—सामाजिक व पारिवारिक बने गुप्त शत्रु भयभीत रहेंगे। नवम शनि के प्रभाव से व्यवसायिक कामों में नवीन परिवर्तन होगा जिससे आर्थिक उपार्जन श्रेष्ठ होगा और लेन-देन के कामों में उत्तम सुधार होकर व्यापार क्षेत्र में प्रशंसा एवं प्रतिष्ठा की वृद्धि रहेगी।

अक्टूबर—पूर्वार्द्ध मास में मानसिक हर्ष के साथ उत्सव आयोजन, सभान कार्य-कर्त्ताओं में मान-सम्मान तथा रिश्ते-नातेदारों का समागम रहेगा। उत्तरार्द्ध में १२वां सूर्य परिवार के घरेलू सदस्यों में मतभेद एवं विवाद आदि झंझट कारक है। जिससे मनोद्वेग बढ़ेगा।

नवम्बर—शत्रुवर्ग प्रभावशाली होगा। स्वयं के मनोबल में गिरावट तथा वाहनादि के चालन से दुर्घटनादि चोट भय रहेगा। बारहवें स्थान पर मंगल का गोचर भ्रमण देह में रक्तविकार या रक्तचापादि रोगोत्पातकारी है। स्वयं को क्रोध वृद्धि रहकर स्वजनों से मिथ्या तनाव चलेगा।

दिसम्बर—अनावश्यक व्यय वृद्धि, यात्रा प्रवास कामों में परेशानी तथा अपने निजी व्यक्तियों द्वारा शत्रु तुल्य व्यवहार से मनोस्थिति विचलित रहेगी। मासांत में गलतफहमियां दूर होकर शांति बनेगी और व्यवसायिक कामों में श्रेष्ठ गति बढ़कर उत्तम अर्थोपार्जन होगा।

जनवरी २००५ ई.—स्वयं में उत्तम बुद्धि चातुर्य बढ़कर व्यवसायों में नवीनता, राजकर्मचारियों से मधुर संपर्क एवं स्वजनों के सहयोग से अर्थोपार्जन कामों में लाभ बढ़ेगा। भूमि, जमीन-जायदाद आदि के कानूनी कामों में सफलता बनकर राजकीय विजय बनेगी।

फरवरी—लोगों से श्रेष्ठ संपर्क बढ़ेगें। स्त्री-संतान आदि का सुख रहेगा तथा व्यापार स्थानों पर स्वयं का श्रेष्ठ प्रभाव बढ़कर आर्थिक लाभ होगा। तबियत नर्म-गर्म रहने से श्रम-साधना की कमी चलेगी। घर में मांगलिक कामों का आयोजन रहकर खर्च वृद्धि रहेगी।

मार्च—रवि बुध का चतुर्थ होना घरेलू क्लेश व कलह का कारक है किन्तु व्यापारिक कामों में प्रगति, राजनैतिक जनों से संपर्क एवं स्वयं के आत्मबल की वृद्धि रहेगी। पुरानी लेनदारी के आगमन का हर्ष, रिश्तेदारों व मित्रों के सहयोग से समाज परिवार में मान-सम्मान व इज्जत वृद्धि रहेगी।

धनु-ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे

अप्रैल—स्वयं में मनोबल की वृद्धि, लोगों से व्यवहार कुशलता बढ़कर स्वार्थ सिद्धि के कामों में सफलता तथा शत्रुजनों में भय वृद्धि रहेगी। राजकीय स्थानों तथा समाज परिवार में प्रभावशालीनता बढ़ेगी। नये व्यक्तियों से भी संपर्क बढ़कर व्यावसायिक लाभ की वृद्धि रहेगी।

मई—व्यवसाय कार्यों में नवीन परिवर्तन, स्वास्थ्य में श्रेष्ठता तथा प्रभावशाली व्यक्तियों के संपर्क से आत्म विश्वास की वृद्धि रहेगी। कानूनी कामों में प्रगति आर्थिक उपार्जन श्रेष्ठ तथा स्त्री संतानादि का सुख उत्तम रहेगा। समाज परिवार में इज्जत वृद्धि रहेगी।

जून—मास पूर्वार्द्ध में व्यवसायों में सफलता, घरेलू सहयोग एवं देह स्वस्थता रहेगी। उत्तरार्द्ध में मंगल अष्टम स्थान पर आ जाने से आकस्मिक रोगोपद्रव स्वास्थ्य हीनता तथा शत्रु वर्ग प्रभावी बनकर राज्यादि कामों में रुकावटें होने से मनो विकलता बढ़ेगी।

जुलाई—कौटुम्बिक व रिश्ते-नातेदारों से विवाद व अनबन होकर क्रोध की अधिकता रहेगी। समान कार्य-कर्त्ताओं से अनावश्यक शत्रुता बढ़कर व्यवसायों में रुकावट तथा स्वयं को स्वास्थ्य हीनता चलेगी। स्त्री-संतानादि के प्रति अनेक चिन्ता बढ़कर मन अशांत रहेगा।

अगस्त—स्वयं के स्वास्थ्य में सुधार, व्यापारिक स्थानों पर बनी भ्रम स्थिति का निराकरण एवं घरेलू सदस्यों के साथ व्यवहारों में सुधार होकर मानसिकता में बदलाव आएगा। मासांत में अनेक सहयोग हो कर आर्थिक लाभ व प्रगति बढ़ेगी।

सितम्बर—घर-गृहस्थी के कामों की विशेषता रहकर व्यस्तता चलेगी। स्वजनों का समागम व नई रिश्ते-नातेदारी बनकर मानसिक हर्ष बढ़ेगा। व्यावसायिक कामों में नवीन शैली बनकर उत्तम अर्थोपार्जन होगा। जिससे मनोबल सतेज होगा व स्वजनों में सम्मान वृद्धि रहेगी।

अक्टूबर—अष्टम स्थान का शनि अनेक शत्रु वृद्धि, व्यवहार में कठोरता से हानि तथा क्रोधवृद्धि होकर मानसिक संतापकारी फलप्रद है। मास में अनेक घरेलू उपद्रव, झगड़े, तनाव होकर हानि, स्थान परिवर्तन, भूमि-भवन परिवर्तन एवं मानसिक अशांति व विकलता रहेगी।

नवम्बर—शारीरिक अस्वस्थता, व्यापारिक कामों में अवरोध, विशेष श्रम करने पर आंशिक लाभ तथा शत्रुवर्ग प्रभावी होकर मनोबल पर ठेस रहेगी। भाई-बन्धु, मित्र व रिश्तेदारों से अनावश्यक विवाद एवं सम्मान हानि रहेगी। स्त्री-संतान की अस्वस्थता रहेगी।

दिसम्बर—मास में स्वास्थ्य व व्यवहार में सुधार होकर आय-व्यय समान प्राय: रहेगा। व्यवसायिक शत्रुजनों के रहते हुए भी अर्थोपार्जन रहेगा। राजकीय स्थानों पर उच्चाधिकारियों से श्रेष्ठ संपर्क बढ़कर कानूनी कामों में सफलता रहेगी। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा।

जनवरी २००५ ई.—पूर्वाद्ध मास में स्वास्थ्य में न्यूनता, मानसिक उच्चाटन एवं कामों में अवरोध रहेगा। उत्तरार्द्ध में मनोबल तेज रहकर नवीन व्यवसायिक योजना में सफलता, शत्रु पराजित एवं अर्थोपार्जन की नई लाईन बनकर मानसिक हर्ष व उत्साह बढ़ेगा।

फरवरी—राजकीय कामों में सफलता, लोगों से सुसंपर्क और समाज परिवार में प्रतिष्ठा वृद्धि रहेगी। घर में मांगलिक कार्य होकर रिश्ते-नातेदारों का समागम रहेगा। व्यापारिक कामों में आर्थिक रूपी प्रगति के साथ कार्यक्षेत्र में प्रभाव वृद्धि रहेगी।

मार्च—भाई-बन्धु-मित्रों का सहयोग, घरेलू वातावरण में हर्ष, व्यावसायिक कामों से लाभ व कानूनी कामों में सफलता रहकर आत्मविश्वास की वृद्धि रहेगी। जमीन-जायदाद संबंधी कामों की उलझनें दूर होकर भूमि लाभ के संयोग रहेंगे।

मकर-भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी

अप्रैल—अष्टम गुरु के दुष्प्रभाव से स्वजनों से तनाव, व्यावसायिक कामों में अवरोध, मनोबल की कमी और आर्थिक संकट रहकर मानसिक अस्थिरता एवं उच्चाटन रहेगा। राजकीय कामों में भागदौड़ व परिश्रम विशेष से सफलता की संभावना रहेगी।

मई—उच्चाधिकारियों से द्वेष, पुराने विवाद पुन: उभरकर मानसिक संताप एवं भाई-बन्धु-मित्रों आदि से मिथ्या विवाद रहेगा। व्यापारिक कामों में रुकावटें तथा विपरीत निर्णय के कारण हानि रहेगी। लेन-देन के कामों में बार-बार विवादकता रहेगी।

जून—सामाजिक व पारिवारिक कामों में परिश्रम विशेष रहकर परेशानियां किन्तु प्रभाव वृद्धि रहेगी। स्वकीय निजी व्यक्तियों से मनमुटाव, स्त्री-संतान के स्वास्थ्य हेतु चिन्ताएँ तथा आय-साधनों में बाधकता रहने से आंतरिक घुटनशीलता प्राय: बराबर रहेगी।

जुलाई—कार्य व्यस्तता बढ़कर अर्थोपार्जन कामों में सुधार, स्त्री-संतान व स्वयं के स्वास्थ्य में सबलता किन्तु अपव्यय विशेष रहेगा। रिश्ते-नातेदारों के बार—बार आवागमन से समय एवं आय कामों में अवरोध रहने से मानसिक कलुषिता चलेगी। सम्मान श्रेष्ठ रहेगा।

अगस्त—मंगल गुरु का अष्टम में योग स्वयं के स्वास्थ्य में न्यूनता, निजी व्यक्तियों से शत्रुता व विवाद रहकर क्रोध की अभिवृद्धि रहेगी। खान-पान, रहन-सहन की अनियमितता के दुष्प्रभाव से रोगोत्पात एवं अनावश्यक खर्च की सतेजता रहेगी। स्त्री-संतानादि सहयोग से आय उत्तम रहेगी।

सितम्बर—गुरु के परिवर्तन से रिश्ते-नातेदारों व मित्रादि स्वजनों से संपर्कों में सुधार होकर मानसिक शांति बढ़ेगी। नवीन व्यवसायों के लिए जिज्ञासा बढ़कर आय के कामों की प्रगति होगी। घरेलू व्यक्तियों के सहयोग से राजकीय आदि कानूनी कामों में सफलता रहेगी।

अक्टूबर—शारीरिक स्वस्थता श्रेष्ठ रहेगी। भाई-बन्धुओं के सहयोग से व्यापारिक कामों में उन्नति रहेगी। स्वयं में आत्मविश्वास की जागृति होकर सामाजिक व पारिवारिक व्यक्तियों के बीच मान-सम्मान की वृद्धि होगी। बुद्धि चतुरता से उत्तम अर्थोपार्जन होगा।

नवंबर—शत्रुजन परास्त होंगे। उच्चाधिकारियों से संपर्क बनकर राज्यादि कामों में विजय तथा पुराने बिगड़े हुए कामों में प्रशंसनीय सुधार होकर आर्थिक लाभ रहेगा। नवीन व्यावसायिक योजना बनेगी। स्त्री-संतानादि के सहयोग से आर्थिक उन्नति होगी।

दिसम्बर—आय के नये स्त्रोत बनेंगे। पुराने भूमि, भवन, जायदाद संबंधी विवादों का निपटारा होगा। व्यापारिक कामों में विशेष परिश्रम बनकर द्रव्य लाभ रहेगा। स्वयं के मनोबल में वृद्धि होकर धार्मिक उत्सवादि के आयोजनों में सहयोग रहेगा।

जनवरी २००५ ई.—संताप पक्ष की प्रगति से मन में हर्ष वृद्धि रहेगी। लेन-देन के कामों में अर्थोपार्जन होगा। पारिवारिक व्यक्तियों पर स्वयं का उत्तम प्रभाव बढ़कर इज्जत मान रहेगा। उच्च राज्याधिकारियों से सुसंपर्क होकर शत्रुवर्ग में भय वृद्धि रहेगी।

फरवरी—स्वयं में श्रेष्ठ मनोबल की जागृति होकर अनेक उत्सवादि आयोजन होंगे जिससे समाज व परिवार में प्रतिष्ठा वृद्धि व प्रशंसा बढ़ेगी। व्यवसायों की बढोत्तरी होकर अर्थ लाभ उत्तम होगा। कानूनी कामों में मित्रों व समान कार्यकर्त्ता जनों का सहयोग बनकर सफलता व विजय बनेगी।

मार्च—मास में मंगल बारहवें स्थान पर गोचर भ्रमण वश देह में रोगवृद्धि, यात्रादि भ्रमण कामों में परेशानी एवं व्यापारिक कामों में अवरोध रहेगा। आय-व्यय में समानता प्रायश: रहेगी। घरेलू स्वजनों का यद्यपि श्रेष्ठ सहयोग रहेगा फिर भी मानसिक अस्थिरता तथा अशांति बनी रहेगी।

कुंभ-गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा

अप्रैल—मंगल का चतुर्थ भ्रमण स्वास्थ्य में न्यूनता, क्रोध की वृद्धि तथा जमीन-जायदाद संबंधी विवादकता चलेगी। अनावश्यक घरेलू खर्च की अधिकता से मानसिक अशांति तथा व्यवसायिक कामों में आय की कमी चलेगी। पारिवारिक जनों के प्रति मानसिक भ्रम का उदय होगा।

मई—पत्नी-संतानादि गृह सदस्यों के स्वास्थ्य हेतु मानसिक चिन्तनशीलता के साथ खर्च की अधिकता रहेगी। राजकीय कानूनी कामों में दौड़-धूप बढ़कर परेशानियां रहेंगी। मासांत में व्यापारिक कामों में श्रेष्ठ परिवर्तन बनकर उत्तम अर्थोपार्जन होगा।

जून-[illegible]र्वाद्ध में क्रोध वृद्धि व घरेलू क्षणिक विवाद होंगे किन्तु उत्तराद्ध मास में स्वजनों से वैचारिक रूपी सुधार बनकर मानसिक सन्तोष बढ़ेगा। व्यवसायों के कामों में लाभ तथा कानूनी कामों में परिश्रमी स्थिति बढ़कर विजय बनेगी। दाम्पत्य सुख की वृद्धि रहेगी।

जुलाई—रिश्ते-नातेदारों से श्रेष्ट संपर्क बढ़ेंगे जिससे स्वजनों के बीच मान-सम्मान की वृद्धि होगी। मनोचिन्ता में कमी आकर आत्मविश्वास की जागृति होगी और कार्य क्षेत्रों का प्रभाव बढ़कर उत्तम आर्थिक लाभ बनेगा। जमीन-जायदाद आदि झगड़ों का निपटारा होगा।

अगस्त—उच्च राजकीय अधिकारियों के सहयोग से शत्रु वर्ग में भय वृद्धि, व्यापारिक कामों में नवीन मोड़ के साथ आर्थिक प्रगति तथा स्वजनों व मित्रों का सहयोग बनकर सामाजिक, पारिवारिक स्थानों पर मान-सम्मान की वृद्धि रहेगी। स्वयं में आत्मबल की विशेषता रहेगी।

सितम्बर—अष्टम स्थान का गुरु स्वजनों से विरोध, रिश्तेदारों से तनाव और नवीन राज्यादिक परेशानी फलप्रद है। व्यापार कार्यों में रुकावटें, स्वयं को क्रोधाधिक्यता रहकर वाणी में कठोरता और मित्रादि स्वजनों से शत्रुता बढ़ेगी। स्वयं को मानसिक अशांति प्राय: चलेगी।

अक्टूबर—आय के कामों में रुकावट, लेन-देन कामों में विवाद व हानि तथा अपने निजी व्यक्तियों द्वारा मान-सम्मान पर ठेस व शत्रु तुल्य व्यवहार से मनोबल में गिरावट आकर मानसिक उद्वेग बढ़ेंगे। स्त्री, संतान एवं स्वयं के स्वास्थ्य में निर्बलता चलने के योग हैं।

नवम्बर—मंगल का नौंवे स्थान पर परिवर्तन करने से घरेलू व्यक्तियों से चले आ रहे विवाद व मनमुटाव में सुधार होकर रहन-सहन व खान-पान में उत्तम बदलाव बनेगा, किन्तु स्वास्थ्य स्थिति में कमजोरी व वात-व्याधि का प्रकोप रहेगा। पारिवारिक कामों में प्राय: रुकावटें चलेंगी। आय में अवरोध।

दिसम्बर—किसी नवीन रिश्तेदारी के बनने से स्वयं के मनोविचार में बदलाव व हर्ष बढ़ेगा। जिससे मनोबल की जागृति होगी। इच्छित मनोरथ का लाभ होगा तथा व्यापार के कामों में अनायास आकस्मिक रूप से आर्थिक लाभ होने से मासांत में मांगलिक आयोजन व तेज व्यय रहेगा।

जनवरी २००५ ई.—उच्चाधिकारियों व प्रभावशाली व्यक्तियों से नवीन संपर्क बनकर समाज परिवार में श्रेष्ठ इज्जत की वृद्धि होगी। तथा शत्रुवर्ग भयभीत बनेंगे। गुप्त शत्रुओं की चालों का ज्ञान होकर उनसे बचाव बनेगा। व्यापारिक कामों में सुधार व श्रेष्ट आय रहेगी।

फरवरी—स्वयं को वात-व्याधि अथवा उदर रोग पीड़ा का संताप रहेगा। आय के सभी स्रोतों में रुकावटें तथा स्वमित्रों, बान्धवों द्वारा शत्रुवत व्यवहार से मानसिक रूपी चिन्तनशीलता बढ़ेगी। भूमि-जायदाद आदि बंटवारें में हानि रहेगी। खान-पान की अनियमितता बढ़ेगी।

मार्च—आकस्मिक रूप से आये तनावों के कारण सवयं को मानसिक अस्थिरता व उच्चाटन बढ़ा हुआ रहेगा। व्यापारिक कामों में रुकावटें, घर-गृहस्थी में स्वजनों के सहयोग रहते हुए भी सामाजिक तनाव व प्रतिष्ठा हेतु कष्ट रहेगा। राजकीय पक्ष के सहयोग से लाभ रह सकेगा।

मीन-दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, च, ची

अप्रैल—पारिवारिक व गृहस्थी कामों में खर्च की प्राय: अधिकता रहेगी। स्वयं को सामान्य स्वास्थ्य हीनता रहते हुए भी व्यवसाय कामों में परिश्रम विशेष रहकर अर्थलाभ रहेगा। स्वयं का आत्मबल सतेज रहकर साहस वृद्धि व शत्रुओं पर प्रभावकता रहेगी।

मई—चतुर्थ गोचर में मंगल शनि का भ्रमण पारिवारिक जनों से वाद-विवादकारी एवं स्वयं को क्रोध वृद्धिप्रद है। रक्तविकार अथवा रक्तचाप जन्य रोगों का प्रकोप रहकर आय कामों में रुकावट तथा अर्थोपार्जन में कमी रहेगी। कानूनी कामों की उलझनों से मानसिकता अस्थिरता चलेगी।

जून—व्यवसायिक व राज्यादिक कामों में विशेष भागदौड़ करने पर भी असफलता दृष्टिगोचर रहेगी। संपर्कित जनों के साथ मिथ्या विवाद बनकर होते हुए कामों में रुकावट तथा हानि संभव है। स्वयं को आंतरिक घुटनशीलता बढ़कर मानसिक संकल्प-विकल्प से विशेष अस्थिरता रहेगी।

जुलाई—घरेलू व स्वजनों से बने विवादों में सुधार होकर स्वयं के प्रभाव की बढ़ोत्तरी बनेगी। यात्रादिक शुभ संयोग बनकर आर्थिक लाभ होगा। भूमि-भवन की विक्रय स्थिति का लाभ रहेगा और स्वयं की मानसिकता में परिवर्तन होकर मनोहर्ष व उत्साह बढ़ेगा।

अगस्त—अत्यधिक कार्य व्यग्रता बढ़कर व्यस्तता रहेगी। परिश्रमी दौड़-धूप व यात्राएं होंगी फिर भी माह में आय-व्यय की समानता रहेगी। राजकीय उच्च पदासीन लोगों से संपर्क बढ़ेगा। घर में मांगलिक अथवा धार्मिक उत्सवों का आयोजन होकर मनोशांति बढ़ेगी।

सितम्बर—शनि का ढैया समाप्त होने से नवीन व्यापार के व्यवसाय का शुभारंभ होकर मन में उत्साह एवं हर्ष की वृद्धि होगी। संतानादि व भाई-बन्धु वर्ग का सहयोग रहकर पारिवारिक जनों में प्रतिष्ठा वृद्धि के साथ-साथ प्रशंसा बढ़ेगी। घरेलू जीवन में सुख का संचार होगा।

अक्टूबर—शत्रुजन परास्त व भयभीत होंगे। नये व्यापार कामों की सफल योजना बनेगी। मित्रों एवं स्वजनों के आर्थिक सहयोग से कार्य प्रगति होगी। कोई रहवासी परिवर्तन अथवा निर्माण से मनोबल में सतेजता बढ़कर कार्यक्षमता की वृद्धि होगी।

नवम्बर—अष्टम स्थान का मंगल गुप्त शत्रुओं द्वारा हानि तथा स्वयं की नासमझीवश घरेलू कलह-क्लेश व विवाद पैदा होकर अनावश्यक क्रोध की वृद्धि रहेगी। जिससे अशांति का वातावरण चलेगा। व्यवसायादि कामों में अरुचि व अनियमितता होकर अर्थ हानि संभव है।

दिसम्बर—मास पूर्वार्द्ध में स्वयं व पारिवारिक सदस्यों में स्वास्थ्य हीनता का दौर चलेगा। उत्तरार्द्ध मास में स्वयं की बुद्धि चतुरता से सुधार होकर व्यापारादि कामों में परिवर्तन तथा शुभ समाचार प्राप्ति के कारण हर्ष की वृद्धि होगी। पत्नी की निर्बलता प्राय: चलेगी।

जनवरी २००५ ई.—दूरदेशीय लम्बी यात्रा जन्य सुखद देशाटन करने का संयोग बनेगा। व्यापारिक व किसी विशेष आय-व्यय कार्य द्वारा आर्थिक लाभ होगा। धार्मिक कार्यों में रुचि बनकर मांगलिक उतसवादिकों में सहयोग होगा। स्त्री-संतानादि की प्रगति से मनोत्साह रहेगा।

फरवरी—घर के सदस्यों का शुभ सहयोग का लाभ रहेगा। कामों की अधिकता रहकर व्यस्तता बढ़ेगी। व्यवसायों में नया मोड़ बनकर आर्थिक प्रगति रहेगी। राजकीय कर्मचारीगणों के सहयोग से शत्रु परास्त होंगे तथा स्वयं के आत्मविश्वास में नव जागरण बनेगा।

मार्च—स्वयं का बुद्धि चातुर्य बढ़कर घर में भौतिक सुख-साधनों की बढ़ोत्तरी रहेगी। समाज व पारिवारिक जनों में प्रभाव बढ़कर मान-सम्मान की वृद्धि होगी। स्वयं की देह में सबलता व स्वस्थता होकर कार्यक्षमता बढ़ेगी। राजकीय कामों में विजय बनेगी।

सभी व्यापार में लाभ की आशा की जा सकती है। 28-10-2002 को इन्डैक्स 2828 या 20-12-2002 को 3377, 24 अप्रैल 2003 बी.एस.ई. इन्डैक्स 2937 होकर अब 4277 के स्तर पर पहुंचकर फिर एक बार नीचे 2601 या 2099 के स्तर को टच कर सकता है। सन् 2004 में 4677 या 5005 ऊंचे से ऊंचे भाव 19-11-2005 या फिर 15-7-2005 को ए.सी.सी. 399, रिलाइंस 551 के स्तर बनने की संभावना है।

(7)(827-D)7-12-2004 से 11 फरवरी 2005 के बीच शेयर्स में भारी तेजी। बी.एस.ई. इन्डैक्स 555-999 Point अच्छी तेजी बन सकती है। व्यापार में लाभ-हानि की जिम्मेदारी नहीं होगी। 23-3-2005 को नीचे भाव हो सकते हैं।

(8) 16 जुलाई 2005 के 3 महीने पूर्व से घटबढ़ से शेयर्स-मार्किट में तूफानी तेजी का दौर चल सकता है। 18-7-2003 से 3 अगस्त के बीच भयंकर मंदी आ सकती है। फिर भी बाजार जैसे चले, वैसा व्यापार करें। नोट-जो चीनी 2003 में 1150-1205 वाली एवं 2004-2005 के साल में 1899-2099 के भाव चीनी के हो सकते है।

(9)11 दिसंबर 2005 के एक महीने पूर्व से भयंकर तेजी आ सकती है। हमेशा बाजार रुख देखकर व्यापार करें। नोट-जो ग्वार Cluster Seeds 11-9-2002 को 2051 के भाव थे, अभी 900 वो नीचे में 541 या 755, ऊंचे में 2 वर्ष में 1599 या 2799। उड़द जो कुछ साल पहले 2915 थे, अब अगस्त 2003 में 915-1059 वो ऊंचे में 3 वर्ष में कभी 2727 या 3479, चना 2001 में 2300 थे वो नीचे जनवरी 2004 में कभी 799-1099 होकर ढ़ाई साल में चना 2100-2599 के भाव बनने की संभावना है। ज्यादा सही भगवान जानें।

शेयर्स मार्केट में तेजी की तारीखें

1. 29 जुलाई 2003 से 5 अगस्त 2003 के बीच 111 प्वाइंट की तेजी आ सकती है। (573 डी)
2. 1 सितम्बर से 11 सितम्बर 2003 तक तेजी।
3. 27-10-2003 से 1 नवंबर तक तेजी।
4. 29 दिसम्बर 2003 से 7 जनवरी 2004 तक, 205 प्वाइंट की बढ़ोतरी हो सकती है।
5. 9 जून 2004 से 21 जून तक, 205 प्वाइंट की जोरदार उछाला आ सकता है।
6. 27 जून से 1 जुलाई 2004 तक अच्छी तेजी, तो बाद में कुछ दिन मंदी चल सकती है।
7. 11 से 17 जुलाई तक तेजी, तो बाद में 5 दिन मंदी आवेगी। व्यापार में किसी प्रकार कोई गारंटी नहीं होगी।
8. 27-11-2004 से 9-12-2004 तक तेजी चल सकती है।
9. 21 दिसम्बर 2004 से 3 जनवरी 2005 तक अच्छी तेजी।
10. 11 जनवरी 2005 से 18 जनवरी 2005 तक अच्छी तेजी आ सकती है।
11. 23 से 29 जनवरी 2005 तक अच्छी तेजी आ सकती है।

सावधानी से व्यापार करें। लोयेस्ट भाव बनने की पहचान, शेयर्स कब खरीदें आदि की जानकारी ग्राफीकल सदस्य बनकर पी.पी. फोन-0751-5040389, 2433610, 2335045, 2367182 दिन में इस वास्ते जानकारी लें।

शेयर्स मार्केट मंदी की तारीखें

1. 17 जुलाई 2003 से 23 जुलाई तक 155 प्वाइंट की मंदी बन सकती है। यदि यहां मंदी नहीं तो 23 जुलाई से 5-7 दिन में मंदी आकर बाद में 5-7 दिन में अच्छी तेजी आवेगी। (573 डी)
2. 15 अक्टूबर से 20 तक जोरदार मंदी का झटका लग सकता है।
3. 18 नवंबर से 23 तक मंदी।
4. 7 दिसम्बर 2003 से 14 दिसम्बर तक जोरदार मंदी, फिर भी लाइन यदि तेजी की चली तो जोरदार तेजी चलेगी।
5. 27 जनवरी 2004 से 5 फरवरी तक मंदी अथवा 5-7 फरवरी से 5 दिन में मंदी चलेगी। व्यापार में जिम्मेदारी कभी नहीं होगी।
6. 21 फरवरी 2004 से 25 फरवरी तक जोरदार मंदी तो बाद में अच्छी तेजी आवेगी।
7. 29 मार्च 2004 से 5 अप्रैल तक मंदी अथवा 12 अप्रैल तक जोरदार मंदी चल सकती हैं।
8. 25 अप्रैल से 30-4-2004 तक मंदी।
9. 16 मई 2004 से 23 मई तक भारी मंदी, बाद में 15 दिन अच्छी तेजी चल सकती है।
10. 16 अगस्त से 21 अगस्त तक मंदी।
11. 5-9-2004 से 11 तक मंदी, 27 सितम्बर से 11 अक्टूबर 2004 तक मंदी, यदि यहां मंदी नहीं आई तो आगे 5-7 दिन में मंदी आवेगी।
12. 21-10-2004 से 25 तक मंदी तो बाद में 7-11 दिन 305 प्वाइंट की तेजी बन सकती है।
13. 15-11-2004 से 21 नवम्बर तक मंदी आवेगी।
14. 25-11-2004 से 30-11-2004 तक तेजी, ये तेजी 9 दिसम्बर तक भी चल सकती है।

पृष्ठ 15 का शेष...

विशिष्ट राजनेताओं का भविष्य संक्षिप्त में वि.सं. २०६१

श्रीमान् ए.पी.जे. कलाम महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकारः आपका स्वास्थ्य २० अप्रैल से २५ जून २००४ तक शनि के कारण बिगड़ेगा। शासन व्यवस्था में नवीनता का ऐतिहासिक योग बनेगा। भारत का वर्चस्व विश्व में बढ़ेगा। विदेश यात्रा के चार योग भंग होंगे। बालकों के प्रिय राष्ट्रपति कहलायेंगे। संविधान की सुरक्षा अनुपालन में शुभदायक है।

प्रधानमंत्री श्री अटलबिहारी जी वाजपेयीः वर्तमान प्रधानमंत्री काल ५ वर्ष का समय समस्याओं की लहर में पूर्ण करेंगे। वर्ष २००५ स्वास्थ्य के लिए शुभदायक नहीं है। रोगभय तथा अपमान जनक घटनाओं से गुजरना पड़ेगा। लेकिन शैक्षिक एवं साहित्यिक दृष्टि से मान बढ़ेगा। मानव उपाधियां प्राप्त होंगी। भाजपा के संगठन में समस्याएं बढ़ेंगी। वायुयान की अधिक यात्रा शुभदायक नहीं रहेगी। परिवार में अशांति रहेगी।

उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणीः गृह विवाद बढ़ेगा। प्रतिपक्ष से मान हानि योग बनता है। नवीन नेताओं से सम्पर्क बढ़ेगा। दिनांक ३० अप्रैल से २७ जुलाई तक का समय रहेगा तथा स्थानीय वाहन की दुर्घटना योग तीन बार होंगे। दिनांक २० सितम्बर से २० नवम्बर २००४ ई. तक स्वास्थ्य में सुधार नजर नहीं आता। राजनैतिक वर्चस्व घटेगा। कोई लीग मदद हेतु नहीं आयेंगे। वर्ष सामान्य रहेगा। न्यायालय मामला बनेगा।

श्रीमती सोनिया गांधीः वर्ष २००३ की स्थिति कर्तरी योग युक्त है, परन्तु अप्रैल ०४ के पश्चात् समय अनुकूल आयेगा। केन्द्रीय सरकार में वर्चस्व बढ़ेगा। रा.-गुरु-श. के कारण राजयोग बनेगा। आगामी चुनावों में पार्टी का भी वर्चस्व बढ़ेगा। प्रधानमंत्री पद पर आसीन योग है। मई २००४ में वायुयान दुर्घटना से बचें। मई के अंतिम सप्ताह में अचानक बीमारी योग भी बनता है। मिली-जुली सरकार में आपका प्रभाव चमकेगा। नया समझौता योग भी बनेगा।

श्रीमती राबड़ी देवीः आपका भविष्य केतु के कारण अशुभ है। आगामी समय में पराश्रयी जीवन जी कर समय पति बल का लाभ से विवाद पक्ष से छूटेगी। व्यवहारिक दृष्टि से आपका वर्चस्व घटेगा। दिनांक २४ अप्रैल से १६ जून २००४ तक विशेष आपत्ति योग तथा पारिवारिक परेशानियां रहेंगी। शुक्र तथा राहु के कारण अपराधिक मामलों में अग्रगामी रहेंगी।

सुश्री जयललिताः इनका वर्चस्व १८ अक्टूबर २००५ तक शुभ दायक रहेगा। इन्हें गुप्त शत्रुओं का प्रभाव वर्ष २००४ में बढ़ेगा। राजनीति क्षेत्र में एक नया मोड़ कायम करेंगी। न्यायालयों में विजय श्री का योग मंगल-गुरु-बुध के कारण बनेगा। स्थानीय पार्टी में आपका सम्मान भी बढ़ेगा। हवाई हमला योग अचानक यात्रा के दौरान अगस्त से नवम्बर २००४ मध्य बनता है। विपक्ष द्वारा परेशानियों से मानसिक चिंता रहेगी।

श्रीमान् मुलायम सिंह यादवः आपका समय अगस्त २००३ से मई २००५ तक अच्छा रहेगा। सत्ता पक्ष, राजपक्ष में अपना पद बरकरार रहेगा। नवोदित राजनेता का सहयोग मिलेगा। वाहन दुर्घटना के वर्ष २००४ में तीन अवसर योग हैं। सावधान रहें तो ठीक रहेगा। स्त्री पक्ष द्वारा मान-सम्मान में कमी का वातावरण अप्रैल २००४ में बनेगा। रक्षक भक्षक योग भी बनता रहे।

श्रीमती प्रियंकाः आपका भविष्य मई २००४ से जून २००६ तक अच्छा रहेगा। पारिवारिक तथा राजनैतिक तेज छबि बनायेंगी। मकान ढहने या पानी में बहने का संयोग भी जुलाई से अक्टूबर २००४ तक बनता है। सावधान रहें।

महामहिम उपराष्ट्रपति भैरोसिंह जी शेखावतः आपको ५वां राहु, छठवें मंगल, ७वें शनि, ९वें गुरु, १०वें केतु राजपक्ष में विशेष सफलता दिलायेगा। पत्नि पक्ष से बीमारी से परेशानी तथा शोक का वातावरण भी मई से सितम्बर २००४ के मध्य बनता है। राष्ट्रपति पद का भावी योग बनता है। आपका स्वास्थ्य दिनांक १० दिसम्बर २००४ से २४ फरवरी २००५ तक खराब रहेगा। वाहन में अचानक रोगोपद्रव बनेगा। भविष्य उज्वल है।

डॉ. प्रवीण तोगड़ियाः वर्ष २००४-२००५ में इनका वर्चस्व बढ़कर एकाएक घटेगा। सामाजिक मर्यादा योग अच्छा रहेगा। विकट समस्याओं का समाधान होगा। गुजरात में मान-सम्मान बढ़ेगा। राम मन्दिर निर्माण में अग्रणी रूप में कीर्ति प्राप्त करेंगे। दिनांक ३० मई से १३ जुलाई २००४ तक समय प्रतिकूल रहेगा।

सुश्री मायावतीः वर्ष २००४ में न्यायालयों का चक्र शनि ग्रह के कारण लगायेंगी। कीर्ति में कमी आयेगी। केन्द्र सरकार में हिस्सेदार बनने का योग बनता है। जनमत हक में रहेगा। भ्रष्टाचार के कारण दण्डित होने का योग नवम्बर २००४ से फरवरी २००५ के मध्य बनता है। भूमिगत जीवन जीने का योग बनता है।

श्रीमती वसुन्धरा राजे सिन्धियाः शनि, गुरु, मंगल के कारण राजपद की प्राप्ति योग बनता है। राजस्थान के भावी मुख्यमंत्री का योग भी वर्ष २००४ से २००५ मध्य बनता है। आपका मान-सम्मान भी होगा। सत्ता पक्ष की पकड़ भी श्रेष्ठ रहेगी। मिश्रित सरकार का गठन करने में अवसर प्राप्त होगा। माह सितम्बर से दिसम्बर २००४ तक समय प्रतिकूल रहेगा। वाहन दुर्घटना तथा रक्षक भक्षक योग से भी सावधान रहें।

श्री अशोक जी गेहलोतः स्वयं का भाग्य अच्छा है। वर्ष २००४ में विशेष सम्मान की प्राप्ति होगी। पार्टी का वर्चस्व कम होगा। लग्न में शनि तथा मंगल के कारण नेतृत्व का लाभ रहेगा। आपका वर्चस्व भारत सरकार में भी बढ़ेगा। गुरु ग्रह ५वां आपका विवेक बढ़ायेगा। लाभदायक रहेगा।

खेल जगत का भविष्यः वर्ष २००५ से २०१२ तक भारत का खेल जगत नयी कामयाबी अर्जित करेगा। पश्चिमोत्तर देशों में अपना वर्चस्व जमेगा तथा लाभ भी अच्छा रहेगा।

सिनेमा जगतः शनि, राहु, केतु, शुक्र के कारण सिनेमा जगत में अश्लीलता बढ़ेगी। सेक्सी योग ज्यादा रहेगा तथा हीरोइनें विवाह की ओर प्रेरित होंगी। टीवी का प्रयोग भी वर्ष २००५ में कम होगा। आध्यात्म की ओर लोग बढ़ेंगे।

विश्व के सभी जानेमाने राजनीतिज्ञों एवं अन्य व्यवसायों आदि के हस्त स्कैन प्राप्त कर उनकी हस्त रेखाओं का तुलनात्मक अध्ययन एवं अन्य हस्त रेखाओं का गूढ़ ज्ञान द्वारा मालूम हो सकता है कि अमुक रेखाओं वाला व्यक्ति आई.पी.एस. न्यायधीश, अभिनेता, डाक्टर, इंजिनियर, अधिवक्ता या राजनीतिज्ञ बनेगा। इसके अलावा प्रैक्टीकल पंचागुली साधना करके विश्व विख्यात भविष्यवक्ता बन सकता है। उसके लिए यह पुस्तक पूर्ण शोधमय सिद्ध होगी। उपलबध कराने वाली पुस्तक है तथा 431 पृष्ठ की है। **मूल्य : २०० रुपये मात्र**

अमरजी प्रकाशन

पता-25-बी, डी.डी.ए. फ्लैट, शाहपुर जाट, नई दिल्ली- 49

टेलीफैक्स: 26491118, 26496759 मोबाईल: 9810537006

आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति भी वेदों के तरह अतिप्राचीन है यह एक मात्र ऐसी पद्धति है जिसके द्वारा किसी भी रोग को जड़ से नष्ट किया जा सकता है। अनुभूत आयुर्वेद, में लेखक ने हजारों रोगियों को अपने अनुभव सिद्ध औषधियों के द्वारा रोगमुक्त किया है। इस ग्रंथ में जड़ी-बूटियों को लेकर औषधि निर्माण किया जाता है। जिस औषधि के प्रयोग से रोगी रोगमुक्त हो जाता है। अनेक गोपनीय औषधि के नुस्खे जो अपने वंशधरों के माध्यम से डॉ. द्विवेदी जी ने विरासत में प्राप्त किया है। इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए रोजमर्रा के जीवन में आने वाले जड़ी-बूटी के आधार पर असाध्य से असाध्य रोगों पर काबू पाया जा सकता है। **मूल्य : १३० रुपये मात्र**

योग साधना द्वारा जटिल रोगों का उपचार भी सरल बन जाता है तथा बड़े-बड़े असाध्य रोग योग साधना द्वारा पूर्ण स्वास्थ्य निरोगी काया में बदल जाता है। इस पुस्तक में लेखक के पिछले तीस वर्ष के पूर्ण अनुभव द्वारा पाठकों को भिन्न-भिन्न व्यायामों को चित्रों के माध्यम एवं सरल भाषा में लिखा गया है। आधुनिक युग में बालकों के अच्छे संस्कार एवं शरीर को मजबूत बनाने के लिए ये पुस्तक रामबाण सिद्ध होगी।

मूल्य : १२० रुपये मात्र

इस पुस्तक में हमारे परामर्श द्वारा जिन्होंने रत्न धारण कियें हैं, वह धनहीन से धनवान बन गयें। जिन्होंने परामर्श को नहीं माना वह धनवान होते हुए धनहीन हुए। उसकी पूरी जानकारी इस पुस्तक में उन्हीं के संदेशों द्वारा दिया गया है। जो जातक लम्बी बिमारी के कारण कई वर्षों से चिकित्सालयों में रोग ग्रस्त रहें। उन्हें आराम नहीं मिला। उन्हें रत्न धारण करने से असंख्य असाध्य रोगी शीघ्र स्वस्थ्यप्रद हुए हैं। लेखक ने अपने दावे के साथ पाठकों के सामने चुनौती के रूप में प्रस्तुत किया है। उन्हीं लोगों के पते एवं दूरभाष नं. इसी पुस्तक में अंकित है।

मूल्य : १२० रुपये मात्र

अथ व्यापार-विमर्श.सम्वत् २०६१ वि.

वि. सं. २०६१ की ग्रह स्थिति के आधार पर व्यापारिक उतार-चढ़ाव के विचार

लेखक एवं संपादक- चौ. पं. महेन्द्र कुमार जैन, सह संपादक- पं. गजेन्द्र जैन, उत्तराधिकारी- आयुर्वेद मार्तण्ड ज्योतिष रत्न
पं. जैनी जीयालाल शिखरचन्द चौधरी राज वैद्य ज्योतिष रत्न कार्यालय:- पो. फर्रुखनगर-१२२५०६,
गुड़गांव फोन नं.-कार्या.-निवास: ०१२४-२३७५२१८, २३७५३७७ E-mail: jyotish_ratan@yahoo.com

मेरे बाबाजी(स्व. प. जैनी जीयालाल चौधरी जी) ने १२८ वर्ष पूर्व असली पंचांग के नाम से एक पंचांग प्रकाशित किया था। तभी से व्यापारिक तेजी-मंदी पर मेरे बाबाजी एवं पिताश्री अपने विचार लिखते आ रहें हैं। और समय समय पर इस विषय पर अनेकों शास्त्र (पुस्तकें) व्यापार, विज्ञान, योगरत्नाकर, वार्षिक व्यापार भविष्य फल आदि लिखकर आप लोगों के सम्मुख प्रस्तुत कीं। अब मैं पं. महेन्द्र कुमार जैन एवं मेरा पुत्र चि. पं. गजेन्द्र जैन अपने पूर्वजों के बताये मार्ग का अनुसरण करते हुए प्रत्येक पक्षों महीनों में आने वाले प्रबल ग्रह योग, तिथि वार, नक्षत्र संयोग, संक्रांति बैठना, चन्द्रदर्शन, ग्रह दृष्टि आदि का ध्यान रखकर जो तेजी-मंदी के विचार लिखते हैं, वह वायदा और हाजिर का व्यापार करने वाले व्यापारियों के लिए वरदान रूप में सही होते हैं। इस लेख में जो विचार लिखे हैं उसमें कई एक बार एक ही स्थान पर एक वस्तु की तेजी के साथ मंदी भी लिखी हो तो घबराना नहीं, ऐसे समय पर व्यापार का रुख देखकर कार्य करें। क्योंकि एक दिन में एक ग्रह जो तेजी कारक व दूसरा मंदी कारक हो तो बाजार में तेजी की जगह मंदी या मंदी की जगह तेजी लिखे के विपरीत होता है। और जो हमने तेजी-मंदी लिखी है वह एक दिन पहले व बाद में भी आ सकती है। कारण ग्रह का परिवर्तन दिन के शुरू व दिन के अन्त समय में होने से ऐसा होता है। अत: लेख के साथ-साथ मार्किट की चाल को भी भली प्रकार समझ कर व्यापार करें तो निश्चित विशेष लाभ कमाओगे।

अथ चैत्र शुक्ल पक्ष फल विचार

वि.सं. २०६१ का आरंभ रविवार से हो रहा है, चन्द्र दर्शन ३० मु. व पूर्णिमा सोम की है। तिथि की वृद्धि हुई है। प्लूटो वक्री, बुध शुक्र ने राशि परिवर्तन किया है। शु. पड़वा को उभा. है वर्षा की कमी बनी रहेगी, कृष्ण पक्ष में ति.क्षय: शु. की वृद्धि प्रजा को कल्याणकारी है। पूर्णिमा में सोमवार भी प्रजा में सुख शांति देगा। **शुक्ल पक्ष-शु. २ सोम**- चन्द्र दर्शन -अन्न, गुड़, शक्कर, खाण्ड आदि में मंदा। रुई, सूत, कपड़े, चांदी तेज होकर रहेगी। **शु. ३ मंगल**-तिथि वृद्धि सभी जरूरी वस्तुओं में मंदा करेगी। **शु. ४ गुरु**-कृतिका में शुक्र -हींग, जीरा,धनिया, सुपारी, सूत कपड़ा, चावल अन्न, सरसों, तिल, तेल आदि में मंदा बने। **शु. ५ शुक्र**-अश्विनी मेष में बुध-गेहूं, जौ, चना, मटर, अरहर, अलसी, दूध, घी, शेयर में तेजी। गुड़, शक्कर, सरसों तेल, तिल, गोला, चांदी में मंदा रहे। **शु. ६ शनि**-रोहिणी में मंगल-रुई, सूत, कपास, शेयर, गुड़, शक्कर, खाण्ड, रेशम, हींग, मिर्च, सरसों तेल आदि में तेजी। जहां-तहां प्रजा में बिमारी फैलेगी। **शु. ७ रवि**-वृष में शुक्र -रुई, चांदी, शेयर में मंदा। गेहूं, जौ, चना, मटर आदि वस्तुएं तेज होंगी। **शु. ९ मंगल**-रेवती में सूर्य-मोती, रत्न, फल-फूल, नमक, सुगन्धित पदार्थ, मूंग, उड़द, चावल, रुई, चांदी, सरसों आदि में तेजी आएगी। **शु.११ गुरु**-वक्री पू.फा. १ में गुरु-अन्न में मंदा करेगा। **शु. १५ सोम**-पूर्णिमा प्रजा में सुख शांति करेगी।

विशेष योग

चैत्र श्वेत पष तिथि बढ़े, घटे श्याम पष सोय। अन्न बढ़े सुख करे, शाख सवाई जोय॥
चैत्र शुक्ल पख प्रतिपदा, दिवस दिवाकर होय। जल नहीं बरसे गगन से, अन्न चर्चरा जोय॥

अथ बैशाख मास फल विचार

मास में पांच मंगल हैं। कृष्ण पक्ष में तिथि क्षय, शुक्ल में वृद्धि होकर क्षय हुआ है। चन्द्र दर्शन ३० मु. बुध का है। संक्रांति मेष ३० मु. भूखी व पूर्णिमा दोनों मंगलवारी हैं। बुध वक्री मार्गी, पश्चिम अस्त, पूर्व उदय और सूर्य, बुध, मंगल ने राशि परिवर्तन किया है। मास में पांच मंगल प्रजा में भय उत्पन्न करेंगे। कहीं अग्नि कांड हो। शु. तृतीया को रोहिणी नहीं है, अत: संसार में आपा-धापी का वातावरण बनेगा। **शु. ५ शनिवारी**-नारियल, सुपारी, लाल पदार्थ, कांसी, तांबा आदि वस्तुओं में तेजी करेगी। **कृष्ण पक्ष-कृ.१मंगल**-वक्री बुध-रुई तेज होकर मंदी।

गुड़, खाण्ड, शक्कर, सरसों, कपूर, अलसी तेल, तिल, अरण्डी, बिनौला, शेयर आदि में तेजी करेगा। **कृ. ३ गुरु**- रोहिणी में शुक्र-सोना, तांबा, जस्ता, गुड़, शक्कर, खाण्ड आदि में मंदा। जहां-तहां उपद्रव हो। तिथिक्षय भी मंदा लाऐगी। **कृ. ९ मंगल**- अश्विनमेष में सूर्य-रुई, सूत, कपास, सोना, चांदी, तेल, तिल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, नारियल, सुपारी, बादाम, सभी प्रकार के फलों में तेजी बनेगी। अन्न एवं दालों में मंदा आयेगा। **कृ. १३ शनिवार**-मृगसिर में मंगल-रुई मंदी होकर तेज। सभी प्रकार के लाल पदार्थों, मिर्च आदि में अच्छी तेजी बनेगी। **कृ. ३० सोमवती अमावस** को रेवती नक्षत्र देश व जनता के लिए शुभ, बहुत सी जरूरी वस्तुओं में मंदा आऐगा। **शुक्ल पक्ष-शु. २ बुध**-चन्द्रदर्शन-चारा, घास, उड़द, तिल, तेल, अन्न, घी, मोठ में तेजी। गुड़, खाण्ड, शक्कर, रुई, चांदी आदि सफेद वस्तुओं में घट-बढ़। देश के दक्षिण-पश्चिम में कोई बड़ी घटना घटे। **शु. ५ शनि**-मृगशिर में शुक्र-गेहूं, चना, मूंग, मोठ, ज्वार, घी आदि में मंदा। चावल, खाण्ड, सरसों, लाल मिर्च आदि वस्तुएं तेज। जहां-तहां तेज वायु के साथ वर्षा हो। कहीं दुर्भिक्ष भी बने। **शु. ७ मंगल**-भरणी में सूर्य-मिथुन पर मंगल-अलसी, तांबा, पीतल, गुड़, शक्कर, खाण्ड, रुई, सरसों, गेहूं, जौ, चना, गोला, तिल, मिर्च, धातु, चावल, मोठ, अरहर आदि वस्तुऐं तेज। चांदी में घट-बढ़ हो। जहां-तहां हैजे आदि से प्रजा को कष्ट हो। **शु. १० शुक्र**-बुध मार्गी-रुई घट-बढ़ से तेज। लकड़ी, फर्नीचर आदि में तेजी। रस पदार्थ, तिलहन व सभी सुगन्धित द्रव्य आदि में मंदा रहेगा। **शु. १३ सोम**-तिथि क्षय-सभी जरूरी वस्तुओं में तेजी बनेगी। **शु. १५ मंगल**-खग्रास चन्द्र ग्रहण -तेल पदार्थ, मूंग, रुई, सूत, कपास, गेहूं, अलसी, सरसों, उड़द, रूपा, जस्ता, राई, मेथी, लाल वस्तुओं में तेजी चलेगी। **नोट**- यह तेजी लम्बी होगी। व्यापार में अच्छी घट-बढ़ होगी। सावधान्! रुख देखें। स्त्री-पुरुष, गणमान्य लोगों को कष्ट। रोम, अरब, आर्यवत आदि देशों में प्राकृतिक विपदा से जन-हानि संभव है।

विशेष योग

चार ग्रहो का बना, एक राशि पर योग।
वर्षा अथवा युद्ध से, दुःखी रहे सब लोग॥
आखें तीज बिन रोहिणी, चले चर्चरी वायु।
चौथाई सम्वत घटे, बारह आना थाय॥
शुक्ल पक्ष बैशाख सर, मंगल या शनिवार।
भरणी मृगशिर हस्त ये, कोई नक्षत्र विचार॥
महिंगे पीपल, नारियल, वस्त्र, सुपारी संग।
तांबा, कांसी, धातु सब, अकरे हो इक संग॥
शनि-मंगल एकत्र हुए, भूखी संक्रांति भोमवार।
आग लगे आंधी चले नित, झगड़ों से प्रजा रहे बिमार॥

अथ ज्येष्ठ मास फल विचार

मास में पांच बुध व पांच गुरु हैं, कृष्ण पक्ष में तिथि घटकर बढ़ी है। अमावस बुध की, चन्द्रदर्शन ४५ मु. व पूर्णिमा गुरु की। संक्रांति वृष शुक्रवारी ४५ मु. भूखी बैठी है। गुरु मार्गी, शुक्र वक्री और सूर्य- शुक्र- बुध ने राशि परिवर्तन किया है। मास में पांच बुध अशुभ, पांच गुरु उत्तम हैं। कृ. एकम बुधवारी खण्ड वृष्टि दुर्भिक्षकारी व महंगाई को बढ़ाएगी। जहां-तहां बिमारी फैलेगी। कृतिका का सूर्य तांत्रिकों, अग्निहोत्री, कुम्हार, नाई, ज्योतिषी एवं व्याकरणाचार्य को कष्ट देगा। शु. एकम गुरुवारी उत्तम पैदावार करेगी। शु. १० शनिवारी वर्षा की कमी, प्रजा में शोक का वातावरण बनाऐगी। जहां-तहां अफरा-तफरी मचेगी। शुक्र मंगल शनि की युति देश में अग्नि कांड, दुर्भिक्ष, महंगाई के साथ-साथ राज विग्रह करेगा। **कृष्ण पक्ष- कृ. १ बुध**- गुरु मार्गी -रुई में मंदा आकर तेजी बने। चांदी, अलसी, सरसों, गेहूं आदि अन्न में तेजी होकर मंदा बने। तम्बाकू में मंदा आएगा। **कृ. २ गुरु** - मिथुन में शुक्र- रुई, बारदाना, सिंगदाना, कपास, सूत, कपड़ा, तेलबाना में मंदा। चांदी में घट-बढ़ होगी। **कृ. ४ शनि**-आर्द्रा में मंगल- नमक व सभी क्षारों में मंदा। रुई, सूत, कपास, अलसी, अरण्डी, सरसों, तिल, तेल, गेहूं, जौ, चना आदि अन्न में तेजी आएगी। **कृ. ५ रवि**-अश्विनी मेष में बुध- पशु, मोती, तिल में मंदा आकर तेज। गुड़, शक्कर, रुई, सूत, सोना आदि में मंदा। सभी अनाज व दालों और दूध, घी में तेजी बनेगी। **कृ. ६ सोम**-कृतिका सूर्य- सफेद पदार्थ, जौ, चावल, गेहूं, मूंग, मोठ, राई, सरसों, सोना, चांदी आदि में तेजी बने। तांत्रिक, अग्निहोत्री, कुम्हार, नाई, ज्योतिषी, व्याकरणाचार्य को कष्ट होगा। **कृ. ११ शुक्र** - सूर्य वृष में चौपाए पशु- हाथी, घोड़ा, ऊंट, मोटरगाड़ी, रुई, सूत, कपास, सोना आदि तेज। चांदी में घट-बढ़ चले। **कृ. १३ सोम**- तिथि वृद्धि शुक्र वक्री- धान्य पदार्थ, रुई, गेहूं, चना आदि में मंदा। तेल, तिल, घी, सरसों, चांदी शेयर आदि में तेजी बनेगी। **कृ. ३० बुध**- अन्नादि वस्तु मंदी रहेगी। **शुक्ल पक्ष-शु. १ बुध**- चन्द्रदर्शन- रुई, गुड़, खाण्ड, सोना, चांदी घट-बढ़कर मंदी रहे। तेल, तिल, सरसों, कपड़ा, चारा, घास, उड़द, मूंग आदि अन्नों में तेजी बनेगी। जहां-तहां उपद्रव होंगे। **शु. ३ शनि**- भरणी में बुध- सभी प्रकार के अनाजों में घट-बढ़ चलेगी, देश में जहां-तहां आपसी झगड़े बढ़ें और विग्रह फैलेगा। **शु. ५ सोम**-रोहिणी में सूर्य- चावल आदि सभी धान्य, अलसी, सरसों, राई, दाख, गुड़, खाण्ड, सुपारी, जूट, सभी तिलहनों में जोरदार तेजी। चांदी में मंदा। सेठ, साहूकार, योगी, कृषक, जलचरों को कष्ट होगा। **शु. ९ शुक्र**- वक्री शुक्र, पुनर्वसु में मंगल-घास, चारा में अच्छी तेजी। तिल, तेल, सरसों, रुई, कपास, चांदी, नमक, क्षार पदार्थ तेज होंगे। चौपाए पशु विशेषकर भैंसों में बिमारी फैलेगी। **शु. १२ सोम**-कृतिका में बुध-वर्षा कम, पैदावार कम, जहां-तहां झगड़े फैलें। चांदी मंदी, रुई तेज, अन्न में घट-बढ़ होगी। **शु. १४ बुध**-वृष में बुध-रुई में मंदी बनकर तेज हो। तेल, सूत, कपास, मटर, गेहूं, चना आदि में तेजी। जहां-तहां अग्नि कांड व झगड़ों से प्रजा में भय बने। **शु. १५ गुरु**- अन्नादि पदार्थों में मंदा आऐगा।

विशेष योग

ज्येष्ठ बदी एकम पड़ै, जब कभी बुध।
संक्रामण रोगों का, रहे गर्म बाजार॥
वृष राशि के रवि करै, सुख सम्पदा सुकाल।
दूध, दही, घी में रहे महंगाई की चाल॥
दुतिया, तृतीया जेठ सुदी आवे आर्द्रा रिक्ष।
वर्षे तो कर्षे नहीं, दरसै दुःख दुर्भिक्ष॥
जेठ दशहरा शनैश्चर, भयकारी भय मास।
प्रजा शोक, जलरोक से, हो गोकल को नास॥
शुक्र, भौम, शनि जिस समय होवे इकठौर।
अग्नि कांड, दुर्भिक्ष, विग्रह, महंगाई का जौर॥

अथ आषाढ़ मास फल विचार

मास में पांच शुक्र हैं। कृष्ण पक्ष में तिथिक्षय, शुक्ल पक्ष में तिथि की वृद्धि होकर घटी है। मावस गुरु की, चन्द्रदर्शन ४५ मु. शनि का, पूर्णिमा शुक्र की, संक्रांति मिथुन ४५ मु. सोम की भूखी बैठी है। शुक्र पश्चिम में अस्त, पूर्व में उदय, बुधास्त पूर्व में पश्चिम में उदय, शनि अस्त, शुक्रमार्गी हुआ है। सूर्य, मंगल, बुध ने राशि परिवर्तन किया है। कृ. २ व ९ शुक्रवारी प्रजा को सुख देंगे। पांच शुक्र भी श्रेष्ठ हैं। कृ. १४ को रोहिणी राजा-प्रजा दोनों को कष्ट देगा। सभी गल्ला तेज करेगा। कर्क का मंगल २ मास सभी धान्य में तेजी रखेगा। सूर्य के पीछे मंगल होने से वर्षा की खेंच से प्रजा में व्याकुलता बनेगी। **कृष्ण पक्ष-कृ. २ शुक्र**-पड़वा का क्षय-बहुत सी जरूरी वस्तुओं में मंदा बनाएगी। **कृ. ३ शनि**-शुक्रास्त पश्चिम-रुई, सूत, कपास, घी, तेल, अलसी, अरण्डी, बिनौला, सफेद वस्तुओं में मंदा, पर चांदी में तेजी होगी। पशुओं में बिमारी, प्रजा को कष्ट। गुजरात कर्नाटक आदि प्रदेशों में फसलों को नुकसान हो, वर्षा हो। **कृ. ५ सोम**-मृग. में सूर्य, रो. में बुध, बुधास्त पूर्व में - जलोत्पन्न पदार्थ, नारियल सभी प्रकार के फल, रुई, सूत, रेशमी वस्त्र, चन्दन, कपूर, सोना, चांदी, कस्तूरी आदि में तेजी। रुई, चांदी में घट-बढ़ से मंदा। पशुओं में बिमारी फैले, तेज वायु के साथ वर्षा भी हो। **कृ. ७ बुध**-वक्री रोहिणी में शुक्र- सोना, तांबा, जस्ता, गुड़, शक्कर, खाण्ड आदि में मंदा। कहीं उपद्रव भी हो। **कृ. ११ रवि**- मृगशिर में बुध- सभी अन्न, सरसों, अलसी, बिनौला तेलादि में मंदा। रुई आदि में तेजी बनेगी। **कृ. १२ सोम**- संक्रांति मिथुन, कर्क में मंगल, शुक्रोदय पूर्व में-रुई, सूत, सोना, चांदी, चावल, गेहूं, चना, सरसों, तांबा, पीतल, जस्ता, मिर्च, सुपारी, घी, तेल आदि वस्तुओं में तेजी। गर्मी जोरदार पड़ेगी। संसार में भारी तनाव बढ़ेगा। कहीं खून भी बह सकता है। **कृ. १३ मंगल**-पुनर्वसु में शनि-सभी अनाज, रुई, पदार्थों में तेजी। तिल तेल, सरसों, तिलहन पदार्थ मंदे। पंजाब, सिन्ध आदि प्रदेशों में प्रजा को बिमारी से कष्ट हो। **कृ. ३० गुरु**- आज मृगशिर नक्षत्र बहुत सी वस्तुओं में मंदी करेगा। **शुक्ल पक्ष- शु. २ शनि**- चन्द्रदर्शन, पुष्य में मंगल-अलसी, सरसों, लोहा, धातु, सूत, कपड़ा, सोना, चांदी, तेल, रुई में तेजी बनेगी। सोना-चांदी में घट-बढ़ चले। आपसी तनाव में वृद्धि हो। जहां-तहां नये-नये उपद्रव व अग्नि कांड से प्रजा में भय बने। **शु. २ रवि**-सूर्य बुध आर्द्रा में, शनि अस्त-व्यापारिक वस्तुओं में दोतरफा लाईन बनेगी। घट-बढ़ अधिक हो। वकीलों व प्रजा को कष्ट। आपसी द्वेष बढ़ेगा। धान्य सम्पदा को नुकसान हो। सोना, शेयर, रुई में मंदा बने। **शु. ८ शनि**- पुनर्वसु में बुध-रुई, सूत, कपास, सण में मदी बनेगी। **शु. ११ मंगल**- शुक्र मार्गी-रुई, सोना, चांदी, मंदी होकर तेज। घी, अन्न, गुड़, शक्कर, खाण्ड, चावल, रुई में मंदी का योग है। एकादशी तेजीकारक है, अतः रुख देखकर कार्य करें। **शु. १२ बुध**-बुधोदय पश्चिम-रुई, चांदी, कपास में मंदा। चांदी, चौखा, घी, तेल, अरण्डी, सरसों, सभी अन्न में तेजी आवेगी। **शु. १४ गुरु**-कर्क में बुध-रुई, कपड़ा, अन्न, गेहूं, जौ, चना, मटर, अरहर में मंदा। चांदी में घट-बढ़। सरसों, मूंगफली तेल, गुड़, दूध आदि रस पदार्थ में तेजी बनेगी। प्रजा को कष्ट होगा।

विशेष योग

आषाढ बदी दूज नौमी, जब शुक्र की आय।
तभी पैदावार उत्तम हो, प्रजा आनंद मनाय॥
आषाढ़ बदी चौदस दिन, होय रोहिणी योग।
करफ्यू अरु कंट्रोल से, दुःखी रहें सब लोग॥
कर्क राशि में भौम का, जब होता है वास।
गेहूं, गल्ला, धान्य, सब तेज रहे दो मास॥
राहु से तीसरे स्थान, क्रूर ग्रह सुखकार।
पंचमी बुध आषाढ़ की, सुखी रहे संसार॥

अथ प्रथम श्रावण मास फल विचार

मास में पांच शनि, कृष्ण पक्ष में तिथि घट कर बढ़ी है। शुक्ला में तिथि क्षय हुआ है। सं. कर्क शुक्रवारी १५ मु. उठी धापी है। मावस पुनों शनि की, चन्द्रदर्शन ३० मु. रवि का है। शनि उदय, मंगल अस्त हुआ है। सूर्य, मंगल, बुध, शुक्र ने राशि परिवर्तन किया है। मास के पांच शनि, प्रजा को बिमारी देंगे। दवाईयों की कीमतें बढ़ेंगी। कृ. १२ को रोहिणी, कार्तिक सुदी ११ को वर्षा करेगा। रवि को पुष्य देश में धन-सम्पदा की कमी लाऐगा। मंगल अस्त अन्न नाश करता है। जलयान, नाविकों को कष्ट होगा। कृ. ९ शनिवारी प्रजा को संताप देगी। किसी देश-प्रदेश का मंत्रीमंडल आगे गंगास्नान तक भंग होगा। प्रजा को पीड़ा व पशुओं में क्षय रोग होगा। **कृष्ण पक्ष- कृ. १ शनि**-पुष्य में बुध-सभी अन्न, सोना, चांदी, कपड़ा, सूत, मूंगा, मोती आदि धातु में मंदा। रुई में घट-बढ़ से मंदी। प्रजा में भय व चिन्ता बनेगी। **कृ. ३ सोम**-पुनर्वसु में सूर्य-उड़द, मूंग, मोठ, चावल, मसूर, नमक, लाख, नील, माजूफल, कपूर, लौंग, नारियल, गुड़, खाण्ड आदि में तेजी। सेवक-सेविकाओं को कष्ट झेलना होगा। **कृ. ४ मंगल**-जरूरी वस्तुओं में मंदा बनेगा। गेहूं, जौ, चना आदि अन्न में **कृ. ९ शनि**-ऽश्लेषा में मंगल-रुई, चांदी मंदी। तेजी। सर्प, टिड्डी आदि कीटों से लोगों को कष्ट होगा। **कृ. १० रवि**-ऽश्लेषा में बुध-गुड़, सरसों, खाण्ड, तेल, अलसी, मूंगफली, अरण्डी में तेजी आएगी। **कृ. ११ मंगल**-तिथि वृद्धि बहुत सी वस्तुओं में मंदा लाऐगी। **कृ. १४ शुक्र**-कर्क में सूर्य-अगर आज वर्षा हो तो दक्षिण के प्रदेशों में झगड़ा बनेगा। चांदी, नारियल, तेल, तिल, मजीठ आदि वस्तुओं में मंदा आएगा। **शुक्ल पक्ष- शु. १ रवि**-चन्द्रदर्शन-अन्न, चांदी, सोना, सरसों आदि तेज। रुई में घट-बढ़ से मंदी बने। प्रजा बिमार रहे। कहीं झगड़े भी बनेंगे। **शु. २ सोम**-पुष्य में सूर्य-तिल तेल, गुड़, ज्वार, सुपारी, सोंठ, मोम, हींग, हल्दी, जूट, वस्त्र, शीसा, सोना, चांदी, नारियल में तेजी। रुई तेज होकर मंदी रहे। साधु-संतों, नाविकों को कष्ट उठाना पड़ेगा। **शु. ३ मंगल**-मघा-सिंह में बुध-सोना, तांबा, पीतल, रुई, सूत, कपड़ा, कपूर, खाण्ड आदि में तेजी। ऊन, गेहूं, चना, गुड़, खाण्ड, शक्कर, सरसों आदि में मंदी आकर तेज हो। **शु. ४ बुध**-मृगशिर में बुध-गेहूं, चना, मूंग, मोठ, चना, घी आदि में मंदा। गुड़, शक्कर, चावल, खाण्ड आदि में तेजी। प्रजा को कष्ट झेलना पड़ेगा। **शु. ९ सोम**-शनि उदय-रुई में मंदी आकर तेजी। सभी तिलहन मंदे। लोहा, जस्ता, सीसा, काली वस्तु, फर्नीचर, लकड़ी, रस, लाल वस्तु, लोहा आदि में तेजी बनेगी। **शु. १३ शुक्र**-चतुर्दशी का क्षय-बहुत सी जरूरी वस्तुओं में तेजी करेगी। **शु. १५** -पूर्णि. मघा सिंह में मंगल, मिथुन में शुक्र-सोना, चांदी, तांबा, पीतल आदि धातु, लाल पदार्थ, अलसी, सरसों, गुड़, शक्कर, रुई, अरण्डी आदि में तेजी। बारदाना, सिंगदाना, रुई, सूत, कपास में मन्दा बनेगा।

विशेष योग

नौमी सावन बदी में, शनिवारी संताप।
मंत्रीमंडल भंग हो, कार्तिक आपै आप॥
सावन साते शनैश्चरी, पृथ्वी हो जलपूर।
चौदस आर्द्रा युक्त, अन्न संग्रह करो जरूर॥
जब जब बुध बृहस्पति, मिल बैठे इक गेह।
तबही संसार में, बरसै नहीं है मेह॥
बुध के घर में शनि ग्रह, जब कभी उदय हो।
प्रजा पीड़ित धान्य महंगा, पशुओं का क्षय हो॥

अथ द्वितीय श्रावण मास फल विचार

मास में पांच रवि पांच सोम हैं। कृष्ण पक्ष में तिथि वृद्धि शुक्ला में क्षय हुआ है। मावस पूर्णिमा व संक्रांति सिंह सोम की ३० मु. धापी उठी है। चन्द्रदर्शन ३० मु. मंगल का है। बुध वक्री पश्चिम अस्त, प्लूटो मार्गी, सूर्य-गुरु ने राशि परिवर्तन किया है। मास में पांच रवि-सोम १० दिन पीछे अन्न, सफेद वस्तु, तेल, तिल, काली वस्तु, मूंग, गोला आदि तेज। पशुओं को पीड़ा व आंखों की बिमारी फैलेगी। कन्या का गुरु बहुत सी वस्तुओं में मंदी लाएगा। इन्हें संग्रह करो। आगे लाभ अवश्य मिलेगा। शुक्ल तिथि क्षय आगे कार्तिक तक छत्र भंग का योग दर्शा रही है। शुक्र शनि चन्द्र की युति शुभ सुभिक्षकारी है, पर सिंह पर रवि शशि मंगल बुध गुरु की युति नाशकर्ता, दुर्भिक्षकारी है। पूनों को श्रवण नक्षत्र का अभाव अगली पैदावार कम होगी। **कृष्ण पक्ष- कृ. २ सोम**-ऽश्लेषा में सूर्य-अलसी, तिल, तेल, गुड़, शेयर, नील, ज्वार, अरण्डी, मिर्च, सोना, चांदी, बिनौला आदि में तेजी। ईशान कोण के प्रदेशों में उपद्रव हो। **कृ. ३ मंगल**-पू.फा. में बुध-सभी प्रकार के अनाज में मंदा। किसी स्थान विशेष पर झगड़ा होने से प्रजा में भय बने। **कृ. ८ रवि**-आर्द्रा में शुक्र-सभी प्रकार का अन्न मंदा। तेज हवा के साथ वर्षा हो। **कृ. १० मंगल**-वक्री बुध-रुई तेज होकर मंदी। गुड़, शक्कर, खाण्ड, सरसों, अलसी, कपूर, तेल, तिल, अरण्डी, शेयर, बिनौला, गेहूं, जौ, चनादि अन्न, तांबा, लोहा, पीतल, जस्ता आदि धातु में तेजी बनेगी। **कृ. १३ शुक्र**-उ.फा. में गुरु-रुई आदि में पहले तेजी, पीछे मंदा। सभी प्रकार का अन्न मंदा, पैदावार भी उत्तम रहे। **कृ. ३० रवि**-वक्री मघा बुध-गेहूं, जौ, चना, सूत, कपास, कपड़ा, बारदाना आदि में तेजी बने। वर्षा कम हो। **कृ. ३० सोम**-संक्रांति सिंह-बुधास्त पश्चिम-रुई, चांदी, अरण्डी, गुड़, शक्कर, खाण्ड, सरसों, तिल, तेल, राई, सोना, चांदी, शेयर आदि में तेजी बने। **शुक्ल पक्ष-शु. १ मंगल**-चन्द्रदर्शन-अन्न, सोना, चांदी में घट-बढ़। गुड़, खाण्ड, तेल, कपास, सरसों आदि में तेजी। **शु. ५ शनि**-पू.फा. में मंगल-देश में जहां-तहां बिमारी का प्रकोप बढ़े, वर्षा कम। सरसों, तेल, तिल, गुड़, खाण्ड, नमक, लोहा, मूंगफली, अरण्डी, घी आदि में तेजी बने। **शु. ६ रवि**-पुन. में शुक्र-सोना, चांदी, रुई, कपास में मंदा। गेहूं, जौ, चना, मटर, अरहर आदि में तेजी। किसी महान सपूत का देहांत आगे गंगास्नान तक संभव है या सत्ता संघर्ष चलकर सत्ता परिवर्तन होगा। प्रजा में भय बने। **शु. १२ शुक्र**-कन्या में गुरु-मजीठ, नारियल में घटबढ़ हो। सरसों, अलसी, तेल, घी, रस पदार्थ, गुड़ आदि में मंदा। इस मंदी में संग्रह करो। अवश्य आगे लाभ मिलेगा। सोना, सुपारी तेज। किराने की कई वस्तु के भाव में मंदा रहेगा। उनको संग्रह करो नफा अवश्य मिलेगा। **शु. १५ सोम**-पू.फा. में सूर्य-सोना, चांदी, घी, तेल, अरण्डी, सुपारी, अफीम, जूट, रुई, सूत, कपास, गेहूं, गुड़, खाण्ड, ऊनी वस्त्र तेज रहेंगे।

विशेष योग

सावन बदी एकादशी, रोहिणी सवत जान।
मृगशिर में दुर्भिक्ष का, सब लक्षण अनुमान॥
शुक्ल पक्ष सावन कभी, कोई तिथि का नाश।
छत्र भग का योग है, आगे कार्तिक मास॥
शुक्र शनिश्चर साथ हो, आगे पीछे चन्द्र।
सुख, सुभिक्ष, धन धान्यमय, पृथ्वी पर आनंद॥
रवि, शशि, कुंज, बुध,गुरु मिले सिंह पर पांच।
भूमण्डल होता तभी, दुःख का अभिनय मंच॥

अथ भाद्रपद मास फल विचार

मास में पांच मंगल, मावस व पुनों मंगल की, चन्द्रदर्शन ३० मु. व संक्रांति कन्या गुरुवारी ३० मु. उठी धापी है। कृष्ण पक्ष में तिथि घटकर वृद्धि हुई है। शुक्ल में तिथि क्षय हुआ है। बुधोदयास्त पूर्व में व मार्गी, बृहस्पति अस्त हुआ है। सूर्य, मंगल, बुध, शुक्र, शनि ने राशि परिवर्तन किया है। पांच मंगल मास में प्रजा को बिमार करेंगे। बहुत सी वस्तुओं में तेजी बनेगी। कृ. पड़वा का क्षय किसी गणमान्य व्यक्ति का साथ खत्म करे। भौमवती अमावस प्रजा में उत्पात मचाऐंगे। किसी प्रांत की सरकार में परिवर्तन हो। शु. ४ शनिवारी भयंकर तेजी करे। शु. ६ को अनुराधा देश में हानि करे। सिंह में चार ग्रह प्रजा की नैतिकता पर चोट करेगी। **कृष्ण पक्ष- कृ. २ मंगल**- बुधोदय पूर्व-चांदी घटबढ़ से तेज। गेहूं, जौ, चना, अलसी, अरण्डी, तिल तेल, सरसों, मिर्च के भाव बढ़ेंगे। **कृ. ३ बुध**-कर्क शुक्र-घी, तेल, गोला, गुड़, खाण्ड, शक्कर सभी रस पदार्थ तेज। अनाजों में मंदा व पैदावार उत्तम रहेगी। **कृ. ४ गुरु**-बुध मार्गी-रुई, सूत, कपास, जस्ता, पीतल में मंदी आकर तेजी बने। गुड़, शक्कर, खाण्ड, सरसों, तेलादि में मंदा रहेगा। **कृ. ६ शनि**-पुष्य में शुक्र-सभी अन्न, रुई, सूत, कपास, रेशमी वस्त्र, लाख, पारा, हींग आदि में मंदा बने। **कृ. ७ रवि**-कर्क में शनि-रुई, सूत, कपास में अच्छी तेजी बनेगी। प्रजा रोगी, प्राकृतिक आपदाओं से देश विदेश में भारी नुकसान, आपसी द्वेष बढ़े। कई प्रांतों की सरकार भंग हो। **कृ. ९ बुध**-गुरु अस्त-रुई, अन्न, सरसों, तेल, तिल आदि में मंदा। चांदी में तेजी। देश-विदेश में शांति वार्ता चले। **कृ. १२ शनि**-देश के किन्हीं भाग पर उत्पात मचे। पशुओं को पीड़ा, वर्षा कम। गुड़ ,खाण्ड, सरसों आदि में तेजी बने। **कृ. १४ सोम**-उ.फा. में सूर्य-ज्वार, जौ, गुड़, चीनी, जूट, कपास, हल्दी, हींग, हरड़, क्षार पदार्थ, कत्था, सोना, चांदी, लोहा, सुपारी आदि में तेजी बने। **कृ. ३० मंगल**-किसी प्रांत की सरकार की घण्टी बजे। सत्ता संघर्ष बढ़े। उत्पात से प्रजा में भय बने। सभी प्रकार का अन्न तेज हो। **शुक्ल पक्ष- शु. १ बुध**-पू.फा.में बुध-सभी अनाजों में मंदा, जहां-तहां युद्ध का वातावरण बने, प्रजा में भय फैले। **शु. २ गुरु**-संक्रांति कन्या-कन्या में मंगल, चन्द्रदर्शन-ऽश्लेषा में शुक्र-सरसों, अरण्डी, सोना, चांदी, पीतल, लोहा, शेयर आदि

में मंदा। बहुत सी वस्तुओं में घट-बढ़ हो। मजीठ, माल किराना, मेवा, लाल वस्तु, नारियल, सुपारी आदि में तेजी आएगी। नैऋत्य दिशा के प्रांतों में उग्रवाद की कोई बड़ी घटना घटे। **शु. ६ सोम**-बुधास्त पूर्व में-रुई, सूत, कपास घट-बढ़ से मंदी। सोना, अलसी, गेहूं आदि में तेजी। चोरी आदि उपद्रव से आम जन परेशान रहेगा। **शु. ८ बुध**-सभी जरूरी वस्तुओं में तेजी बनेगी। **शु. १० गुरु**-उ.फा. में बुध-रुई, सूत, कपास, चांदी में घट-बढ़ से मंदी। मसूर, उड़द, तेलादि पदार्थ तेज हो। **शु. १२ शनि**-कन्या में बुध-सोना, खाण्ड, शक्कर, गुड़, गेहूं, जौ, चना, पीतल आदि धातु तेज। चांदी, सरसों आदि में मंदा रहे। **शु. १३ रवि**-हस्त में सूर्य-कपड़ा, गेहूं, सरसों, चना, गेहूं, गुड़, खाण्ड, हल्दी, हींग, नमक आदि में तेजी। **शु. १५ मंगल**-मघा सिंह में मंगल-सोना आदि सभी लाल वस्तु, मिर्च, तेल, मूंगफली, सरसों, तांबा, पीतल, गुंवार, बाजरा आदि में तेजी। रुई में मंदा रहेगा।

विशेष योग

शुक्र-शनि साथ में, आगे पीछे चन्द्र।
सुख, सुभिक्ष, धन-धान्यमय पृथ्वी पे आनंद॥
चार ग्रहों का बना, एक राशि पर योग।
वर्षा अथवा युद्ध से, दुःखी रहें सब लोग॥
भादो की छट चांदनी, जो अनुराधा होय।
ऊबड़ खाबड़ बोय दे, अन्न घनेरों होय॥
कृष्ण पक्ष पानी गिरे, शुक्ल में नहीं आश।
भादो मावस वार भौम, युद्ध भय नाश॥

अथ आश्विन मास फल विचार

मास में पांच बुध पांच गुरु हैं। मावस पुनों गुरु की, चन्द्रदर्शन १५ मु. शुक्र का. सं. तुला शनिवारी ३० मु. उठी धापी है। नेपच्यून मार्गी, गुरु उदय, बुधोदय पश्चिम में। सूर्य, बुध, शुक्र ने राशि परिवर्तन किया है। कृष्ण पक्ष में तिथि वृद्धि, शुक्ल में क्षय- प्रजा के लिए शुभ नहीं। पांच बुध गुरु उत्तम हैं। गेहूं, चना, गोला, सूत, रसकस तेज होगा। कृ. १ बुध-सभी अनाजों को तेज करेगा। कृ. ५ रविवार- घी आदि में मंदा करे। बदी १३ से अन्न मंदा हो पर तुला का सूर्य तेज करेगा। शु. ३ शनिवारी- सभी धान्य तेज। देश में जहां-जहां उपद्रव फैलेंगे। जन हानि हो, प्रजा में भय बने। **कृष्ण पक्ष- कृ. २ गुरु**-हस्त में बुध-सभी अनाजों में मंदा और वस्तुओं में घटबढ़ होगी। **कृ.४ शनि**-हस्त में मंगल-अन्न, गेहूं, जौ, चना, गुड़, खाण्ड, शक्कर, नमक में तेजी। पैदावार कम रहे। **कृ. ५ रवि**-गुरु उदय-रुई, सूत, कपास, सोना आदि में मंदा। चांदी में तेजी। छोटे बच्चों में बिमारी फैले। **कृ. ९ शुक्र**-चित्रा में बुध-रुई, सूत, कपास में घट-बढ़ से तेज। अन्न तेज, चांदी में घट-बढ़ होगी। विद्वानों को कष्ट उठाना पड़ेगा। **कृ. १० शनि**-पू.फा. में शुक्र-घी, गुंवार, बाजरा, जौ, चना, मूंग, उड़द आदि में मंदी आवे। **कृ. ११ रवि**-चित्रा में सूर्य-गेहूं, चना, कपास, अरहर, सूत, केसर, लाल कपड़ा, चांदी, गुड़, रुई आदि में तेजी। ज्वरादि रोगों से प्रजा को कष्ट होगा। **कृ. १३ मंगल**-तुला में बुध-सभी प्रकार का अन्न, सरसों, अलसी, मूंगफली, बिनौला, मिर्च आदि में मे मंदा। गुड़, शक्कर, खाण्ड, अफीम, बारदाना में तेजी बने। देश में जहां-तहां झगड़ों-विग्रह से प्रजा में भय बने। **कृ. १४ बुध**-हस्त में गुरु-गोला, खाण्ड, घी, तेल, मोती, मूंगा, चांदी, रुई, हल्दी, सभी अन्न में अच्छी मंदी बने। **नोट**- इस पक्ष की तिथि वृद्धि आगे मार्गशीर्ष में सभी प्रकार का गल्ला तेज रखेगी। **शुक्ल पक्ष- शु. १ शुक्र**-चन्द्रदर्शन-गेहूं, चना, चावल, सरसों, तेल, तिल, ऊन, लौंग आदि में अच्छी घट-बढ़ चलेगी। **शु. ३ शनि**-तुला में सूर्य, स्वाती में बुध-सोना, तांबा, अलसी, आवला, सरसों, नारियल, सुपारी आदि में तेजी। पशुओं में रोग फैले। जहां-तहां उपद्रव अग्निकांड हो। गणमान्य लोगों को कष्ट होगा। **शु. ८ गुरु**-उ.फा. में शुक्र-सोना, चांदी में घट-बढ़। सभी धान्यों व रुई में तेजी बने, फसल में नुकसान हो। **कृ. १० शनि**-स्वाती में सूर्य, चित्रा में मंगल, कन्या में शुक्र-सभी प्रकार का अन्न, गेहूं, जौ, चावल, गुड़, खाण्ड, ऊनी वस्त्र, चना, मटर, पीतल, तांबा आदि में अच्छी तेजी बनेगी। फसल में नुकसान हो। बिमारी फैले। **शु. ११ रवि**-विशाखा में बुध-सभी अन्न व गुड़ादि पदार्थों में मंदा बने। **शु.१३ मंगल**-बुधोदय पश्चिम में- रुई, चांदी मंदी। घी, तेल, अरण्डी, सरसों, अलसी में तेजी। कहीं भूकम्प से नुकसान होगा। **शु. १४ बुध**-पुष्य में शनि-सभी अनाजों में अच्छी मंदी, पैदावार उत्तम। पश्चिम देशों व नेताओं में आपसी तनाव बढ़ेगा। **शु. १५ गुरु**-ग्रस्तास्त चन्द्र ग्रहण-देश में चौरियों की वारदात बढ़ेगी। उज्जैन, कावेरी, नर्मदा आदि क्षेत्र की जनता को कष्ट होगा।

विशेष योग

आश्विन कृष्ण पंचमी, जो आवे रविवार।
माघ मास में अवश्य, घी का तेज बाजार॥
बदी बढ़े सुदी घटे, तिथ क्रूर वार संक्रांति।
छत्र भंग अरू अवर्षण, पीड़ित प्रजा नितान्त॥
सुर गुरु मंगल शुक्र का, एक नखत पर वास।
अन्न भाव मंदा रहे, लाभ तीसरे मास॥
आश्विन शुक्ल चतुर्थी, यदि होवे रविवार।
घी बेचो अन्न संग्रहो, आगे लाभ विचार॥
आश्विन पूनम चांद ग्रस, चावल अकरा जोय।
रुई कपास कपूर घृत, चांदी तम होय॥

अथ कार्तिक मास फल विचार

मास में पांच शुक्र, मावस पूनों दोनों शुक्र की, चन्द्रदर्शन ३० मु. शनि का, संक्रांति वृश्चिक ३०मु. बैठी धापी सोम की है। शुक्ल पक्ष में तिथि क्षय हुआ है। हर्षल वक्री, मंगल उदय, शनि वक्री हुआ है। सूर्य, मंगल, बुध, शुक्र ने राशि परिवर्तन किया है। मास में ५ शुक्र श्रेष्ठ हैं। पर प्रजा बिमार रहेगी। शु. एकम शनिवारी गुड़, तेल, सरसों में अच्छी तेजी करेगी। गुरु शुक्र की युक्ति संसार में तनाव बढ़ाएगी, वर्षा भी होगी। तुला में चार ग्रहों की युक्ति उत्तम नहीं। पंचमी का क्षय सभी अनाजों में तेजी करेगी। **कृष्ण पक्ष-कृ. ३ रवि**-वृश्चिक में बुध-सोना, पशु, तेज। घी, तेल, अन्न, गेहूं, जौ, चना, बाजरा, गुवार, तेल, सरसों, अलसी में मंदा। रुई में अच्छी घट-बढ़ होगी। **कृ. ४ सोम**-हस्त में शुक्र-रुई, चांदी में मंदा। अन्न, गुड़, खाण्ड, सोना आदि में घट-बढ़। प्रजा बिमार रहे। **कृ. ५ मंगल**-तुला में मंगल, अनुराधा में बुध-अन्न, गेहूं, जौ, चना, अरहर, मटर, गुंवार, ज्वार, बाजरा, उड़द, मूंग, बिनौला, रस पदार्थ, सभी धातु, तांबा, पीतल आदि में तेजी बनेगी। **कृ. ७ गुरु**-मंगल उदय-व्यापारियों को पीड़ा होगी, अन्नादि वस्तु मंदी। सरकारी नीति परिवर्तन से प्रजा में विरोध, देश में एकाएक चौरियों की घटनाएं बढ़ेगी। **कृ. ८ शुक्र**-विशाखा में सूर्य-चांदी, चावल, गुड़, खाण्ड, रुई, सूत, चना, सरसों, तिल आदि में तेजी। देश के दक्षिण पूर्व में उपद्रव हो। **कृ. ११ सोम**-शनि वक्री-रुई मंदी या तेज होकर मंदी। सूत, कपड़ा, मंदा। सोना, चांदी, मानक, मोती, सुपारी, अन्न, पशु आदि में तेजी बने। उत्तर दिशा में उत्पात व झगड़े होंगे। **ध्यान दें**- इस समय जो वस्तु मंदी या तेज हुई वह वस्तु शनि मार्गी के समय निश्चित विपरीत भाव बनेंगे। **कृ. ३० शुक्र**-स्वाती में मंगल, ज्येष्ठा में बुध, चित्रा में शुक्र-रुई, कपास, कपड़ा, धातु, पीतल आदि धातु, गुड़, शक्कर सभी अनाजों में तेजी। चांदी में घट-बढ़ होगी। पशुओं में बिमारी फैले। देश में कहीं झगड़े का वातावरण तैयार होगा। **शुक्ल पक्ष- शु. १ शनि**-चन्द्रदर्शन-अलसी, सरसों, लोहा आदि धातु, सूत, कपड़ा, सोना, चांदी, सभी अन्न व रस पदार्थों में मंदा आएगा। **शु. ३ सोम**-संक्रांति वृश्चिक- इस समय सभी प्रकार की लाल वस्तु मंदी मिले तो अवश्य संग्रह करो। आगे निश्चित लाभ मिलेगा। चांदी, तांबा, पीतल, जस्त, ऊनी वस्त्रों में तेजी बनेगी। **शु.४ मंगल**-सभी जरूरी वस्तुओं के भाव में वृद्धि होगी। **शु. ६ बुध**-तुला में शुक्र-रुई, चांदी तेज होकर मंदी। गुड़, शक्कर, सोना आदि में मामूली तेजी। अन्न में मंदा। प्रजा में आपसी विरोध बढ़ेगा। **शु. ७ गुरु**-वक्री पुन. में शनि-रुई व सभी अनाजों में तेजी। सभी तिलहनों में मंदी रहेगी। पंजाब, सौराष्ट्र, सिन्ध आदि प्रांतों की प्रजा पर वज्रपात (कष्ट) होगा। **शु. ८ शुक्र**-चांदी, चावल, सूत, अफीम, गेहूं, जौ, चना, तेज। सोना मंदा रहेगा। भक्तों को कष्ट होगा। **शु. १२ मंगल**-स्वाती में शुक्र-सभी अनाज मंदे। गुड़, शक्कर, खाण्ड, सरसों तेलादि वस्तुओं में तेजी बनेगी। प्रजा में असंतोष बढ़ेगा। **शु. १३ बुध**-मूलधन में बुध-चांदी में मंदा। रुई, सूत, कपास में अच्छी घट-बढ़ होगी। किसी नये कानून को लेकर प्रजा व सरकार आमने सामने हो। बच्चों को इस समय विशेष कष्ट का सामना करना पड़ेगा।

विशेष योग

कार्तिक कृष्ण पंचमी, जब ही आर्द्रा होय।
तभी वर्षा कम, चारा तेज बिकाय॥
क्रूर-क्रूर ग्रह परस्पर, जब सम ससम योग।
अनावृष्टि संसार में, भय पीड़ा रोग॥
एक जगह गुरु-शुक्र हो, बने युद्ध आसार।
अनावृष्टि अतिवृष्टि से, दुःखी रहे संसार॥
चार ग्रहों का बना, एक राशि पर योग।
वर्षा अथवा युद्ध से, दुःखी रहें सब लोग॥

अथ मार्गशीर्ष मास फल विचार

मास में पांच शनि पांच रवि हैं। मावस शनिवारी पूनों रविवारी है। चन्द्रदर्शन ३० मु. सोम का, सं.धन की बुधवारी ३० मु. बैठी भूखी है। कृष्ण पक्ष में तिथि बढ़कर घटी है। बुध वक्री मार्गी पश्चिम अस्त, पूर्व में उदय हुआ है। सूर्य, मंगल, बुध, शुक्र ने राशि परिवर्तन किया है। मास में पांच

शनि-रवि दोनों नेष्ट हैं। देश में उग्रवाद उपद्रव झगड़े रोग बहुत बढ़ेंगे। घी, तेल, सूत, कपास, कृष्ण पक्ष में तेज होगा। शुक्ल पक्ष में सभी धान्य पदार्थ, गल्ला आदि में अच्छी तेजी बनेगी। भूखी धन संक्रांत शुभ नहीं। मूंग, मोठ, ज्वार, बाजरा आदि रस पदार्थों में अच्छी तेजी बनेगी। **कृष्ण पक्ष-कृ. ३ मंगल**-वक्री बुध-रुई, सूत, कपास में तेजी होकर मंदी बने। सभी मेवा, तिलहन, गुड़, शकर आदि में तेजी। **कृ. ५ गुरु**-ज्येष्ठा सूर्य, विशाखा मंगल-रुई, सूत, कपास आदि में घट-बढ़ होगी। चावल, सरसों, वस्त्र, अफीम, सोना, चांदी, गेहूं, गुड़, शकर, पारा, लौंग आदि में तेजी और रस पदार्थों में मंदा बनेगा। **कृ. ६ शुक्र**-विशाखा में शुक्र- अन्न, गेहूं, जौ, चना, मटर, अरहर, मूंग, रुई, सूत, कपास में मंदा। व्यापार में उथल-पुथल अच्छी होगी। व्यापारियों में चिन्ता बनेगी। **कृ. ८ रवि**-बुधास्त पश्चिम-रुई, चांदी में तेजी आकर मंदा बने। शेयर, हैशियन, बारदाना में मंदा। रुई आदि वस्तुओं का संग्रह करो अवश्य नफा मिलेगा। बड़े लोगों व गणमान्य व्यक्तियों को कष्ट होगा। **कृ. ९ सोम**-वक्री ज्येष्ठ वृश्चिक बुध-गेहूं, जौ, चना, बाजरा, उड़द, मूंग, गवार, चावल, चांदी, घी, पशु, सभी अन्न, तेलबाना व सोना में मंदी आवे। ढांडों में बिमारी फैले। **कृ. ११ बुध**-रुई, सूत, कपास आदि वस्तु में अच्छी तेजी निकलेगी। **कृ. १४ शनि**-वृश्चिक में शुक्र-सभी प्रकार का गल्ला, धान्य में तेजी। चांदी तेज होकर मंदी या मंदी होकर तेजी होगी। अलसी, कपास, शेयरों में घट-बढ़ चले। टिड्डी आदि कीड़ों से फसलों को भारी नुकसान, कृषकों को भारी कष्ट होगा। **शुक्ल पक्ष-शु. २ सोम**- चन्द्रदर्शन-अन्न, रुई, सूत, सण, कपड़ा आदि में तेजी बने। चांदी तेज होकर मंदी रहे। **शु. ३ मंगल**-अनुराधा में शुक्र-रुई में तेजी। गुड़, खाण्ड, चावल, नमक, क्षार पदार्थों में मंदा बने। पशुओं में बिमारी फैले, कहीं उपद्रव फैले, कहीं भूकम्प से हानि हो सकती है। **शु. ४ बुध**-संक्रांति धन-सभी अनाज मंदा। रुई, कपास, तिल, तेल, सोना, चांदी आदि में तेजी आवेगी। मालवा में उपद्रव भड़केगा। **शु. ५ गुरू**- वृश्चिक में मंगल, बुधोदय पूर्व में-रुई, सूत, कपास, तांबा, पीतल, जस्ता, जौ, चना, अलसी, अरण्डी, तेल, तिल, लाल मिर्च आदि में तेजी। सोना में घट-बढ़ हो। नेताओं में खैंचातानी चले। राज की तरफसे प्रजा को पीड़ा हो। **शु. ८ रवि**- वक्री अनुराधा में बुध-रुई, सूत, सण, कपड़ा, सोना आदि में मंदा बने। **शु. ९ सोम**- मार्गी बुध-रस पदार्थ, बिनौला, गुड़, शकर, अरण्डी में तेजी। रुई घट-बढ़ कर तेज, प्रजा में भय बने। सभी धान्य पदार्थों में अच्छी तेजी बनेगी। **शु. १० मंगल**-अनुराधा में मंगल-सभी लाल वस्तु व अनाजों में तेजी, पशु बिमार रहे। **शु. १४ शनि**- ज्येष्ठा में शुक्र- सोना, चांदी, घी, तेल, चावल आदि मंदा। अन्न एक बार तेज रहेगा।

विशेष योग

अगहन शनि पांच है, पांच रवि है लार।
रोग झगड़े जग विषै, तेजी बने अपार॥
अगहन में धनु रवि, इसका रखो ध्यान।
मूंग, मोठ, जुवार, बाजरा तेज रहे मिहान॥
कारी पंचमी मघा युक्त, करे वर्षा की हान।
एकादशी बुध रुई, सूत कपड़ा तेज बखान॥
बुधवार को जब कभी, हो सूर्य संक्रांत।
रस पदार्थ, गुड़, खाण्ड अरु तिलहन तेज नितांत॥

अथ पौष मास फल विचार

मास में पांच सोम पांच मंगल हैं। मावस सोम की, पूनों व चन्द्रदर्शन मंगल का ३० मु. है। सं. मकर गुरुवारी १५ मु. बैठी धापी है। कृष्ण पक्ष में तिथि बढ़कर घटी है। शुक्ल में घटकर बढ़ी है। मास में पांच सोम उत्तम, पांच मंगल नेष्ट, प्रजा को बिमार रखेंगे। मास में रुई, चांदी सभी प्रकार का गल्ला, सफेद वस्तु, लाल वस्तु निश्चय से तेज होगी। मूंग, मोठ, जुवार, बाजरा में मंदा आएगा। जहां-तहां झगड़े बनेंगे, रोग फैले। भैसों में अज्ञात बिमारी फैले। इस मास घी का संग्रह करो, आगे लाभ मिलेगा। **कृष्ण पक्ष- कृ. २ मंगल**-तिल, तेल, गुग्गल, हल्दी, कपूर, ऊनी वस्त्र, जूट, चांदी, सरसों, खाण्ड, चीनी, कपूर आदि वस्तु तेज। सर्दी भी जोरदार पड़ेगी। **कृ. ४ गुरु**-मूंग, मोठ, बाजरा, आदि में अच्छा मंदा आवेगा। **कृ. ५ शुक्र**-चित्रा में गुरु-सभी प्रकार का अन्न व चांदी में मंदी। रुई, सूत, कपास में घट-बढ़ हो। पैदावार उत्तम जहां-तहां वर्षा होगी। **कृ. ७ सोम**-प्रजा व पशुओं में बिमारी फैले। विशेषकर भैंसों पर विपदा पड़े। **कृ. ८ मंगल**-मूल धन में शुक्र-जौ, गेहूं, चना, गुड़, शकर, खाण्ड, घी, चांदी, शेयर, लोहा आदि तेज। रुई, सूत, कपास में घट-बढ़, फसलों में नुकसान हो। **कृ. ९ मूल**-धन में बुध-सोना, चांदी में कुछ मंदा। रुई, सूत, कपास में घट-बढ़ होकर तेज। बच्चे बिमार हों। राज व प्रजा में विरोधाभास देखना पड़ेगा। **कृ. १३ शनि**-घी में विशेष मंदा बने। संग्रह करो आगे विशेष लाभ मिलेगा। सभी प्रकार का गल्ला, धान्य अनाजों में तेजी बनेगी। **कृ. ३० सोम**-उ.षा. में सूर्य-ज्येष्ठा में मंगल-उड़द, मूंग, जूट, सूत, गुड़, कपास, चावल, चांदी, बांस, सरसों, तिल तेल, चीनी, हल्दी में तेजी बने। चांदी में मंदा आवे। सोमवती अमावस मंदा करे अतः व्यापार का रुख जानकर व्यापार करें। **शुक्ल पक्ष-शु. १ मंगल**-चन्द्रदर्शन-नोट-इस पक्ष में सफेद वस्तु, चांदी, रुई अवश्य तेज होगी। **शु. २ बुध**-घी, मूंग आदि में तेजी अवश्य बनेगी। **शु. ४ गुरु**-संक्रांति मकर, वक्री मिथुन में शनि-सरसों, तिल, अलसी, तेल, गुड़, खाण्ड, शकर, उड़द, अन्न, लोहा, माल किराना में अच्छी तेजी बनेगी। बहुत सी वस्तुओं में अच्छी घट-बढ़ चलेगी। **शु. ५ शुक्र**-पू.षा. में शुक्र-उड़द, मूंग, तेल, तिल, सरसों, गुड़, शकर, नमक व क्षार पदार्थों में मंदा आएगा। **शु. ६ शनि**-पू.षा. में बुध-गेहूं, जौ, चना, मटर, उड़द, बाजरा आदि में मंदा। गुड़, खाण्ड, सरसों, अलसी, बिनौला में तेजी आएगी। **शु. ११ गुरु**-सोना व सभी प्रकार की लाल वस्तुओं में तेजी बनेगी। नोट-यह तेजी फाल्गुन तक आ सकती है। **शु. १३ रवि**-श्रवण में सूर्य-उड़द, मूंग, जूट, सूत, गुड़, कपास, चावल, चांदी, सोना आदि में तेजी बनेगी। **शु. १४ सोम**-उ.षा. में बुध, बुधास्त पूर्व में- रुई, चांदी में घट-बढ़ से मंदी। सोना, गेहूं, अलसी आदि में तेजी। नेता गणमान्य व्यक्ति और बच्चों को पीड़ा होगी। **शु. १५ मंगल**-सभी प्रकार के अनाजों में मंदी आएगी।

विशेष योग

पौष अमावस सोम की, पू.षा. हुआ नक्षत्र।
घर-घर बाजे बधावड़ा, सुखी रहे सर्वत्र॥
राहु, केतु, भौम, रवि, शनि से पंचम स्थान।
एके अथवा अधिक फल, दुःख दुर्भिक्ष महान॥
पौष मास में तीज या सुदी, चौथ घट जाय।
ग्राहक मांगे मूंग, घी, विक्रेता नट जाय॥
पौष सुदी एकादशी, जो हो कृतिका नक्षत्र।
लाल वस्तुओं में रहै, खूब लाभ सर्वत्र॥

अथ माघ मास फल विचार

मास में पांच बुध पांच गुरु हैं। मावस मंगलवारी, पूर्णिमा व चन्द्रदर्शन गुरु का ३० मु. और संक्रांति कुंभ शनिवारी ३० मु. बैठी भूखी हुई है। कृ. पक्ष में तिथि क्षय शुक्ल पक्ष में वृद्धि हुई हैं। गुरु वक्री, शुक्रास्त पूर्व में हुआ है। सूर्य, बुध, शुक्र, मंगल व प्लूटो ने राशि परिवर्तन किया है। मास में पांच बुध गुरु दोनों उत्तम हैं। पर पश्चिम दिशा में गुजरात आदि प्रदेशों में झगड़े उत्पात से जन हानि होगी। देश-प्रदेश व संसार की राजनीति में भारी खैंचातानी मचेगी। किसी बड़े नेता का देहांत भी होगा। घी, तेल, गल्ला, अनाज आदि वस्तुएं तेज होंगी। **नोट**-ग्रह योग से अगला वर्ष अत्यंत नेष्ट हो। रुई, नारियल, सफेद वस्तु तेज होगी। आगे तीन मास अन्न, गल्ला विशेष होगा। **कृष्ण पक्ष-कृ. १ बुध**-मकर में बुध, उ.षा. में शुक्र- अलसी, सरसों, अरण्डी, रसकस, गुड़, शकर, खाण्ड में मंदा। अन्न में घट-बढ़। जहां-तहां बिमारी से प्रजा को कष्ट हों। **शु. ३ शुक्र**-मकर में शुक्र-गुड़, खाण्ड, घी, सभी अन्न में तेजी। रुई, चांदी में घट-बढ़ हो। पैदावार कम हो। **कृ. ४ शनि**-मूल धन में मंगल-रुई, सूत, कपास, घी, तेल, तेलबाना, घास, कोयला, लकड़ी, फर्नीचर, सरसों, बिनौला, अरण्डी और सभी धातुओं में तेजी बनेगी। विद्वानों व गणमान्य लोगों को कष्ट होगा। **कृ. ७ मंगल**-बर्फगिरने से फसलों को नुकसान होगा। गुड़, शकर, चावल, चना, गेहूं में तेजी बनेगी। **कृ. ८ बुध**-गुरु वक्री-रुई, जौ, चना, गेहूं, घी, दूध आदि में मंदा। चांदी तेज हो। देश में सुभिक्ष का वातावरण बने। **कृ. ११ शनि**-धनिष्ठा में सूर्य, श्रवण में शुक्र-मूंग, मसूर, नील, रुई, अलसी, तिलहन आदि वस्तुओं में तेजी। सोना चांदी में घट-बढ़। गुड़, शकर, खाण्ड, मूंग, गोला आदि में मंदी बनेगी। **कृ. १३ सोम**-मूल-धन में प्लूटो-कई एक वस्तुओं की एक नई लाईन बनेगी। **कृ. १४ मंगल**-सभी अन्न रसपदार्थ व धातुओं में तेजी बनेगी। **शुक्ल पक्ष- शु. १ बुध**-धनिष्ठा में बुध-रुई, सूत, कपास में घट-बढ़। सोना, चांदी, तांबा, पीतल, जस्ता और अनाज में मंदा रहेगा। **शु. २ गुरु**-रुई आदि में अवश्य मंदा आएगी। गुड़, खाण्ड, सोना, चांदी में घट-बढ़। चना, जौ, उड़द, अलसी, मूंग, मसूर आदि तेज होगी। **शु. ४ शनि**-संक्रांति कुंभ-गेहूं, जौ, चना, जुवार, बाजरा, मूंग, सरसों, खाण्ड आदि में मंदा। नमक, घी, तेल, मूंगफली, अरण्डी आदि में तेजी आएगी। **शु. ५ रवि**-कुंभे बुध-घी, तेल, रसकस, शकर आदि में घट-बढ़ से मंद। सोना, चांदी, तांबा, पीतल आदि मंदी होगी। **शु. ८ बुध**-धनिष्ठा में शुक्र-मसीन, मूंग, मोठ, सोना, चांदी, रुई, कपास, चावल, उड़द आदि में तेजी, गेहूं में घट-बढ़ अच्छी चलेगी। **शु. ९ गुरू**-पू.षा. में मंगल, शुक्रास्त पूर्व में, शतभिषा में बुध-सभी अन्न, सोना, चांदी, सण, घास, चारा, घी, तेल में तेजी। सभी अन्न में मंदा। देश के नेताओं में आपसी खैंचातानी बढ़े। पश्चिम में विग्रह फैले, समुद्री तूफान से जन हानि संभव है। **शु. ११ शतभिषा में सूर्य**-सरसों, चना, जूट, कपड़ा, तेल, नील, हींग, जायफल, छुवारे, हल्दी आदि में तेजी बने। **शु. १३ सोम**-कुंभ में शुक्र-रुई, चांदी, गेहूं, जौ, चना, मूंग, ज्वार, बाजरा, सफेद वस्तु, रस पदार्थों में मंदी अच्छी

आएगी। शु. १५ गुरु पू.भा. बुध-अन्न व धातु में मंदा। रुई, सूत में घट-बढ़ हो। कहीं-कहीं झगड़े बनेंगे।

विशेष योग

माघ मास प्रतिपदा को, वार होय बुधवार।
तीन मास तेजी रहे, भावी वर्ष विचार॥
माघ मास चतुर्थी को, जो आवे शनिवार।
चोर अग्नि भय धान्य क्षय, अति दुर्भिक्ष विचार॥
माघ सुदी सप्तमी, मंगलवार की होय।
तो निश्चय जानो, नाज किराणों होय॥
श्वेत अष्टमी माघ की, कृतिका ऋष संयुक्त।
फ ल्गुन खोती गड़बड़े, श्रावण अन्न धन भुक्त॥
रिक्ता तिथि मावस, हुई शनिवारी संक्रांति।
दोनों योग निकम्मे, तेजी हो बहु भांति॥

अथ फाल्गुन मास फल विचार

मास में पांच शुक्र हैं। मावस गुरु की पूनों शुक्र की, चन्द्रदर्शन ३० मु. शनि का, संक्रांति मीन सोम १५ मु. बैठी धापी है। बुध वक्री मार्गी, उदयास्त पश्चिम में हुआ है। शनि मार्गी और सूर्य, बुध, मंगल, शुक्र, राहु, केतु ने राशि परिवर्तन किया है। कृष्ण पक्ष में तिथि क्षय: हुआ है। मास में पांच शुक्र शुभ, राजा प्रजा दोनों सुखी रहे। कृष्ण पंचमी मंगल को घी, गेहूं, धान्य पदार्थों में तेजी करेगी। सूर्य शुक्र की युति भी सभी जरूरी वस्तुओं में तेजी करेगी। सूर्य राहु बुध शुक्र की युति और मीन का राहु, प्रजा को चैन से नहीं रहने देगा। प्रजा नाना प्रकार के उत्पातों का सामना करना पड़ेगा। आगे आने वाले समय में संसार में अस्थिर का वातावरण बनेगा और कई स्थानों पर दुर्भिक्ष पड़ेगा। **कृष्ण पक्ष-कृ. ३ रवि**-घी, तेल, गुड़, शक्कर, खाण्ड, सरसों, अलसी, अरण्डी, सोना, चांदी में तेजी बनेगी। **कृ.५ मंगल**-मीन में राहु-घी, गेहूं आदि धान्यों में अच्छी तेजी। रुई, सूत, कपास, बिनौला, घी, तेल, अरण्डी, सरसों आदि में तेजी। गेहूं, चना, गुड़, शक्कर मंदा रहेगा। तेज वायु चले। **कृ. ७ गुरु**-उ.फा. में बुध-चांदी में घट-बढ़ चलेगी। **कृ. ८ शुक्र**-पू.भा. में सूर्य-सोना, चांदी, गेहूं, चना, उड़द, घी, रुई, रेशम, गुग्गल, पीपल, मूल, सूत, सरसों, तिल तेल, ज्वार, बाजरा आदि में तेजी बनेगी। **कृ.९ शनि**- जरूरी वस्तुओं में मंदा बनेगा। **कृ.११ रवि** -हस्ते वक्री गुरु-गोला, खाण्ड, घी, तेल, मोती, मूंग, मानक ,चांदी, रुई, हल्दी आदि में मंदा बनेगा। **कृ. १२ सोम**-उ.षा. में मंगल-घी, गुड़ आदि में कुछ मंदा। रुई, राई, सरसों तेल, उड़द, मूंग आदि में कुछ तेजी बनेगी। **कृ. १४ बुध**-पू.भा. शुक्र-रुई, सूत, कपास [illegible]। अन्नादि में मंदा बनेगा। **कृ. ३० गुरु**-बहुत सी जरूरी वस्तुओं में [illegible] आएगा। **शुक्ल पक्ष- शु. २ शनि**-मकर में मंगल, रेवती में बुध, चन्द्रदर्शन-सोना, रुई, कपास, रसादि पदार्थ, तांबा, गुड़, खाण्ड, सभी सुगन्धित वस्तुएं, चन्दन, कस्तूरी, मिर्च, लौंग, लाल पदार्थ आदि में तेजी। तिलहन पदार्थ, अलसी, सरसों, घी, तेल में घट-बढ़ चलेगी। **शु. ७ गुरु**-उ.फा में सूर्य, मीन में शुक्र-बिनौला, कपास, अरण्डी, तेल, तिल, गुड़, शक्कर, खाण्ड में मंदा। सभी रस पदार्थ, धान्य, तेल, सोना, चांदी, रुई आदि में तेजी बनेगी। **शु. १० रवि**-बुध वक्री,उ.भा में शुक्र-गेहूं, जौ, चना आदि अन्न, रुई, कपास, चावल, गुड़, शक्कर, खाण्ड, नमक, कपूर, सोना, चांदी में मंदा। रुई मंदी होकर तेज हो। गुड़, शक्कर, सरसों, अलसी, कपूर, तेल, तिल, अरण्डी, शेयर, बिनौला, मूल पदार्थ तेज होंगे। **शु. ११ सोम**-बुधास्त पश्चिम, शनि मार्गी हींग, मिर्च, तेल, सरसों तेजी। सभी सफेद वस्तु मंदी। ५ दिन बाद तेज। शेयर, हैशियन, बारदाना में मंदा। रुई में विशेष लाभ। शनि वक्री के समय जो वस्तु मंदी वह अवश्य तेज और जो तेज हुई थीं उसमें मंदा आएगा। **शु. १५ शुक्र**-मीनें राहु- देश व समस्त संसार के प्राणी को आगे काफी समय तक घोर दु:ख रहेगा। कई स्थानों पर दुर्भिक्ष पड़ेगा।

विशेष योग

फाल्गुन कृष्णा प्रतिपदा, जो पू.फा. नक्षत्र।
सभी दोष दु:ख दूर, सुखी सुभिक्ष सर्वत्र॥
सुर्यदेव भृगुनाथ का, एक राशि पर साथ।
पकड़ा देती है फसल, महंगाई को हाथ॥
वक्री चाल चलते हुए, शनि मार्गी हो जाय।
चालू रूख व्यापार का, एक दम पलटा खाय॥
पूर्ण जब उ.फा. रहे, पूनम फाल्गुन मास।
रस पदार्थ, गुड़, खाण्ड, तिलहन, धान्य विनाश॥
काली पाचै मंगल की, मीन राहु की चार।
धान्य भाव गड़बड़े, पड़े दुर्भिक्ष की मार॥

अथ चैत्र कृष्ण पक्ष फल विचार

चैत्र मास में पांच शनि, पांच रवि हैं। कृष्ण पक्ष में तिथि क्षय, शुक्ल पक्ष में तिथि वृद्धि हुई है। मावस शुक्र की, चन्द्रदर्शन १५ मु. व पूनों दोनों रवि की, संक्रांति मेष बुधवारी ३० मु. बैठी है। बुधोदय पूर्व में, बुध मार्गी और सूर्य, मंगल, शुक्र ने राशि परिवर्तन किया है। मास में तिथि क्षय, वृद्धि पक्षानुसार उत्तम है। पांच शनि- रवि दोनों मंत्र फलकारक हैं। पक्ष में गेहूं, जौ, चना, धातु, तांबा, पीतल, जस्त, सोना, चांदी, अफीम आदि तेज होंगे। जहां-तहां बीमारी फैलेगी। आने वाले नये सं.वि.२०६२ में अच्छे उतार-चढ़ाव देखेंगे। **कृष्ण पक्ष-कृ. १ शनि**-श्रवण में मंगल-गेहूं, जौ, चना, सभी धातु, तांबा, पीतल, जस्त, सोना, चांदी, अफीम आदि में अच्छी तेजी आएगी। देश में जहां-तहां प्रजा बीमार होगी। **कृ. २ रवि**-प्लूटो वक्री, वक्री उ.भा. में बुध-चांदी में अच्छी घट-बढ़ चले। लोगों में आपसी विद्वेष बढ़ेगा। **कृ. ६ गुरु**-रेवती में सूर्य शुक्र-कपास, सूत, रुई, सण, जवाहरात, गुड़, शक्कर, खाण्ड, चन्दन आदि सुगन्धित पदार्थों में मंदा। मोती, रत्न, फल-फूल, नमक, अरहर, मूंग, चावल, लाख, अन्न व गन्ध पदार्थों में तेजी बनेगी। **कृ. १० सोम**-वक्री हस्ते ३ गुरु-गोला, खाण्ड, घी, मूंग, मोती, मानक, चांदी, हल्दी में मंदा आएगा। **कृ.११ मंगल**-सभी रस पदार्थ, रुई, अन्न, तिलहन बाजार में मन्दा बनेगा। **कृ. १२ बुध**-बुधोदय पूर्व-रुई तेज, चांदी घट-बढ़ से तेज, सोना मंदा। गेहूं, जौ, चना, अलसी, अरण्डी, लाल मिर्च, सरसों आदि में तेजी। वायु के साथ वर्षा हो। **कृ. ३० शुक्र**-कई एक जरूरी वस्तुओं में मन्दा बनेगा।

विशेष योग

चैत्र बदी पांचै दिन, वार हुआ बुधवार।
गेहूं अरु घी में, तेजी बारम्बार॥
श्रवण नखत पर, जब कभी हो कोई ग्रह क्रूर।
अन्न भाव महंगा रहे, गेहूं तेज जरूर॥